www.rojgarsamachar.gov.in
www.employmentnews.gov.in

अंग्रेजी एवं उर्दू में भी प्रकाशित
ई-संस्करण वार्षिक शुल्क : ₹400/-

सत्यमेव जयते

वर्ष 1976 से

# रोज़गार समाचार

साप्ताहिक

50 वर्ष

खंड-51 अंक-13 पृष्ठ 44 | नई दिल्ली 27 जून - 3 जुलाई 2026 | मूल्य ₹ 12.00 (₹ 530 वार्षिक)

## भारत की सृजनात्मक अर्थव्यवस्था

# देश के विकास, नवाचार और रोज़गार का इंजन



'इक्कीसवीं सदी' के निर्माण में उद्योग जितनी अहम भूमिका निभा रहा है, उतनी ही महत्वपूर्ण भूमिका कल्पनाशीलता की भी है. कई पीढ़ियों तक आर्थिक शक्ति को कारखानों, उत्पादन लाइनों और भौतिक अवसंरचना के आधार पर मापा जाता था. लेकिन आज विचार, नवाचार, बौद्धिक संपदा और डिजिटल प्रौद्योगिकियां भी समृद्धि को आगे बढ़ाने वाली उतनी ही महत्वपूर्ण ताकतें बन गई हैं. तेजी से आपस में जुड़ती दुनिया में कहानियां, डिजाइन, गेम, फिल्में, संगीत और इमर्सिव डिजिटल अनुभव तुरंत सीमाओं के पार पहुंचते हैं, आर्थिक मूल्य पैदा करते हैं और वैश्विक धारणाओं को आकार देते हैं. इसी कारण सृजनात्मक अर्थव्यवस्था आधुनिक दुनिया के सबसे गतिशील क्षेत्रों में से एक के रूप में उभरी है. देश अब तेजी से यह मान रहे हैं कि रचनात्मकता केवल सांस्कृतिक संपदा नहीं है, बल्कि रोजगार पैदा करने, निवेश आकर्षित करने, निर्यात बढ़ाने और अंतरराष्ट्रीय प्रभाव को मजबूत करने वाला एक रणनीतिक आर्थिक संसाधन भी है.

सृजनात्मक अर्थव्यवस्था में वे उद्योग शामिल हैं, जिनमें मूल्य का सृजन रचनात्मकता, संस्कृति, प्रौद्योगिकी और बौद्धिक संपदा के माध्यम से होता है. इन उद्योगों में मीडिया और मनोरंजन, एनीमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग, कॉमिक्स, लाइव एंटरटेनमेंट, डिजिटल कंटेंट निर्माण और एक्सटेंडेड रियलिटी यानी एक्सआर जैसी उभरती प्रौद्योगिकियां शामिल हैं. कभी आर्थिक गतिविधि के किनारे माने जाने वाले ये क्षेत्र आज आधुनिक सेवा अर्थव्यवस्थाओं और वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं का बड़ा हिस्सा बन चुके हैं.

वैश्विक स्तर पर रचनात्मक उद्योग सांस्कृतिक हाशिये से निकलकर आर्थिक मुख्यधारा में आ गए हैं. विभिन्न देशों में ये उद्योग राष्ट्रीय आय में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं और पर्यटन, शहरी विकास तथा अंतरराष्ट्रीय व्यापार को भी समर्थन देते हैं. इस वैश्विक बदलाव के बीच भारत अपनी सांस्कृतिक समृद्धि, तकनीकी क्षमताओं और जनसांख्यिकीय लाभ को मिलाकर एक प्रमुख सृजनात्मक अर्थव्यवस्था के रूप में लगातार उभर रहा है और विकास का एक शक्तिशाली नया इंजन तैयार कर रहा है.

### भारत की सृजनात्मक अर्थव्यवस्थाः बड़े पैमाने पर विकास

भारत की सृजनात्मक अर्थव्यवस्था, देश के विकास और रोजगार में पहले से ही महत्वपूर्ण योगदान दे रही है. देश का मीडिया और मनोरंजन क्षेत्र 2024 में लगभग 2.5 ट्रिलियन रुपये मूल्य का था और प्रत्यक्ष तथा अप्रत्यक्ष रूप से 10 मिलियन से अधिक आजीविकाओं को सहारा देता है. इस क्षेत्र का वार्षिक उत्पादन लगभग 3 लाख करोड़ रुपये है, जो व्यापक अर्थव्यवस्था में इसकी बढ़ती अहमियत को रेखांकित करता है.

सबसे उल्लेखनीय बदलावों में से एक डिजिटल मीडिया का उदय रहा है, जो अब कुल क्षेत्रीय राजस्व का लगभग एक-तिहाई हिस्सा है. स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म, डिजिटल पब्लिशिंग, ऑनलाइन वीडियो सेवाओं और सोशल मीडिया ने कंटेंट के निर्माण, वितरण और उपभोग के तरीके को मूल रूप से बदल दिया है. डिजिटल क्रांति ने न केवल दर्शकों के व्यवहार को बदला है, बल्कि रोजगार और उद्यमिता की पूरी तरह नई श्रेणियां भी पैदा की हैं. एनीमेशन और विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग तथा लाइव एंटरटेनमेंट जैसे उच्च विकास वाले क्षेत्र तेजी से विस्तार कर रहे हैं. उनका विकास एक व्यापक बदलाव को दिखाता है, जिसमें रचनात्मकता एक रणनीतिक क्षमता बन रही है, जो प्रौद्योगिकी, नवाचार, रोजगार और आर्थिक प्रभाव को जोड़ती है.

उद्योग के अनुमानों से संकेत मिलता है कि मीडिया और मनोरंजन क्षेत्र अपनी वृद्धि की दिशा बनाए रखेगा और 2024 में 2,502 अरब रुपये से बढ़कर 2027 तक लगभग 3,067 अरब रुपये तक पहुंच जाएगा. यह वृद्धि भारत की सेवा अर्थव्यवस्था के एक स्थायी स्तंभ के रूप में इस क्षेत्र की बढ़ती भूमिका को रेखांकित करती है.

### मीडिया और मनोरंजनः मनोरंजन से कहीं आगे

मीडिया और मनोरंजन क्षेत्र को अक्सर मुख्य रूप से मनोरंजन का स्रोत माना जाता है. लेकिन इसका आर्थिक योगदान मनोरंजन से कहीं आगे तक जाता है. यह लेखकों, संपादकों, निर्माताओं और डिजाइनरों से लेकर सॉफ्टवेयर डेवलपर, मार्केटिंग विशेषज्ञों और बिजनेस मैनेजरों तक पेशेवरों के एक व्यापक नेटवर्क की मांग पैदा करता है. डिजिटल बदलाव ने इस विकास को और तेज किया है. कंटेंट क्रिएटर, प्रौद्योगिकी कंपनियों और मीडिया संगठनों के बीच की पारंपरिक सीमाएं तेजी से धुंधली हो रही हैं. आज कंटेंट एक साथ कई प्लेटफॉर्म के लिए तैयार किया जाता है, जिसके लिए ऐसी बहु-विषयक टीमों की आवश्यकता होती है, जो कहानी कहने की कला को तकनीकी विशेषज्ञता के साथ जोड़ सकें.

डिजिटल मीडिया की वृद्धि विशेष रूप से महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह रचनाकारों को सीधे और बड़े पैमाने पर दर्शकों तक पहुंचने में सक्षम बनाती है. इसने अनेक युवा पेशेवरों और उद्यमियों के लिए प्रवेश बाधाओं को कम किया है और कंटेंट निर्माण, उत्पादन, वितरण, मार्केटिंग तथा एनालिटिक्स में अवसर पैदा किए हैं. इस क्षेत्र में प्रवेश करने वाले विद्यार्थियों के लिए यह क्षेत्र करियर के कई रास्ते खोलता है, जिनमें रचनात्मकता और प्रौद्योगिकी का मेल है. इसी कारण यह भविष्य के सबसे गतिशील रोज़गार क्षेत्रों में से एक बन रहा है.

### एवीजीसी-एक्सआरः जहां रचनात्मकता प्रौद्योगिकी से मिलती है

भारत की सृजनात्मक अर्थव्यवस्था के सबसे संभावनाशील क्षेत्रों में एवीजीसी-एक्सआर क्षेत्र शामिल है, जिसमें एनीमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग, कॉमिक्स और एक्सटेंडेड रियलिटी शामिल हैं. यह क्षेत्र डिजिटल रचनात्मकता की अग्रिम पंक्ति का प्रतिनिधित्व करता है. हर एनिमेटेड फीचर, विजुअल इफेक्ट्स सीक्वेंस, इमर्सिव गेम वातावरण या वर्चुअल रियलिटी अनुभव के पीछे ऐसे लोगों की टीम होती है, जो कलात्मक कल्पना को उन्नत कंप्यूटिंग प्रौद्योगिकियों के साथ जोड़ती है. कलाकार, डिजाइनर, एनीमेटर, प्रोग्रामर, इंजीनियर और कहानीकार मिलकर ऐसे उत्पाद तैयार करते हैं, जिन्हें दुनिया भर के दर्शक देखते और इस्तेमाल करते हैं.

एवीजीसी-एक्सआर उद्योग, वैश्विक फिल्म निर्माण, स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म, विज्ञापन अभियानों और वर्चुअल प्रोडक्शन वातावरण को तेजी से शक्ति दे रहे हैं. ये उद्योग उन्नत डिजिटल उपकरणों, रियल-टाइम रेंडरिंग प्रौद्योगिकियों और इमर्सिव डिजाइन तकनीकों पर निर्भर हैं, जो कंटेंट के निर्माण और अनुभव करने के तरीके को बदल रही हैं. भारत इस वैश्विक इकोसिस्टम में एक महत्वपूर्ण भागीदार के रूप में उभरा है. भारतीय टीमें अत्यधिक एकीकृत उत्पादन प्रक्रियाओं के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय फिल्मों, स्ट्रीमिंग कंटेंट, विज्ञापन परियोजनाओं और इमर्सिव अनुभवों में योगदान दे रही हैं. इन क्षेत्रों में देश की बढ़ती प्रतिष्ठा उसकी तकनीकी दक्षता और रचनात्मक क्षमताओं, दोनों को दर्शाती है.

**इस अंक में 1,683 रिक्तियां**

इस सफलता के केंद्र में एक मजबूत और बहु-स्तरीय प्रतिभा समूह रहा है. अनुभवी पेशेवर, चुनौतीपूर्ण वैश्विक परियोजनाओं का नेतृत्व करते हैं, जबकि तेजी से बढ़ता मध्य-स्तरीय पेशेवरों की टीम, पैमाने और निरंतरता को संभव बनाती है. इस संयोजन ने भारत को अंतरराष्ट्रीय एवीजीसी-एक्सआर परिदृश्य में एक भरोसेमंद रचनात्मक साझेदार के रूप में स्थापित करने में मदद की है.

### गेमिंगः अवसरों की नई सीमा

भारत के डिजिटल बदलाव को, गेमिंग जैसे कुछ ही क्षेत्र स्पष्टता से दिखाते हैं. जिसे कभी मनोरंजन का एक सीमित या विशिष्ट रूप माना जाता था, वह आज देश

शेष पृष्ठ 2 पर

Follow us @Employ_News
Follow us @EmploymentNews

पृष्ठ 1 का शेष

**भारत की सृजनात्मक अर्थव्यवस्था...**

के सबसे तेजी से बढ़ते डिजिटल उद्योगों में से एक बन गया है. महानगरों से लेकर छोटे कस्बों तक, लाखों भारतीय रोजाना गेम से जुड़ते हैं. मोबाइल उपकरण प्रतियोगिता, सहयोग, सामाजिक संपर्क और रचनात्मक अभिव्यक्ति के प्लेटफॉर्म बन गए हैं. नई पीढ़ी के लिए गेमिंग अब कभी-कभार का शौक नहीं, बल्कि रोजमर्रा के जीवन का नियमित हिस्सा बन गया है.

इस व्यापक जुड़ाव ने महत्वपूर्ण आर्थिक वृद्धि को जन्म दिया है. भारत अब दुनिया के सबसे बड़े गेमिंग बाजारों में शामिल है, जिसे विशाल और अत्यधिक सक्रिय उपयोगकर्ता आधार का समर्थन प्राप्त है. घरेलू स्टूडियो का विस्तार, वैश्विक प्लेटफॉर्म के साथ मजबूत जुड़ाव और बढ़ते मुद्रीकरण अवसर, गेमिंग को व्यापक भागीदारी से एक विस्तार योग्य उद्योग में बदलने में मदद कर रहे हैं. गेमिंग का महत्व मनोरंजन से आगे जाता है. यह एक विविध पेशेवरों की मांग को पैदा करता है, जिसमें गेम डिजाइनर, सॉफ्टवेयर डेवलपर, एनीमेटर, विजुअल आर्टिस्ट, कहानीकार, यूजर-एक्सपीरियंस विशेषज्ञ और मार्केटिंग पेशेवर शामिल हैं. जैसे-जैसे प्रौद्योगिकी और रचनात्मकता का मेल बढ़ रहा है, गेमिंग युवा भारतीयों के लिए रोजगार का एक महत्वपूर्ण मार्ग बनकर उभर रहा है.

## लाइव एंटरटेनमेंट और अनुभव आधारित अर्थव्यवस्था

भारत का लाइव एंटरटेनमेंट क्षेत्र महत्वपूर्ण बदलाव के दौर से गुजर रहा है. जो पहले कभी-कभार होने वाले कार्यक्रमों तक सीमित था, वह अब अनुभवों पर केंद्रित दर्शक-प्रधान इकोसिस्टम में बदल गया है. कंसर्ट, फेस्टिवल और बड़े पैमाने के प्रदर्शन सांस्कृतिक कैलेंडर को तेजी से आकार दे रहे हैं और यात्रा संबंधी निर्णयों को प्रभावित कर रहे हैं. मुंबई, दिल्ली, बेंगलुरु, हैदराबाद और अहमदाबाद जैसे शहर नियमित रूप से बड़े आयोजन करते हैं, जो बड़ी संख्या में दर्शकों को आकर्षित करते हैं और आर्थिक गतिविधि पैदा करते हैं.

लाइव एंटरटेनमेंट का प्रभाव, टिकट बिक्री से कहीं आगे तक जाता है. हर बड़ा आयोजन तकनीशियनों, स्टेज डिजाइनरों, लॉजिस्टिक्स प्रदाताओं, आतिथ्य कर्मियों, सुरक्षा कर्मियों और स्थानीय व्यवसायों के नेटवर्क को सहारा देता है. यह इकोसिस्टम रोज़गार पैदा करता है, पर्यटन को बढ़ावा देता है और शहरी आर्थिक विकास में योगदान देता है. कार्यक्रम आयोजन के लिए बनाये गये विशेष स्थानों की अवसंरचना के विस्तार और पेशेवर इवेंट मैनेजमेंट क्षमताओं ने वैश्विक लाइव एंटरटेनमेंट परिदृश्य में भारत की स्थिति को और मजबूत किया है. देश अंतरराष्ट्रीय टूरिंग सर्किट पर लगातार एक नियमित गंतव्य बन रहा है और साथ ही घरेलू प्रतिभाओं के लिए भी एक मंच उपलब्ध करा रहा है.

## ऑरेंज इकोनॉमी: रचनात्मकता को आर्थिक मूल्य में बदलना

रचनात्मक उद्योगों के बढ़ते महत्व ने "ऑरेंज इकोनॉमी" की अवधारणा को जन्म दिया है, जो संस्कृति और रचनात्मकता को आर्थिक मूल्य के स्रोत के रूप में देखती है.ऑरेंज इकोनॉमी में सांस्कृतिक उद्योग, रचनात्मक सेवाएं, विरासत-आधारित गतिविधियां और अनुभव-आधारित क्षेत्र शामिल हैं, जहां विचार और बौद्धिक संपदा आय और रोजगार पैदा करते हैं. दुनिया भर में इन उद्योगों को विकास, निर्यात, पर्यटन और शहरी विकास के प्रेरक के रूप में मान्यता दी जा रही है.भारत के लिए यह अवधारणा विशेष महत्व रखती है. देश की समृद्ध सांस्कृतिक परंपराएं, कलात्मक विविधता और रचनात्मक प्रतिभा ऐसी आर्थिक संभावनाओं के लिए मजबूत आधार प्रदान करती हैं, जो पारंपरिक उद्योगों से आगे जाती हैं. विरासत को आधुनिक प्लेटफॉर्म और प्रौद्योगिकियों से जोड़कर भारत अपनी कहानियों, कौशल और रचनात्मक उत्पादों को वैश्विक दर्शकों तक पहुंचाने के नए रास्ते बना रहा है.

## वेव्स के माध्यम से वैश्विक पहुंच का विस्तार

"ऑरेंज इकोनॉमी" को विकसित करने की भारत की रणनीति ऐसे प्लेटफॉर्म बनाने पर केंद्रित है, जो रचनाकारों को अपने विचारों को विस्तार देने, नए बाजारों तक पहुंचने और वैश्विक दर्शकों से जुड़ने में सक्षम बनाते हैं. इस प्रयास के केंद्र में वर्ल्ड ऑडियो विजुअल एंड एंटरटेनमेंट समिट यानी वेव्स है, जिसका पहला संस्करण 2025 में मुंबई में आयोजित किया गया था. यह शिखर सम्मेलन दुनिया भर के रचनाकारों, स्टार्टअप, निवेशकों, उद्योग जगत के नेताओं और नीति निर्माताओं को साथ लाने वाला एक प्रमुख मंच रहा. संवाद, साझेदारी और व्यावसायिक अवसरों को बढ़ावा देकर वेव्स ने भारत को मीडिया, मनोरंजन और रचनात्मक उद्योगों के वैश्विक केंद्र के रूप में स्थापित करने का प्रयास किया.

वेव्स इकोसिस्टम, केवल शिखर सम्मेलन तक सीमित नहीं है. वेवएक्स जैसी पहलें, स्टार्टअप को निवेशकों, मेंटरों और इनक्यूबेशन अवसरों से जोड़कर नवाचार को समर्थन देती हैं और युवा उद्यमियों के रचनात्मक विचारों को व्यवहार्य व्यवसायों में बदलने में मदद करती हैं. वेव्स बाजार स्क्रिप्ट, संगीत, कॉमिक्स और ऑडियो-विजुअल अधिकारों के लिए एक मार्केटप्लेस के रूप में काम करता है, जिससे रचनाकार अपने कार्य को प्रदर्शित करने के साथ ही, निवेश को आकर्षित कर सकते हैं और घरेलू तथा अंतरराष्ट्रीय साझेदारों के साथ सह-निर्माण अवसर तलाश सकते हैं.

इस इकोसिस्टम में एक महत्वपूर्ण जोड़ वेव्स ओटीटी प्लेटफॉर्म है, जो देश और विदेश के दर्शकों के लिए विविध भारतीय कंटेंट को प्रदर्शित करने की एक समर्पित डिजिटल खिड़की है. यह प्लेटफॉर्म डिजिटल-फर्स्ट वितरण मॉडल के माध्यम से रचनाकारों, क्षेत्रीय कहानीकारों, स्वतंत्र फिल्म निर्माताओं और उभरती प्रतिभाओं को व्यापक दर्शकों तक पहुंच देकर अधिक दृश्यता प्रदान करने का प्रयास करता है. कंटेंट की खोज और प्रचार के लिए स्थान तैयार करके यह प्लेटफॉर्म रचनाकारों और उपभोक्ताओं के बीच की दूरी कम करने में मदद करता है और वैश्विक डिजिटल कंटेंट बाजार में भारत की उपस्थिति को मजबूत करता है.

वेव्स इकोसिस्टम प्रतिभा खोज पर भी मजबूत जोर देता है. 'क्रिएट-इन-इंडिया चैलेंज' जैसी पहलों के माध्यम से उभरते रचनाकारों की पहचान की जाती है और उन्हें उद्योग से जुड़े हितधारकों तथा अंतरराष्ट्रीय प्लेटफॉर्म से जोड़ा जाता है. ये पहलें मिलकर "ऑरेंज इकोनॉमी" को एक अवधारणा से एक कार्यशील इकोसिस्टम में बदलती हैं, जो सृजन, इनक्यूबेशन, वितरण, मुद्रीकरण और वैश्विक पहुंच को समर्थन देता है. ऐसा करते हुए वेव्स भारतीय रचनात्मक प्रतिभा को स्थानीय पहचान से अंतरराष्ट्रीय दृश्यता और व्यावसायिक सफलता तक ले जाने में मदद कर रहा है.

## रचनात्मक करियर के लिए इकोसिस्टम का निर्माण

एवीजीसी-एक्सआर और संबंधित उद्योगों की क्षमता को देखते हुए, भारत रचनात्मक इकोसिस्टम को मजबूत करने के लिए एक व्यापक रणनीति पर काम कर रहा है. उद्देश्य केवल उद्योगों का निर्माण करना नहीं, बल्कि युवा डिजाइनरों, एनीमेटरों, कोडरों और कहानीकारों के लिए टिकाऊ करियर मार्ग तैयार करना है. एक समर्पित राष्ट्रीय रोडमैप प्रतिभा विकास, मौलिक बौद्धिक संपदा के निर्माण, उद्योग सहयोग और अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक पहुंच पर केंद्रित है. इस प्रयास का महत्व इस अनुमान से स्पष्ट होता है कि एवीजीसी क्षेत्र आने वाले दशक में लगभग 20 लाख प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार पैदा कर सकता है.

इन प्रयासों के केंद्र में इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ क्रिएटिव टेक्नोलॉजीज यानी आईआईसीटी है, जिसे एवीजीसी-एक्सआर और गेमिंग के लिए राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र के रूप में स्थापित किया गया है. यह संस्थान संरचित प्रशिक्षण, उन्नत अवसंरचना और उद्योग सहयोग के अवसर उपलब्ध कराकर अकादमिक शिक्षा और उद्योग की जरूरतों के बीच की खाई को पाटने का प्रयास करता है. रचनात्मक क्षेत्र में आगे बढ़ने के इच्छुक युवाओं के लिए यह संस्थान केवल एक प्रशिक्षण केंद्र नहीं है. यह उन्हें वैश्विक उत्पादन प्रक्रियाओं से परिचित कराता है और तेजी से बदलते डिजिटल उद्योगों में करियर के लिए तैयार करता है. इस इकोसिस्टम को बेंगलुरु, हैदराबाद, मुंबई, पुणे, चेन्नई और तिरुवनंतपुरम जैसे शहरों के रचनात्मक केंद्रों से भी समर्थन मिल रहा है. देश भर में उभरते केंद्रों के साथ मिलकर ये हब अवसरों को कुछ महानगरों तक सीमित रखने के बजाय व्यापक आबादी तक रचनात्मक अर्थव्यवस्था के लाभ पहुंचाने में मदद कर रहे हैं.

## भविष्य के लिए शिक्षा और कौशल विकास

सृजनात्मक अर्थव्यवस्था की दीर्घकालिक सफलता कुशल प्रतिभा की निरंतर उपलब्धता पर निर्भर करती है. इसे पहचानते हुए भारत, शिक्षा, प्रशिक्षण और उद्यमिता विकास में निवेश कर रहा है. ऐसी प्रतिभा श्रृंखला तैयार करने के प्रयास किए जा रहे हैं, जो स्कूलों से शुरू होकर विशेष प्रशिक्षण और उद्योग सहभागिता तक पहुंचे. इस दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल 15,000 माध्यमिक विद्यालयों और 500 कॉलेजों में एवीजीसी कंटेंट क्रिएटर लैब स्थापित करने का प्रस्ताव है.

औपचारिक शिक्षा में रचनात्मक प्रौद्योगिकियों को शामिल करके ये पहलें विद्यार्थियों को उभरते उद्योगों से संबंधित कौशल देने का प्रयास करती हैं. ये बड़े शहरी केंद्रों से बाहर रचनात्मक शिक्षा का विस्तार करके अवसरों तक पहुंच को लोकतांत्रिक बनाने में भी मदद करती हैं. ऐसे निवेश विशेष रूप से महत्वपूर्ण हैं, क्योंकि अनुमानों के अनुसार अकेले एवीजीसी क्षेत्र को 2030 तक लगभग 20 लाख पेशेवरों की आवश्यकता हो सकती है.

## भारत का रचनात्मक भविष्य

देश में, कक्षाओं, कोडिंग लैब, स्टूडियो, प्रोडक्शन हाउस, गेमिंग केंद्रों और कंसर्ट स्थलों के संबंध में, एक नया रचनात्मक इकोसिस्टम आकार ले रहा है. इन विविध स्थानों को जोड़ने वाली बात यह समझ है कि रचनात्मकता अब केवल अभिव्यक्ति का माध्यम नहीं रही. यह आर्थिक मूल्य, रोजगार, नवाचार और वैश्विक प्रभाव का स्रोत बन गई है.इसका असर पहले से दिखाई दे रहा है. युवा पेशेवर वैश्विक उत्पादन श्रृंखलाओं में प्रवेश कर रहे हैं, स्टार्टअप अंतरराष्ट्रीय दर्शकों के लिए बौद्धिक संपदा विकसित कर रहे हैं और शहर रचनात्मक गतिविधियों तथा सांस्कृतिक आदान-प्रदान के केंद्र बन रहे हैं. रचनात्मक उद्योग भारत को रोजगार पैदा करने, सेवाओं का निर्यात करने और वैश्विक अर्थव्यवस्था में अपनी उपस्थिति मजबूत करने में मदद कर रहे हैं.

जैसे-जैसे अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा विचारों, कंटेंट, संस्कृति और डिजिटल नवाचार के इर्द-गिर्द केंद्रित हो रही है, भारत अपनी 'रचनात्मक अर्थव्यवस्था' को किसी सीमांत क्षेत्र के रूप में नहीं, बल्कि एक रणनीतिक राष्ट्रीय क्षमता के रूप में स्थापित कर रहा है. कौशल, संस्थानों और प्लेटफॉर्म में निरंतर निवेश यह तय करेगा कि इस क्षमता को कितनी प्रभावी तरीके से साकार किया जा सकेगा. विद्यार्थियों और युवा पेशेवरों के लिए संदेश स्पष्ट है: **भविष्य की अर्थव्यवस्था केवल तकनीकी विशेषज्ञता को ही नहीं, बल्कि कल्पनाशीलता, डिजाइन थिंकिंग, कहानी कहने की क्षमता और रचनात्मक समस्या-समाधान को भी महत्व देगी. आने वाले दशक में रचनात्मकता भारत के विकास, रोजगार और वैश्विक जुड़ाव के सबसे शक्तिशाली इंजनों में से एक बन सकती है.**

(पीआईबी से प्राप्त इनपुट के साथ ईएन टीम द्वारा संकलित लेख)




भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड, रक्षा मंत्रालय के अधीन एक नवरत्न कंपनी तथा भारत की अग्रणी पेशेवर इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी को अपने नौसैनिक प्रणाली (एस एंड सी एस) एसबीयू के लिए अस्थाई आधार पर निम्नलिखित उत्कृष्ट कार्मिकों की आवश्यकता है।

| पद/ पद कोड | अर्हता | यथा दिनांक 01.06.2026 को संगत अर्हतोत्तर अनुभव | पदों की संख्या एवं आरक्षण | प्रति माह समेकित पारिश्रमिक राशि | तैनाती का स्थल |
|---|---|---|---|---|---|
| परियोजना अभियंता–I, PRE-I (SSI-2026) | इलेक्ट्रॉनिक्स एवं कम्युनिकेशन/ इलेक्ट्रिकल/मेकानिकल/कम्प्यूटर विज्ञान के विषय में पूर्णकालिक बीई/बी.टेक | इलेक्ट्रॉनिक्स/इलेक्ट्रिकल प्रणाली परियोजनाओं की संस्थापन एवं प्रवर्तन के क्षेत्र में न्यूनतम 2 वर्षों का अर्हतोत्तर अनुभव। | अना.– 03<br>अ.पि.व.– 01<br>अ.जा.– 01<br>कुल–05 | प्रथम वर्ष– रु.40,000/-<br>द्वितीय वर्ष–रु.45,000/-<br>तृतीय वर्ष–रु.50,000/-<br>चतुर्थ वर्ष– रु.55,000/- | नई दिल्ली, गुड़गांव, गांधीनगर, वैजाग, कोलकाता, कोच्चि, चेन्नई, पोर्टब्लेयर और मुंबई। |
| परियोजना अभियंता–I, PRE-I (TSCS-2026) | इलेक्ट्रॉनिक्स एवं कम्युनिकेशन/ इलेक्ट्रिकल/इंस्ट्रूमेंटेशन विषय में पूर्णकालिक बीई/बी.टेक | इलेक्ट्रॉनिक्स/इलेक्ट्रिकल प्रणालियों की संस्थापन एवं प्रवर्तन तथा किसी भी परियोजना के लिए इलेक्ट्रॉनिक्स/एम्बेडेड प्रणालियों के एकीकरण के क्षेत्र में न्यूनतम 2 वर्षों का अर्हतोत्तर अनुभव। | अना.–01<br>अ.पि.व.– 01<br>ईडब्ल्यूएस–02<br>कुल–04 | प्रथम वर्ष– रु.40,000/-<br>द्वितीय वर्ष–रु.45,000/-<br>तृतीय वर्ष–रु.50,000/-<br>चतुर्थ वर्ष– रु.55,000/- | कोलकाता, वैजाग |

आवेदन करने की अंतिम तिथि **04.07.2026** है। विस्तृत विज्ञापन तथा आवेदन करने का अनुदेश के लिए हमारी आधिकारिक वेबसाइट **www.bel-india.in** के कॅरियर लिंक को देखें।

ह/–
प्रबंधक (मा.सं./एनएस–एस एंडसीएस)

दिनांक: 27.06.2026 EN 13/62

**रोज़गार समाचार**

अंबरीश बी. किशोर
मुख्य संपादक

रहीसुद्दीन रिहान
संपादक

अक्षित मलिक
उप-संपादक (विज्ञापन)

मिहिर कुमार बासु
उत्पादन अधिकारी

गणेशी लाल
सहायक निदेशक (उत्पादन)

अभिषेक चतुर्वेदी
संपादक (प्रसार)

पता : रोज़गार समाचार, सातवां तल, सूचना भवन, सीजीओ कॉम्प्लेक्स, लोदी रोड, नई दिल्ली–110003

विज्ञापन :
sec-advertise-moib@gov.in

प्रसार और शिकायत
en-support@gov.in

संपादकीय : 011-24369426
विज्ञापन : 011-24369429/30
प्रसार : 011-24044000/24044001
लेखा (विज्ञा.) : 011-24369419





# NaBFID

## राष्ट्रीय अवसंरचना एवं विकास वित्तपोषण बैंक

मानव संसाधन विभाग, मुंबई

www.nabfid.org

## नाबफिड में कार्यकारी उपाध्यक्ष (नियत अवधि) एवं उपाध्यक्ष (नियत अवधि) ग्रेड में अधिकारियों की भर्ती

**राष्ट्रीय अवसंरचना एवं विकास वित्तपोषण बैंक (NaBFID),** जिसकी स्थापना संसद के अधिनियम, 2021 के अंतर्गत की गई है, देश में अवसंरचना वित्तपोषण के लिए प्रमुख संस्था है। यह संस्था भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) द्वारा एक **अखिल भारतीय वित्तीय संस्था (AIFI)** के रूप में विनियमित एवं पर्यवेक्षित है। यह संस्था नवोन्मेषी वित्तीय साधनों के विकास, बॉण्ड एवं डेरिवेटिव बाज़ारों के संवर्धन तथा वित्तपोषण और डेटा-आधारित जोखिम प्रबंधन में सर्वोत्तम प्रथाओं को बढ़ावा देकर अवसंरचना वित्तपोषण को सुदृढ़ बनाने में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए तत्पर है।

**नीचे दिए गए विवरणानुसार नियुक्ति हेतु भारतीय नागरिकों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं:**

| क्र. सं. | पद/ग्रेड | विज्ञापन संख्या | विभाग/ क्षेत्र (स्ट्रीम) | रिक्तियां |
|---|---|---|---|---|
| 1 | कार्यकारी उपाध्यक्ष (नियत अवधि) | NaBFID/ REC/EVP/ 2026-27/01 | कोषागार एवं संसाधन जुटाना | 1 (अनारक्षित) |
| 2 | उपाध्यक्ष (नियत अवधि) | NaBFID/ REC/VP/ 2026-27/01 | कोषागार एवं संसाधन जुटाना | 1 (अनारक्षित) |
| | | | व्यावसायिक रणनीति, साझेदारियाँ एवं इकोसिस्टम विकास | 1 (अन्य पिछड़ा वर्ग) |

1. पात्रता मानदंड (आयु, अनुभव, कार्य-प्रोफाइल आदि), रिक्तियों तथा अन्य विवरणों के लिए बैंक की **वेबसाइट https://nabfid.org/careers पर जाएँ अथवा क्यूआर कोड स्कैन करें।**
2. आवेदन करने से पूर्व अपनी पात्रता एवं अन्य विवरण सुनिश्चित करने हेतु विस्तृत विज्ञापन का अवलोकन करें। आवेदन प्रक्रिया 16/06/2026 से प्रारंभ होगी।
3. पारिश्रमिक का निर्धारण अभ्यर्थी की शैक्षणिक योग्यता, अनुभव, उपयुक्तता, अंतिम प्राप्त वेतन तथा बाज़ार मानकों के आधार पर, विज्ञापन में दिए गए प्रावधानों के अनुसार किया जाएगा। अन्य जानकारी के लिए बैंक की वेबसाइट पर उपलब्ध विस्तृत विज्ञापन देखें।
4. इस संबंध में कोई भी परिशिष्ट / शुद्धिपत्र/ संशोधन केवल बैंक की वेबसाइट पर ही उपलब्ध कराया जाएगा।
5. चयन पूर्णतः बैंक के विवेकाधिकार पर आधारित होगा तथा इस संबंध में बैंक का निर्णय अंतिम एवं बाध्यकारी होगा।

**मुंबई**

**कार्यकारी उपाध्यक्ष (मानव संसाधन)**

EN 13/39





## YOJANA
A Development Monthly
(English, Hindi, Urdu & 10 other Indian languages)

## KURUKSHETRA
Monthly on Rural Development
(English & Hindi)

## AJKAL
A Literary & Cultural Monthly
(Hindi & Urdu)

## BAL BHARTI
Children's Monthly
(Hindi)

### Subscribing to our Periodicals is simply a click away...

Just login to the following link of Bharat Kosh and make payment digitally for the periodicals of your choice-
https://bharatkosh.gov.in/Product/Product

**Subscription Rates** (In Indian Rupees)

| PLAN | Yojana or Kurukshetra or Ajkal | | Bal Bharti | |
|---|---|---|---|---|
| Year | Without tracking facility | With tracking facility | Without tracking facility | With tracking facility |
| 1 | ₹ 350 | ₹ 434 | ₹ 280 | ₹ 364 |

Apart from online payment, you can also send Demand Draft, Postal Order or Money Order of the requisite amount as per subscription plan by post. These should be made in favour of **'Additional Director General, Publications Division, Ministry of Information and Broadcasting'** payable in **New Delhi**.

Send your Demand Draft, Postal Order or Money Order with duly filled '**Subscription Coupon**' or its photo copy to - Editor, Circulation Unit, Publications Division, Room no. 779, Soochna Bhawan, CGO Complex, Lodhi Road, New Delhi-110003.

For more information, please email us on sec-circulation-moib@gov.in, You may also contact us on Phone No. **011-24044000/01**, (Monday to Friday from 11.00 am to 3.30 pm on all working days)

**PLEASE NOTE THAT IT WILL TAKE ATLEAST EIGHT WEEKS TO START YOUR SUBSCRIPTION. KINDLY RAISE YOUR QUERIES/GRIEVANCES ABOUT NON RECEIPT OF THE PERIODICALS ONLY AFTER THIS PERIOD.**

### SUBSCRIPTION COUPON (New Membership/Renewal/Change in Address)

Please send me ______________________ (Periodical's Name & Language) for 1 yr.

Name (in BLOCK LETTERS) ______________________

Address ______________________

______________________ District ______________________ PIN ______________________

Email ______________________ Mobile ______________________

DD/IPO/MO No. ______________________ date ______________________ Subscription No. (if already a subscriber) ______________________

# श्री चित्रा तिरुनाल आयुर्विज्ञान और प्रौद्योगिकी संस्थान
# Sree Chitra Tirunal Institute for Medical Sciences and Technology

(एक राष्ट्रीय महत्व का संस्थान, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार)

(An Institution of National Importance, Dept. of Science and Technology, Govt. of India)

तिरुवनंतपुरम – 695011, केरल, भारत Thiruvananthapuram – 695011, Kerala, India

टेलीफोन नं. / Telephone No: 0471-2443152, फैक्स / Fax: 0471-2550728

ईमेल / Email: sct@sctimst.ac.in वेबसाइट / Website: www.sctimst.ac.in


विज्ञापन सं.पी&ए/II/16/निदे/एससीटीआईएमएसटी/2026 दिनांक : 11.06.2026

## अधिसूचना

भारत सरकार के विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अंतर्गत, संसद के एक अधिनियम (1980 का अधिनियम 52) द्वारा स्थापित राष्ट्रीय महत्व के संस्थान और एक कॉर्पोरेट निकाय, श्री चित्रा तिरुनाल आयुर्विज्ञान और प्रौद्योगिकी संस्थान, तिरुवनंतपुरम में **निदेशक** के पद के लिए भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं.

निदेशक संस्थान के अकादमिक प्रमुख और मुख्य कार्यकारी अधिकारी होंगे. निदेशक के पास संस्थान का समग्र प्रशासनिक नियंत्रण होगा, और वे संस्थान द्वारा किए जा रहे विभिन्न विशिष्ट क्षेत्रों में राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय महत्व के अनुसंधान कार्यक्रमों और परियोजनाओं की पहचान करने में उच्च-स्तरीय नेतृत्व प्रदान करेंगे. निदेशक संस्थान के वैज्ञानिकों को प्रेरित एवं प्रोत्साहित करेंगे; रचनात्मकता और उत्कृष्टता को बढ़ावा देंगे, तथा संस्थान के सामंजस्यपूर्ण कामकाज के लिए अनुकूल वातावरण निर्मित करेंगे. निदेशक, संस्थान द्वारा किए जा रहे अनुसंधान के क्षेत्र से जुड़े राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय, शैक्षणिक और पेशेवर संस्थानों तथा विशेषज्ञों के साथ संपर्क स्थापित करेंगे और संस्थान के उद्देश्यों की पूर्ति हेतु बहु-विषयक और बहु-संस्थागत सहयोग सुनिश्चित करेंगे.

एक उच्च-स्तरीय खोज-सह-चयन समिति की सिफ़ारिशों के आधार पर सक्षम प्राधिकारी का अनुमोदन प्राप्त करने के पश्चात् निदेशक की नियुक्ति जाएगी. खोज-सह-चयन समिति इस विज्ञापन के जवाब में प्राप्त आवेदनों के साथ-साथ अकादमियों के फेलो, राष्ट्रीय प्रयोगशालाओं के निदेशकों और विश्वविद्यालयों के कुलपतियों आदि से प्राप्त नामांकन पर भी विचार करेगी.

क. **पद का नाम : निदेशक (एक पद)**

ख. **वेतनमान : स्तर 17 के समतुल्य.** रु 2,25,000/- (नियत), मूल वेतन के 20% की दर से गैर-अभ्यास भत्ता और केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित दरों पर अन्य स्वीकार्य भत्ते : बशर्ते कि मूल वेतन तथा गैर- अभ्यास भत्ते मिलाकर 2,37,500/- रुपये से अधिक नहीं होगा.

ग. **भर्ती का तरीका** : निदेशक के पद पर भर्ती निम्नलिखित में से किसी भी विधि द्वारा की जाएगीः

**क.** सीधी भर्ती द्वारा; **या**

**ख.** प्रतिनियुक्ति द्वारा, जिसमें अल्पकालिक अनुबंध भी शामिल है; **या**

**ग.** पुनर्नियोजन द्वारा

घ. **कार्यकाल** : 5 वर्ष से अधिक नहीं या सेवानिवृत्ति की आयु (वर्तमान में 65 वर्ष) प्राप्त करने पर, जो भी पहले हो, सक्षम प्राधिकारी के निर्णय के अनुसार.

ङ. **आयु सीमा** : 1 जनवरी, 2026 को 60 वर्ष से अधिक नहीं

च. **सेवानिवृत्ति की आयु**ः 65 वर्ष, या जैसा भारत सरकार द्वारा समय-समय पर निर्धारित आयु.

छ. **शैक्षिक और अन्य योग्यताएं**ः

**अनिवार्य** :

**(i)** भारतीय चिकित्सा परिषद अधिनियम की पहली या दूसरी अनुसूची में शामिल चिकित्सा योग्यता.

**(ii)** संस्थान के लिए रुचि की किसी भी विशेषज्ञता में स्नातकोत्तर योग्यता.

**वांछनीय** :

**(i)** आवेदक के पास चिकित्सा विज्ञान की किसी भी शाखा में अनुसंधान का उत्कृष्ट रिकॉर्ड के साथ-साथ चिकित्सा पत्रकारिता में महत्वपूर्ण योगदान का रिकॉर्ड भी होना चाहिए.

**(ii)** संबंधित क्षेत्रों में प्रौद्योगिकी के विकास और अनुप्रयोग में एक दृढ़ और प्रदर्शित रुचि.

**(iii)** उच्च स्तर का प्रबंधन और प्रशासनिक अनुभव तथा चिकित्सा, प्रौद्योगिकी और उद्योग के अत्यंत सक्षम पेशेवरों के साथ संवाद करने की क्षमता.

ज. **अनुभव**

**सीधी भर्ती के लिए** :

1. स्नातकोत्तर योग्यता प्राप्त करने के बाद विशेषज्ञता के विषय में कम से कम 12 वर्षों का शिक्षण या अनुसंधान अनुभव.
2. इस पेशे में पच्चीस (25) वर्षों का अनुभव.

**प्रतिनियुक्ति के लिए (अल्पकालिक अनुबंध सहित)** :

प्रतिनियुक्ति (अल्पकालिक अनुबंध सहित) द्वारा भर्ती के मामले में, भारत में केंद्र सरकार, राज्य सरकारों, मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालयों, अनुसंधान संस्थानों, अर्ध-सरकारी, सांविधिक या स्वायत्त संगठनों में कार्यरत वैज्ञानिकों, शिक्षाविदों या प्रौद्योगिकीविदों के लिएः

**क.** पैरा जी में उल्लिखित आवश्यक शैक्षणिक योग्यताएं और इस पैरा में अनुभव रखने वाले,

और

**ख.** **(i)** समान पद पर कार्यरत हों; **या**

**(ii)** स्तर -16 के पद पर एक वर्ष की सेवा के साथ [जो छठे केंद्रीय वेतन आयोग के पूर्व संशोधित वेतनमान 75,500-80,000/- रुपये (एचएजी+) के अनुरूप] या समतुल्य ; **या**

**(iii)** स्तर -15 के पद पर तीन वर्ष की सेवा के साथ [जो छठे केंद्रीय वेतन आयोग के पूर्व-संशोधित वेतनमान 67,000-79,000/- रुपये (एचएजी) के अनुरूप] या समतुल्य ; **या**

**(iv)** स्तर -14 के पद पर सात वर्ष की सेवा के साथ [जो छठे केंद्रीय वेतन आयोग के संशोधित-पूर्व वेतनमान 37,400-67,000/- रुपये + ग्रेड पे 10,000/- रुपये (एसएजी) के अनुरूप] या समतुल्य.

I. **आवेदन/नामांकन प्रक्रिया**ः

आवेदन/नामांकन, संस्थान की वेबसाइट **www.sctimst.ac.in** पर उपलब्ध निर्धारित आवेदन पत्र पर, निम्नलिखित पते पर भेजा जा सकता हैः **उप निदेशक (प्रशासन), श्री चित्रा तिरुनाल आयुर्विज्ञान और प्रौद्योगिकी संस्थान, मेडिकल कॉलेज डाकघर, तिरुवनंतपुरम, पिनकोड - 695011, केरल, फोन** : 0471-2524600, ताकि दिनांक 10.07.2026 तक **या उससे पहले शाम 5 बजे तक पहुंच जाए.**

असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, मिजोरम, मणिपुर, नागालैंड, त्रिपुरा, सिक्किम, जम्मू और कश्मीर राज्य के लद्दाख मंडल, लाहौल और स्पीति जिले तथा हिमाचल प्रदेश के चंबा जिले के पांगी उप-मंडल, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह और लक्षद्वीप के उम्मीदवारों से आवेदन (नामांकन सहित) प्राप्त करने की **अंतिम तिथि 27.07.2026 को शाम 5 बजे** तक होगा.

**नामांकन**ः नामांकन के मामले में, किसी उम्मीदवार को नामित करने वाले प्रतिष्ठित व्यक्ति, नामांकित व्यक्ति का आवेदन/बायोडाटा, साथ में अपनी सिफारिशें, नामांकित व्यक्ति की सहमति और योग्यता तथा अनुभव के समर्थन में प्रमाण पत्रों की विधिवत सत्यापित फोटोकॉपी डाक द्वारा उपरोक्त पते पर **10.07.2026 को शाम 5 बजे** तक पहुंच जाएं.

सरकारी विभागों, स्वायत्त संगठनों और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में कार्यरत व्यक्तियों को अपने आवेदन उचित माध्यम से, अनापत्ति प्रमाणपत्र/ संवर्ग निकासी, सतर्कता/सत्यनिष्ठा प्रमाण पत्र आदि के साथ भेजने चाहिए. उम्मीदवारों को नियुक्ति के पसंदीदा तरीके को स्पष्ट रूप से निर्दिष्ट करना चाहिए, जैसे—या तो सीधी भर्ती द्वारा, या प्रतिनियुक्ति द्वारा, अथवा इन दोनों में से किसी एक द्वारा. सीधी भर्ती के आधार पर नियुक्ति की स्थिति में, उम्मीदवार को अपने मूल संगठन में अपने मूल पद से तकनीकी इस्तीफ़े के लिए अपनी सहमति प्रस्तुत करनी होगी.

योग्यता और अनुभव के समर्थन में प्रमाण-पत्रों की विधिवत सत्यापित फोटोकॉपी आवेदन के साथ भेजें. मूल दस्तावेज न भेजें. आवेदन वाले लिफ़ाफ़े पर **"निदेशक, एससीटीआईएमएसटी, तिरुवनंतपुरम के पद के लिए आवेदन"** अवश्य लिखें.

EN 13/17 निदेशक

# संघ लोक सेवा आयोग

**धौलपुर हाउस, शाहजहां रोड, नई दिल्ली-110069**

**सूचनात्मक विज्ञापन सं. 07/2026**

निम्नलिखित पदों पर चयन द्वारा सीधी भर्ती के लिए वेबसाइट **https://upsconline.nic.in/ora/** के माध्यम से **27 जून, 2026 से 17 जुलाई, 2026** तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं.

1. (**रिक्ति संख्या 26060701227**) कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय में **संयुक्त निदेशक** (फसल विकास निदेशालय) के पद के लिए **छह** रिक्तियां (**अना.-05, अ.ज.जा.-01) (पीडब्ल्यूबीडी-01*)**. *छह रिक्तियों में से एक रिक्ति, बेंचमार्क दिव्यांगता वाले व्यक्तियों (**पीडब्ल्यूबीडी**) से संबंधित उम्मीदवारों के लिए आरक्षित है. **वेतनमान** : 7वें केन्द्रीय वेतन आयोग के अनुसार वेतन मैट्रिक्स में **स्तर-11. आयु : अना. के लिए 40 वर्ष और अ.ज.जा. के लिए 45 वर्ष.**

2. (**रिक्ति संख्या 26060702127**) आयुष मंत्रालय में **चिकित्सा अधिकारी/अनुसंधान अधिकारी** (**सिद्धा**) के पद के लिए **एक** रिक्ति. (**अना.-01**). **वेतनमान** : 7वें केन्द्रीय वेतन आयोग के अनुसार वेतन मैट्रिक्स में **स्तर-10 + गैर प्रैक्टिस भत्ता.** आयु : अना. के लिए 35 वर्ष.

3. (**रिक्ति संख्या 26060703627**) नागर विमानन महानिदेशालय, नागर विमानन मंत्रालय में **वैमानिकी अधिकारी** के पद के लिए **ग्यारह** रिक्तियां. (**अना.-07, ईडब्ल्यूएस -03, अ.जा.-01**). **वेतनमान** : 7वें केन्द्रीय वेतन आयोग के अनुसार वेतन मैट्रिक्स में **स्तर-10. आयु : अना./ईडब्ल्यूएस के लिए 35 वर्ष और अ.जा. के लिए 40 वर्ष.**

4. (**रिक्ति संख्या 26060704227**) नागर विमानन महानिदेशालय, नागर विमानन मंत्रालय में **विधिक अधिकारी** के पद के लिए **बारह** रिक्तियां. (**अना.-05, ईडब्ल्यूएस-01, अ.पि.व.-03, अ.जा.-02, अ.ज.जा.-01) (पीडब्ल्यूबीडी-01*)**. *बारह रिक्तियों में से **एक** रिक्ति, बेंचमार्क दिव्यांगता वाले व्यक्तियों (**पीडब्ल्यूबीडी**) से संबंधित उम्मीदवारों के लिए आरक्षित है. **वेतनमानः** 7वें केन्द्रीय वेतन आयोग के अनुसार वेतन मैट्रिक्स में **स्तर-10. आयु : अना./ईडब्ल्यूएस के लिए 35 वर्ष, अ.पि.व. के लिए 38 वर्ष और अ.जा./अ.ज.जा. के लिए 40 वर्ष.**

5. (**रिक्ति संख्या 26060705227**) कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय में **कंपनी अभियोजक** के पद के लिए **अठारह** रिक्तियां (**अना.-08, ईडब्ल्यूएस -02, अ.पि.व.-05, अ.जा.-02, अ.ज.जा.-01) (पीडब्ल्यूबीडी-01*)**. *अठारह रिक्तियों में से एक रिक्ति, बेंचमार्क दिव्यांगता वाले व्यक्तियों (**पीडब्ल्यूबीडी**) से संबंधित उम्मीदवारों के लिए आरक्षित है. **वेतनमान** : 7वें केन्द्रीय वेतन आयोग के अनुसार वेतन मैट्रिक्स में **स्तर-07. आयु : अना./ईडब्ल्यूएस के लिए 30 वर्ष, अ.पि.व. के लिए 33 वर्ष और अ.जा./अ.ज.जा. के लिए 35 वर्ष.**

6. (**रिक्ति संख्या 26060706427**) भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण, संस्कृति मंत्रालय में **उप अधीक्षण पुरातत्वविद्** के पद के लिए **दो** रिक्तियां. (**अना.-01, अ.ज.जा.-01) (पीडब्ल्यूबीडी-01*)**. *दो रिक्तियों में से एक रिक्ति, बेंचमार्क दिव्यांगता वाले व्यक्तियों (**पीडब्ल्यूबीडी**) से संबंधित उम्मीदवारों के लिए आरक्षित है. **वेतनमान** : 7वें केन्द्रीय वेतन आयोग के अनुसार वेतन मैट्रिक्स में **स्तर-10. आयु : अना. के लिए 35 वर्ष, अ.ज.जा. के लिए 40 वर्ष.**

7. (**रिक्ति संख्या 26060707427**) रक्षा विभाग, रक्षा मंत्रालय, के जनसंपर्क निदेशालय में **वरिष्ठ फोटोग्राफिक अधिकारी** के पद के लिए **चार** रिक्तियां. (**अना.-01, ईडब्ल्यूएस-01, अ.पि.व.-01, अ.जा.-01) (पीडब्ल्यूबीडी-01*)**, *चार रिक्तियों में से एक रिक्ति, बेंचमार्क दिव्यांगता वाले व्यक्तियों (**पीडब्ल्यूबीडी**) से संबंधित उम्मीदवारों के लिए आरक्षित है. **वेतनमान** : 7वें केन्द्रीय वेतन आयोग के अनुसार वेतन मैट्रिक्स में **स्तर-10. आयु : अना./ईडब्ल्यूएस के लिए 35 वर्ष, अ.पि.व. के लिए 38 वर्ष और अ.जा. के लिए 40 वर्ष.**

8. (**रिक्ति संख्या 26060708427**) जनसंपर्क निदेशालय, रक्षा विभाग, रक्षा मंत्रालय में **फोटोग्राफिक अधिकारी** के पद के लिए **दो** रिक्तियां. (**अना.-01, अ.पि.व.-01**). **वेतनमानः** 7वें केन्द्रीय वेतन आयोग के अनुसार वेतन मैट्रिक्स में **स्तर-07. आयु : अना. के लिए 30 वर्ष और अ.पि.व. के लिए 33 वर्ष.**

9. (**रिक्ति संख्या 26060709427**) रक्षा मंत्रालय के वायुसेना प्रभाग, रक्षा विभाग, भारतीय सेना और डीजीक्यूए की निचली इकाइयों/निचले सैन्य संगठनों में **सिविलियन सहायक सुरक्षा अधिकारी** के पद के लिए **सात** रिक्तियां. (**अना.-04, ईडब्ल्यूएस -01, अ.पि.व.-01, अ.जा.-01) (पीडब्ल्यूबीडी -01*)**. *सात रिक्तियों में से एक रिक्ति, बेंचमार्क दिव्यांगता वाले व्यक्तियों (**पीडब्ल्यूबीडी**) से संबंधित उम्मीदवारों के लिए आरक्षित है. **वेतनमानः** 7वें केन्द्रीय वेतन आयोग के अनुसार वेतन मैट्रिक्स में **स्तर-07. आयु : अना./ईडब्ल्यूएस के लिए 30 वर्ष, अ.पि.व. के लिए 33 वर्ष और अ.जा. के लिए 35 वर्ष.**

10. (**रिक्ति संख्या 26060710427**) सशस्त्र सेना चिकित्सा सेवा महानिदेशालय, रक्षा मंत्रालय में **स्टोर अधिकारी (सिविलियन)** के पद के लिए **चार** रिक्तियां. (**अना.-02, ईडब्ल्यूएस -01, अ.जा.-01**). **वेतनमान** : 7वें केन्द्रीय वेतन आयोग के अनुसार वेतन मैट्रिक्स में **स्तर-07. आयु : अना./ईडब्ल्यूएस के लिए 30 वर्ष, और अ.जा. के लिए 35 वर्ष.**

11. (**रिक्ति संख्या 26060711127**) स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में **विशेषज्ञ ग्रेड III (हड्डी रोग)** के पद के लिए **चार** रिक्तियां. (**अना.-02, अ.पि.व.-01, अ.ज.जा.-01**). **वेतनमान** : 7वें केन्द्रीय वेतन आयोग के अनुसार वेतन मैट्रिक्स में **स्तर-11 + गैर प्रैक्टिस भत्ता. आयु : अना. के लिए 40 वर्ष, अ.पि.व. के लिए 43 वर्ष और अ.जा. के लिए 45 वर्ष.**

12. (**रिक्ति संख्या 26060712127**) स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में **विशेषज्ञ ग्रेड III सहायक प्रोफेसर (कार्डियोलॉजी)** के पद के लिए **नौ** रिक्तियां. (**अना.-04, अ.पि.व.-01, अ.जा.-03, अ.ज.जा.-01) (पीडब्ल्यूबीडी-02*)**. *नौ रिक्तियों में से दो रिक्तियां, बेंचमार्क दिव्यांगता वाले व्यक्तियों (**पीडब्ल्यूबीडी**) से संबंधित उम्मीदवारों के लिए आरक्षित हैं. **वेतनमानः** 7वें केन्द्रीय वेतन आयोग के अनुसार वेतन मैट्रिक्स में **स्तर-11 + गैर प्रैक्टिस भत्ता. आयु : अना. के लिए 40 वर्ष, अ.पि.व. के लिए 43 वर्ष और अ.जा./अ.ज.जा. के लिए 45 वर्ष.**

13. (**रिक्ति संख्या 26060713127**) स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में **विशेषज्ञ ग्रेड III सहायक प्रोफेसर (कार्डियो वैस्कुलर और थोरेसिक सर्जरी)** के पद के लिए चार रिक्तियां. (**अना.-02, ईडब्ल्यूएस -01, अ.ज.जा.-01) (पीडब्ल्यूबीडी -01*)**. *चार रिक्तियों में से एक रिक्ति, बेंचमार्क दिव्यांगता वाले व्यक्तियों (**पीडब्ल्यूबीडी**) से संबंधित उम्मीदवारों के लिए आरक्षित है. **वेतनमान** : 7वें केन्द्रीय वेतन आयोग के अनुसार वेतन मैट्रिक्स में **स्तर-11 + गैर प्रैक्टिस भत्ता. आयु : अना./ईडब्ल्यूएस के लिए 40 वर्ष और अ.ज.जा. के लिए 45 वर्ष.**

14. (**रिक्ति संख्या 26060714127**) स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में **विशेषज्ञ ग्रेड III सहायक प्रोफेसर (न्यूरोलॉजी)** के पद के लिए **इक्कीस** रिक्तियां. (**अना.-03, ईडब्ल्यूएस-02, अ.पि.व.-09, अ.जा.-04, अ.ज.जा.-03) (पीडब्ल्यूबीडी - 02*)**. * इक्कीस रिक्तियों में से **दो** रिक्तियां, बेंचमार्क दिव्यांगता वाले व्यक्तियों (**पीडब्ल्यूबीडी**) से संबंधित उम्मीदवारों के लिए आरक्षित हैं. **वेतनमान** : 7वें केन्द्रीय वेतन आयोग के अनुसार वेतन मैट्रिक्स में **स्तर-11 + गैर प्रैक्टिस भत्ता. आयु : अना./ईडब्ल्यूएस के लिए 40 वर्ष, अ.पि.व. के लिए 43 वर्ष और अ.जा./अ.ज.जा. के लिए 45 वर्ष.**

15. (**रिक्ति संख्या 26060715127**) स्पोर्ट्स इंजरी सेंटर, वीएमएमसी और सफदरजंग अस्पताल, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में **विशेषज्ञ ग्रेड III सहायक प्रोफेसर (हड्डी रोग)** के पद के लिए **दो** रिक्तियां. (**अना.-01, ईडब्ल्यूएस -01**). **वेतनमानः** 7वें केन्द्रीय वेतन आयोग के अनुसार वेतन मैट्रिक्स में **स्तर-11 + गैर प्रैक्टिस भत्ता. आयु : अना./ईडब्ल्यूएस के लिए 40 वर्ष.**

16. (**रिक्ति संख्या 26060716127**) स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में **विशेषज्ञ ग्रेड III सहायक प्रोफेसर (बाल चिकित्सा नेफ्रोलॉजी)** के पद के लिए एक रिक्ति. (**अ.पि.व.-01**). **वेतनमानः** 7वें केन्द्रीय वेतन आयोग के अनुसार वेतन मैट्रिक्स में **स्तर-11 + गैर प्रैक्टिस भत्ता. आयु : अ.पि.व. के लिए 43 वर्ष.**

17. (**रिक्ति संख्या 26060717127**) स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में **विशेषज्ञ ग्रेड III सहायक प्रोफेसर (बाल चिकित्सा कैंसर विज्ञान (ऑन्कोलॉजी)** के पद के लिए एक रिक्ति. (**अना.-01**). **वेतनमान** : 7वें केन्द्रीय वेतन आयोग के अनुसार वेतन मैट्रिक्स में **स्तर-11 + गैर प्रैक्टिस भत्ता. आयु : अना. के लिए 40 वर्ष.**

18. (**रिक्ति संख्या 26060718127**) स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में **विशेषज्ञ ग्रेड III सहायक प्रोफेसर (भौतिक चिकित्सा और पुनर्वास)** के पद के लिए छह रिक्तियां. (**अना.-03, ईडब्ल्यूएस -01, अ.पि.व.-02) (पीडब्ल्यूबीडी-03*)**. *छह रिक्तियों में से **तीन** रिक्तियां, बेंचमार्क दिव्यांगता वाले व्यक्तियों (**पीडब्ल्यूबीडी**) से संबंधित उम्मीदवारों के लिए आरक्षित हैं. **वेतनमान** : 7वें केन्द्रीय वेतन आयोग के अनुसार वेतन मैट्रिक्स में **स्तर-11 + गैर प्रैक्टिस भत्ता. आयु : अना./ईडब्ल्यूएस के लिए 40 वर्ष और अ.पि.व. के लिए 43 वर्ष.**

19. (**रिक्ति संख्या 26060719527**) स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में **विशेषज्ञ ग्रेड III सहायक प्रोफेसर (सामाजिक और निवारक चिकित्सा या सामुदायिक चिकित्सा)** के पद के लिए ग्यारह रिक्तियां. (**अना.-04, ईडब्ल्यूएस-03, अ.पि.व.-02, अ.जा.-02**). **वेतनमानः** 7वें केन्द्रीय वेतन आयोग के अनुसार वेतन मैट्रिक्स में **स्तर-11 + गैर प्रैक्टिस भत्ता. आयु : अना./ईडब्ल्यूएस के लिए 40 वर्ष, अ.पि.व. के लिए 43 वर्ष और अ.जा. के लिए 45 वर्ष.**

20. (**रिक्ति संख्या 26060720127**) स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में **विशेषज्ञ ग्रेड III सहायक प्रोफेसर (मूत्र विज्ञान)** के पद के लिए छह रिक्तियां. (**अना.-01, अ.पि.व.-02, अ.जा.-02, अ.ज.जा.-01**). **वेतनमान** : 7वें केन्द्रीय वेतन आयोग के अनुसार वेतन मैट्रिक्स में **स्तर-11 + गैर प्रैक्टिस भत्ता. आयु : अना. के लिए 40 वर्ष, अ.पि.व. के लिए 43 वर्ष और अ.जा./अ.ज.जा. के लिए 45 वर्ष.**

21. (**रिक्ति संख्या 26060721427**) गृह मंत्रालय के भारत के महारजिस्ट्रार और जनगणना आयुक्त के कार्यालय में **जनगणना कार्य (तकनीकी)** के **सहायक निदेशक** के पद के लिए **नौ** रिक्तियां. (**अना.-05, ईडब्ल्यूएस -01, अ.पि.व.-02, अ.जा.-01**). **वेतनमानः** 7वें केन्द्रीय वेतन आयोग के अनुसार वेतन मैट्रिक्स में **स्तर-10. आयुः अना./ईडब्ल्यूएस के लिए 35 वर्ष, अ.पि.व. के लिए 38 वर्ष और अ.जा. के लिए 40 वर्ष.**

22. (**रिक्ति संख्या 26060722427**) गृह मंत्रालय में **सहायक निदेशक (आपदा प्रबंधन)** पद के लिए **चार** रिक्तियां. (**अना.-03, अ.पि.व.-01) (पीडब्ल्यूबीडी -01*)**. *चार रिक्तियों में से एक रिक्ति, बेंचमार्क दिव्यांगता वाले व्यक्तियों (**पीडब्ल्यूबीडी**) से संबंधित उम्मीदवारों के लिए आरक्षित है. **वेतनमान** : 7वें केन्द्रीय वेतन आयोग के अनुसार वेतन मैट्रिक्स में **स्तर-10. आयु : अना. के लिए 35 वर्ष और अ.पि.व. के लिए 38 वर्ष.**

23. (**रिक्ति संख्या 26060723427**) जल शक्ति मंत्रालय, जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग, केंद्रीय भूजल बोर्ड में पुस्तकालय और सूचना अधिकारी के पद के लिए **एक** रिक्ति. (**अना.-01**). **वेतनमान** : 7वें केन्द्रीय वेतन आयोग के अनुसार वेतन मैट्रिक्स में **स्तर-11. आयु : अना. के लिए 40 वर्ष.**

24. (**रिक्ति संख्या 26060724427**) श्रम और रोज़गार मंत्रालय के रोज़गार महानिदेशालय में **उप-क्षेत्रीय रोज़गार अधिकारी** के पद के लिए **ग्यारह** रिक्तियां (**अना.-06, ईडब्ल्यूएस-01, अ.पि.व.-03, अ.जा.-01) (पीडब्ल्यूबीडी -01*)**. *ग्यारह रिक्तियों में से एक रिक्ति बेंचमार्क दिव्यांगता वाले (**पीडब्ल्यूबीडी**) उम्मीदवारों के लिए आरक्षित है. **वेतनमान** : 7वें केन्द्रीय वेतन आयोग के अनुसार वेतन मैट्रिक्स में **स्तर-07. आयुः अना./ईडब्ल्यूएस के लिए 30 वर्ष, अ.पि.व. के लिए 33 वर्ष और अ.जा. के लिए 35 वर्ष.**

25. (**रिक्ति संख्या 26060725427**) भारतीय खान ब्यूरो, खान मंत्रालय में **सहायक प्रशासनिक अधिकारी** के पद के लिए **एक** रिक्ति (**अना.-01) (पीडब्ल्यूबीडी -01*)**. *यह रिक्ति विशेष रूप से बेंचमार्क दिव्यांगता (**पीडब्ल्यूबीडी**) वाले उम्मीदवारों के लिए आरक्षित है. **वेतनमान** : 7वें केन्द्रीय वेतन आयोग के अनुसार वेतन मैट्रिक्स में **स्तर-07. आयु : अना. के लिए 30 वर्ष.**

26. (**रिक्ति संख्या 26060726227**) भारतीय खान ब्यूरो, खान मंत्रालय में **सहायक रसायनज्ञ** के पद के लिए **चार** रिक्तियां (**अना.-01, ईडब्ल्यूएस-01, अ.पि.व.-02**). **वेतनमान** : 7वें केन्द्रीय वेतन आयोग के अनुसार वेतन मैट्रिक्स में **स्तर-07. आयु : अना./ईडब्ल्यूएस के लिए 30 वर्ष और अ.पि.व. के लिए 33 वर्ष.**

27. (**रिक्ति संख्या 26060727627**) पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय के तहत मुंबई स्थित नौवहन महानिदेशालय में **पोत सर्वेक्षक-सह-उप महानिदेशक (तकनीकी)** के पद के लिए **एक** रिक्ति. (**अ.जा.-01**). **वेतनमानः** 7वें केन्द्रीय वेतन आयोग के अनुसार वेतन मैट्रिक्स में **स्तर-12. आयु : अ.जा. के लिए 55 वर्ष.**

28. (**रिक्ति संख्या 26060728627**) पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय के तहत नौवहन महानिदेशालय में **इंजीनियर और पोत सर्वेक्षक-सह-उप महानिदेशक (तकनीकी)** के पद के लिए **नौ** रिक्तियां. (**अना.-07, अ.पि.व.-02**). **वेतनमानः** 7वें केन्द्रीय वेतन आयोग के अनुसार वेतन मैट्रिक्स में **स्तर-12. आयु : अना. के लिए 50 वर्ष और अ.पि.व. के लिए 53 वर्ष.**

(शेष पृष्ठ 6 पर)

(पृष्ठ 5 का शेष)

**29. (रिक्ति संख्या 26060729427)** पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय के तहत नौवहन महानिदेशालय में **सहायक पोत परिवहन महानिदेशक** के पद के लिए **एक** रिक्ति **(अ.पि.व.-01) (पीडब्ल्यूबीडी -01*)**. *यह रिक्ति विशेष रूप से बेंचमार्क दिव्यांगता वाले **(पीडब्ल्यूबीडी)** उम्मीदवारों के लिए आरक्षित है. **वेतनमान** : 7वें केन्द्रीय वेतन आयोग के अनुसार वेतन मैट्रिक्स में **स्तर-11. आयु : अ.पि.व. के लिए 43 वर्ष.**

**30. (रिक्ति संख्या 26060730427)** भारतीय रेलवे, राजभाषा निदेशालय, रेलवे बोर्ड, रेल मंत्रालय में **राजभाषा अधिकारी** के पद के लिए **सात** रिक्तियां **(अना.-05, अ.पि.व.-01, अ.जा.-01)** (पीडब्ल्यूबीडी-01*). *सात रिक्तियों में से एक रिक्ति बेंचमार्क दिव्यांगता (पीडब्ल्यूबीडी) वाले उम्मीदवारों के लिए आरक्षित है. **वेतनमान** : 7वें केन्द्रीय वेतन आयोग के अनुसार वेतन मैट्रिक्स में **स्तर-10. आयु** : अना. के लिए 35 वर्ष, अ.पि.व. के लिए 38 **वर्ष और अ.जा. के लिए 40 वर्ष.**

**31. (रिक्ति संख्या 26060731127)** राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के आयुष निदेशालय में **चिकित्सा अधिकारी (आयुर्वेद)** के पद के लिए **दो** रिक्तियां (अना.-02). **वेतनमान** : 7वें केन्द्रीय वेतन आयोग के अनुसार वेतन मैट्रिक्स में **स्तर-10 तथा गैर प्रैक्टिस भत्ता (एनपीए). आयु : अना. के लिए 35 वर्ष.**

**32. (रिक्ति संख्या 26060732127)** स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग, लद्दाख संघ शासित क्षेत्र प्रशासन में **परामर्शदाता जीव रसायन विज्ञान** के पद हेतु एक रिक्ति. **(अ.ज.जा.-01). वेतनमान** : 7वें केन्द्रीय वेतन आयोग के अनुसार वेतन मैट्रिक्स में **स्तर-11. आयु : अ.ज.जा. के लिए 50 वर्ष.**

**33. (रिक्ति संख्या 26060733127)** स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग, लद्दाख संघ शासित क्षेत्र प्रशासन में **परामर्शदाता दंत चिकित्सा/परामर्शदाता दंत शल्य चिकित्सा/ परामर्शदाता लोक स्वास्थ्य दंत चिकित्सा** के पद हेतु दो रिक्तियां. (अ.ज.जा.-02). **वेतनमान** : 7वें केन्द्रीय वेतन आयोग के अनुसार वेतन मैट्रिक्स में **स्तर-11. आयु : अ.ज.जा. के लिए 50 वर्ष.**

**34. (रिक्ति संख्या 26060734127)** स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग, लद्दाख संघ शासित क्षेत्र प्रशासन में **परामर्शदाता आपातकालीन चिकित्सा** के पद हेतु **एक** रिक्ति. **(अ.ज.जा.-01). वेतनमान**: 7वें केन्द्रीय वेतन आयोग के अनुसार वेतन मैट्रिक्स में **स्तर-11. आयु : अ.ज.जा. के लिए 50 वर्ष.**

**35. (रिक्ति संख्या 26060735127)** स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग, लद्दाख संघ शासित क्षेत्र प्रशासन में **परामर्शदाता न्यायालयिक विज्ञान विशेषज्ञ** के पद हेतु **एक** रिक्ति. **(अ.ज.जा.-01). वेतनमान** : 7वें केन्द्रीय वेतन आयोग के अनुसार वेतन मैट्रिक्स में **स्तर-11. आयु : अ.ज.जा. के लिए 50 वर्ष.**

**36. (रिक्ति संख्या 26060736127)** स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग, लद्दाख संघ शासित क्षेत्र प्रशासन में **परामर्शदाता कर्ण-नासा-कंठ (कान, नाक एवं गला)** के पद हेतु **दो** रिक्तियां. **(अ.ज.जा.-02). वेतनमान**: 7वें केन्द्रीय वेतन आयोग के अनुसार वेतन मैट्रिक्स में **स्तर-11. आयु : अ.ज.जा. के लिए 50 वर्ष.**

**37. (रिक्ति संख्या 26060737127)** स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग, लद्दाख संघ शासित क्षेत्र प्रशासन में **परामर्शदाता बाल रोग चिकित्सा** के पद हेतु **तीन** रिक्तियां. **(अ.ज.जा.-03). वेतनमान**: 7वें केन्द्रीय वेतन आयोग के अनुसार वेतन मैट्रिक्स में **स्तर-11. आयु : अ.ज.जा. के लिए 50 वर्ष.**

**38. (रिक्ति संख्या 26060738127)** स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग, लद्दाख संघ शासित क्षेत्र प्रशासन में **परामर्शदाता चिकित्सक** के पद हेतु **छह** रिक्तियां. **(अ.ज.जा.-06). वेतनमान** : 7वें केन्द्रीय वेतन आयोग के अनुसार वेतन मैट्रिक्स में **स्तर-11. आयु : अ.ज.जा. के लिए 50 वर्ष.**

**39. (रिक्ति संख्या 26060739127)** स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग, लद्दाख संघ शासित क्षेत्र प्रशासन में **परामर्शदाता मनोचिकित्सक** के पद हेतु **दो** रिक्तियां. (अ.ज.जा.-02). **वेतनमान** : 7वें केन्द्रीय वेतन आयोग के अनुसार वेतन मैट्रिक्स में **स्तर-11. आयु: अ.ज.जा. के लिए 50 वर्ष.**

**40. (रिक्ति संख्या 26060740127)** स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग, लद्दाख संघ शासित क्षेत्र प्रशासन में **परामर्शदाता रेडियोलॉजिस्ट** के पद हेतु **तीन** रिक्तियां. **(अ.ज.जा.-03). वेतनमान**: 7वें केन्द्रीय वेतन आयोग के अनुसार वेतन मैट्रिक्स में **स्तर-11. आयु : अ.ज.जा. के लिए 50 वर्ष.**

**41. (रिक्ति संख्या 26060741127)** स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग, लद्दाख संघ शासित क्षेत्र प्रशासन में **परामर्शदाता शल्य चिकित्सक** के पद हेतु **पांच** रिक्तियां. **(अ.ज.जा.-05). वेतनमान** : 7वें केन्द्रीय वेतन आयोग के अनुसार वेतन मैट्रिक्स में **स्तर-11. आयु : अ.ज.जा. के लिए 50 वर्ष.**

**42. (रिक्ति संख्या 26060742127)** स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग, लद्दाख संघ शासित क्षेत्र प्रशासन में **परामर्शदाता तपेदिक (ट्यूबरक्लोसिस)** के पद हेतु **एक** रिक्ति. **(अ.ज.जा.-01). वेतनमान** : 7वें केन्द्रीय वेतन आयोग के अनुसार वेतन मैट्रिक्स में **स्तर-11. आयु : अ.ज.जा. के लिए 50 वर्ष.**

**43. (रिक्ति संख्या 26060743627)** लद्दाख संघ शासित क्षेत्र प्रशासन के लोक स्वास्थ्य इंजीनियरी/सिंचाई और बाढ़ नियंत्रण विभाग में **सहायक इंजीनियर (सिविल)** के पद के लिए **ग्यारह** रिक्तियां **(ईडब्ल्यूएस-01, अ.ज.जा.-10). वेतनमान**: 7वें केन्द्रीय वेतन आयोग के अनुसार वेतन मैट्रिक्स में **स्तर-8ए. आयु : ईडब्ल्यूएस के लिए 40 वर्ष और अ.ज.जा. के लिए 45 वर्ष.**

**44. (रिक्ति संख्या 26060744227)** लद्दाख संघ शासित क्षेत्र प्रशासन, गृह विभाग के न्यायालयिक विज्ञान प्रयोगशाला के अंतर्गत **वैज्ञानिक अधिकारी,** दस्तावेज और फिंगर प्रिंटिंग के पद के लिए **एक** रिक्ति **(अ.ज.जा.-01). वेतनमान**: 7वें केन्द्रीय वेतन आयोग के अनुसार वेतन मैट्रिक्स में **स्तर-08. आयु :** अ.ज.जा. के लिए 40 वर्ष.

**45. (रिक्ति संख्या 26060745227)** लद्दाख संघ शासित क्षेत्र प्रशासन के गृह विभाग के न्यायालयिक विज्ञान प्रयोगशाला के अंतर्गत **वैज्ञानिक अधिकारी, डीएनए,** जीव विज्ञान एवं सीरम विज्ञान के पद के लिए **एक** रिक्ति **(अ.ज.जा.-01). वेतनमान** : 7वें केन्द्रीय वेतन आयोग के अनुसार वेतन मैट्रिक्स में **स्तर - 08. आयु : अ.ज.जा. के लिए 40 वर्ष.**

**46. (रिक्ति संख्या 26060746227)** लद्दाख संघ शासित क्षेत्र प्रशासन, गृह विभाग के न्यायालयिक विज्ञान प्रयोगशाला के अंतर्गत **वैज्ञानिक अधिकारी,** स्वापक पदार्थ, रसायन विज्ञान और विष विज्ञान के पद के लिए **एक** रिक्ति **(अ.ज.जा.-01). वेतनमान**: 7वें केन्द्रीय वेतन आयोग के अनुसार वेतन मैट्रिक्स में **स्तर-08. आयु : अ.ज.जा. के लिए 40 वर्ष.**

**47. (रिक्ति संख्या 26060747127)** स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में **विशेषज्ञ ग्रेड III सहायक प्रोफेसर (न्यायालयिक विज्ञान चिकित्सा)** के पद के लिए **तीन** रिक्तियां **(अना.-01, ईडब्ल्यूएस -01, अ.पि.व.-01). वेतनमान** : 7वें केन्द्रीय वेतन आयोग के अनुसार वेतन मैट्रिक्स में **स्तर-11 + गैर प्रैक्टिस भत्ता. आयु : अना./ईडब्ल्यूएस के लिए 40 वर्ष और अ.पि.व. के लिए 43 वर्ष.**

**48. (रिक्ति संख्या 26060748127)** स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में **विशेषज्ञ ग्रेड III सहायक प्रोफेसर (प्लास्टिक और पुनर्निर्माण शल्य चिकित्सा)** के पद के लिए **पांच** रिक्तियां. **(अना.-01, ईडब्ल्यूएस-01, अ.पि.व.-03). वेतनमान**: 7वें केन्द्रीय वेतन आयोग के अनुसार वेतन मैट्रिक्स में **स्तर-11 + गैर प्रैक्टिस भत्ता. आयु : अना./ईडब्ल्यूएस के लिए 40 वर्ष और अ.पि.व. के लिए 43 वर्ष.**

**49. (रिक्ति संख्या 26060749127)** स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में **विशेषज्ञ ग्रेड III सहायक प्रोफेसर** (हड्डी रोग) के पद के लिए **आठ** रिक्तियां. **(अना.-03, ईडब्ल्यूएस -01, अ.पि.व.-03, अ.जा.-01). वेतनमान**: 7वें केन्द्रीय वेतन आयोग के अनुसार वेतन मैट्रिक्स में **स्तर-11 + गैर प्रैक्टिस भत्ता. आयु : अना./ईडब्ल्यूएस के लिए 40 वर्ष, अ.पि.व. के लिए 43 वर्ष और अ.जा. के लिए 45 वर्ष.**

**50. (रिक्ति संख्या 26060750127)** स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में **विशेषज्ञ ग्रेड III सहायक प्रोफेसर** (बाल रोग) के पद के लिए **चौदह** रिक्तियां. (अना.-07, ईडब्ल्यूएस -03, अ.पि.व.-03, अ.जा.-01) (पीडब्ल्यूबीडी-05*). *चौदह रिक्तियों में से पांच रिक्तियां, बेंचमार्क दिव्यांगता **(पीडब्ल्यूबीडी)** की श्रेणी के उम्मीदवारों के लिए आरक्षित है. **वेतनमान**: 7वें केन्द्रीय वेतन आयोग के अनुसार वेतन मैट्रिक्स में **स्तर-11 + गैर प्रैक्टिस भत्ता. आयु: अना./ईडब्ल्यूएस के लिए 40 वर्ष, अ.पि.व. के लिए 43 वर्ष और अ.जा. के लिए 45 वर्ष.**

**51. (रिक्ति संख्या 26060751127)** स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में **विशेषज्ञ ग्रेड III सहायक प्रोफेसर (बाल शल्य चिकित्सा)** के पद के लिए **नौ** रिक्तियां. **(अना.-04, ईडब्ल्यूएस -01, अ.पि.व.-01, अ.जा.-03). वेतनमान** : 7वें केन्द्रीय वेतन आयोग के अनुसार वेतन मैट्रिक्स में **स्तर-11 + गैर प्रैक्टिस भत्ता. आयु : अना./ईडब्ल्यूएस के लिए 40 वर्ष, अ.पि.व. के लिए 43 वर्ष और अ.जा. के लिए 45 वर्ष.**

**52. (रिक्ति संख्या 26060752127)** केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ), स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में **औषधि निरीक्षक** के पद के लिए **एक सौ छियासी** रिक्तियां. **(अना.-55, ईडब्ल्यूएस-41, अ.पि.व.-39, अ.जा.-35, अ.ज.जा.-16) (पीडब्ल्यूबीडी-08*)**. *एक सौ छियासी रिक्तियों में से, आठ रिक्ति बेंचमार्क दिव्यांगता **(पीडब्ल्यूबीडी)** वाले लोगों की श्रेणी के उम्मीदवारों के लिए आरक्षित हैं. **वेतनमान** : 7वें केन्द्रीय वेतन आयोग के अनुसार वेतन मैट्रिक्स में **स्तर-8. आयु : अना./ईडब्ल्यूएस के लिए 30 वर्ष, अ.पि.व. के लिए 33 वर्ष और अ.जा./अ.ज.जा. के लिए 35 वर्ष.**

**53. (रिक्ति संख्या 26060753327)** चंडीगढ़ प्रशासन के राष्ट्रीय बौद्धिक दिव्यांगजन पुनर्वास संस्थान (जीआरआईआईडी) में विशेष शिक्षा (एमआर/आईडी) में **लेक्चरर/सहायक प्रोफेसर** के पद के लिए **एक** रिक्ति **(अना.-01) (पीडब्ल्यूबीडी -01*)**. *यह रिक्ति विशेष रूप से बेंचमार्क दिव्यांगता **(पीडब्ल्यूबीडी)** श्रेणी के उम्मीदवारों के लिए आरक्षित है. **वेतनमान**: 7वें केन्द्रीय वेतन आयोग के अनुसार वेतन मैट्रिक्स में अकादमिक **स्तर-10. आयु : अना. के लिए 45 वर्ष.**

**54. (रिक्ति संख्या 26060754227)** लद्दाख कारावास विभाग, लद्दाख संघ शासित क्षेत्र प्रशासन में **जेल अधीक्षक** के पद के लिए **एक** रिक्ति **(अ.ज.जा.-01). वेतनमान** : 7वें केन्द्रीय वेतन आयोग के अनुसार वेतन मैट्रिक्स में **स्तर-08. आयु: अ.ज.जा. के लिए 35 वर्ष.**

**नोट 1** : पीडब्ल्यूबीडी उम्मीदवारों के लिए उपयुक्त मानी गई और/या उनके लिए आरक्षित रिक्तियों के संबंध में आयु सीमा में 10 वर्ष तक की अतिरिक्त छूट है. पीडब्ल्यूबीडी रिक्तियों के लिए श्रेणीवार/उप-श्रेणीवार आरक्षण और उपयुक्तता के विवरण के लिए, कृपया आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध विस्तृत विज्ञापन देखें.

**नोट 2** : सूचनात्मक विज्ञापन और विस्तृत विज्ञापन के बीच किसी भी प्रकार की विसंगति की स्थिति में, जब तक कि कोई शुद्धिपत्र प्रकाशित न हो जाए, आयोग की वेबसाइट पर अपलोड किए गए विस्तृत विज्ञापन में प्रदान किया गया संस्करण ही मान्य होगा.

ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि, आयु सीमा की गणना करने हेतु निर्णायक तिथि होगी.

उपर्युक्त पदों के लिए आवेदन करने के इच्छुक उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे आयोग की वेबसाइट **https://upsconline.nic.in/ora/** पर जाएं. 'चयन द्वारा भर्ती हेतु उम्मीदवारों के लिए अनुदेश तथा अतिरिक्त सूचना' के साथ विस्तृत भर्ती विज्ञापन, आयोग की वेबसाइट **https://upsc.gov.in** के साथ-साथ वेबसाइट **https://upsconline.nic.in/ora/** पर भी प्रदर्शित किए गए हैं.

हिन्दी और अंग्रेजी पाठ में किसी प्रकार की विसंगति होने की स्थिति में अंग्रेजी पाठ मान्य होगा.

EN 13/91

# संघ लोक सेवा आयोग

## नोटिस

### केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सहायक कमांडेंट) परीक्षा, 2024

केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सहायक कमांडेंट) परीक्षा, 2024 की आरक्षित सूची की घोषणा आयोग द्वारा कर दी गई है. विस्तृत परिणाम आयोग की वेबसाइट **(http://www.upsc.gov.in)** पर उपलब्ध है. इसका लिंक राष्ट्रीय करियर सेवा पोर्टल **(http://www.ncs.gov.in)** पर भी उपलब्ध कराया गया है.

EN 13/96

सं. ए-32016/3/2023-प्रशा. II

भारत सरकार

# सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय

**दूसरा तल, 22020, कर्तव्य भवन-2, नई दिल्ली**

**मुख्य सचिवालय, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय में स्टाफ कार ड्राइवर (साधारण ग्रेड) के तीन (03) पद भरने के संबंध में.**

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय का वेतन मैट्रिक्स स्तर-2 (असंशोधित वेतन बैंड-1: रु. 5200-20200, साथ में ग्रेड वेतन रु. 1900/-) में **स्टाफ कार ड्राइवर (साधारण ग्रेड)** के तीन रिक्त पद प्रतिनियुक्ति/आमलेन/पुन:नियोजन आधार पर भरने का प्रस्ताव है.

2. प्रतिनियुक्ति की अवधि आरंभ में तीन वर्ष होगी. प्रतिनियुक्ति की शर्तें और निबंधन समय-समय पर यथा संशोधित कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग के का.ज्ञा. सं. 6/8/2009-स्था (वेतन-II) दिनांक 22.04.2016 और का.ज्ञा. सं. 6/8/2009-स्था (वेतन-II) दिनांक 17.06.2010 में यथा निर्धारित होंगी.

3. भर्ती नियमों के अनुसार, स्टाफ कार ड्राइवर (साधारण ग्रेड) के तौर पर नियुक्ति के लिए पात्रता शर्तें निम्नानुसार हैं:-

**प्रतिनियुक्ति/आमेलन:**

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के मुख्य सचिवालय में वेतन बैंड-1 रु. 5200-20200, ग्रेड वेतन रु. 1800 में नियमित डिस्पैच राइडर (समूह ग) और समूह ग कर्मचारियों में से, जिनके पास मोटर कारों को चलाने की सक्षमता का मूल्यांकन करने के लिए ड्राइविंग परीक्षा के आधार पर मोटर कारों के लिए ड्राइविंग लाइसेंस रखते हैं, इसमें असफल होने पर सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के अधीन मीडिया इकाइयों और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में वेतन बैंड-1 रु. 5200-20200 ग्रेड वेतन रु. 1800/- में डिस्पैच राइडर या नियमित आधार पर समूह सी पद धारण करने वाले कर्मचारी, ऐसा न होने पर केंद्रीय सरकार के अन्य मंत्रालयों के कर्मचारियों में से, जो कि आवश्यक अर्हताएं पूरी करते हैं.

**प्रतिनियुक्ति सशस्त्र बलों के कार्मिकों के लिए पुन:नियोजन:**

सशस्त्र बलों के कार्मिकों, जो कि एक वर्ष की अवधि के भीतर सेवानिवृत्त होने वाले हैं या रिजर्व के लिए स्थानांतरित होने वाले हैं और अपेक्षित अनुभव तथा निर्धारित अर्हताएं रखते हैं, पर भी विचार किया जायेगा. ऐसे व्यक्तियों को उस तिथि तक प्रतिनियुक्ति की शर्तों पर रखा जायेगा जिस तिथि को वे सशस्त्र बलों से कार्यमुक्त होने वाले हैं, इसके उपरांत उन्हें पुन: नियोजन के तहत जारी रखा जा सकता है.

(**टिप्पणी 1:** प्रतिनियुक्ति की अवधि इस नियुक्ति से ठीक पहले इसी या केंद्रीय सरकार के किसी अन्य संगठन/विभाग में धारित नि:संवर्गीय पद में प्रतिनियुक्ति की अवधि सहित साधारणत: तीन वर्ष से अधिक नहीं होगी. प्रतिनियुक्ति/आमेलन द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा आवेदन प्राप्ति की बंद होने की तिथि को 56 वर्ष से अधिक नहीं होगी)

| अनिवार्य | वांछनीय |
|---|---|
| 1. मान्यताप्राप्त बोर्ड या विश्वविद्यालय से मैट्रिकुलेशन या समकक्ष<br>2. मोटर कारों के लिए वैध ड्राइविंग लाइसेंस धारण करते हों.<br>3. मोटर यंत्रीकरण का ज्ञान (उम्मीदवार वाहनों में छोटी-मोटी कमियां दूर करने में सक्षम होना चाहिए)<br>4. कम से कम तीन वर्षों के लिए मोटर कार की ड्राइविंग का अनुभव.<br>**टिप्पणी 1:** अनुसूचित जातियों या अनुसूचित जनजातियों से संबंधित उम्मीदवारों के मामले में यदि चयन के किसी चरण में सक्षम प्राधिकारी का ये मत है कि उनके लिए आरक्षित रिक्ति भरने के लिए अपेक्षित अनुभव रखने वाले पर्याप्त संख्या में उम्मीदवारों के उपलब्ध होने की संभावना नहीं है, सक्षम प्राधिकारी के विवेकानुसार अनुभव संबंधी अर्हता शिथिलनीय है. | गृह रक्षक या सिविल वालंटियर्स के तौर पर तीन वर्षों की सेवा |

आवेदकों के लिए ड्राइविंग परीक्षा से गुजरना अपेक्षित होगा और इसके बाद डीपीसी द्वारा अनुशंसा के लिए स्क्रीन किया जायेगा.

4. केवल उन कर्मचारियों के आवेदन पत्र, जिनकी सेवाएं उनका चयन होने पर तत्काल मुक्त की जा सकती हैं, अनुलग्नक-1 में दिये गये निर्धारित प्रोफार्मा में आवेदन पत्र और कार्यालय प्रमुख से प्रमाणपत्र और निम्नलिखित दस्तावेज संलग्न करते हुए रोजगार समाचार में इस विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से **60 दिनों की अवधि के भीतर** अग्रेषित किये जा सकते हैं.

क) पिछले पांच वर्षों के लिए वार्षिक कार्य निष्पादन मूल्यांकन प्रतिवेदन/कार्य और आचरण प्रतिवेदन,

ख) सतर्कता प्रमाणपत्र

ग) सत्यनिष्ठा प्रमाणपत्र

घ) उक्त पैरा 3 के अनुरूप ड्राइविंग लाइसेंस, और शैक्षणिक अर्हता प्रमाणपत्रों की प्रति.

5. हर तरह से पूर्ण किए गए आवेदन पत्र निम्नलिखित पते पर पहुंच जाने चाहिए:-

सुश्री इवनीत कौर, अवर सचिव (प्रशा.), सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, दूसरा तल, 22020, कर्तव्य भवन-2, नई दिल्ली-110001

निर्धारित अवधि समाप्त होने के उपरांत प्राप्त आवेदन पत्रों और/या किसी भी तरीके से अपूर्ण पाये जाने पर पद के लिए चयन हेतु विचार नहीं किया जायेगा. उम्मीदवारों का एक बार चयन हो जाने पर बाद में अपनी उम्मीदवारों को वापस लेने की अनुमति नहीं दी जायेगी.

**दिनांक:** 10.06.2026

**इवनीत कौर**
**अवर सचिव, भारत सरकार**
**टेली: 011-24015760**

**अनुलग्नक-1**

**सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय में स्टाफ कार ड्राइवर (साधारण ग्रेड) के पद के लिए आवेदन-पत्र**

1. नाम और पदनाम:
2. जन्म तिथि:
3. कार्यालय पता, साथ में संपर्क विवरण:
4. शैक्षणिक अर्हताएं

| क्रम सं. | कार्यालय का नाम | धारित पद | अवधि | | क्या नियमित/तदर्थ/प्रतिनियुक्ति/अन्य | वेतन बैंड और ग्रेड वेतन |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | से | तक | | |
| | | | | | | |

5. कालक्रमानुसार सेवा का विवरण
6. ड्राइविंग अनुभव:

**क.** ड्राइविंग लाइसेंस नंबर (ड्राइविंग लाइसेंस की एक प्रति संलग्न करें)

**ख.** जारी होने/नवीनीकरण की तिथि

**ग.** जारीकर्ता प्राधिकारी का नाम

7. क्या आपको मोटर यंत्रीकरण का ज्ञान है.
8. क्या आरक्षित श्रेणी से संबंधित हैं (यदि हां तो अजा/अजजा इंगित करें)
9. कृपया साफ-साफ उल्लेख करें कि क्या ऊपर की गई प्रविष्टियों के प्रकाशन में पद की अपेक्षाएं पूरी करते हैं.
10. कोई अन्य संगत सूचना

**घोषणा**

मैं एतद्द्वारा घोषणा करता हूं कि आवेदन पत्र में दिया गया सभी विवरण मेरी अच्छी जानकारी और विश्वास के अनुसार सत्य, पूर्ण और सही है. यदि किसी भी चरण में कोई भी सूचना झूठी या गलत पाई जाती है या अपात्रता का पता चलता है, मेरी उम्मीदवारी/नियुक्ति बगैर कोई नोटिस के समाप्त की जा सकती है.

**दिनांक:** आवेदक के हस्ताक्षर

**प्रमाणपत्र**

**(नियोक्ता/कार्यालय प्रमुख/अग्रेषण प्राधिकारी द्वारा प्रेषित किया जाना है)**

उपरोक्त आवेदन-पत्र में ..............द्वारा उपलब्ध कराई गई सूचना/विवरण रिकॉर्ड में उपलब्ध तथ्यों के अनुरूप सत्य एवं सही हैं. वह रिक्ति परिपत्र में वर्णित शैक्षणिक अर्हताएं और अनुभव रखता है. यदि चयन हो जाता है तो उसे तत्काल कार्यमुक्त कर दिया जायेगा.

2. यह भी प्रमाणित किया जाता है कि:

i) श्री/श्रीमती.................के विरुद्ध कोई सतर्कता या अनुशासनात्मक मामला लंबित/अवेक्षित नहीं है.

ii) उसकी सत्यनिष्ठा प्रमाणित की जाती है.

iii) उसकी गो.रि. डोजिअर मूल रूप में संलग्न है/ भारत सरकार के अवर सचिव या ऊपर के रैंक के अधिकारी द्वारा विधिवत सत्यापित पिछले 5 वर्षों के लिये वागोरि की फोटो प्रतियां संलग्न हैं.

iv) पिछले 10 वर्षों के दौरान कोई बड़ी/छोटी पेनाल्टी नहीं लगाई गई है/उस पर पिछले 10 वर्षों के दौरान लगाई गई बड़ी/छोटी पेनाल्टी की सूची संलग्न है.

**स्थान:** कार्यालय प्रमुख का नाम और हस्ताक्षर

**दिनांक:** कार्यालय मुहर

EN 13/24

# नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो

मुख्यालय, नई दिल्ली

ईमेल आईडी - dda-ncb@nic.in

## प्रतिनियुक्ति के आधार पर स्टेनोग्राफर ग्रेड 1 (लेवल 06) के पद के लिए रिक्ति परिपत्र

एनसीबी में प्रतिनियुक्ति के आधार पर स्टेनोग्राफर ग्रेड 1 (लेवल 06) का पद भरने के लिए केंद्र सरकार, राज्य सरकारों या केंद्र शासित प्रदेशों के प्रशासन के योग्य/इच्छुक अधिकारियों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं.

योग्य उम्मीदवार अपने आवेदन **एनसीबी मुख्यालय, अगस्त क्रांति भवन, भीकाजी कामा प्लेस, नई दिल्ली - 110066** को उचित माध्यम से भेज सकते हैं.

विस्तृत रिक्ति परिपत्र और निर्धारित आवेदन प्रपत्र एनसीबी की वेबसाइट **www.narcoticsindia.nic.in** पर **'रिक्तियां'** टैब के अंतर्गत उपलब्ध है, या इसे निम्नलिखित क्यूआर कोड को स्कैन करके भी प्राप्त किया जा सकता है.

**राहुल माथुर**
**उप निदेशक (पी एंड ए)**

**EN 13/20**

# दिल्ली खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड (डीकेवीआईबी)

**राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार**

**पांचवां तल, निगम भवन, कश्मीरी गेट, दिल्ली-110006**

**विज्ञापन संख्या : F3(09)/DKVIB/CT/2026-27/1210**

## सूचना

**"दिल्ली खादी कौशल विकास योजना" के कार्यान्वयन हेतु डीकेवीआईबी में परियोजना प्रबंधन इकाई के लिए उच्च वेतन एवं कार्यालय सुविधा सहित आठ (08) पदों के संबंध में.**

1. दिल्ली खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड एक वर्ष की अवधि के लिए संविदा आधार पर 08 पेशेवरों को नियुक्त करने का प्रस्ताव करता है, जिसे एक और अधिक वर्ष के लिए बढ़ाया जा सकता है.
2. आवश्यक योग्यता, समेकित पारिश्रमिक और आवेदन के प्रारूप से संबंधित विवरण डीकेवीआईबी की वेबसाइट **(https://dkvib.delhi.gov.in/)** पर उपलब्ध है.
3. इच्छुक उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे निर्धारित प्रारूप में आवेदन केवल ऑनलाइन माध्यम से **md-dkvib@nic.in** पर **दिनांक 15.07.2026 को सायं 4.00 बजे** या उससे पहले जमा करें.

**वेबसाइट : https://dkvib.delhi.gov.in/ →** अधिसूचना

**प्रबंध निदेशक**
**DKVIB**
**ई-मेल : md-dkvib@nic.in**
**दूरभाष : 011-20837094**

**EN 13/30**

आ. प्रौ. सं. धारवाड
IIT DHARWAD

# इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी धारवाड़

चिक्कामल्लीगावाड़, धारवाड़
कर्नाटक - 580011

विज्ञापन संख्याः IITDh/Admin/SR/46/2026-27 तारीख 11 जून 2026

IIT धारवाड़, सीधे भर्ती के आधार पर विभिन्न प्रशासनिक और तकनीकी पदों के लिए योग्य भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित करता है.

| पोस्ट कोड | पदनाम | रिक्तियां | वेतन स्तर [7वें CPC के अनुसार] |
|---|---|---|---|
| 1. | असिस्टेंट रजिस्ट्रार | 02 | लेवल 10 |
| 2. | जूनियर सुपरिंटेंडेंट | 03 | लेवल 6 |
| 3. | जूनियर असिस्टेंट | 02 | लेवल 3 |
| 4. | जूनियर टेक्निकल सुपरिंटेंडेंट [विषयः CSE] | 01 | लेवल 6 |
| 5. | जूनियर टेक्निकल सुपरिंटेंडेंट [विषयः CCS] | 01 | लेवल 6 |
| 6. | जूनियर टेक्निकल सुपरिंटेंडेंट [विषयः केमिकल इंजीनियरिंग] | 01 | लेवल 6 |
| 7. | जूनियर टेक्निकल सुपरिंटेंडेंट [विषयः सिविल] | 01 | लेवल 6 |
| 8. | जूनियर टेक्निकल सुपरिंटेंडेंट [विषयः BSBE] | 01 | लेवल 6 |
| | कुल पद | 12 | |

ऑनलाइन आवेदन फ़ॉर्म और विस्तृत विज्ञापन संस्थान की वेबसाइट : **https://www.iitdh.ac.in/announcement** पर उपलब्ध है.

आवेदन जमा करने की आखिरी तारीख 13 जुलाई 2026 को रात 11:59 बजे तक है.

EN 13/16 रजिस्ट्रार

सं. डी-24012/3/2025-प्रशा.

भारत सरकार
विधि और न्याय मंत्रालय

# विधायी विभाग

राजभाषा प्रभाग

राजभाषा प्रभाग, विधायी विभाग, एक वर्ष की अवधि के लिए अनुबंध आधार पर **चार (04) विधिक अनुसंधान सहयोगियों** को नियुक्त करने का प्रस्ताव करता है. पारिश्रमिक रु. 45,000/- प्रति माह की दर से दिया जाएगा.

2. पात्रता मानदंड और अन्य विवरण विभाग की वेबसाइट यानी **http://legislative.gov.in/notice-category/recruitment** पर उपलब्ध हैं. इच्छुक और पात्र उम्मीदवार इस विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से **तीन सप्ताह के भीतर** वेबसाइट पर उपलब्ध निर्धारित प्रपत्र के अनुसार अपना आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं.

(प्रदीप कुमार सिंह)
भारत सरकार के उप सचिव
दूरभाषः 24016489
ई-मेलः **pk.singh23@gov.in**

EN 13/22

# केंद्रीय उपकरण अभिकल्प संस्थान

(भारत सरकार की एमएसएमई मंत्रालय की एक सोसैटी)
बालानगर 'एक्स' रोड्स, हैदराबाद - 500 037 (टीएस) भारत

## टूल डिज़ाइन में पोस्ट डिप्लोमा में प्रवेश

| S. No. | Course Details | Eligibility for Admission | Age Limit | Duration of Study | Batch Strength |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | **Post Diploma in Tool Design (PDTD)** | **Diploma in Mechanical Engineering or Equivalent** | **For General category 35 years, for SC/ST & Working professionals 45 years.** | **1 year 2 Semesters** | **66** |

* कार्यरत पेशेवरों और उद्योग प्रायोजित उम्मीदवारों के लिए अब "हाइब्रिड मोड" में उपलब्ध है।

**एससी/एसटी आवेदकों के लिए निःशुल्क।**

आवेदन कैसे करें: उम्मीदवार सीआईटीडी की वेबसाइट पर "पोस्ट डिप्लोमा इन टूल डिजाइन एडमिशन नोटिफिकेशन - 2026" लिंक के अंतर्गत ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं या क्यूआर कोड को स्कैन कर सकते हैं या https://tinyurl.com/citdpdtd2026 पर जा सकते हैं या आवेदन पत्र डाउनलोड कर सकते हैं और भरे हुए फॉर्म को संलग्न दस्तावेजों के साथ अंतिम तिथि से पहले "प्रधान निदेशक, सीआईटीडी, बालानगर, हैदराबाद -500 037, तेलंगाना" को आवेदन पर "पोस्ट डिप्लोमा इन टूल डिजाइन एडमिशन नोटिफिकेशन - 2026" लिखकर भेज सकते हैं।

**महत्वपूर्ण तिथियाँ :**

* ऑनलाइन आवेदन की प्रारंभ : 15.05.2026 (शुक्रवार) सुबह 11:00 बजे से
* आवेदन की अंतिम तिथि : 31.07.2026 (शुक्रवार) शाम 05:00 बजे तक
* प्रवेश परीक्षा की तिथि (अंदाज़न) : 07.08.2026 (शुक्रवार) (अंदाज़न)
* प्रवेश परीक्षा केंद्र : हैदराबाद

अधिक जानकारी संस्थान की वेबसाइट **'www.citd.in'** पर उपलब्ध प्रॉस्पेक्टस से प्राप्त की जा सकती है, जिसका लिंक "टूल डिजाइन में पोस्ट डिप्लोमा एडमिशन - 2026" है।

संपर्क विवरण : **Room No. 102, Diploma Block**
फोन : **9502405170, 040-29561795**
ई-मेल : **training@citdindia.org**

हस्ताक्षर/-
प्रधान निदेशक

EN 13/34

# भारतीय राजमार्ग अभियंता एकेडमी

(सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार)
ए-5, इंस्टीट्यूशनल एरिया, सैक्टर-62, नौएडा (उ.प्र.)-201301

भारतीय राजमार्ग अभियंता एकेडमी (आईएएचई), नौएडा राजमार्ग प्रोफेशनलों के प्रशिक्षण हेतु एक प्रमुख राष्ट्रीय प्रशिक्षण संस्थान है तथा सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार के प्रशासनिक नियंत्रण के अंतर्गत पंजीकृत सोसायटी है। आईएएचई द्वारा अनुबंध आधार पर आईएएचई में संयुक्त निदेशक के ग्रेड में **(i) कोर फैकल्टी (हाईवेज़); (ii) कोर फैकल्टी (ब्रिज); (iii) कोर फैकल्टी (पेवमेंट); (iv) कोर फैकल्टी (सेफ्टी)** का प्रत्येक का एक पद भरने हेतु आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

| क्र. सं. | पद का नाम | आवश्यक शैक्षिक योग्यता | आवश्यक अनुभव |
|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) |
| 1. | कोर फैकल्टी (हाईवेज़) | किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से सिविल इंजीनियरिंग में स्नातक की डिग्री | हाईवे सैक्टर के क्षेत्र में 13 वर्ष का अनुभव तथा न्यूनतम 4 हाईवे परियोजनाओं के निष्पादन/जुड़ाव का अनुभव हो। |
| 2. | कोर फैकल्टी (ब्रिज) | | हाईवे सैक्टर के क्षेत्र में 13 वर्ष का अनुभव तथा न्यूनतम 4 ब्रिज परियोजनाओं के निष्पादन/जुड़ाव का अनुभव हो। |
| 3. | कोर फैकल्टी (पेवमेंट) | | हाईवे सैक्टर के क्षेत्र में 13 वर्ष का अनुभव तथा न्यूनतम 4 हाईवे/पेवमेंट परियोजनाओं के निष्पादन/जुड़ाव का अनुभव हो। |
| 4. | कोर फैकल्टी (सेफ्टी) | | हाईवे सैक्टर के क्षेत्र में 13 वर्ष का अनुभव तथा न्यूनतम 4 हाईवे परियोजनाओं के निष्पादन/जुड़ाव का अनुभव हो। |

व्यक्तियों को अनुबंध के आधार पर प्रारंभ में 3 वर्षों के लिए नियुक्त किया जायेगा तथा तत्पश्चात उनकी अनुबंध की अवधि को 2 वर्षों के स्लाट्स में अधिकतम 67 वर्ष की आयु तक बढ़ाया जा सकता है।

**आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि : 15.07.2026**

इस विज्ञापन के संबंध में शुद्धिपत्र अथवा अनुशेष अथवा निरस्तीकरण, यदि कोई होगा तो, केवल आईएएचई की वेबसाइट पर प्रकाशित होगा।

**आवेदन प्रपत्र, योग्यताएँ एवं आयु सीमा आदि के संबंध में अधिक जानकारी हेतु कृपया आईएएचई की वेबसाइट : https://iahe.morth.gov.in देखें।**

**निदेशक, आईएएचई**

EN 13/29

# केंद्रीय फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला

**फोरेंसिक विज्ञान सेवा निदेशालय**

**गृह मंत्रालय, भारत सरकार**

**सीएफएसएल कॉम्प्लेक्स, सेक्टर 36-A, चंडीगढ़-160036**

पे मैट्रिक्स के पे लेवल-04 (पहले का PB-2, रु. 5200-20,200 ग्रेड पे रु. 2,400/-) में **यूडीसी** (ग्रुप सी, अराजपत्रित, अनुसचिवीय) के तीन पदों को प्रतिनियुक्ति के आधार पर भरने का प्रस्ताव है. इनमें से 02 पद सीएफएसएल, चंडीगढ़ में और 01 पद सीएफएसएल, चंडीगढ़ की शिमला यूनिट में हैं.

इस पद के लिए योग्यता की शर्तें, अनुभव (यदि कोई हो) और नौकरी की जरूरतें **अनुबंध-I** में दी गई हैं. प्रतिनियुक्ति आधार पर नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा, आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि को 56 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए.

प्रतिनियुक्ति आधार पर नियुक्ति के लिए चुने गए अधिकारियों का वेतन और अन्य शर्तें भारत सरकार द्वारा समय-समय पर जारी आदेशों/निर्देशों के अनुसार तय की जाएंगी.

उपयुक्त, योग्य और इच्छुक अधिकारियों के लिए, जिन्हें चुने जाने पर तुरंत रिलीव किया जा सके, **अनुबंध-II** में दिए गए तय फ़ॉर्मेट में आवेदन भेजे जाएं. आवेदनों के साथ पिछले पांच वर्षों की अप-टू-डेट एसीआर/एपीएआर की फोटोकॉपी (भारत सरकार के अंडर सेक्रेटरी या उससे ऊपर के रैंक के अधिकारी द्वारा प्रमाणित) और सक्षम अधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित **अनुबंध-II** में दिया गया प्रमाणपत्र भी होना चाहिए. पूरी तरह से भरे हुए आवेदन इस परिपत्र के जारी होने की तारीख से **02 (दो) महीने के भीतर निदेशक, सेंट्रल फ़ोरेंसिक साइंस लेबोरेटरी, सीएफएसएल कॉम्प्लेक्स, सेक्टर 36-A, चंडीगढ़-160 036** के पास पहुंच जाने चाहिए. ऊपर बताई गई पोस्ट के बारे में पूरी जानकारी इस ऑफ़िस की वेबसाइट **cfsl-chd@nic.in** पर भी उपलब्ध है.

इस पद के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों को बाद में अपना आवेदन वापस लेने की अनुमति नहीं होगी.

अंतिम तिथि के बाद प्राप्त आवेदन या आवश्यक दस्तावेज़ों के बिना प्राप्त आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे.

**अनुबंध-I**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1. | **पद का नाम** | : | अपर डिवीज़न क्लर्क | |
| 2. | **पद का वर्गीकरण** | : | ग्रुप सी, अराजपत्रित, अनुसचिवीय | |
| 3. | **पदों की संख्या** | : | 03 | |
| 4. | **पोस्टिंग की जगह** | : | 02 पद | सीएफएसएल, चंडीगढ़ |
| | | | 01 पद | सीएफएसएल, चंडीगढ़ की शिमला यूनिट |
| 5. | **वेतनमान** | : | पे मैट्रिक्स का पे लेवल-04 (पहले का PB-2, रु. 5200-20,200 ग्रेड पे रु. 1,900/-) | |
| 6. | **भर्ती का तरीका** | : | प्रतिनियुक्ति के आधार पर | |
| 7. | **प्रतिनियुक्ति की अवधि** | : | तीन साल से ज्यादा नहीं | |
| 8 | **योग्यता** | : | केंद्र सरकार या राज्य सरकार के अधिकारी:<br>i. जो नियमित आधार पर समान या समकक्ष पद पर हों, **या**<br>ii. पे मैट्रिक्स में लेवल-02 या समकक्ष पद पर नियमित आधार पर नियुक्ति के बाद उस ग्रेड में आठ साल की सेवा पूरी कर चुके हों. | |

**अनुबंध-II**

**प्रतिनियुक्ति के आधार पर यूडीसी के पद पर नियुक्ति के लिए आवेदन**

1. नाम और पता (बड़े अक्षरों में) :
2. जन्म तिथि (ईस्वी सन में) :
3. केंद्र/राज्य सरकार के तहत सेवानिवृत्ति की तारीख :
4. शैक्षिक योग्यता :
5. रोजगार का विवरण, समय के क्रम में. यदि नीचे दी गई जगह कम पड़ जाए, तो अपने हस्ताक्षर से प्रमाणित एक अलग शीट साथ लगाएं.

| कार्यालय/संस्थान/संगठन | पद | कब से | कब तक | वेतनमान और मूल वेतन | कार्य का स्वरूप |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |
| | | | | | |

6. मौजूदा नौकरी का प्रकार, यानी एड-हॉक, अस्थायी, स्थायी या प्रतिनियुक्ति पर. :
7. मौजूदा कार्यालय/संगठन का नाम और पूरा पता :
8. अगर मौजूदा नौकरी प्रतिनियुक्ति/कॉन्ट्रैक्ट पर है, तो कृपया बताएं. :
   a) शुरुआती नियुक्ति की तारीख
   b) प्रतिनियुक्ति/कॉन्ट्रैक्ट पर नियुक्ति की अवधि
   c) मूल कार्यालय/संगठन का नाम, जिससे आप जुड़े हैं, साथ ही पूरा पता.
9. मौजूदा नौकरी के बारे में अतिरिक्त जानकारी. कृपया बताएं कि क्या आप केंद्र सरकार/राज्य सरकार के तहत काम कर रहे हैं. :
10. क्या आप संशोधित वेतनमान पर हैं? यदि हां, तो वह तारीख बताएं जब संशोधन हुआ था और संशोधन से पहले का वेतनमान भी बताएं :
11. (i) क्या मौजूदा वेतनमान एमएसीपी योजना के तहत मिला है? :
    (ii) यदि हां, तो कृपया मौजूदा पद का नियमित वेतनमान बताएं. :
12. अभी हर महीने मिलने वाली कुल आय (वेतन और भत्ते) :
13. कोई अतिरिक्त जानकारी, जिसे आप पद के लिए अपनी उपयुक्तता के समर्थन में बताना चाहें. यदि जगह कम हो, तो अलग शीट लगाएं :
14. क्या आप एससी/एसटी वर्ग से हैं? :
15. टिप्पणी :

तारीखः..................

(आवेदक के हस्ताक्षर)

पताः..............................

**आवेदक के कार्यालय प्रमुख द्वारा दिया जाने वाला प्रमाण-पत्र**

1. यह प्रमाणित किया जाता है कि अधिकारी द्वारा दी गई जानकारी सही है.
2. यह प्रमाणित किया जाता है कि आवेदक के खिलाफ़ कोई अनुशासनात्मक/सतर्कता मामला लंबित या विचाराधीन नहीं है और वह सतर्कता के नज़रिए से साफ़-सुथरा है.
3. उनकी सत्यनिष्ठा प्रमाणित की जाती है.
4. यह प्रमाणित किया जाता है कि पिछले 10 वर्षों के दौरान अधिकारी पर कोई बड़ी या छोटी पेनल्टी नहीं लगाई गई है.

EN 13/38

सक्षम अधिकारी के हस्ताक्षर और तारीख

# भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान

**राष्ट्रपति निवास, शिमला- 171005**

**विज्ञापन संख्याः आईआईएएस/21213/11/0002/2627**

शिक्षा मंत्रालय के अंतर्गत भारत सरकार द्वारा पूर्णतः वित्त पोषित **स्वायत्त निकाय** भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान, शिमला, **सचिव** के पद के लिए 7वें केंद्रीय वेतन आयोग के अनुसार पे मैट्रिक्स लेवल- 14 (रु. 1,44,200-2,18,200) में प्रतिनियुक्ति /विदेशी सेवा के आधार पर आवेदन आमंत्रित करता है. यह प्रतिनियुक्ति समय-समय पर संशोधित होने वाले प्रतिनियुक्ति के मानक नियमों के अधीन होगी. 7वें केंद्रीय वेतन आयोग के अनुसार लेवल- 13 में कार्यरत सभी अधिकारी, जिनके पास सरकारी सेवा में न्यूनतम तीन वर्ष का अनुभव है, या जो इससे उच्च स्तर पर कार्यरत हैं, वे भी इस पद के लिए आवेदन करने के पात्र हैं, बशर्ते वे अन्य पात्रता मानदंडों को पूरा करते हों.

इस पद के लिए चयनित अभ्यर्थी को संस्थान परिसर में लाइसेंस शुल्क के भुगतान पर आवास उपलब्ध कराया जाएगा. निर्धारित प्रारूप (संस्थान की वेबसाइट पर उपलब्ध) में उचित माध्यम से भरे गए आवेदन, आवश्यक दस्तावेजों के साथ, **निदेशक, भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान, राष्ट्रपति निवास, शिमला-171005 के पास 11 अगस्त, 2026 को शाम 05:00 बजे तक** पहुंच जाने चाहिए. यद्यपि, आवेदक द्वारा विधिवत हस्ताक्षरित आवेदन की एक स्कैन की हुई प्रति निदेशक, भा.उ.अ.सं., शिमला को ई-मेल **director@iias.ac.in** पर (अग्रिम प्रति के रूप में) प्रेषित की जा सकती है. विस्तृत जानकारी संस्थान की वेबसाइट **www.iias.ac.in** से प्राप्त की जा सकती है.

CBC 21213/11/0001/2627 EN 13/5

सं. ए-12025/5/2019-पीईआरएस-बीसीएएस(ई-163452)

**भारत सरकार**

**नागर विमानन मंत्रालय**

# नागर विमानन सुरक्षा ब्यूरो

**दूसरा तल, ए ब्लॉक, उड़ान भवन, सफदरजंग हवाई अड्डा, नई दिल्ली-110003**

## रिक्ति परिपत्र

नागर विमानन सुरक्षा ब्यूरो (बीसीएएस), नागर विमानन मंत्रालय, भारत सरकार का संबद्ध कार्यालय, में विभिन्न समूह 'क' पदों में निम्नलिखित रिक्तियां प्रतिनियुक्ति आधार पर भरने के लिए केंद्रीय या राज्य सरकारों या संघ शासित प्रदेशों या केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों या सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों या मान्यता प्राप्त अनुसंधान संस्थानों या विश्वविद्यालयों या अर्द्ध सरकारी या वैधानिक या मान्यताप्राप्त संगठनों के तहत सेवारत अधिकारियों से आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते हैं:

| क्रम सं. | पद का नाम | समूह | वेतन मैट्रिक्स में स्तर | पदों की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| (i) | उप निदेशक (डीडी) | क | स्तर - 11 | 01 |
| (ii) | उप निदेशक (आसूचना) [डीडी (इंटे.)] | | स्तर - 11 | 01 |
| (iii) | सहायक निदेशक (एडी) | | स्तर -10 | 06 |
| (iv) | विधि अधिकारी | | स्तर-10 | 01 |
| | कुल | | | 09 |

**(रिक्तियों की संख्या संभावित हैं और चयन के समय परिवर्तन किया जा सकता है)**

2. विवरण, जैसे कि सामान्य शर्तें, पात्रता मानदंड, आयु सीमा, जीवनवृत्त प्रोफॉर्मा आदि बीसीएएस की वेबसाइट (अर्थात **https://bcasindia.gov.in/#/pages/vacancy**) पर उपलब्ध हैं.
3. इच्छुक और पात्र अधिकारी निर्धारित प्रोफॉर्मा में अपने आवेदन-पत्र उचित माध्यम से अधोहस्ताक्षरी के पास इन रिक्तियों का विज्ञापन रोजगार समाचार में प्रकाशित होने की तिथि से **60 दिनों** के भीतर प्रस्तुत कर सकते हैं.
4. नामांकन प्राप्ति की अंतिम तिथि में कोई भी विस्तार, यदि अपेक्षित हुआ, बीसीएएस वेबसाइट में प्रकाशित किया जायेगा.

**(सलिल दीप सचान)**

**उप निदेशक (कार्मिक)**

CBC 03105/11/0002/2627 EN 13/42 टेली नं. 011-24618561, ई-मेलः ddpers.bcas@gov.in

# Publications Division

# Career Calling

OPPORTUNITIES FOR ALL

A comprehensive guide to modern career choices. "Career Calling" compiles notable career articles from recent editions of Employment News to help you in finding the perfect career path.

**Buy online:**

www.publicationsdivision.nic.in

Book Gallery
Soochna Bhawan, Lodhi Road
New Delhi

www.amazon.in


फाइल संख्याः 01/05/2020-सीएसजेड

भारत सरकार

## पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय

# भारतीय प्राणी सर्वेक्षण

कोलकाता

## रिक्ति परिपत्र

केंद्रीय/राज्य सरकार / संघ राज्य क्षेत्रों के पात्र अधिकारियों से पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के अधीनस्थ कार्यालय, भारतीय प्राणी सर्वेक्षण, कोलकाता में प्रतिनियुक्ति आधार पर **वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी** के 01 (एक) पद को भरने के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं. यह पद वेतन मैट्रिक्स के लेवल-11 (रु. 67,700 - रु. 2,08,700/-) के अंतर्गत आता है.

पात्रता शर्तों, आवेदन प्रारूप तथा अन्य विवरण सहित विस्तृत रिक्ति परिपत्र निम्नलिखित वेबसाइट पर उपलब्ध हैः

1. https://moef.gov.in/
2. https://zsi.gov.in/

आवेदन, रोजगार समाचार में विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से **60 दिनों** के भीतर, उचित माध्यम द्वारा निम्नलिखित पते पर भेजे जाने चाहिएः

**निदेशक,**
**भारतीय प्राणी सर्वेक्षण,**
**प्राणी विज्ञान भवन,**
**535, एम-ब्लॉक, न्यू अलीपुर,**
**कोलकाता-700053**

CBC 13101/11/0005/2627

EN 13/41

भारत सरकार, अंतरिक्ष विभाग

# भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो)

## इसरो टेलीमेट्री ट्रेकिंग एंड कमांड नेटवर्क

बेंगलुरु

**विज्ञा. सं. आईएसटीआरएसीः 02/2026** **दिनांकः 27.06.2026**

इसरो टेलीमेट्री ट्रेकिंग एंड कमांड नेटवर्क बेंगलुरू निम्नलिखित पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित करता है. (भारत में कहीं पर भी तैनाती की जा सकती है), पद अस्थाई हैं परंतु जारी रहने की संभावना है.

| पद कोड | पद का नाम | रिक्ति की संख्या | अनारक्षित/के लिए आरक्षित | अनिवार्य न्यूनतम अर्हता और अनुभव |
|---|---|---|---|---|
| 001 | टेक्नीशियन-बी (इलेक्ट्रॉनिक्स मैकेनिक) | आईएसटीआरएसी में 05 | अना-02, अपिव-01, ईडब्ल्यूएस-02 | एसएसएलसी/एसएससी/मैट्रिकुलेशन साथ में एनसीवीटी से इलेक्ट्रॉनिक्स मैकेनिक/तकनीशियन पावर इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम्स/मैकेनिक उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक उपकरण/मैकेनिक औद्योगिक इलेक्ट्रॉनिक्स ट्रेड में आईटीआई/एनटीसी/एनएसी |
| | | 03 एमसीएफ हसन में | अना-01, अजा-01, ईडब्ल्यूएस-01, 03 में से 01 रिक्ति की पीडब्ल्यूबीडी (एचएच) के लिए पहचान की गई है. | |
| 002 | टेक्नीशियन-बी (बढ़ई) | 01 | अपिव-01 | एसएसएलसी/एसएससी/मैट्रिकुलेशन साथ में एनसीवीटी से बढ़ई की ट्रेड में आईटीआई/एनटीसी/एनएसी |
| 003 | ड्राफ्ट्समैन-बी (सिविल) | 01 | अपिव-01 पीडब्ल्यूबीडी-ओएच (बकाया रिक्ति) | एसएसएलसी/एसएससी/मैट्रिकुलेशन साथ में एनसीवीटी से ड्राफ्टसमैन सिविल ट्रेड में आईटीआई/एनटीसी/एनएसी |
| 004 | ड्राफ्ट्समैन-बी (मैकेनिकल) | 01 | अपिव-01 | एसएसएलसी/एसएससी/मैट्रिकुलेशन साथ में एनसीवीटी से ड्राफ्टसमैन मैकेनिकल ट्रेड में आईटीआई/एनटीसी/एनएसी |
| 005 | तकनीकी सहायक (इलेक्ट्रॉनिक्स) | 06 | अजजा-01-एनईएसएसी, उमियम में तैनाती हेतु चिन्हित. अपिव-01-आईएसटीआरएसी, श्री विजयपुरम, अंडमान तथा निकोबार द्वीपसमूह में तैनाती हेतु चिन्हित. अजा-01-एसडीएससी एसएचएआर, आंध्र प्रदेश में तैनाती हेतु चिन्हित, अना-01, ईडब्ल्यूएस-01-आईएसटीआरएसी, बेंगलुरु में तैनाती हेतु चिन्हित, अना-01 आईएसटीआरएसी, तिरूअनंतपुरम में तैनाती हेतु चिन्हित | मान्यताप्राप्त राज्य बोर्ड से इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग में प्रथम श्रेणी डिप्लोमा |
| 006 | तकनीकी सहायक (मैकेनिकल) | 01 | अपिव-01 | मान्यताप्राप्त राज्य बोर्ड से मैकेनिकल इंजीनियरिंग में प्रथम श्रेणी डिप्लोमा |
| 007 | वैज्ञानिक सहायक (कंप्यूटर विज्ञान) | 04 | अपिव-02, ईडब्ल्यूएस-01, अना-01 उपर्युक्त में से एक पद की पीडब्ल्यूबीडी-एच (सुनने में कठिनाई) श्रेणी के लिए पहचान की गई है. | मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से कंप्यूटर विज्ञान मुख्य विषय रखते हुए प्रथम श्रेणी बी.एससी. |
| 008 | वैज्ञानिक सहायक (गणित) | 01 | अना-01 | मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से गणित मुख्य विषय रखते हुए प्रथम श्रेणी बी.एससी. |
| 009 | पुस्तकालय सहायक- 'क' | 01 | अपिव-01 | मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से प्रथम श्रेणी में स्नातक साथ में पुस्तकालय विज्ञान/पुस्तकालय और सूचना विज्ञान में प्रथम श्रेणी मास्टर डिग्री या समकक्ष. |
| 010 | कुक-ए | 01 आईएसटीआरएसी में | अना-01 पीडब्ल्यूबीडी-एचएच (सुनने में कठिनाई) के लिए चिन्हित | 1. एसएसएलसी/एसएससी उत्तीर्ण या इसके समकक्ष. 2. सुस्थापित होटल/कैंटीन में कुक के तौर पर समान हैसियत में 05 वर्ष का अनुभव. 3. व्यक्तिशः जारी अनुभव प्रमाणपत्र स्वीकार नहीं किया जायेगा. |
| | | 01 एमसीएफ हसन में | 01 अना | |

उपरोक्त पदों के लिए वेतन भत्ते और आयु सीमाः

| पद कोड | वेतन मैट्रिक्स में वेतन स्तर | अनुमानित सकल परिलब्धियां | 13.07.2026 को आयु सीमा |
|---|---|---|---|
| 001, 002, 003 और 004 | स्तर 3 | रु. 21700 प्रति माह साथ में देय भत्ते | 18-35 वर्ष |
| 005, 006, 007, 008 और 009 | स्तर 7 | रु. 44900 प्रति माह साथ में देय भत्ते | |
| 010 | स्तर 2 | रु. 19900 प्रति माह साथ में देय भत्ते | |

**आवेदन कैसे करें:**

आवेदन पत्र केवल ऑनलाइन विधि से प्राप्त किये जायेंगे. ऑनलाइन पंजीकरण के लिए आवेदन हेतु लिंक 27.06.2026 (10:00 बजे प्रातः) से 20.07.2026 (11.55 अपराह्न) तक की अवधि के दौरान इसरो/आईएसटीआरएसी वेबसाइटों **www.isro.gov.in/www.istrac.gov.in** में प्रेषित किया गया है. विस्तृत विज्ञापन और आवेदन प्रस्तुति के लिए कृपया इसरो/आईएसटीआरएसी वेबसाइट पर जाएं.

CBC 49124/11/0001/2627

EN 13/12

# भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, खड़गपुर

## Indian Institute of Technology, Kharagpur

विज्ञापन संख्या : R/03/2026 दिनांक 01 जून 2026

संस्थान भारतीय नागरिकों से **कुलसचिव** पद के लिए **स्तर 14** के वेतन मैट्रिक्सः- 144200-218200/- में प्रतिनियुक्ति अवधि/संविदा के आधार पर ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है.

**विस्तृत विवरण एवं अद्यतन जानकारी के लिए (http://www.iitkgp.ac.in>> Jobs >> Staff Opening)** पर जाएं.

**ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि : 30.06.2026**

**डीन (प्रशासन) / Dean (Admin)**

CBC 21255/11/0001/2627

EN 13/9

PUBLICATIONS DIVISION
Ministry of Information & Broadcasting
Government of India




Available
at
www.publicationsdivision.nic.in
&
Book Gallery
Publications Division
Ministry of Information & Broadcasting
Government of India
Soochna Bhawan, Lodhi Road, New Delhi-110003
For business related queries on this book, contact: 011-24365609 or businesswng@gmail.com

## डिस्क्लेमर

रोज़गार समाचार में प्रकाशित आलेखों में व्यक्त विचार लेखकों के अपने होते हैं. यह आवश्यक नहीं है कि ये विचार सरकार अथवा उस संगठन के हों, जिससे वे संबंधित हैं. रोज़गार समाचार में प्रकाशित विज्ञापनों की सामग्री संगठन अथवा उनके प्रतिनिधियों से संबंधित होती है. अभ्यर्थियों को आवेदन करने से पहले सामग्रियों के सही होने और उनके प्रभावों के बारे में स्वयं को अवश्य संतुष्ट कर लेना चाहिए. इन विज्ञापनों की विषयवस्तु/पाठ्य सामग्री को लेकर उत्पन्न किसी भी दायित्व के प्रति रोज़गार समाचार जिम्मेदार नहीं है.

## डॉ. विठ्ठलराव विखे पाटील सहकारी प्रबंध संस्थान, पुणे

राष्ट्रीय सहकारी प्रशिक्षण परिषद, नई दिल्ली का एक संस्थान
(सहकारिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा प्रवर्तित एक स्वायत्त समिति)
फोन : 020-25433816, 25425285, ई-मेल : info@icmpune.org, वेबसाइट : www.icmpune.org

### व्याख्याताओं की भर्ती (अनुबंध के आधार पर)

विविध विषयों (बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन, सहकारिता, विपणन/मार्केटिंग, कानून/लॉ, मानव संसाधन/एचआर, लेखापरीक्षा/ऑडिट) में व्याख्याताओं (लेक्चरर्स) के 2 पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

1. **मुख्य जिम्मेदारियाँ:**
   व्याख्याता (Lecturer) विभिन्न प्रकार के कार्यों को पूरा करने के लिए जिम्मेदार है, जो कि निम्नलिखित हैं:
   - सहकारी संगठनों (cooperative organisations) और सहकारी संघों (cooperative federations) का दौरा करना, संबंधित संगठनों के लिए प्रशिक्षण की आवश्यकता को समझना और प्रशिक्षण आवश्यकता विश्लेषण (TNA) करना।
   - गुणात्मक (qualitative) और मात्रात्मक (quantitative) अनुसंधान (रिसर्च) करना।
   - व्याख्यान (lectures) तैयार करना व देना, और कार्यशालाओं (workshops) / संगोष्ठियों (seminars) / प्रबंधन विकास कार्यक्रमों (management development programmes) का आयोजन करना।
   - पाठ्यक्रम (curricula) और पाठ्यक्रम सामग्री (course material) विकसित करना, जिसका उपयोग शैक्षिक और प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए कई प्लेटफॉर्मों पर किया जा सके।
   - शिक्षण पद्धतियों में सुधार करने और ज्ञान के आधार को बढ़ाने के लिए अन्य शिक्षाविदों (academicians) के साथ सहयोग करना।
   - प्रबंधन परामर्श (management consultancy) प्रदान करना।
2. **अनुबंध की अवधि (Tenure of contract):**
   "उम्मीदवार को शुरू में तीन वर्ष की अवधि के लिए नियुक्त किया जाएगा। हालांकि, उनके प्रदर्शन का मूल्यांकन वार्षिक आधार पर किया जाएगा। यदि उनका प्रदर्शन संतोषजनक रहता है, तो उन्हें तय कार्यकाल के लिए जारी रखा जाएगा। संतोषजनक प्रदर्शन होने पर अनुबंध की अवधि को आगे दो और वर्षों के लिए बढ़ाया जा सकता है। पाँच वर्ष से अधिक कार्यकाल के विस्तार की अनुमति नहीं है।"
3. **पात्रता (Eligibility):**

क. आपके पास **स्नातक (Graduation)** और **स्नातकोत्तर (Post-Graduation/Master's Degree)** दोनों में कम से कम **55%** अंकों के साथ निम्नलिखित विषयों में से किसी एक में मास्टर डिग्री होनी चाहिए:
• बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (Business Administration) • सहकारिता (Cooperation) • मार्केटिंग (Marketing) • कानून (Law) • मानव संसाधन (HR) • ऑडिट (Audit)

ख. आप **NET** या कोई मान्यता प्राप्त परीक्षा (**SLET/SET** - राज्य स्तरीय पात्रता परीक्षा) उत्तीर्ण होने चाहिए, या आपके पास **Ph.D** की डिग्री होनी चाहिए।

ग. किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय / संस्थान / सहकारी प्रशिक्षण संगठन / सहकारी संगठन / केंद्र या राज्य सरकार / स्वायत्त निकायों (Autonomous Bodies) में **पाँच वर्ष का शिक्षण (Teaching) अनुभव** होना आवश्यक है। प्रासंगिक क्षेत्र में सहकारी संगठन (Cooperative Organisation) का अनुभव रखने वालों को प्राथमिकता दी जाएगी।

घ. आयु **38 वर्ष से कम** होनी चाहिए।

ड. चूँकि यह संस्थान महाराष्ट्र राज्य के अंतर्गत आता है, इसलिए **मराठी भाषा का ज्ञान (बोलना, पढ़ना और लिखना) अनिवार्य है।**

विस्तृत विवरण के लिए, कृपया हमारी वेबसाइट www.icmpune.org के "DOWNLOAD" (डाउनलोड) सेक्शन पर जाएं। इच्छुक उम्मीदवार इस विज्ञापन की तारीख से 15 दिनों के भीतर निर्धारित प्रारूप (प्रिस्क्राइब्ड फॉर्मेट) में स्पीड-पोस्ट द्वारा अपना आवेदन भेज सकते हैं।

EN 13/50 निदेशक

## सैनिक स्कूल कोडागु (कर्नाटक)

(रक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन) | गांव–कुडिगे, कुशलनगर, पिन–571 232

### भर्ती अधिसूचना सं.: 05/जून 2026

1. सैनिक स्कूल कोडागु जो कि सैनिक स्कूल सोसाइटी, रक्षा मंत्रालय के अधीन कार्यरत एक स्वायत्त संस्थान है नीचे उल्लिखित अनुबंधित पदों के लिए पात्र उम्मीदवारों (केवल भारतीय नागरिक) से आवेदन आमंत्रित करता है:

| क्रम सं. | पद का नाम | श्रेणी | पदों की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड ब्वाय | अना. | 03 |

2. विस्तृत अधिसूचना और आवेदन पत्र के लिए 27 जून 2026 से स्कूल की वेबसाइट **www.sainikschoolkodagu.edu.in** को देखें। स्कूल प्रशासन प्रशासनिक कारणों से रिक्ति को रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

EN 13/49 –हस्ता./– प्रधानाचार्य

## इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ़ मैनेजमेंट, रायपुर

Building Business Owners

IIMR/HR/AA/2026-27/010 तारीख: 27.06.2026

### भर्ती सूचना

एकेडमिक एसोसिएट के पद के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं. योग्यता और आवेदन प्रक्रिया के बारे में पूरी जानकारी के लिए www.iimraipur.ac.in/recruitment पर जाएं.

**आखिरी तारीख: 5 जुलाई 2026**

EN 13/33

प्रकाशन विभाग
सूचना और प्रसारण मंत्रालय
भारत सरकार

देश के सबसे बड़े सरकारी प्रकाशन समूह संग व्यापार का अवसर
हमारी लोकप्रिय पत्रिकाओं और साप्ताहिक रोज़गार समाचार की विपणन एजेंसी लेकर सुनिश्चित करें आकर्षक नियमित आय

विपणन एजेंसी मिलना... मतलब
☑ असीमित लाभ ☑ निवेश की 100% सुरक्षा ☑ स्थापित ब्रांड का साथ
☑ पहले दिन से आमदनी ☑ न्यूनतम निवेश-अधिकतम लाभ

रोज़गार समाचार के एजेंसी धारकों के लिए लाभ

| प्रतियों की संख्या | खुदरा मूल्य में छूट |
|---|---|
| 20-1000 | 25% |
| 1001-2000 | 35% |
| 2001-अधिक | 40% |

मासिक पत्रिकाओं के एजेंसी धारकों के लिए लाभ

| प्रतियों की संख्या | खुदरा मूल्य में छूट |
|---|---|
| 20-250 | 25% |
| 251-1000 | 40% |
| 1001-अधिक | 45% |

विपणन एजेंसी पाना बेहद आसान
• किसी शैक्षणिक योग्यता की बाध्यता नही
• कोई व्यावसायिक अनुभव जरूरी नहीं
• खरीद का न्यूनतम तीन गुना निवेश (पत्रिकाओं हेतु) अपेक्षित




सम्पर्क
रोज़गार समाचार
फोन: 011-24365610
ई-मेल: en-support@gov.in

पत्रिका एकक
ई-मेल: sec-circulation-moib@gov.in
फोन: 011-24367453

पत्र भेजें : रोज़गार समाचार, कक्ष संख्या-779, 7वां तल, सूचना भवन, लोधी रोड, नई दिल्ली-110003

**F. No. 6-20-2019-INM [79255]**

**भारत सरकार**

**कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय**

# कृषि और किसान कल्याण विभाग

**नेशनल सेंटर ऑफ़ ऑर्गेनिक एंड नेचुरल फार्मिंग में क्षेत्रीय निदेशक का एक पद डेपुटेशन-आईएसटीसी आधार पर भरने के बारे में.**

नेशनल सेंटर ऑफ़ ऑर्गेनिक एंड नेचुरल फार्मिंग (कृषि और किसान कल्याण विभाग के तहत एक अधीनस्थ कार्यालय) में क्षेत्रीय निदेशक के एक पद को पे मैट्रिक्स के लेवल-12 में डेपुटेशन-आईएसटीसी आधार पर भरने के लिए योग्य और उपयुक्त अधिकारियों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं. पद का विवरण और पात्रता की शर्तें कृषि और किसान कल्याण विभाग की वेबसाइटः **www.https://www.agriwelfare.gov.in (लिंक-रिक्रूटमेंट्स)** पर उपलब्ध हैं.

2. केवल उन्हीं अधिकारियों/उम्मीदवारों के आवेदनों पर विचार किया जाएगा जो उचित माध्यम से भेजे गए हों और जिनके साथ ये दस्तावेज हों: **(i) प्रोफॉर्मा (अनुलग्नक-II)** के अनुसार बायो-डेटा (दो प्रतियों में), **(ii)** पिछले पांच वर्षों के एसीआर की फोटोकॉपी, जिस पर भारत सरकार के अवर सचिव स्तर के अधिकारी के हस्ताक्षर और मुहर (अटेस्टेशन) हों, **(iii)** विजिलेंस क्लीयरेंस सर्टिफिकेट, **(iv)** इंटीग्रिटी सर्टिफिकेट, **(v)** नो पेनल्टी सर्टिफिकेट या पिछले 10 वर्षों के दौरान अधिकारी पर लगाई गई बड़ी/छोटी पेनल्टी (यदि कोई हो) का विवरण देने वाला बयान, **(vi)** नियोक्ता से प्रमाणपत्र कि अधिकारी द्वारा दी गई जानकारी सही है और उनके पास वैकेंसी सर्कुलर/विज्ञापन में बताई गई शैक्षणिक योग्यता और अनुभव है (यह बायो-डेटा के अंत में होना चाहिए). पूरा विज्ञापन **(अनुलग्नक-I)**, बायो-डेटा फॉर्मेट और IC, VC, MMP आदि **(अनुलग्नक-II)** कृषि और किसान कल्याण विभाग की वेबसाइटः **www.https://www.agriwelfare.gov.in (लिंक-रिक्रूटमेंट्स)** पर उपलब्ध हैं.

3. इसलिए, अनुरोध है कि इच्छुक और योग्य अधिकारियों के आवेदन - जिन्हें चुने जाने पर तुरंत रिलीव किया जा सके - 'रोज़गार समाचार' में इस विज्ञापन के छपने की तारीख से **60 दिनों के भीतर सुश्री हीना चौधरी, सेक्शन ऑफिसर (INM), कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय, कृषि और किसान कल्याण विभाग, कमरा नंबर 588, F विंग, पांचवीं मंजिल, कृषि भवन, नई दिल्ली-110001** को भेजे जाएं.

4. आवेदनों की एडवांस कॉपी, या तय आखिरी तारीख के बाद मिलने वाले आवेदन, या जिनमें उम्मीदवारों द्वारा बताई गई योग्यता और अनुभव के समर्थन में ज़रूरी सर्टिफिकेट/दस्तावेज न हों, उन पर चयन के लिए उम्मीदवारों की योग्यता तय करने की प्रक्रिया नहीं की जाएगी और उन्हें रिजेक्ट किया जा सकता है.

5. जो उम्मीदवार इस पद के लिए आवेदन करेंगे, उन्हें बाद में अपनी उम्मीदवारी वापस लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी. प्रतिनियुक्ति के आधार पर नियुक्ति के लिए चुने गए अधिकारियों का वेतन DOPT के OM नंबर 6/8/2009-Estt. (Pay II) तारीख 17.06.2010 (समय-समय पर हुए संशोधनों के साथ) के अनुसार तय किया जाएगा.

**अनुलग्नक-I**

1. **पद का नामः** क्षेत्रीय निदेशक, राष्ट्रीय जैविक और प्राकृतिक खेती केंद्र
2. **रिक्तियों की संख्याः** 01 (एक).
3. **पद का वर्गीकरणः** सामान्य केंद्रीय सेवा, समूह 'A', राजपत्रित, गैर-मंत्रालयी.
4. **वेतनमानः** वेतन मैट्रिक्स में लेवल-12.
5. **आयु सीमाः** प्रतिनियुक्ति (आईएसटीसी) द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा, आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि को 56 (छप्पन) वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए.
6. **भर्ती का तरीकाः** प्रतिनियुक्ति द्वारा (अल्पकालिक अनुबंध सहित).
7. **पात्रताः**

केंद्र सरकार, राज्य सरकारों, केंद्र शासित प्रदेशों, विश्वविद्यालयों, मान्यताप्राप्त अनुसंधान संस्थानों, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, अर्ध-सरकारी, स्वायत्त या वैधानिक संगठनों के अधिकारी.

(A) सेवा (i) मूल कैडर या विभाग में नियमित आधार पर समान पद पर कार्यरत; **या**

(ii) मूल कैडर या विभाग में पे बैंड 3 (रु. 15600-39100) और ग्रेड पे रु. 6600 (या इसके समकक्ष) में नियमित आधार पर नियुक्ति के बाद उस ग्रेड में पांच साल की सेवा पूरी की हो; **और**

**(B) शैक्षणिक योग्यता और अनुभवः**

अनिवार्यः

(i) किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से माइक्रोबायोलॉजी में एम.एससी.; **या**

किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से प्लांट पैथोलॉजी, माइक्रोबायोलॉजी या माइकोलॉजी में विशेषज्ञता के साथ बॉटनी (वनस्पति विज्ञान) में एम.एससी.; **या**

किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से सॉइल साइंस (मृदा विज्ञान), एग्रीकल्चरल केमिस्ट्री (कृषि रसायन विज्ञान), एग्रोनॉमी (सस्य विज्ञान), माइक्रोबायोलॉजी, प्लांट पैथोलॉजी, हॉर्टिकल्चर (बागवानी) या एग्रीकल्चरल एक्सटेंशन (कृषि विस्तार) में विशेषज्ञता के साथ एग्रीकल्चर (कृषि) में एम.एससी.; **और**

(ii) बायो-फर्टिलाइज़र (जैव-उर्वरक) और जैविक खेती के अन्य पहलुओं के अनुसंधान और विकास के क्षेत्र में दस साल का अनुभव, जिसमें बायो-फर्टिलाइज़र और जैविक उर्वरकों की गुणवत्ता नियंत्रण का अनुभव और दो साल का प्रशासनिक अनुभव शामिल हो.

**वांछनीयः**- ऊपर बताई गई अनिवार्य योग्यताओं में से किसी भी विषय में किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से पीएच.डी..

**नोट 1:**- अगर उम्मीदवार के पास बाकी ज़रूरी योग्यताएं हैं, तो यूपीएससी लिखित में कारण दर्ज करके योग्यता की शर्तों में ढील दे सकता है.

**नोट 2:**- अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों के मामले में, अनुभव से जुड़ी योग्यता की शर्तों में यूपीएससी लिखित में कारण दर्ज करके ढील दे सकता है. ऐसा तब किया जा सकता है जब चयन के किसी भी चरण में यूपीएससी को लगे कि इन समुदायों से ज़रूरी अनुभव वाले पर्याप्त उम्मीदवार नहीं मिल पाएंगे जो उनके लिए आरक्षित पदों को भर सकें.

**8. पोस्टिंग की जगहः**- NCONF, गाजियाबाद और भारत में कहीं भी मौजूदा RCONF में या भविष्य में बनने वाले RCONF में.

**नोट 1:**- फीडर कैटेगरी के वे विभागीय अधिकारी जो पदोन्नति की सीधी लाइन में हैं, वे प्रतिनियुक्ति (जिसमें शॉर्ट-टर्म कॉन्ट्रैक्ट भी शामिल है) पर नियुक्ति के लिए विचार किए जाने के योग्य नहीं होंगे. इसी तरह, प्रतिनियुक्ति पर काम करने वाले अधिकारी पदोन्नति द्वारा नियुक्ति के लिए विचार किए जाने के योग्य नहीं होंगे.

**नोट 2:**- प्रतिनियुक्ति (जिसमें शॉर्ट-टर्म कॉन्ट्रैक्ट भी शामिल है) की अवधि, जिसमें इस नियुक्ति से ठीक पहले केंद्र सरकार के उसी या किसी अन्य संगठन या विभाग में किसी अन्य एक्स-कैडर पद पर प्रतिनियुक्ति (जिसमें शॉर्ट-टर्म कॉन्ट्रैक्ट भी शामिल है) की अवधि भी शामिल है, आम तौर पर चार साल से ज्यादा नहीं होनी चाहिए.

**नोट 3:**- प्रतिनियुक्ति (जिसमें शॉर्ट-टर्म कॉन्ट्रैक्ट भी शामिल है) द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि को 56 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए.

**नोट 4:**- प्रतिनियुक्ति के आधार पर नियुक्ति के उद्देश्य से, किसी अधिकारी द्वारा 1-1-2006 से पहले या उस तारीख से पहले (जब से छठे केंद्रीय वेतन आयोग की सिफारिशों के आधार पर संशोधित वेतन संरचना लागू की गई थी) नियमित आधार पर की गई सेवा को आयोग की सिफारिशों के आधार पर लागू संबंधित ग्रेड पे/वेतनमान में की गई सेवा माना जाएगा. अपवाद तब होगा जब एक से अधिक पूर्व-संशोधित वेतनमानों को एक सामान्य ग्रेड पे/वेतनमान वाले एक ग्रेड में मिला दिया गया हो, और जहां यह लाभ केवल उन पदों के लिए मिलेगा, जिनके लिए वह ग्रेड पे/वेतनमान बिना किसी अपग्रेडेशन के सामान्य रिप्लेसमेंट ग्रेड है.

**9. पद से जुड़े कर्तव्य और जिम्मेदारियां:**

1. ऑर्गेनिक खेती के विकास को आसान बनाना, बढ़ावा देना और प्रोत्साहित करना.
2. फर्टिलाइज़र कंट्रोल ऑर्डर (FCO) की ज़रूरतों के अनुसार बायो-फर्टिलाइज़र और ऑर्गेनिक फर्टिलाइज़र की क्वालिटी कंट्रोल की निगरानी करना.
3. नियमित रूप से असर की जांच करना और बायो-फर्टिलाइज़र तथा अन्य फायदेमंद सूक्ष्मजीवों के मदर कल्चर की सप्लाई सुनिश्चित करना.
4. ट्रेनिंग प्रोग्राम/सेमिनार/वर्कशॉप आयोजित करना.
5. स्थापित देसी तरीकों और तकनीकों का सत्यापन करना, जिससे खेती के तरीकों का पैकेज विकसित हो सके.
6. ऑर्गेनिक खेती के विभिन्न पहलुओं पर डेटा इकट्ठा करने के काम की निगरानी करना और प्रिंट तथा इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से जानकारी फैलाना.
7. ट्रेनिंग से संबंधित सामग्री और दर्ज किए गए देसी तरीकों का प्रकाशन.
8. सेमिनार/कॉन्फ्रेंस/व्यापार मेलों के माध्यम से जागरूकता पैदा करना.
9. विभिन्न ऑर्गेनिक खेती योजनाओं के मूल्यांकन और निगरानी में केंद्र और राज्य सरकारों की मदद करना. संबंधित केंद्र पर ऑफिस प्रमुख के रूप में काम करना.

**अनुलग्नक-II**

**डेपुटेशन (आईएसटीसी) के आधार पर कृषि और किसान कल्याण विभाग के तहत 'नेशनल सेंटर ऑफ़ ऑर्गेनिक एंड नेचुरल फार्मिंग' में क्षेत्रीय निदेशक के पद के लिए आवेदन का प्रोफॉर्मा**

**बायो-डेटा/सीवी (CV) प्रोफॉर्मा**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | नाम और पता (बड़े अक्षरों में) और संपर्क नंबर | |
| 2. | जन्म तिथि (ईसाई कैलेंडर के अनुसार) | |
| 3. | (i) सेवा में शामिल होने की तिथि | |
| 3. | (ii) केंद्र/राज्य सरकार के नियमों के तहत रिटायरमेंट की तिथि | |
| 4. | शैक्षणिक योग्यता | |
| 5. | क्या पद के लिए ज़रूरी शैक्षणिक और अन्य योग्यताएं पूरी होती हैं? (यदि किसी योग्यता को नियमों में बताई गई योग्यता के बराबर माना गया है, तो उस अथॉरिटी का नाम बताएं) | |

| विज्ञापन/रिक्ति सर्कुलर में बताई गई ज़रूरी योग्यताएं/अनुभव | अधिकारी के पास मौजूद योग्यताएं/अनुभव |
|---|---|
| **ज़रूरी योग्यता** | **ज़रूरी योग्यता** |
| (i) किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से माइक्रोबायोलॉजी में एम.एससी.; **या**<br>किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से प्लांट पैथोलॉजी, माइक्रोबायोलॉजी या माइकोलॉजी में विशेषज्ञता के साथ बॉटनी (वनस्पति विज्ञान) में एम.एससी.; या<br>किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से सॉइल साइंस (मृदा विज्ञान), एग्रीकल्चरल केमिस्ट्री (कृषि रसायन विज्ञान), एग्रोनॉमी (सस्य विज्ञान), माइक्रोबायोलॉजी, प्लांट पैथोलॉजी, हॉर्टिकल्चर (बागवानी) या एग्रीकल्चरल एक्सटेंशन (कृषि विस्तार) में विशेषज्ञता के साथ एग्रीकल्चर (कृषि) में एम.एससी. | |
| **अनुभव** | **अनुभव** |
| बायो-फर्टिलाइज़र (जैव-उर्वरक) और जैविक खेती के अन्य पहलुओं के अनुसंधान और विकास के क्षेत्र में दस साल का अनुभव, जिसमें बायो-फर्टिलाइज़र और जैविक उर्वरकों की गुणवत्ता नियंत्रण का अनुभव और दो साल का प्रशासनिक अनुभव शामिल हो. | |
| **वांछनीय** | **वांछनीय** |
| ऊपर बताई गई अनिवार्य योग्यताओं में से किसी भी विषय में किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से पीएच.डी.. | |
| **नोटः**- डिग्री और पोस्ट-ग्रेजुएट योग्यताओं के मामले में, उम्मीदवार वैकल्पिक/मुख्य विषयों और सहायक विषयों का उल्लेख कर सकते हैं. | |

(शेष पृष्ठ 13 पर)

(पृष्ठ 12 का शेष)

| | | |
|---|---|---|
| 6. | कृपया साफ़ तौर पर बताएं कि ऊपर दी गई जानकारी के आधार पर, क्या आप इस पद के लिए ज़रूरी योग्यता और काम के अनुभव की शर्तें पूरी करते हैं. | |
| 6.1 | **नोटः** जिस विभाग में नियुक्ति होनी है, उसे उम्मीदवार की ज़रूरी योग्यता/काम के अनुभव (जैसा कि बायोडाटा में बताया गया है) के बारे में अपनी खास राय/टिप्पणी देनी होगी, जो उस पद के लिए ज़रूरी हो. | |
| 7. | रोज़गार का विवरण, समय के क्रम (क्रोनोलॉजिकल ऑर्डर) में दें. अगर नीचे दी गई जगह कम पड़ जाए, तो अलग से एक शीट लगाएं जिस पर आपके हस्ताक्षर हों. | |

| कार्यालय/संस्थान | नियमित आधार पर धारित किया गया पद | कब से | कब तक | ***नियमित आधार पर धारित पद का पे बैंड और ग्रेड पे/पे स्केल/पे मैट्रिक्स में लेवल** | **कार्य की प्रकृति (विस्तार से), जिसमें आवेदन किए गए पद के लिए ज़रूरी अनुभव पर ज़ोर दिया गया हो** |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

***महत्वपूर्णः** एसीपी/एमएसीपी के तहत मिलने वाला पे बैंड और ग्रेड पे/पे मैट्रिक्स में लेवल, संबंधित अधिकारी के लिए **व्यक्तिगत होता है, इसलिए इसका उल्लेख नहीं किया जाना चाहिए.** केवल नियमित आधार पर धारित किए गए पद के पे बैंड और ग्रेड पे/पे स्केल/पे मैट्रिक्स में लेवल का ही उल्लेख किया जाना चाहिए. उम्मीदवार द्वारा लिए गए एसीपी/एमएसीपी के लाभों और वर्तमान पे बैंड व ग्रेड पे/पे मैट्रिक्स में लेवल का विवरण नीचे दिए गए तरीके से बताया जा सकता है;

| **कार्यालय/संस्थान** | **ACP/MACP योजना के तहत मिलने वाला वेतन, वेतन बैंड और ग्रेड पे/वेतन मैट्रिक्स में स्तर** | कब से | कब तक |
|---|---|---|---|
| | | | |

| | | |
|---|---|---|
| 8. | मौजूदा नौकरी का प्रकार, यानी एडहॉक (अस्थायी), अस्थायी, अर्ध-स्थायी या स्थायी | |
| 9. | अगर मौजूदा नौकरी डेप्युटेशन/कॉन्ट्रैक्ट के आधार पर है, तो कृपया बताएं | |

| **a) शुरुआती नियुक्ति की तारीख** | b) प्रतिनियुक्ति/संविदा पर नियुक्ति की अवधि | **c) मूल कार्यालय/संगठन का नाम जिससे आवेदक जुड़ा है.** | **d) मूल संगठन में स्थायी तौर पर संभाले गए पद का नाम और वेतन** |
|---|---|---|---|
| | | | |

| | |
|---|---|
| **9.1 नोटः** जो अधिकारी पहले से ही प्रतिनियुक्ति पर हैं, उनके आवेदन मूल कैडर/विभाग द्वारा कैडर क्लीयरेंस, विजिलेंस क्लीयरेंस और ईमानदारी प्रमाण पत्र के साथ भेजे जाने चाहिए.<br>**9.2 नोटः** कॉलम 9(c) और (d) के तहत जानकारी उन सभी मामलों में दी जानी चाहिए जहां कोई व्यक्ति कैडर/ऑर्गनाइज़ेशन के बाहर डेप्युटेशन पर पद धारण कर रहा है, लेकिन फिर भी अपने मूल कैडर/ऑर्गनाइज़ेशन में अपना अधिकार (lien) बनाए हुए है. | |

| | | |
|---|---|---|
| 10. | अगर आवेदक ने पहले प्रतिनियुक्ति पर कोई पद धारित किया है, तो पिछली डेप्युटेशन से लौटने की तारीख और अन्य विवरण. | |
| 11. | मौजूदा नौकरी के बारे में अतिरिक्त विवरणः<br>कृपया बताएं कि क्या आप इनके तहत काम कर रहे हैं (संबंधित कॉलम के सामने अपने नियोक्ता का नाम बताएं)<br>a) केंद्र सरकार<br>b) राज्य सरकार<br>c) स्वायत्त संगठन<br>d) सरकारी उपक्रम<br>e) विश्वविद्यालय<br>f) अन्य | |
| 12. | कृपया बताएं कि क्या आप उसी विभाग में काम कर रहे हैं और फीडर ग्रेड या फीडर-टू-फीडर ग्रेड में हैं. | |
| 13. | क्या आप संशोधित वेतनमान में हैं? यदि हां, तो वह तारीख बताएं जब संशोधन हुआ था और संशोधन-पूर्व वेतनमान भी बताएं. | |
| 14. | वर्तमान में प्रति माह मिलने वाला कुल वेतन | |

| पे मैट्रिक्स में स्तर और मूल वेतन | कुल वेतन |
|---|---|
| | |

| | |
|---|---|
| 15. | यदि आवेदक किसी ऐसे संगठन से संबंधित है जो केंद्र सरकार के वेतनमान का पालन नहीं करता है, तो संगठन द्वारा जारी नवीनतम वेतन पर्ची, जिसमें निम्नलिखित विवरण हों, संलग्न करें: |

| मूल वेतन, वेतनमान और वेतन वृद्धि दर | महंगाई भत्ता/अंतरिम राहत/अन्य भत्ते आदि (विवरण सहित) | कुल वेतन |
|---|---|---|
| | | |
| | | |

| | | |
|---|---|---|
| 16. A. | यदि आपके द्वारा आवेदन किए गए पद के लिए कोई अतिरिक्त जानकारी हो, जो इस पद के लिए आपकी उपयुक्तता को प्रमाणित करती हो.<br>इसमें अन्य बातों के अलावा निम्नलिखित के संबंध में जानकारी शामिल हो सकती है:<br>**(i)** अतिरिक्त शैक्षणिक योग्यताएं **(ii)** व्यावसायिक प्रशिक्षण और **(iii)** रिक्ति परिपत्र/विज्ञापन में निर्धारित कार्य अनुभव से अधिक कार्य अनुभव)<br>**(नोटः यदि स्थान अपर्याप्त हो तो एक अलग शीट संलग्न करें)** | |

जल शक्ति मंत्रालय

जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग

# कृष्णा जल विवाद अधिकरण

**त्रिकूट-1, तृतीय तल, भीकाजी कामा प्लेस, नई दिल्ली - 110 066**

**दिनांकः 15 जून, 2026**

**वेतन स्तर-8, रु. 47,600-1,51,100, 7वें सीपीसी के अंतर्गत निजी सचिव (पीएस) के रिक्त पद को प्रतिनियुक्ति (आईएसटीसी)/पुनर्नियोजन आधार पर भरने संबंधी सूचना.**

कृष्णा जल विवाद अधिकरण में **निजी सचिव (पीएस) का एक पद** वेतन स्तर-8, रु. 47,600-1,51,100, 7वें सीपीसी के अंतर्गत प्रतिनियुक्ति, जिसमें अल्पकालिक अनुबंध/पुनर्नियोजन आधार भी शामिल है, पर केंद्र सरकार/राज्य सरकारों/केंद्र शासित प्रदेशों/पीएसयू/स्वायत्त/अर्ध-सरकारी/सांविधिक संगठनों आदि के कर्मचारियों/सेवानिवृत्त कर्मचारियों में से भरे जाने का प्रस्ताव है. पद का विवरण और पात्रता मानदंड वेबसाइट **www.jalshakti-dowr.gov.in** पर उपलब्ध हैं. **अनुलग्नक-I, 'offerings' – 'vacancies'** टैब के अंतर्गत वेबसाइट पर उपलब्ध है. प्रतिनियुक्ति आधार पर नियुक्ति की शर्तें 17 जून, 2010 के डीओपी एंड टी के कार्यालय ज्ञापन संख्या 6/8/2009/29/91-Estt. (Pay-II), समय-समय पर यथासंशोधित, के अनुसार विनियमित होंगी.

2. प्रतिनियुक्ति, जिसमें अल्पकालिक अनुबंध भी शामिल है, के आधार पर नियुक्ति के लिए निर्धारित 'प्रोफॉर्मा' **अनुलग्नक-II** में विधिवत भरे हुए आवेदन, पिछले पांच वर्षों के एपीएआर के साथ, जो अवर सचिव या समकक्ष स्तर से नीचे के अधिकारी द्वारा विधिवत सत्यापित हों, तथा पात्र उम्मीदवार के नवीनतम सतर्कता मंजूरी प्रमाणपत्र सहित, संबंधित संगठनों/विभागों द्वारा **प्रशासनिक अधिकारी, कृष्णा जल विवाद अधिकरण, त्रिकूट-1, तृतीय तल, भीकाजी कामा प्लेस,** नई दिल्ली-110066 को अग्रेषित किए जा सकते हैं.

3. **पुनर्नियोजन** आधार पर आवेदन, आवेदकों द्वारा **अनुलग्नक-II** में दिए गए प्रोफॉर्मा में विधिवत भरकर सीधे प्रशासनिक अधिकारी को उपर्युक्त पते पर भेजे जा सकते हैं.

4. सभी प्रकार से पूर्ण आवेदन रोजगार समाचार में इस विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से **45 दिनों के भीतर** प्रशासनिक अधिकारी, केडब्ल्यूडीटी को प्राप्त हो जाने चाहिए.

5. कृष्णा जल विवाद अधिकरण में कार्यरत कर्मचारी सरकारी आवास के लिए पात्र नहीं होंगे. चयनित उम्मीदवारों को अपनी उम्मीदवारी वापस लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी. अपूर्ण आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा.

(जी.एस. पंवार)
रजिस्ट्रार
दूरभाष संख्याः 011-26162189

**EN 13/37**

| | | |
|---|---|---|
| 16. B. | **उपलब्धियांः**<br>उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे निम्नलिखित के संबंध में जानकारी दें:<br>(i) शोध प्रकाशन और रिपोर्टें तथा विशेष परियोजनाएं<br>(ii) पुरस्कार/ छात्रवृत्ति/ आधिकारिक प्रशंसा<br>(iii) पेशेवर निकायों/संस्थानों/सोसायटियों से संबद्धता;<br>(iv) स्वयं के नाम पर पंजीकृत या संगठन के लिए प्राप्त पेटेंट;<br>(v) आधिकारिक मान्यताप्राप्त कोई शोध/ नवाचार;<br>(vi) कोई अन्य जानकारी<br>**(नोटः यदि स्थान अपर्याप्त हो तो अलग शीट संलग्न करें)** | |
| 17. | कृपया बताएं कि आप प्रतिनियुक्ति (एसटीसी)/ अवशोषण/ पुनर्नियोजन के आधार पर आवेदन कर रहे हैं या नहीं.<br>* (केंद्रीय/राज्य सरकारों के अधीन अधिकारी केवल अवशोषण के लिए पात्र हैं. गैर-सरकारी संगठनों के उम्मीदवार केवल अल्पकालिक अनुबंध के लिए पात्र हैं.)<br>* (एसटीसी/ अवशोषण/ पुनर्नियोजन का विकल्प केवल तभी उपलब्ध है जब रिक्ति परिपत्र में विशेष रूप से "एसटीसी" या "अवशोषण" या "पुनर्नियोजन" द्वारा भर्ती का उल्लेख हो.) | |
| 18. | क्या आप अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति से संबंधित हैं? | |

मैंने वैकेंसी सर्कुलर/विज्ञापन को ध्यान से पढ़ लिया है और मुझे अच्छी तरह पता है कि मेरे बायोडाटा में दी गई जानकारी, जिसे ज़रूरी योग्यता/काम के अनुभव से जुड़े दस्तावेज़ों का समर्थन प्राप्त है, उसे चयन समिति द्वारा पद के लिए चयन के समय परखा जाएगा. मेरे द्वारा दी गई जानकारी/विवरण मेरी जानकारी के अनुसार सही और सच हैं और मेरे चयन पर असर डालने वाली कोई भी ज़रूरी बात छिपाई नहीं गई है.

**(उम्मीदवार के हस्ताक्षर)**
पता : ..............................

**(नियोक्ता/कैडर नियंत्रण प्राधिकारी का प्रमाणपत्र)**

आवेदक द्वारा ऊपर दिए गए आवेदन में दी गई जानकारी/विवरण रिकॉर्ड में मौजूद तथ्यों के अनुसार सच और सही हैं. उनके पास विज्ञापन में बताया गया अनुभव है. चुने जाने पर उन्हें तुरंत मुक्त कर दिया जाएगा.

2. यह भी प्रमाणित किया जाता है कि:-

(i) श्री/श्रीमती ........... के ख़िलाफ़ कोई विजिलेंस या अनुशासनात्मक मामला लंबित नहीं है और न ही ऐसा कोई मामला शुरू करने पर विचार किया जा रहा है.

(ii) उनकी सत्यनिष्ठा प्रमाणित की जाती है.

(iii) उनका सी.आर. डोजियर मूल रूप में साथ लगा है / पिछले 5 सालों के ए.सी.आर. की फ़ोटोकॉपी, जिनके हर पेज पर भारत सरकार के अंडर सेक्रेटरी या उससे ऊपर के रैंक के अधिकारी द्वारा साक्ष्यांकन किया गया है, साथ लगी हैं.

(iv) पिछले 10 सालों में उन पर कोई बड़ी/छोटी पेनल्टी नहीं लगाई गई है या पिछले 10 सालों में उन पर लगाई गई बड़ी/छोटी पेनल्टी की सूची साथ लगी है. (जैसा भी मामला हो).

स्थान : ................ **प्रतिहस्ताक्षर**

तारीख़ : ............ **(नियोक्ता/कैडर नियंत्रण प्राधिकारी, मुहर के साथ)**

**EN 13/23**

# भारतीय वायुसेना / Indian Air Force

## IAF में ग्रुप 'सी' सिविलियन पदों पर सीधी भर्ती (विज्ञापन संख्या 02/2026)

1. नीचे बताए गए एयर फ़ोर्स स्टेशनों/यूनिटों में ग्रुप 'सी' सिविलियन पदों पर भर्ती के लिए योग्य भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं. योग्य उम्मीदवार अपना आवेदन दिए गए डाक पते पर भेज सकते हैं. पदों का विवरण नीचे दिया गया है:-

| मुख्यालय रखरखाव कमान, भारतीय वायु सेना | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क्रम संख्या | डाक का पता a. | पद b. | पदों की संख्या c. | वह श्रेणी, जिसके लिए पद आरक्षित किया जाना है d. | | | | | | |
| | | | | UR | OBC | SC | ST | EWS | PwBD* | ESM |
| 1. | कमांडेंट आईएएम आईएएफ, विमानपुरा पोस्ट, बेंगलुरु - 560017 | एमटीएस | 06 | 03 | 02 | - | - | 01 | - | - |

**नोटः** रिक्तियों की संख्या बदल सकती है.

**नोटः** **UR** - अनारक्षित, **SC** - अनुसूचित जाति, **ST** - अनुसूचित जनजाति, **OBC** - अन्य पिछड़ा वर्ग, **PwBD** - बेंचमार्क विकलांगता वाले व्यक्ति, **EWS** - आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग, **ESM** - पूर्व-सैनिक.

2. **आयु सीमा** :- सभी पदों के लिए 18-25 वर्ष, आयु सीमा निर्धारित करने के लिए महत्वपूर्ण तिथि आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि है.

2.1 **आयु में छूटः**- 2 वर्ष (सामान्य उम्मीदवारों के लिए)

2. 1.1 03 वर्ष (OBC श्रेणी उम्मीदवारों के लिए)

2. 1.2 05 वर्ष (एससी/एसटी उम्मीदवारों के लिए)

2. 1.3 10 वर्ष (शारीरिक रूप से विकलांग उम्मीदवारों के लिए) (SC, ST से संबंधित शारीरिक रूप से विकलांगों के मामले में अतिरिक्त 05 वर्ष)

2. 1.4 **पूर्व-सैनिकः** जिन्होंने सशस्त्र बलों में कम से कम 06 महीने की निरंतर सेवा की है, उन्हें अपनी वास्तविक आयु से सेवा की अवधि घटाने की अनुमति दी जाएगी और यदि परिणामी आयु निर्धारित अधिकतम आयु सीमा से तीन वर्ष से अधिक नहीं है, तो उन्हें पात्र माना जाएगा.

2. 1.5 अनारक्षित पदों के लिए आवेदन करने वाले SC/ST/OBC उम्मीदवार आयु सीमा, अनुभव आदि में किसी भी छूट के हकदार नहीं हैं.

2.16 **विभागीय कर्मचारी** :-

40 वर्ष (UR के लिए)

45 वर्ष (SC/ST उम्मीदवारों के लिए)

**नोटः**- सभी पात्र उम्मीदवारों के लिए आयु में छूट मौजूदा सरकारी निर्देशों के अनुसार है.

3. **प्रत्येक पद के लिए शैक्षिक योग्यता/वेतनमानः**

| क्रम संख्या | पद a. | वेतनमान b. | शैक्षणिक योग्यता / अनुभव c. |
|---|---|---|---|
| 1. | **बहुकार्य कर्मचारी (एमटीएस)** | 7वें CPC के पे मैट्रिक्स के अनुसार लेवल 1 | **आवश्यकः** मान्यताप्राप्त यूनिवर्सिटी या बोर्ड से मैट्रिकुलेशन या उसके बराबर की परीक्षा पास होना.<br>**वांछितः** किसी संस्था/संस्थान में वॉचमैन, लस्कर, गेस्टेटनर ऑपरेटर या माली के तौर पर 1 साल का अनुभव. |

4. **चयन का तरीकाः**

4.1 सभी आवेदन पत्रों की जांच की जाएगी. आयु, योग्यता, दस्तावेज़ों और प्रमाण-पत्र की जांच के बाद, योग्य उम्मीदवारों को परीक्षा के लिए बुलाया जाएगा.

4.2 योग्य उम्मीदवारों को लिखित परीक्षा देनी होगी. लिखित परीक्षा कम से कम शैक्षिक योग्यता पर आधारित होगी.

4.3 **लिखित परीक्षा का सिलेबसः** **(i)** सामान्य बुद्धिमत्ता और तर्कशक्ति, **(ii)** संख्यात्मक योग्यता, **(iii)** सामान्य अंग्रेज़ी, **(iv)** सामान्य जागरूकता.

4.4 प्रश्न पत्र अंग्रेज़ी और हिंदी दोनों भाषाओं में होगा.

4.5 उम्मीदवार का चयन पूरी तरह से लिखित परीक्षा के आधार पर होगा.

4.6 शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों को दस्तावेज़ सत्यापन के समय मूल प्रमाण-पत्र और आवेदन में दिए गए अनुबंध की प्रतियां लानी होंगी.

5. **अंतिम तिथिः आवेदन पत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि इस विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से 30 दिन है.**

6. **आवेदन कैसे करेंः** योग्य उम्मीदवार रिक्तियों और योग्यताओं के आधार पर ऊपर बताए गए एयर फ़ोर्स स्टेशन के डाक पते पर आवेदन कर सकते हैं. आवेदन **अनुबंध-I** में दिए गए प्रारूप के अनुसार होना चाहिए और उसके साथ निम्नलिखित दस्तावेज़ होने चाहिए. यह आवेदन **'एम्प्लॉयमेंट न्यूज़/रोज़गार समाचार'** में इस विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से **30 दिनों** के भीतर पहुंच जाना चाहिए.

6.1 **आवेदन के साथ सभी ज़रूरी दस्तावेज़** - जैसे कि शैक्षिक योग्यता, आयु, तकनीकी योग्यता, बेंचमार्क विकलांग उम्मीदवार का प्रमाण-पत्र, अनुभव प्रमाण-पत्र और जाति प्रमाण-पत्र (SC/ST/OBC/EWS उम्मीदवारों के मामले में सक्षम सिविल अधिकारियों द्वारा जारी) - स्वप्रमाणित होने चाहिए.

6.2 OBC उम्मीदवार के लिए उनके रिज़र्व कोटे के तहत, उनकी जाति OBC की केंद्रीय सूची में होनी चाहिए, क्योंकि केवल केंद्रीय सूची में शामिल जातियों के उम्मीदवार ही केंद्रीय सेवा में नियुक्ति के लिए पात्र हैं. OBC में क्रीमी लेयर से जुड़े नवीनतम नियमों का पालन किया जाना चाहिए. OBC के तौर पर आरक्षण चाहने वाले उम्मीदवारों को आवेदन के साथ यह प्रमाण-पत्र जमा करना होगा कि वे क्रीमी लेयर श्रेणी में नहीं आते हैं.

6.3 EWS आरक्षण के आधार पर नियुक्ति चाहने वाले व्यक्ति को यह सुनिश्चित करना होगा कि उनके पास DoP&T OM नंबर 36039/1/2019-Estt(Res.) दिनांक 31 जनवरी 2019 के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2025-2026 (आवेदन की समापन तिथि से पहले का वित्तीय वर्ष) की आय के आधार पर जारी वित्तीय वर्ष 2026-2027 (आवेदन की समापन तिथि से पहले का वित्तीय वर्ष) के लिए मान्य आय और संपत्ति प्रमाण-पत्र हो. उदाहरण के लिए, यदि समापन तिथि **30 अप्रैल 2026** है, तो आय और संपत्ति प्रमाण-पत्र वित्तीय वर्ष 2025-26 की आय के आधार पर वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए मान्य होना चाहिए.

6.4 बेंचमार्क शारीरिक रूप से विकलांग उम्मीदवारों के लिए लेखक का विकल्प DoP&T OM नंबर 29-6/2019-DD-III दिनांक 10 अगस्त 2019 के अनुसार लागू होगा.

6.5 आवेदन फॉर्म अंग्रेज़ी/हिंदी में टाइप किया हुआ और हाल की फोटो (पासपोर्ट साइज़) के साथ, जो ठीक से स्वप्रमाणित हो. कोई अन्य सहायक दस्तावेज़ (स्वप्रमाणित). रु. 10/- का स्टैम्प लगा हुआ और अपना पता लिखा हुआ लिफ़ाफ़ा. पता अंग्रेज़ी या हिंदी में टाइप किया जाना चाहिए. आवेदकों को लिफ़ाफ़े पर स्पष्ट रूप से '____________ **पद के लिए आवेदन**' और '**श्रेणी** ____________' का उल्लेख करना होगा.

6.6 पासपोर्ट साइज़ की दो फ़ोटो (वही जो एप्लीकेशन फ़ॉर्म पर लगाई गई हैं).

7. **सामान्य निर्देशः**-

7.1 इस नोटिफ़िकेशन के प्रकाशित होने की तारीख से पहले और आखिरी तारीख के बाद मिलने वाले आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा और उन्हें अस्वीकार कर दिया जाएगा. किसी भी तरह की डाक देरी के लिए IAF ज़िम्मेदार नहीं होगा.

7.2 लिखित परीक्षा के लिए सही उम्मीदवारों को बुलाने से पहले, संबंधित यूनिट आयु, योग्यता, दस्तावेज़ों और प्रमाण-पत्र के आधार पर आवेदनों की शुरुआती जांच करेगी.

7.3 लिखित परीक्षा के सेंटर की जानकारी उम्मीदवार को सही समय पर दी जाएगी. सेंटर उस जगह से अलग हो सकता है, जहां आवेदन भेजा गया था. ऐसा सिर्फ़ प्रशासनिक सुविधा के लिए किया जाता है.

7.4 लिखित परीक्षा में शामिल होने के लिए कोई TA/DA नहीं दिया जाएगा.

7.5 चुने गए उम्मीदवार **'ऑल इंडिया सर्विस लायबिलिटी'** के अधीन होंगे.

7.6 सिर्फ़ चयन के बुनियादी मानदंड पूरा करने से ही कोई व्यक्ति परीक्षा के लिए बुलाए जाने का हकदार नहीं हो जाता.

7.7 उम्मीदवारों को भर्ती के हर चरण पर मूल प्रमाण-पत्र लाने होंगे, जैसे SC/ST/OBC/EWS/PwBD/ESM, शैक्षिक/तकनीकी योग्यता और अनुभव प्रमाण-पत्र. इन दस्तावेज़ों/प्रमाण-पत्रों की वैधता तय करने के लिए ज़रूरी तारीख आवेदन मिलने की आखिरी तारीख या उससे पहले की होगी.

8. संबंधित AF स्टेशन के कमांडिंग ऑफिसर/स्टेशन कमांडर को बिना कोई कारण बताए किसी भी आवेदन को अस्वीकार करने का अधिकार है. इसी तरह, संबंधित कमांड/यूनिट को चयन से पहले किसी भी समय किसी भी AF स्टेशन पर रिक्तियों की संख्या या आरक्षण की स्थिति में बदलाव करने का अधिकार है.

### आवेदन के लिए प्रोफ़ॉर्मा — अनुबंध-I

____________ **यूनिट में** ____________ **पद के लिए आवेदन**

**स्व-सत्यापित फोटो चिपकाएं**

(1) आवेदित पद :

(2) उम्मीदवार का नाम (बड़े अक्षरों में)

(3) पिता का नाम :

(4) जन्म तिथि :................/......................./....................
(जन्म प्रमाण पत्र की स्व-सत्यापित प्रति संलग्न करें)

(5) आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि (______वर्ष, ____महीने, ____दिन) को आयु

(6) पत्राचार का पता
घर का नंबर/गली/गांव ____________
डाकघर ____________ ज़िला ____________
राज्य ____________ पिन कोड ____________

(7) स्थायी पता
घर का नंबर/गली/गांव ____________
डाकघर ____________ ज़िला ____________
राज्य ____________ पिन कोड ____________

(8) जाति - Gen/OBC/SC/ST (SC/ST/OBC के मामले में स्व-प्रमाणित प्रमाण-पत्र संलग्न करें)

(9) शैक्षिक योग्यता :.................................................................
(स्व-प्रमाणित शैक्षिक प्रमाण-पत्र संलग्न करें)

(10) कोई अन्य योग्यता/अनुभव :....................................................

(11) जिस श्रेणी के लिए आवेदन किया हैः Gen (UR) / OBC / SC / EWS / भूतपूर्व सैनिक / शारीरिक रूप से विकलांग (स्व-प्रमाणित प्रति संलग्न करें)..................

(12) **तकनीकी प्रशिक्षण/अनुभव** ..................................................

(13) अधिवास (स्व-प्रमाणित प्रति संलग्न करें):.......................................

(14) किसी रोज़गार कार्यालय में पंजीकृतः हां/नहीं
(यदि हां, तो पंजीकरण संख्या और रोज़गार कार्यालय का नाम लिखें)

(15) मैं एतद्द्वारा प्रमाणित करता/करती हूं कि आवेदन में दी गई उपरोक्त जानकारी मेरी जानकारी और विश्वास के अनुसार सही और सत्य है. यदि मेरे द्वारा दी गई जानकारी किसी भी चरण पर गलत पाई जाती है, तो मुझे बिना किसी सूचना के नौकरी से हटाया जा सकता है.

**दिनांकः** **उम्मीदवार के हस्ताक्षर**

**सिर्फ़ आधिकारिक रिकॉर्ड के लिए**

1. प्राप्ति की तारीख ..................................................................
2. स्वीकार/अस्वीकार ..................................................................
3. अस्वीकार होने का कारणः कम उम्र/ज़्यादा उम्र/अधूरे दस्तावेज़/कोई अन्य कारण (बताएं)
4. इंडेक्स नंबरः____________ टेस्ट/स्किल/प्रैक्टिकल/फ़िज़िकल टेस्ट की तारीख ______

**पावती कार्ड**

आवेदित पद.................................................................

**यहां अपनी स्व-सत्यापित फोटो चिपकाएं**

(1) नाम.................................................................

(2) पिता का नाम.....................................................

(3) पत्राचार का पता
(एप्लीकेशन फ़ॉर्म के कॉलम 6 के अनुसार ही भरें)
घर का नंबर/गली/गांव ____________
डाकघर ____________ ज़िला ____________
राज्य ____________ पिन कोड ____________

(4) इंडेक्स नंबरः ____________ टेस्ट/स्किल/प्रैक्टिकल/फ़िज़िकल टेस्ट की तारीख____________

(5) लिखित टेस्ट / स्किल / प्रैक्टिकल / फ़िज़िकल टेस्ट की जगह ____________

**कंट्रोलिंग ऑफ़िसर के हस्ताक्षर**

CBC 10801/11/0013/2627 EN 13/8

भारत सरकार

कपड़ा मंत्रालय

## टेक्सटाइल कमिश्नर का कार्यालय

**निष्ठा भवन, 48, न्यू मरीन लाइन्स, मुंबई - 400 020, (वेबसाइटः www.txcindia.gov.in)**

भारत सरकार के कपड़ा मंत्रालय के अंतर्गत मुंबई स्थित टेक्सटाइल कमिश्नर के कार्यालय में **'निदेशक (तकनीकी)' के दो पदों** पर प्रतिनियुक्ति (जिसमें लघु अवधि अनुबंध भी शामिल है) के आधार पर नियुक्ति के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं. ये पद पे-मैट्रिक्स के लेवल-12 (रु. 78,800-2,09,200) में हैं. इसके लिए केंद्र सरकार, राज्य सरकार, केंद्र शासित प्रदेशों, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, विश्वविद्यालयों, मान्यता प्राप्त अनुसंधान संस्थानों, अर्ध-सरकारी, स्वायत्त या वैधानिक संगठनों के योग्य अधिकारी आवेदन कर सकते हैं. योग्यता के मानदंडों, प्रतिनियुक्ति की अवधि, सीवी के प्रोफ़ॉर्मा आदि की पूरी जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट **www.txcindia.gov.in** पर मौजूद वैकेंसी सर्कुलर देखें. साथ ही, **est-otxc@nic.in** पर अनुरोध भेजकर भी इसे ईमेल के माध्यम से प्राप्त किया जा सकता है. उचित माध्यम से आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि इस विज्ञापन की तारीख से **60 दिन** है. EN 13/27

# समुद्री उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण

# The Marine Products Export Development Authority

(वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार)

(Ministry of Commerce and Industry, Govt. of India)

एमपीईडीए हाउस, पनम्पिल्ली एवेन्यू

MPEDA House, Panampilly Avenue

कोच्चि, केरल/Kochi, Kerala-682036

(दूरभाष/Tel: 0484-2311901) ईमेल/Email: ho@mpeda.gov.in

वेबसाइट/Website: www.mpeda.gov.in

PERS-REC/DIR/1/2026-PERS 15.06.2026

## रिक्ति परिपत्र

**समुद्री उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एमपीईडीए) में सिस्टम एनालिस्ट के पद को भरने के संबंध में.**

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार के वाणिज्य विभाग के अधीन एक सांविधिक निकाय, समुद्री उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एमपीईडीए), सातवें केंद्रीय वेतन आयोग के अनुसार वेतन मैट्रिक्स स्तर-10 (रु. 56,100–1,77,500) में **सिस्टम एनालिस्ट**, ग्रुप 'A' के पद को सीधी भर्ती के आधार पर भरने का प्रस्ताव करता है. उक्त पद के लिए चयनित अधिकारी के वेतन एवं भत्ते तथा अन्य सेवा शर्तें समय-समय पर कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी) द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार विनियमित की जाएंगी.

पद हेतु अपेक्षित शैक्षणिक योग्यता एवं अनुभव का विवरण **अनुलग्नक-I** में दिया गया है.

आवेदकों को अपना आवेदन ऑनलाइन माध्यम से **(www.mpeda.gov.in → अधिसूचना → अवसर → ऑनलाइन आवेदन)** प्रस्तुत करना होगा. विधिवत भरे हुए आवेदन पत्र की मुद्रित प्रति, निर्धारित दस्तावेजों सहित, निम्नलिखित पते पर भेजी जानी चाहिए: **सचिव, समुद्री उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एमपीईडीए), एमपीईडीए हाउस, पनम्पिल्ली नगर, कोच्चि - 682036, केरल.**

**आवेदकों को अपना आवेदन ऑनलाइन प्रस्तुत करने की प्रक्रिया दिनांक 20.07.2026 को (17:30 बजे) तक पूर्ण करनी होगी.**

(डॉ. टी. आर. जिबिनकुमार)

सचिव

EN 13/46

# भा.कृ.अनु.प.-कृषि विज्ञान केन्द्र प्रतापगढ़

## संशोधन / विज्ञापन वापस लेने की सूचना

यह सूचना कृषि विज्ञान केंद्र, कालाकांकर, प्रतापगढ़ (उ.प्र.) में सीनियर साइंटिस्ट और हेड के पद के लिए **'एम्प्लॉयमेंट न्यूज़' 02-08 मई 2026** के अंक में प्रकाशित विज्ञापन के संबंध में है।

इलाहाबाद हाईकोर्ट लखनऊ बेंच द्वारा रिट-ए नंबर 3270/2026 में 29.05.2026 को पारित अंतरिम आदेश के अनुपालन में, उक्त विज्ञापन को माननीय न्यायालय के अगले आदेश तक तत्काल प्रभाव से वापस लिया जाता है।

सभी संबंधित उम्मीदवार और हितधारक कृपया ध्यान दें।

EN 13/15

फ़ाइल संख्या एडमिन-18011(11)/21/2026-ईऑफिस

भारत सरकार

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय

# केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन

(औषधि अनुभाग)

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, क्षेत्रीय औषधि परीक्षण प्रयोगशाला, चंडीगढ़ में प्रतिनियुक्ति के आधार पर नीचे उल्लिखित पद को भरने के लिए पात्र उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित करता है. आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि रोजगार समाचार में इस विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से 60 दिनों के भीतर होगी.

2. अधिक जानकारी के लिए कृपया मंत्रालय की वेबसाइट **https://mohfw.gov.in** या सीडीएससीओ की वेबसाइट **https://cdsco.gov.in** पर जाएं.

| क्र. सं. | पद का नाम | सातवें सीपीसी के अनुसार वेतन | पद की सं. | जिस कार्यालय के लिए पद भरा जाना है |
|---|---|---|---|---|
| 1. | कनिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी | 7वें सीपीसी का वेतन स्तर 8 (47600-151100 रुपये) | 1 (एक) | क्षेत्रीय औषधि परीक्षण प्रयोगशाला, चंडीगढ़ |

उप निदेशक (प्रशासन), सीडीएससीओ मुख्यालय, एफडीए भवन, कोटला रोड, नई दिल्ली-110002

CBC 17194/11/0009/2627 EN 13/45

# भारत सरकार, रेल मंत्रालय

## रेलवे भर्ती बोर्ड

## केंद्रीकृत रोज़गार सूचना (सीईएन) संख्या 03/2026

**सेक्शन कंट्रोलर के विभिन्न पदों की भर्ती**

**(संकेतात्मक सूचना)**

नीचे दी गई तालिका में दिए गए सेक्शन कंट्रोलर के पद के लिए पात्र उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 14.08.2026 है। सभी प्रकार से पूर्ण आवेदन केवल ऑनलाइन माध्यम से ही जमा किए जाने चाहिए।

**महत्वपूर्ण तिथियाँ**

आवेदन शुरू होने की तिथि : **15/07/2026 (अनंतिम)**

आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि : **14/08/2026 (23:59 hrs.)(अनंतिम)**

| पद का नाम | 7वें सीपीसी के अनुसार पे लेवल | प्रारंभिक (रु.) | चिकित्सा मानक | शैक्षणिक योग्यता | 01.07.2026 को आयु | कुल रिक्तियां (आरआरबी) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| सेक्शन कंट्रोलर | 6 | 35400 | A-2 | विस्तृत सीईएन के अनुसार | 20-33 | 119 |

**नोट :-**

1. उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे ऑनलाइन आवेदन भरते समय अपनी प्राथमिक जानकारी का सत्यापन 'आधार' के माध्यम से करें, ताकि भर्ती प्रक्रिया के प्रत्येक चरण में 'गैर-आधार सत्यापित' आवेदनों की विस्तृत जांच के कारण होने वाली असुविधा और देरी से बचा जा सके।
2. आधार का उपयोग करके सफल सत्यापन प्राप्त करने के लिए, आधार में नाम और जन्मतिथि को दसवीं कक्षा पास प्रमाण पत्र में उपलब्ध पूर्ण नाम और जन्मतिथि के साथ 100% मिलान करने के लिए अपडेट किया जाएगा। इसी तरह, ऑनलाइन आवेदन भरने से पहले आधार को नवीनतम फोटो और नवीनतम बायोमेट्रिक्स (फिंगरप्रिंट और आईरिस) के साथ अपडेट करना होगा।
3. यह अधिसूचना पूरी तरह से सांकेतिक प्रकृति की है। पूर्ण विवरण के लिए, आवेदकों को सलाह दी जाती है कि वे ऑनलाइन आवेदन भरने से पहले विस्तृत सीईएन संख्या 03/2026 (सेक्शन कंट्रोलर) को अच्छी तरह से पढ़ें। विस्तृत सीईएन-03/2026 और उपरोक्त भर्ती से संबंधित कोई भी शुद्धिपत्र/परिशिष्ट/महत्वपूर्ण सूचना समय-समय पर नीचे सूचीबद्ध आरआरबी की वेबसाइटों पर जारी की जाएगी।

| सीईएन संख्या 03/2026 में भाग लेने वाले सभी आरआरबी वेबसाइटें निम्नलिखित हैं | | |
|---|---|---|
| **Ahmedabad** https://rrbahmedabad.gov.in/ | **Chennai** https://rrbchennai.gov.in/ | **Muzaffarpur** https://rrbmuzaffarpur.gov.in/ |
| **Ajmer** https://rrbajmer.gov.in/ | **Gorakhpur** https://www.rrbgkp.gov.in/ | **Patna** https://www.rrbpatna.gov.in/ |
| **Bengaluru** http://www.rrbbnc.gov.in/ | **Guwahati** https://www.rrbguwahati.gov.in/ | **Prayagraj** https://rrbpryj.gov.in/ |
| **Bhopal** https://rrbbhopal.gov.in/ | **Jammu-Srinagar** https://www.rrbjammu.nic.in/ | **Ranchi** https://www.rrbranchi.gov.in/ |
| **Bhubaneswar** https://www.rrbbbs.gov.in/ | **Kolkata** https://www.rrbkolkata.gov.in/ | **Secunderabad** https://rrbsecunderabad.gov.in/ |
| **Bilaspur** http://rrbbilaspur.gov.in/ | **Malda** https://rrbmalda.gov.in/ | **Siliguri** https://www.rrbsiliguri.gov.in/ |
| **Chandigarh** https://www.rrbcdg.gov.in/ | **Mumbai** https://www.rrbmumbai.gov.in/ | **Thiruvananthapuram** https://www.rrbthiruvananthapuram.gov.in/ |

**No. RRB/BCT/ADVT/CEN/03/2026**

**दिनांक : जून 27, 2026**

अध्यक्ष

रेलवे भर्ती बोर्ड

**"दलालों, नौकरी दिलाने वालों और ठगों से सावधान रहें"**

EN 13/36

भारत सरकार

अंतरिक्ष विभाग

# भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र शार

श्री हरिकोटा, तिरुपति जिला (आं.प्र.)

विज्ञापन सं. एसडीएससी शार/भर्ती/02/2026 दिनांक 16.06.2026

अनुसंधान सहायक-I (आर ए-I) के एक पद को रु. 58,000/- प्रतिमाह के स्थाई मानदेय पर भरने के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं

**योग्यता:**

**अनिवार्य:** मुख्य विषय के तौर पर मौसम विज्ञान या समतुल्य विषय के साथ मौसम विज्ञान/वायुमंडलीय विज्ञान/समुद्र विज्ञान/भौतिकी/अनुप्रयुक्त भौतिकी में पीएच.डी.

(या)

कम से कम 3 वर्ष का शोध अनुभव तथा वायुमंडलीय/समुद्र/जलवायु विज्ञान से संबंधित विज्ञान उद्धरण सूचकांक (एससीआई) जर्नल में प्रकाशित कम से कम एक शोधपत्र के साथ वायुमंडलीय विज्ञान/महासागर विज्ञान में एमई/एम.टेक

**वांछनीय:** कम्प्यूटर प्रोग्रामिंग, लीनक्स इत्यादि तथा वायुमंडलीय/समुद्र/जलवायु विज्ञान से संबंधित पीयर रिव्यू जर्नल में प्रकाशित लेखों का अच्छा ज्ञान. पीयर रिव्यू लेखों द्वारा सहयोग/सहायता प्राप्त मौसम एवं जलवायु प्रतिरूपण/निगरानी तकनीक तथा डेटा विश्लेषण में कौशल का प्रदर्शन किया हो.

**आयु सीमा** : 17.07.2026 को 18-35 वर्ष

विस्तृत विवरण के लिए **https://www.shar.gov.in/** (अथवा) **https://apps.shar.gov.in** देखें.

आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि : 17.07.2026

CBC 49109/11/0001/2627 EN 13/25

No. CEA-SY-12-14/1/2026-Administration-II

Government of India / भारत सरकार

Ministry of Power/ विद्युत मंत्रालय

# Central Electricity Authority / केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण

Admin-II Section/ प्रशासन-II अनुभाग

सेवा भवन, आर.के. पुरम, नई दिल्ली

दिनांक : 07 अप्रैल 2026

## सूचना

केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (CEA) में **डिस्पैच राइडर** (सामान्य केंद्रीय सेवा, समूह 'C', अराजपत्रित, गैर मंत्रालयी) के 01 रिक्त पद को 7वें वेतन आयोग के वेतन मैट्रिक्स के पे लेवल-2 (रु. 19,900- 63,200/-) में प्रतिनियुक्ति के आधार पर भरने की प्रक्रिया जारी है.

डिस्पैच राइडर पद के लिए पूर्ण विवरण/पात्रता मानदंड CEA की वेबसाइट **www.cea.nic.in** पर उपलब्ध है. **आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि Employment News/ रोज़गार समाचार में विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से 30 दिन होगी.**

उप निदेशक (कार्मिक)

केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण

CBC 34102/11/0001/2627 EN 13/10

## सदस्यता फॉर्म

उपयुक्त विकल्प चुनें (✓)

**प्रिंट संस्करण के प्लान**

| | |
|---|---|
| 6 माह | रु. 265/- ( ) |
| 1 वर्ष | रु. 530/- ( ) |
| 2 वर्ष | रु. 1000/- ( ) |
| 3 वर्ष | रु. 1400/- ( ) |

**ई-संस्करण के प्लान**

| | |
|---|---|
| 6 माह | रु. 200/- ( ) |
| 1 वर्ष | रु. 400/- ( ) |
| 2 वर्ष | रु. 750/- ( ) |
| 3 वर्ष | रु. 1050/- ( ) |




( ) Employment News
( ) रोज़गार समाचार (हिन्दी)
( ) रोज़गार समाचार (उर्दू)

डिमांड ड्राफ्ट/चेक 'Employment News' के पक्ष में देय होना चाहिए। डिमांड ड्राफ्ट/चेक की मूल प्रति सदस्यता फॉर्म के साथ संलग्न करें।

फॉर्म में सभी विवरण स्पष्ट अक्षरों में दर्ज करें

नाम :
डाक पता :

पिन :
दूरभाष :
मोबाइल :
ईमेल :

सदस्यता फॉर्म यहाँ भेजें :-
**रोज़गार समाचार**
कक्ष संख्या- 783, 7वां तल, सूचना भवन
लोधी रोड, नई दिल्ली-110003

ताजा जानकारियों के लिए देखें :-

www.employmentnews.gov.in
www.rozgarsamachar.gov.in

ऑनलाइन भुगतान की सुविधा दोनों प्लान के लिए उपलब्ध।

स्कैन और भुगतान

@Employ_News
@EmploymentNews
www.eneversion.nic.in


Ministry of Culture
Government of India

# दिल्ली पब्लिक लाइब्रेरी
## (भारत सरकार का संगठन, संस्कृति मंत्रालय)
# Delhi Public Library
## (Govt. of India Organization, Ministry of Culture)

स्थापित 1951 ज्ञान ज्योति दि प ला DPL

**दिल्ली पब्लिक लाइब्रेरी में वरिष्ठ पुस्तकालय और सूचना अधिकारी (एसएलआईओ) के पद पर सीधी भर्ती से और सहायक पुस्तकालय और सूचना अधिकारी (ब्रेल) के पद पर प्रतिनियुक्ति (अल्पावधि अनुबंध सहित) आधार पर नियुक्ति हेतु रिक्ति सूचना.**

निम्नलिखित पदों को भरने के लिए पात्र उम्मीदवारों से आवेदन-पत्र आमंत्रित किए जाते हैं:-

| क्रम सं. | पद का नाम | 7वें कें. वे. आ. के अनुसार वेतन मैट्रिक्स स्तर | पद की संख्या | भर्ती की विधि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | **वरिष्ठ पुस्तकालय और सूचना अधिकारी (एसएलआईओ)** | स्तर- 12 (रु. 78800-209200) | 01 | सीधी भर्ती |
| 2. | **सहायक पुस्तकालय और सूचना अधिकारी (ब्रेल)** | स्तर-7 (रु. 44900-142400) | 01 | प्रतिनियुक्ति (अल्पावधि अनुबंध सहित) |

- पदों के संबंध में विवरण पुस्तकालय की वेबसाइट **www.dpl.gov.in** पर उपलब्ध हैं.
- डीपीएल के पास बगैर कोई कारण बताए किसी भी पद को भरने की प्रक्रिया निरस्त/निलंबित/संशोधित करने का अधिकार सुरक्षित है. डीपीएल का निर्णय अंतिम होगा और इस संबंध में किसी भी अपील पर विचार नहीं किया जायेगा.
- विभागीय स्क्रीनिंग कमेटी आदि के समक्ष उपस्थित होने के लिए यात्रा भत्ते/दैनिक भत्तें का भुगतान नहीं किया जायेगा.
- आवेदन शुल्क अप्रतिदेय है.
- हर तरह से पूर्ण आवेदन पत्र एलआईओ (प्रशा), दिल्ली पब्लिक लाइब्रेरी, डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी मार्ग, पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन के सामने, दिल्ली-110 006 को भेजे जाने चाहिए जो कि एम्प्लॉयमेंट न्यूज/रोजगार समाचार में अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से **45 दिनों** की अवधि के भीतर पहुंच जाने चाहिए.

एलआईओ (प्रशा.)

CBC 09111/11/0001/2627 EN 13/6

---

# इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वन अकादमी
# Indira Gandhi National Forest Academy

सत्यमेव जयते

भारत सरकार
पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय
Government of India
Ministry of Environment, Forest & Climate Change

संख्या 856/2026-रा.व.अ./40.00 (Part-IV) (Recru. of PT & Sports Officer) दिनांक: 02.06.2026

## रिक्ति परिपत्र

**शारीरिक प्रशिक्षण और खेल अधिकारी (समूह "ख", राजपत्रित, अननुसचिवीय) के एक (01) पद को प्रतिनियुक्ति के आधार पर (जिसके अंतर्गत अल्पकालिक संविदा भी है) भरने के संबंध में.**

1. इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वन अकादमी, देहरादून में **शारीरिक प्रशिक्षण और खेल अधिकारी (समूह 'ख', राजपत्रित, अननुसचिवीय) के एक (01) पद** लेवल- 07 (संशोधन पूर्व वेतन बैंड- 2, रु. 9300-34800+ग्रेड वेतन- 4600) को प्रतिनियुक्ति के आधार पर (जिसके अंतर्गत अल्पकालिक संविदा भी है) भरने हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते हैं.
2. **पात्रता की शर्तें:-** केंद्रीय या राज्य सरकारों या संघ राज्य क्षेत्रों या विश्वविद्यालयों या मान्यताप्राप्त अनुसंधान संस्थाओं या पब्लिक उपक्रमों या अर्द्धसरकारी या स्वशासी या कानूनी संगठनों के अधीन ऐसे अधिकारी-
   (i) जिन्होंने मूल संवर्ग या विभाग में नियमित आधार पर सदृश पद धारण किया हुआ है; **या**
   (ii) जिन्होंने मूल संवर्ग या विभाग में लेवल- 6 (वेतन बैण्ड- 2, रु. 9300-34800+ 4200 ग्रेड वेतन) के वेतनमान में या समतुल्य में नियमित आधार पर उस पद पर नियुक्ति के पश्चात उस श्रेणी में पांच वर्ष की सेवा की हो.
3. **योग्यता: अनिवार्य:-**
   (क) (i) किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से डिग्री;
   (ii) किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय या संस्था से शारीरिक शिक्षा में डिप्लोमा; **और**
   (iii) किसी मान्यताप्राप्त संस्था में शारीरिक शिक्षा प्रदान करने का दो वर्ष का अनुभव **या**
   (ख) (i) किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय या संस्था से शारीरिक शिक्षा में डिग्री.
   (ii) किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय या संस्था से शारीरिक शिक्षा प्रदान करने का दो वर्ष का अनुभव.
4. **आयु सीमा:** अधिकतम आयु सीमा 56 वर्ष
5. **आवेदन भेजने की अंतिम तिथि:** रिक्ति परिपत्र के रोजगार समाचार में प्रकाशन की तिथि से **30 दिन** के अंदर.
6. शैक्षणिक और अन्य अर्हताएं, आवेदन पत्र का प्रोफॉर्मा तथा अन्य सेवा शर्तों की विस्तृत जानकारी अकादमी की वेबसाइट **www.ignfa.gov.in** पर देखी और डाउनलोड की जा सकती है.

सह प्राध्यापक (प्रशा.)

डाकघर : न्यू फॉरेस्ट, देहरादून-248006
P.O. New Forest, Dehradun-248006

दूरभाष : 0135-2757316
Phone : 0135-2754647

फैक्स : 0135-2757314
E-mail: director@ignfa.gov.in
Website: http://www.ignfa.gov.in

CBC 13116/11/0002/2627 EN 13/7

---

भाकृअनुप
ICAR

# भा.कृ.अनु.प. - राष्ट्रीय कृषि आर्थिकी एवं नीति अनुसन्धान संस्थान (निआप)
देव प्रकाश शास्त्री मार्ग, पूसा, नई दिल्ली-110012
# ICAR - National Institute of Agricultural Economics & Policy Research
Dev Prakash Shastri Marg, Pusa, New Delhi - 110 012

संख्या: 28(20)/2026-Proj.(NIAP) तारीख: 11.06.2026

## वॉक्-इन इंटरव्यू

नीचे बताए गए अलग-अलग प्रोजेक्ट्स के तहत पदों को भरने के लिए ICAR-नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ़ एग्रीकल्चरल इकोनॉमिक्स एंड पॉलिसी रिसर्च, D.P.S. मार्ग, पूसा, नई दिल्ली-110 012 में वॉक्-इन इंटरव्यू आयोजित किया जाएगा:

| क्रम संख्या | अस्थायी पद | पदों की संख्या (अनुमानित) | वेतन (प्रतिमाह) | वॉक्-इन इंटरव्यू की तारीख |
|---|---|---|---|---|
| 1. | रिसर्च एसोसिएट (आरए) | 01 | Ph.D के लिए रुपए 67,000/- + लागू HRA (प्रति माह)<br>मास्टर डिग्री के लिए रुपए 61,000/- + लागू HRA (प्रति माह) | 10.07.2026 सुबह 10:00 बजे |

ऊपर बताई गई रिक्तियां कम या ज्यादा हो सकती हैं. शैक्षणिक योग्यता, वेतन, आयु सीमा आदि के बारे में अधिक जानकारी के लिए उम्मीदवार संस्थान की वेबसाइट **www.niap.res.in** पर जा सकते हैं.

EN 13/13 (सीनियर एडमिनिस्ट्रेटिव ऑफिसर)

संख्याः A-12023/7/2019-E-IV

भारत सरकार

जल शक्ति मंत्रालय

# जल संसाधन, नदी विकास एवं गंगा संरक्षण विभाग

## रिक्ति सूचना

कावेरी जल प्रबंधन प्राधिकरण का गठन भारत सरकार द्वारा अंतर-राज्यीय नदी जल विवाद (ISRWD) अधिनियम, 1956 की धारा 6A के प्रावधानों के अंतर्गत दिनांक 01.06.2018 की अधिसूचना संख्या S.O. 2236 (E) के माध्यम से किया गया है, ताकि माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिनांक 16.02.2018 के आदेश में संशोधित कावेरी जल विवाद न्यायाधिकरण के निर्णय को प्रभावी बनाया जा सके.

2. कावेरी जल प्रबंधन प्राधिकरण (CWMA) में **अध्यक्ष** के पद की प्रतिनियुक्ति (अल्पकालिक संविदा सहित) / पुनर्नियोजन के आधार पर भरने हेतु वेतन मैट्रिक्स के स्तर-17 (रु. 2,25,000/- नियत) में पात्र एवं उपयुक्त अधिकारियों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं.

3. पदों का विवरण, पात्रता शर्तें आदि **jalshakti-dowr.gov.in** तथा **dopt.gov.in** पर उपलब्ध हैं. पात्र एवं उपयुक्त अधिकारी, जिन्हें चयन की स्थिति में तत्काल कार्यमुक्त किया जा सकता हो, अपने आवेदन (तीन प्रतियों में), पूर्ण रूप से भरे हुए, उचित माध्यम से निम्न पते पर प्रेषित करें: **अवर सचिव (स्थापना - IV), जल संसाधन, नदी विकास एवं गंगा संरक्षण विभाग, जल शक्ति मंत्रालय, कक्ष संख्या 435 (B), श्रम शक्ति भवन, रफी मार्ग, नई दिल्ली-110001** साथ ही ईमेल द्वारा **use4-mowr@nic.in** एवं **soe4-mowr@nic.in** पर भी भेजें. आवेदन इस विज्ञापन के रोज़गार समाचार में प्रकाशन / जारी होने की तिथि से 45 दिनों के भीतर प्राप्त हो जाना चाहिए.

4. **उचित माध्यम से आवेदन की अग्रिम प्रतियां न भेजने या निर्धारित अवधि के बाद प्राप्त होने या अपेक्षित सूचना/ दस्तावेजों के बिना आवेदन को अस्वीकार कर दिया जाएगा.**

(समीर कुमार मुंडा )
अवर सचिव, भारत सरकार
दूरभाष संख्याः 011-23716252
ईमेल : use4-mowr@nic.in

**नोटः अंग्रेजी संस्करण एवं उसके हिंदी अनुवाद के बीच किसी भी प्रकार की विसंगति या असंगति की स्थिति में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा.**

अनुलग्नक-I

1. **पद का नाम : अध्यक्ष, कावेरी जल प्रबंधन प्राधिकरण (CWMA)**
2. **पदों की संख्या : एक**
3. **पद का वर्गीकरण : समूह 'क' गैर - अनुसचिवीय**
4. **वेतनमान : वेतन मैट्रिक्स स्तर-17 (रु. 2,25,000/- नियत)**
5. **प्रतिनियुक्ति (अल्पकालिक संविदा सहित) / पुनर्नियोजन के आधार पर नियुक्ति हेतु पात्रता शर्तें :**

**पुनर्नियोजन:**

केंद्रीय / राज्य सरकारों से सचिव / अतिरिक्त सचिव या समकक्ष पद से सेवानिवृत्त अधिकारी, जिन्हें जल संसाधन/ अंतर-राज्यीय जल बंटवारे के मामलों का अनुभव हो.

-अथवा-

**प्रतिनियुक्ति द्वारा:**

**A.** केंद्र सरकार/ राज्य सरकार / संघ राज्य क्षेत्र / मान्यताप्राप्त अनुसंधान संस्थान / सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम / अर्द्ध- सरकारी/ स्वायत्त / सांविधिक संगठनों के कार्यरत अधिकारी, जो —

**(i)** जल संसाधन प्रबंधन, अंतर-राज्यीय जल बंटवारे के मामलों के निस्तारण, सिंचाई परियोजनाओं के निर्माण, संचालन एवं अनुरक्षण में व्यापक अनुभव रखने वाले वरिष्ठ एवं प्रतिष्ठित अभियंता हों; **तथा**

**a.** मूल संवर्ग / विभाग में नियमित आधार पर समकक्ष पद धारण करते हों;

या

**b.** मूल संवर्ग/ विभाग में वेतन मैट्रिक्स के स्तर 15 (रु. 1,82,200- 2,24,100) अथवा समकक्ष स्तर में दो वर्ष की नियमित सेवा पूर्ण कर चुके हों;

अथवा

**(ii)** अखिल भारतीय सेवा के ऐसे अधिकारी, जो भारत सरकार में सचिव अथवा अतिरिक्त सचिव के पद पर हों तथा जिन्हें जल संसाधन एवं अंतरराज्यीय जल बंटवारे के मामलों का अनुभव हो.

**टिप्पणी: अध्यक्ष का कार्यकाल पांच वर्ष अथवा 65 वर्ष की आयु, जो भी पहले हो, तक रहेगा.**

EN 13/48

## महत्वपूर्ण सूचना

हम सं.लो.से.आ., क.च.आ., रेलवे भर्ती बार्ड आदि द्वारा आयोजित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के परिणाम प्रकाशित करते समय पूरी सावधानी रखते हैं. यद्यपि, अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे आधिकारिक अधिसूचना/ गजट की जांच कर लें. अनजाने में हुई मुद्रण त्रुटि के लिए रोजगार समाचार जिम्मेदार नहीं होगा.

Website: www.ayush.gov.in

सत्यमेव जयते

# आयुष मंत्रालय

## "आयुष भवन"

बी ब्लॉक, जी.पी.ओ. कॉम्प्लेक्स, आई.एन.ए. नई दिल्ली-110023
**'B' Block, GPO Complex, INA, New Delhi-110023**

**फा. सं. आर- 21011/5/2025-ईपी-III** दिनांकः 27 जून, 2026

## अधिसूचना

राष्ट्रीय होम्योपैथी आयोग **(एनसीएच) के अंशकालिक सदस्य** के 02 पदों, होम्योपैथी शिक्षा बोर्ड के सदस्य का 01 पद, **एनसीएच के होम्योपैथी आचार एवं पंजीकरण** बोर्ड के सदस्य (होम्योपैथी) का 01 पद और **सचिव,** राष्ट्रीय होम्योपैथी आयोग के 01 पद के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं.

1. आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक आवेदकों की आयु 65 वर्ष से कम होनी चाहिए.
2. आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि रोज़गार समाचार पत्र में विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से **30 दिन** होगी. यदि 30वां दिन दिल्ली में केंद्र सरकार द्वारा घोषित किसी अवकाश के दिन पड़ता है, तो आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि अगले कार्य दिवस को माना जाएगा.
3. विस्तृत विज्ञापन और आवेदन का प्रारूप आयुष मंत्रालय की वेबसाइट **www.ayush.gov.in** पर उपलब्ध होगा और इसे डाउनलोड किया जा सकता है.
4. एक से अधिक पदों के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवार को प्रत्येक पद के लिए अलग-अलग प्रोफॉर्मा भरना होगा.
5. निर्धारित प्रारूप में विधिवत भरा हुआ आवेदन पत्र, सभी संबंधित प्रमाणपत्रों की सत्यापित/स्व-सत्यापित प्रतियों सहित, निम्नलिखित पते पर भेजा जाना चाहिएः **सचिव, आयुष मंत्रालय, आयुष भवन, बी-ब्लॉक, जीपीओ कॉम्प्लेक्स, आईएनए, नई दिल्ली,** 110023, **लिफाफे पर "राष्ट्रीय होम्योपैथी आयोग में..............................(संबंधित पद) के पद के लिए आवेदन" अंकित होना चाहिए**

CBC 17201/11/0004/2627 EN 13/3

भारत सरकार

# भारत के राष्ट्रीय अभिलेखागार

(संस्कृति मंत्रालय)

जनपथ, नई दिल्ली-110001

| क्र. सं. | पोस्ट का विवरण | संक्षिप्त विवरण |
|---|---|---|
| 1. | निम्नलिखित पदों के लिए भारतीय राष्ट्रीय अभिलेखागार, नई दिल्ली में अल्पकालिक अनुबंध सहित प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं:-<br>[फाइल संख्या ए- 4-23/2023-एस्ट-1] 03 (तीन) **अभिलेखाधिकारी (प्राचीन अभिलेख)** का पद, जिसे सामान्य केंद्रीय सेवा, समूह 'बी' पद (राजपत्रित), वेतन मैट्रिक्स लेवल- 8 में गैर-मंत्रालयी (47,600/- - 1,51,100/- रुपये) के रूप में वर्गीकृत किया गया है. | योग्यता शर्तें, शैक्षिक अर्हता और अनुभव, आवेदन पत्र आदि के संबंध में ब्योरा भारतीय राष्ट्रीय अभिलेखागार की वेबसाइट **(www.nationalarchives.nic.in)** पर उपलब्ध है.<br>निर्धारित प्रपत्र (सादे पेपर पर टाईप किया गया) में, पूर्ण विवरण सहित आवेदन पत्र को (दो प्रतियों में) उचित माध्यम से **डॉ. केशव चंद्र जेना, उप- निदेशक अभिलेखागार, भारतीय राष्ट्रीय अभिलेखागार,** जनपथ, नई दिल्ली- 110001, इस विज्ञापन के प्रकाशन **की तिथि** से 45 दिनों की अवधि के भीतर भेजा जा **सकता है.**<br>अंतिम तिथि के बाद प्राप्त आवेदन अथवा अन्यथा अपूर्ण आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा और अस्वीकार कर दिया जाएगा. |
| 2. | [फाइल संख्या -4-26 (प्रतिनियुक्ति)/ 2023-स्था.I] - **वैज्ञानिक अधिकारी** के 02 (दो) पद, सामान्य केंद्रीय सेवा, समूह 'बी' पद (राजपत्रित), वेतन मैट्रिक्स स्तर- 8 में गैर-मंत्रालयी (47,600/- 15,11,00/-रुपये) के रूप में वर्गीकृत. चार वर्षों के बाद गैर- कार्यात्मक चयन ग्रेड के रूप में लेवल- 9 (रु. 53,100/- - रु. 1,67,800/-). | |
| 3. | [फाइल संख्या ए- 4-37/2022- स्था.I]- 4 (चार) **सूक्ष्मछाया अधिकारी** का पद, सामान्य केंद्रीय सेवा, समूह 'बी' पद (राजपत्रित) वेतन मैट्रिक्स स्तर- 7 में गैर-मंत्रालयी (44,900/- 1,42,400/-रुपये) के रूप में वर्गीकृत. | |

CBC 09108/11/0001/2627 EN 13/1

# जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय
# Jawaharlal Nehru University
New Delhi-110067
नई दिल्ली-110067

विज्ञापन संख्या 01/आरसी(एनटी)/2026

विश्वविद्यालय में विभिन्न गैर-शिक्षण पदों पर नियुक्ति के लिए योग्य उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं. रिक्तियों, योग्यताओं, सामान्य निर्देशों आदि का विवरण जेएनयू की वेबसाइट **https://www.jnu.ac.in/career** पर गैर-शिक्षण टैब के अंतर्गत अपलोड किया जाएगा. किसी भी प्रकार का परिशिष्ट/संशोधन केवल विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर ही प्रकाशित किया जाएगा.

EN 13/60 (रजिस्ट्रार)

# खाद्य विज्ञान और फसलोत्तर प्रौद्योगिकी संभाग

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद्-भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान
नई दिल्ली-110012

भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद् (आईसीएमआर, नई दिल्ली) द्वारा प्रायोजित परियोजना के अंतर्गत **परियोजना अनुसंधान वैज्ञानिक-II** के एक अस्थायी पद को भरने के लिए खाद्य विज्ञान और फसलोत्तर प्रौद्योगिकी संभाग, आईसीएआर-भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली-110012 में **3 जुलाई, 2026** को वॉक्-इन साक्षात्कार आयोजित किया जाएगा. इस पद के लिए निश्चित मासिक वेतन 67000 रुपये (30% एचआरए सहित) है. यह पद सभी श्रेणियों के लिए खुला है. अधिक जानकारी के लिए संस्थान की वेबसाइट **www.iari.res.in** देखें. केवल वे ही उम्मीदवार जो अनिवार्य योग्यताएं पूरी करते हैं, उन्हें प्रमाणों के साथ उपस्थित होना चाहिए.

EN 13/77

# इंजीनियरिंग प्रोजैक्ट्स (इंडिया) लिमिटेड
(भारत सरकार का उद्यम)

**विज्ञा. सं. एचआरएम/भर्ती/03/2026** **दिनांकः 27.06.2026**

ईपीआई, भारी उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में एक 'मिनी' रत्न केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम विद्युत, इस्पात, औद्योगिक, सिविल और अवसंरचना क्षेत्रों में बहुआयामी परियोजनाओं की व्यापक रेंज के कार्यों को टर्न की आधार पर निष्पादित करने में संलग्न, को **इंजीनियरिंग प्रोजेक्ट्स (इंडिया) लिमि., पीसीओ, बामरा मानोर, फ्लैट नंबर 201, प्लॉट नंबर 109, यूनिट-07, सूर्य नगर, भुवनेश्वर, ओडिशा-751003** में सीधे साक्षात्कार के जरिए नियत अवधि आधार पर ई-I **स्तर पर सहायक प्रबंधक (सिविल)/ई-2 स्तर पर प्रबंधक ग्रेड-II (इलेक्ट्रिकल)/ई-4 स्तर** पर **वरिष्ठ प्रबंधक (सिविल)** की आवश्यकता है.

अधिक जानकारी के लिए हमारी वेबसाइट **'www.epi.gov.in'** पर पधारें.

सीधे साक्षात्कार की तिथि 13.07.2026 है.

शुद्धिपत्र, यदि कोई है, केवल हमारी वेबसाइट पर प्रकाशित किया जायेगा.

EN 13/79

# काशी हिन्दू विश्वविद्यालय
# BANARAS HINDU UNIVERSITY
An Institution of National Importance established by an Act of Parliament

**काशी हिन्दू विश्वविद्यालय**, पात्र उम्मीदवारों से नियमित आधार पर सीधी भर्ती द्वारा भरे जाने वाले शिक्षण पदों हेतु निम्नलिखित रोलिंग विज्ञापनों के अंतर्गत ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है:

1. **रोलिंग विज्ञापन संख्या IMS-12/2015-26 (शिक्षण पद)** चिकित्सा विज्ञान संस्थान (चिकित्सा संकाय, दंत विज्ञान संकाय एवं नर्सिंग कॉलेज)।
2. **रोलिंग विज्ञापन संख्या FAy-13/2025-26 (शिक्षण पद)** आयुर्वेद संकाय, चिकित्सा विज्ञान संस्थान।

अर्हता, पात्रता की शर्ते, आवेदन प्रक्रिया, तथा अन्य निर्देशों के विस्तृत विवरण हेतु अभ्यर्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.bhu.ac.in/rac को देखें। ऑनलाइन आवेदन एवं आवेदन शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि **10.07.2026 सायं 5:00 बजे तक** है।

**विज्ञापन संख्याः 14/2025-26**
**(भारत कला भवन में समूह 'ख' एवं 'ग' के गैर-शिक्षण पदों हेतु)**

**काशी हिन्दू विश्वविद्यालय**, भारत कला भवन में समूह 'ख' एवं समूह 'ग' के गैर–शिक्षण पदों पर नियुक्ति हेतु पात्र उम्मीदवारों से निर्धारित प्रारूप में ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है।

ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने एवं आवेदन शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि **08.07.2026 को सायं 5:00 बजे** तक है।

अर्हता, पात्रता की शर्ते, आवेदन प्रक्रिया, तथा अन्य निर्देशों के विस्तृत विवरण हेतु विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.bhu.ac.in/rac को देखें।

ऑनलाइन आवेदन पत्र की डाउनलोड की गई प्रति, स्वप्रमाणित आवश्यक अभिलेखों सहित **उप कुलसचिव, चयन एवं आकलन प्रकोष्ठ, होलकर भवन, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी 221005** के कार्यालय में **13.07.2026 को सायं 5:00** बजे तक या उससे पहले अवश्य पहुंच जाना चाहिए।

**दिनांकः 09/11.06.2026** EN 13/75 **कुलसचिव**

NIDJ
राष्ट्रीय डिज़ाइन संस्थान असम
National Institute of Design Assam

**भर्ती सूचना सं. एनआईडीजे/2026-27/प्रशासन/भर्ती/105/137**

राष्ट्रीय डिज़ाइन संस्थान (एनआईडी), असम, संसद अधिनियम द्वारा जोरहट में स्थापित उद्योग व आंतरिक व्यवसाय प्रचार विभाग (डीपीआईआईटी), वाणिज्य व उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त संस्थान और राष्ट्रीय महत्व का संस्थान है. एनआईडी असम निम्नलिखित प्रशासनिक पद के लिए आवेदन आमंत्रित करता है. विस्तृत विज्ञापन/आवेदन जमा के लिए कृपया वेबसाइट **www.nidj.ac.in** या राष्ट्रीय करियर सेवा (**www.ncs.gov.in**) देखें.

| क्र.सं. | पद का नाम | आरक्षण श्रेणी | वेतन लेवल | कुल पद | ऊपरी आयु सीमा |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | **वरिष्ठ सहायक (वित्त व लेखा)** | 1-अपिव | एल-6 | 1 | 35 वर्ष |

**तिथिः 25/05/2026**

**पंजीयक व सीएओ (आई और सी)**

EN 13/54

होटल प्रबंध संस्थान-गोवा/I.H.M.-GOA

## होटल प्रबंध, खान-पान प्रौद्योगिकी एवं अनुप्रयुक्त पोषण विज्ञान संस्थान

(पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन स्वायत्तशासी निकाय, 1968 में स्थापित)

डाकघर आल्तो पर्वरी, बार्देश-गोवा - 403521

## Institute of Hotel Management, Catering Technology & Applied Nutrition

An Autonomous Body under Ministry of Tourism
Government of India, Established in 1968
P.O. Alto-Porvorim, Bardez - Goa 403521.
दूरभाष / TEL. 2417252/ 2411142/2417379/7722015622
ई-मेल/Email: donna.dsouza@ihmgoa.gov.in
वेबसाइट/Website: www.ihmgoa.gov.in

### रिक्ति सूचना / Vacancy Notice

योग्य भारतीय नागरिकों से निम्नलिखित पद के लिए प्रत्यक्ष भर्ती तथा अल्पकालिक अनुबंध / प्रतिनियुक्ति के आधार पर आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं.

**पद का नाम : प्रधानाचार्य - 01 पद (अनारक्षित)**

**वेतनमान :** वेतन स्तर 13 (रु. 1,23,100-2,15,900) 7वें वेतन आयोग मैट्रिक्स के अनुसार (ग्रुप 'A')

**आयु सीमा :** 01 अक्टूबर 2026 को 53 वर्ष से अधिक नहीं.

विस्तृत जानकारी (शैक्षणिक योग्यता, अनुभव, आवेदन प्रारूप आदि) **www.ihmgoa.gov.in** पर उपलब्ध है. रोजगार समाचार में विज्ञापन प्रकाशित होने की तिथि से **तीन सप्ताह के भीतर** आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि है. इस विज्ञापन से संबंधित किसी भी प्रकार का संशोधन/परिशिष्ट आदि केवल संस्थान की वेबसाइट पर ही जारी किया जाएगा. अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे अद्यतन/महत्वपूर्ण जानकारी के लिए संस्थान की वेबसाइट नियमित रूप से देखते रहें.

Applications are invited from the eligible Indian citizens for the following post on direct recruitment and Short Term Contract / Deputation:

**Name of the Post: PRINCIPAL - 01 UR (Unreserved)**

**Pay Scale:** Pay Level 13 (Rs. 1,23,100 -2,15,900) as per 7th CPC Matrix (Group 'A')

**Age Limit:** Not Exceeding 53 years as on 1st October 2026

The detailed information (Educational Qualification, Experience, Application Format etc.) is available at **www.ihmgoa.gov.in**. The last date for receipt of applications is within **three weeks** from the date of publication of advertisement in the Employment News. Any corrigendum / addendum etc. to this advertisement will be issued only on the Institute's website. Applicants are advised to visit the Institute website regularly for any updates / important information.

**EN 13/55** प्रधानाचार्य/सचिव/ Principal/ Secretary

---

# मनोहर पर्रिकर इंस्टीट्यूट फॉर डिफेंस स्टडीज़ एंड एनालिसिस

www.idsa.in

**नं. 1, डेवलपमेंट एन्क्लेव, दिल्ली कैंट, नई दिल्ली-110010**
**टेलीफ़ोन नंबर- 011-26717983 वेबसाइटः www.idsa.in**
**(विज्ञापन संख्याः MP-IDSA/0274/2026)**

### रिक्ति की घोषणा - प्रशासनिक कर्मचारी

निम्नलिखित पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं:-

| क्रम संख्या | पद का नाम | पदों की संख्या | न्यूनतम योग्यता* | वेतन संरचना |
|---|---|---|---|---|
| 1. | लाइब्रेरियन सह सूचना अधिकारी | 01 (यूआर) | किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से पुस्तकालय विज्ञान/सूचना विज्ञान/ प्रलेखीकरण में कम से कम 55% अंकों या समकक्ष ग्रेड के साथ स्नातकोत्तर डिग्री. एमएस-ऑफिस और पुस्तकालय सॉफ्टवेयर का कंप्यूटर ज्ञान. | सातवें सीपीसी के स्तर 10 के समकक्ष वेतनमान (56,100-1,77,500 रुपये) |
| 2. | वरिष्ठ पुस्तकालय सहायक | 01 (यूआर) | किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से पुस्तकालय विज्ञान/सूचना विज्ञान/ प्रलेखीकरण में कम से कम 50% अंकों या समकक्ष ग्रेड के साथ स्नातकोत्तर डिग्री. एमएस-ऑफिस और पुस्तकालय सॉफ्टवेयर का कंप्यूटर ज्ञान. | सातवें सीपीसी के स्तर 06 के समकक्ष वेतनमान (35,400-1,12,400 रुपये) |

- पदों की जानकारी, पात्रता मानदंड, शैक्षणिक योग्यता, अनुभव, आदि का विवरण संस्थान की वेबसाइट **http://www.idsa.in/jobs** पर दिया गया है.
- **कृपया हमारे विज्ञापन संख्या MP-IDSA/0266/2024 (दिनांक 10.08.2024) को देखें; लाइब्रेरियन सह सूचना अधिकारी (क्रम संख्या 2) का पद रद्द कर दिया गया है.**
- **आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि-15 जुलाई, 2026.**

**CBC 10113/11/0003/2627** **EN 13/73**

---

## कर्मचारी भविष्य निधि संगठन
## Employees' Provident Fund Organisation

(श्रम एवं रोज़गार मंत्रालय, भारत सरकार)
(MINISTRY OF LABOUR & EMPLOYMENT, GOVERNMENT OF INDIA)
मुख्य कार्यालय /Head Office
द्वितीय तल, ब्लॉक-II, ईस्ट किदवई नगर, नई दिल्ली-110023
Second Floor, Block II, East Kidwai Nagar, New Delhi-110 023
Website: www.epfindia.gov.in, www.epfindia.nic.in

संख्याः भर्ती/प्रतिनियुक्ति / लेखा परीक्षा प्रभाग / 2026/250

### रिक्ति विज्ञापन

**कर्मचारी भविष्य निधि संगठन में प्रतिनियुक्ति के आधार पर विभिन्न पदों को भरने के संबंध में.**

**कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के लेखा परीक्षा प्रभाग** में प्रतिनियुक्ति के आधार पर विभिन्न पदों को भरने के लिए पात्र उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं.

2. क.भ.नि.सं. के **लेखा परीक्षा प्रभाग** में प्रतिनियुक्ति के आधार पर विभिन्न पदों पर नियुक्ति के लिए सामान्य नियम और शर्तें, पदों के लिए विवरण और पात्रता की शर्तें, आवेदन के लिए प्रोफॉर्मा आदि से संबंधित जानकारी ईपीएफओ वेबसाइट **www.epfindia.gov.in>>Miscellaneous>> Recruitments** पर उपलब्ध रिक्ति परिपत्र से देखी जा सकती है.

**3. आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि 14 अगस्त 2026 को सायं 05:00 बजे तक है.**

क्षेत्रीय भ.नि. आयुक्त-II
भर्ती प्रभाग, क.भ.नि.सं., मुख्यालय

**EN 13/61**

---

## महापत्तन न्यायनिर्णायक बोर्ड
## Adjudicatory Board for Major Ports

पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार
Ministry of Ports, Shipping and Waterways, Govt. of India

विज्ञापन संख्याः ABMP/CON/2026-02

**संविदा आधार पर सलाहकार (रजिस्ट्री), सलाहकार (IT) और सलाहकार (Sr. PPS/PPS/ PS) की नियुक्ति**

महापत्तन न्यायनिर्णायक बोर्ड एक अर्ध-न्यायिक निकाय है, जिसकी स्थापना महापत्तन प्राधिकरण अधिनियम, 2021 (2021 का 1) की धारा 54 की उपधाराओं (1) एवं (2) तथा धारा 55 के अंतर्गत की गई है. उक्त अधिनियम की धारा 58 के अंतर्गत निहित कार्यों के निर्वहन हेतु महापत्तन न्यायनिर्णायक बोर्ड को सिविल न्यायालय के समकक्ष शक्तियां प्रदान की गई हैं.

2. महापत्तन न्यायनिर्णायक बोर्ड में संविदा आधार पर सलाहकार (रजिस्ट्री), सलाहकार (IT) और सलाहकार (Sr. PPS/PPS/ PS) के रूप में नियुक्ति हेतु योग्य अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं. यह नियुक्ति प्रारंभिक रूप से एक वर्ष की अवधि के लिए होगी, जसे संतोषजनक कामकाज और काम की जरूरत के अधीन, वार्षिक आधार पर नवीनीकरण करते हुए अधिकतम तीन वर्ष तक बढ़ाया जा सकता है. पात्रता मानदंड, शैक्षणिक योग्यता, अनुभव, आयु सीमा, सेवा की शर्तें, पारिश्रमिक, आवेदन प्रक्रिया तथा अन्य सामान्य निर्देशों के संबंध में विस्तृत जानकारी हेतु अभ्यर्थी बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट **https://abmp.in/** का अवलोकन करें.

| Sr. No. | Name of Contractual Position | No. of Position | Place | Consolidated Remuneration |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Consultant (Registry) | 1 | Mumbai | Last Pay minus Pension (as per DoE OM dated 09.12.2020) |
| 2. | Consultant (IT) | 1 | Mumbai | |
| 3. | Consultant (Sr. PPS/PPS/ PS) | 3 | Mumbai | |

- केवल ऑनलाइन माध्यम से प्राप्त आवेदन की स्वीकार किए जाएंगे.
- इस संबंध में यदि कोई संशोधन/परिशिष्ट अथवा परिणाम घोषित किया जाना हो, तो वह केवल बोर्ड की वेबसाइट **https://abmp.in/** पर ही प्रकाशित किया जाएगा.
- **ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि, रोजगार समाचार में इस विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से 30 (तीस) दिवस होगी.**

प्रशासनिक अधिकारी, ए.बी.एम.पी.

**CBC 37224/11/0001/2627** **EN 13/100**

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

## भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान मोहाली
(शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन)
**INDIAN INSTITUTE OF SCIENCE EDUCATION AND RESEARCH MOHALI**
(Ministry of Education, Govt. of India)
IN PURSUIT OF KNOWLEDGE

विज्ञापन. सं. एल(01)/संविदा/2026 तिथिः 14.06.2026

# कान्ट्रैक्ट के आधार पर लेक्चरर की भर्ती

इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एजुकेशन एंड रिसर्च (IISER) मोहाली, जो राष्ट्रीय महत्व का संस्थान है, बायोलॉजिकल/केमिकल/HSS/EES/साइंस एजुकेशन/डेटा साइंस विभागों में आठ (08) लेक्चरर (03 OBC, 03 UR, 01 EWS और 01 ST) के पदों पर पूरी तरह से कॉन्ट्रैक्ट के आधार पर नियुक्ति के लिए योग्य भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित करता है। आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि **08/07/2026** को शाम **05:00** बजे तक है।

शैक्षिक योग्यता, अनुभव, सामान्य शर्तें आदि के बारे में विस्तृत जानकारी के लिए, कृपया संस्थान की वेबसाइट www.iisermohali.ac.in पर जाएं।

अगर कोई सुधार/अतिरिक्त जानकारी/रद्द करने का नोटिस होता है, तो उसे केवल संस्थान की वेबसाइट पर ही प्रकाशित किया जाएगा।

**कुल सचिव, आईआईएसईआर मोहाली**

EN 13/64

---

## टाटा मूलभूत अनुसंधान संस्थान
टामूअसं tifr
**Tata Institute of Fundamental Research**
होमी भाभा रोड, कुलाबा, मुंबई- 400005
Homi Bhabha Road, Colaba, Mumbai-400005
भारत सरकार के परमाणु ऊर्जा विभाग की स्वायत्त संस्था एवं समविश्वविद्यालय
An Autonomous Institution of the Department of Atomic Energy of Government of India and a Deemed to be University

### विज्ञापन सं. 2026/12

मुंबई में स्थित निम्नलिखित पद के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं.

| क्र. सं. | पद का नाम | अनारक्षित पद | अधिकतम आयु वर्ष | समेकित वेतन (एचआरए सहित) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | परियोजना कनिष्ठ अभियंता (बी) [सिविल] | 3 | 28 | 63,900 रुपये/- |

आवेदन केवल ऑनलाइन ही स्वीकार किए जाएंगे.

अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/पीडब्ल्युबी/ईडब्ल्यूएस उम्मीदवार सामान्य (अनारक्षित) पद/पदों के लिए आवेदन कर सकते हैं. अनारक्षित पदों के लिए आवेदन करने वाले अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवारों को आयु में छूट नहीं मिलेगी और उन्हें ऑनलाइन आवेदन करना चाहिए.

**ऑनलाइन आवेदन भरने की अंतिम तिथिः विज्ञापन प्रकाशन की तिथि से 22 दिन. योग्यता, अनुभव, सामान्य जानकारी और ऑनलाइन आवेदन जमा करने से संबंधित विवरण तथा आवेदन की अंतिम तिथि में किसी भी प्रकार के विस्तार के लिए, कृपया वेबसाइट http://www.tifr.res.in/positions पर जाएं.** इस विज्ञापन में किसी भी प्रकार का संशोधन (यदि आवश्यक हो) केवल संस्थान की वेबसाइट **http://www.tifr.res.in/positions** पर ही प्रकाशित किया जाएगा.

CBC 48124/11/0007/2627 EN 13/57 रजिस्ट्रार, टीआईएफआर

---

एफ सं. 10/एनएमए-प्रशा./2025 (सी-452)
भारत सरकार
संस्कृति मंत्रालय

## राष्ट्रीय स्मारक प्राधिकरण

24 तिलक मार्ग, नई दिल्ली-110001

**राष्ट्रीय स्मारक प्राधिकरण (एनएमए) में अध्यक्ष का पद भरने के लिए आवेदन आमंत्रित**

राष्ट्रीय स्मारक प्राधिकरण (एनएमए), प्राचीन स्मारक और पुरातत्व स्थल तथा अवशेष अधिनियम, 1958 (2010 में यथा संशोधित) के तहत गठित संस्कृति मंत्रालय के अधीन एक स्वायत्त संस्था, वास्तुकला, देश और नगर योजना, वास्तुकला, धरोहर, संरक्षण-वास्तुकला या विधि के क्षेत्रों में प्रामाणिक अनुभव और विशेषज्ञता रखने वाले प्रतिष्ठित पेशेवरों से राष्ट्रीय स्मारक प्राधिकरण (एनएमए) के अध्यक्ष के तौर पर नियुक्ति हेतु आवेदन-पत्र आमंत्रित करता है.

**2. अध्यक्ष के तौर पर नियुक्ति के लिए पात्रता मानदंड और सेवा शर्तें निम्नानुसार हैं:-**

i. अध्यक्ष को 2,25,000 रुपये का निश्चित वेतन और भारत सरकार में सचिव स्तर के अधिकारी को मिलने वाले अन्य भत्ते दिए जाएंगे.

ii. यदि अध्यक्ष के तौर पर नियुक्त व्यक्ति को कोई पेंशन मिल रही है, तो उस व्यक्ति के वेतन में से उसे मिलने वाली पेंशन की कुल राशि घटा दी जाएगी.

iii. आवेदन जमा करने की आखिरी तारीख को अधिकतम आयु 67 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए.

iv. अध्यक्ष का कार्यकाल पद संभालने की तारीख से तीन वर्ष या 70 वर्ष की आयु पूरी होने तक (इनमें से जो भी पहले हो) होगा, और वे दोबारा नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होंगे.

v. कोई भी व्यक्ति, जिसने भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण या भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय या किसी राज्य सरकार में कोई पद संभाला हो, या जिसे ऐसे किसी पद पर नियुक्ति के लिए उपयुक्त नहीं पाया गया हो, वह एनएमए के अध्यक्ष के तौर पर नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा.

vi. कोई भी व्यक्ति, जिसे या तो कोई अनुमति या लाइसेंस दिया गया हो या ऐसी कोई अनुमति या लाइसेंस देने से मना किया गया हो, या कोई व्यक्ति या उसका कोई संबंधी जिसका किसी प्रतिबंधित क्षेत्र या विनियमित क्षेत्र में कोई हित हो, वह अध्यक्ष के रूप में नियुक्त होने के योग्य नहीं होगा. इस उद्देश्य के लिए, "संबंधी" का अर्थ हैः-

क. अध्यक्ष या एनएमए के सदस्य का जीवनसाथी;

ख. एनएमए अध्यक्ष या सदस्य का भाई या बहन;

ग. एनएमए के अध्यक्ष या सदस्य के जीवनसाथी का भाई या बहन;

घ. एनएमए के अध्यक्ष या सदस्य के माता-पिता में से किसी का भाई या बहन;

ड़. एनएमए के अध्यक्ष या सदस्य का कोई पूर्वज या वंशज;

च. एनएमए के अध्यक्ष या सदस्य के जीवनसाथी का कोई पूर्वज या वंशज;

छ. खंड (ख) से (च) में उल्लिखित व्यक्ति का जीवनसाथी.

vii. अध्यक्ष के पद पर नियुक्त व्यक्ति केंद्र सरकार के सेवारत कर्मचारियों पर लागू होने वाली छुट्टियों (सीएल/ईएल) का हकदार होगा. हालांकि, वह एलटीसी, छुट्टी के बदले नकद भुगतान (अवकाश नकदीकरण), चिकित्सा भत्ता, सरकारी आवास आदि का हकदार नहीं होगा.

viii. अध्यक्ष का मुख्यालय राष्ट्रीय स्मारक प्राधिकरण, 24, तिलक मार्ग, नई दिल्ली होगा.

**3.** संगत क्षेत्रों, जैसा कि ऊपर उल्लेख किया गया है, से इच्छुक और पात्र प्रतिष्ठित पेशेवर अपने आवेदन साथ में निर्धारित प्रोफॉर्मा में विस्तृत जीवनवृत्त संलग्न करते हुए प्रस्तुत कर सकते हैं. सेवानिवृत्त सरकारी अधिकारियों के मामले में, पेंशन भुगतान आदेश की एक प्रति भी संलग्न की जानी चाहिए. **आवेदन पत्र निदेशक, राष्ट्रीय स्मारक प्राधिकरण को director@nma.gov.in पर केवल ई-मेल से 18 अगस्त, 2026 को या इससे पहले केंद्रीय सरकार के विचारार्थ प्रस्तुत किए जा सकते हैं.**

**विवरण के लिए कृपया वेबसाइट https://www.nma.gov.in पर पधारें.**

CBC 09125/11/0001/2627 EN 13/11

---

ncbs

## राष्ट्रीय जैविक विज्ञान केंद्र

**टाटा मूलभूत अनुसंधान संस्थान**
**विज्ञापन संख्या 7/2026**
**राष्ट्रीय जैविक विज्ञान केंद्र (एनसीबीएस), टीआईएफआर, बेंगलुरु में प्रशासनिक और वैज्ञानिक पदों पर नियुक्ति**

टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ फंडामेंटल रिसर्च (टीआईएफआर), भारत सरकार के परमाणु ऊर्जा विभाग (डीएई) के अधीन एक स्वायत्त संस्थान है और एक डीम्ड विश्वविद्यालय भी है, जो मुख्य रूप से डॉक्टरेट कार्यक्रमों के लिए डिग्री प्रदान करने वाले संस्थान के तत्वावधान में कार्य करता है. नेशनल सेंटर फॉर बायोलॉजिकल साइंसेज (एनसीबीएस) टीआईएफआर का एक केंद्र है और निम्नलिखित पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है.

| क्र. सं. | पद का नाम | अनुभाग | रिक्तियों की सं. | आरक्षित श्रेणी | वेतन स्तर (7वां सीपीसी) | 01.01.2026 को अधिकतम आयु* |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | प्रशासनिक अधिकारी 'सी' | खरीद एवं भण्डार | 1 | अनारक्षित | लेवल-10 | 40 साल |
| 2. | लेखा अधिकारी 'सी' | वित्त एवं लेखा | 1 | अन्य पिछड़ा वर्ग | लेवल-10 | 43 साल |
| 3. | वैज्ञानिक अधिकारी 'सी' | पशुचिकित्सा | 1 | अन्य पिछड़ा वर्ग | लेवल-10 | 31 साल |

*** भारत सरकार के नियमों के अनुसार आयु में छूट है.**

**ऑनलाइन आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 20 जुलाई 2026 है.**

योग्यता, अनुभव, सामान्य जानकारी और आवेदन जमा करने की ऑनलाइन प्रक्रिया से संबंधित विवरण, साथ ही आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाने के लिए, कृपया वेबसाइट **https://www.ncbs.res.in/jobportal/** पर जाएं. इस विज्ञापन पर कोई भी आदेश आवेदन की तिथि से पहले ही जारी किया जाएगा.

**प्रमुख, प्रशासन एवं वित्त**

CBC 48140/11/0001/2627 EN 13/67

Let us grow together
A NAVRATNA COMPANY

# राष्ट्रीय केमिकल्स एण्ड फर्टिलाइजर्स लिमिटेड

(भारत सरकार का उपक्रम)
प्रशासनिक भवन, चेंबूर, मुंबई 400 074
सीआईएन - L24110MH1978GOI020185

**विज्ञापन संख्या. 18032026**

पूरे भारत में ट्रॉम्बे/थल/क्षेत्रीय कार्यालयों के लिए अधिकारी (वित्त) - 2 पद, अधिकारी (मानव संसाधन) - 1 पद, अधिकारी (चिकित्सा) - 2 पद, वरिष्ठ प्रबंधक (सीसी लैब) - 1 पद और अधिकारी (विधि) - 1 पद की बैकलॉग रिक्तियों के लिए विशेष भर्ती अभियान। साथ ही पूरे भारत में ट्रॉम्बे/थल/क्षेत्रीय कार्यालयों के लिए विभिन्न पदों की अन्य रिक्तियों के लिए भी भर्ती।

राष्ट्रीय केमिकल्स एण्ड फर्टिलाइजर्स लिमिटेड (आरसीएफ लिमिटेड) उर्वरकों और औद्योगिक रसायनों के निर्माण एवं विपणन के व्यापार में लाभ अर्जित करने वाली अग्रणी "नवरत्न" कंपनी है, जिसका कुल व्यापार लगभग रु. 18690.90 करोड़ है। राष्ट्रीय स्तर के विपणन नेटवर्क के साथ इसकी निर्माण इकाइयां महाराष्ट्र (ट्रॉम्बे चेंबूर, मुंबई तथा थल, जिला-रायगड) में स्थित है। कंपनी उत्कृष्ट करियर विकास के अवसर प्रदान करती है। कंपनी निम्नलिखित पदों की भर्ती करना चाहती है।

| क्र. | पद का विवरण | अधिकतम आयु | योग्यता | अनुभव | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अधिकारी (वित्त) E1 श्रेणी<br>पोस्ट कोड संख्या: E1FIN/032026<br>पदों की संख्या: कुल 5 पद (बैकलॉग पद सहित)<br>आरक्षण: 2 एससी (1 बैकलॉग सहित), 2-एसटी (1 बैकलॉग सहित), 1 ओबीसी (एनसीएल) | 01.03.2026 को ऊपरी आयु सीमा एससी/ एसटी श्रेणी के लिए - 39 वर्ष, ओबीसी (एनसीएल) श्रेणी के लिए - 37 वर्ष,<br>1984 के दंगों के पीड़ितों के बच्चों/परिवार के सदस्यों के लिए अतिरिक्त रियायत - 5 वर्ष। | योग्यता:<br>ए. सीए/सीएमए<br>या<br>बी. यूजीसी/एआईसीटीई से मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से वाणिज्य, लेखा/वित्त अनुशासन (बी.कॉम, बीएमएस, बीएएफ, बीबीए) में नियमित और पूर्णकालिक स्नातक डिग्री।<br>और<br>दो साल की नियमित और पूर्णकालिक स्नातकोत्तर डिग्री (एमबीए) मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन / दो साल की नियमित और पूर्णकालिक (एमएमएस) मास्टर ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज / दो साल की नियमित और पूर्णकालिक बिजनेस मैनेजमेंट में पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा (एमबीए के समकक्ष) / दो साल की नियमित और पूर्णकालिक प्रबंधन में पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा (एमबीए के समकक्ष) या वित्त में विशेषज्ञता के साथ समकक्ष मास्टर डिग्री।<br>उपर्युक्त सभी योग्यताएं यूजीसी/एआईसीटीई से मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से होनी चाहिए।<br>एम. कॉम डिग्री मान्य नहीं है।<br>यदि मार्कशीट/डिग्री/डिप्लोमा प्रमाण पत्र में विशेषज्ञता का उल्लेख नहीं है, तो विशेषज्ञता को निर्दिष्ट करने वाला कॉलेज/विश्वविद्यालय से पत्र आवश्यक होगा। | 01.03.2026 तक पोस्ट योग्यता इनलाइन अनुभव:<br>• लेखापरीक्षा/ बजट/ कराधान सहित लेखांकन और वित्तीय मामलों से निपटने वाले कार्यकारी संवर्ग में योग्यता के बाद न्यूनतम 2 वर्ष का अनुभव।<br>• प्रशिक्षण/ इंटर्नशिप/ आर्टिकल शिप की अवधि को 01.03.2026 को अपेक्षित अनुभव अवधि में नहीं गिना जाएगा।<br>• अनुभव न्यूनतम निर्धारित योग्यता प्राप्त करने के बाद होना चाहिए।<br>• एसएपी फिको मॉड्यूल में ज्ञान वांछनीय। | न्यूनतम प्रतिशत:<br>ए. सीए/सीएमए के लिए कोई प्रतिशत मानदंड नहीं।<br>बी. उम्मीदवारों को पोस्ट-ग्रेजुएशन डिग्री/डिप्लोमा अर्थात एमबीए/एमएमएस/पीजीडीएम/पीजीडीबीएम या वित्त में समकक्ष स्नातकोत्तर डिग्री के अंतिम वर्ष में न्यूनतम 60% अंक (एससी / एसटी श्रेणी के उम्मीदवारों के लिए 55%) प्राप्त करने चाहिए।<br>जहां भी डिग्री में सीजीपीए/ओजीपीए ग्रेड प्रदान किया जाता है, उम्मीदवार को संबंधित विश्वविद्यालय/संस्थान से समकक्ष प्रतिशत अंक प्राप्त करने होंगे और आवेदन में प्रतिशत का उल्लेख करना होगा। |
| 2 | अधिकारी (मानव संसाधन) E1 श्रेणी<br>पोस्ट कोड संख्या: E1HR/032026<br>पदों की संख्या: कुल 1 पद (बैकलॉग)<br>आरक्षण: 1 एससी (बैकलॉग) | 01.03.2026 को ऊपरी आयु सीमा एससी श्रेणी के लिए - 39 वर्ष<br>1984 के दंगों के पीड़ितों के बच्चों/परिवार के सदस्यों के लिए अतिरिक्त रियायत - 5 वर्ष। | योग्यता:<br>ए. यूजीसी/एआईसीटीई से मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से किसी भी विषय में पूर्णकालिक नियमित स्नातक डिग्री।<br>और<br>मानव संसाधन/कार्मिक/समाज कार्य/कल्याण/औद्योगिक संबंध/श्रम अध्ययन में विशेषज्ञता के साथ 2 वर्षीय पूर्णकालिक नियमित स्नातकोत्तर डिग्री।<br>मानव संसाधन/कार्मिक/समाज कार्य/कल्याण/औद्योगिक संबंध/श्रम अध्ययन में विशेषज्ञता के साथ 2 वर्षीय पूर्णकालिक नियमित स्नातकोत्तर डिप्लोमा (एमबीए के समकक्ष)।<br>मानव संसाधन/कार्मिक/समाज कार्य/कल्याण/औद्योगिक संबंध/श्रम अध्ययन में विशेषज्ञता के साथ 2 वर्षीय पूर्णकालिक स्नातकोत्तर डिप्लोमा (एमबीए के समकक्ष)।<br>मानव संसाधन/कार्मिक/समाज कार्य/कल्याण/औद्योगिक संबंध/श्रम अध्ययन में विशेषज्ञता के साथ 2 वर्षीय पूर्णकालिक समकक्ष स्नातकोत्तर डिग्री।<br>उपरोक्त सभी योग्यताएं यूजीसी/एआईसीटीई से मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से होनी चाहिए।<br>कानून में अतिरिक्त योग्यता को प्राथमिकता दी जाएगी।<br>मराठी भाषा में दक्षता वांछनीय है।<br>यदि मार्कशीट/डिग्री/डिप्लोमा प्रमाण पत्र में विशेषज्ञता का उल्लेख नहीं है, तो कॉलेज/विश्वविद्यालय से विशेषज्ञता को स्पष्ट रूप से बताने वाला पत्र आवश्यक होगा। | 01.03.2026 तक पोस्ट योग्यता इनलाइन अनुभव:<br>• मानव संसाधन विभाग में श्रम प्रशासन, औद्योगिक संबंध, शिकायत निवारण, कल्याण, न्यायालयी मामले आदि से संबंधित न्यूनतम 2 वर्ष का अनुभव।<br>• अनुभव निर्धारित योग्यता प्राप्त करने के बाद होना चाहिए।<br>• प्रशिक्षण/ इंटर्नशिप/ अप्रेंटिसशिप की अवधि को 01.03.2026 तक के अपेक्षित अनुभव अवधि में नहीं गिना जाएगा। | न्यूनतम प्रतिशत:<br>उम्मीदवारों को पोस्ट ग्रेजुएशन डिग्री/ डिप्लोमा के अंतिम वर्ष में न्यूनतम 55% (एससी श्रेणी के उम्मीदवारों के लिए) कुल अंक प्राप्त करने चाहिए।<br>यदि किसी डिग्री में सीजीपीए/ओजीपीए ग्रेड दिया जाता है, तो उम्मीदवार को संबंधित विश्वविद्यालय/संस्थान से समकक्ष प्रतिशत अंक प्राप्त करने होंगे और आवेदन में उस प्रतिशत का उल्लेख करना होगा। |
| 3 | अधिकारी (चिकित्सा) E1 श्रेणी<br>पोस्ट कोड संख्या: E1MED/032026<br>पदों की संख्या: कुल 2 पद (बैकलॉग)<br>आरक्षण: 2 ओबीसी (एनसीएल) (बैकलॉग) | 01.03.2026 को ऊपरी आयु सीमा ओबीसी (एनसीएल) श्रेणी के लिए - 37 वर्ष<br>1984 के दंगों के पीड़ितों के बच्चों/परिवार के सदस्यों के लिए अतिरिक्त रियायत - 5 वर्ष। | योग्यता:<br>एमबीबीएस, इंटर्नशिप पूर्ण करने के बाद भारतीय चिकित्सा परिषद / महाराष्ट्र चिकित्सा परिषद / अन्य राज्य चिकित्सा परिषद में पंजीकरण।<br>उन उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जाएगी जिन्होंने राज्य सरकार या महानिदेशालय, कारखाना परामर्श सेवा एवं श्रम संस्थान (डीजीएफएएसएलआई) द्वारा मान्यता प्राप्त तीन महीने का औद्योगिक स्वास्थ्य प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम या एसोसिएट फेलो ऑफ इंडस्ट्रियल हेल्थ (एएफआईएच) उत्तीर्ण किया हो, या जिन्होंने एनेस्थेसियोलॉजी में दो वर्षीय मान्यता प्राप्त डिप्लोमा उत्तीर्ण किया हो।<br>कंप्यूटर का कार्यात्मक ज्ञान होना अनिवार्य है। | 01.03.2026 तक पोस्ट योग्यता इनलाइन अनुभव:<br>• बड़े अस्पताल/ औद्योगिक अस्पताल (25 बिस्तर या उससे अधिक) में इंटर्नशिप को छोड़कर न्यूनतम 2 वर्ष का अनुभव होना अनिवार्य है।<br>• अनुभव निर्धारित योग्यता प्राप्त करने के बाद होना चाहिए।<br>• प्रशिक्षण/ इंटर्नशिप/ अप्रेंटिसशिप की अवधि को 01.03.2026 तक अपेक्षित अनुभव अवधि में नहीं गिना जाएगा। | न्यूनतम प्रतिशत:<br>कोई प्रतिशत मानदंड नहीं। |

(शेष पृष्ठ 22 पर)

(पृष्ठ 21 का शेष)

| क्र. | पद का विवरण | अधिकतम आयु | योग्यता | अनुभव | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| 4 | वरिष्ठ प्रबंधक (सीसी लैब) E5 श्रेणी<br>पोस्ट कोड संख्या: E5CCLAB/032026<br>पदों की संख्या: कुल 1 पद (बैकलॉग)<br>आरक्षण: 1 ओबीसी (एनसीएल) (बैकलॉग) | 01.03.2026 को ऊपरी आयु सीमा ओबीसी (एनसीएल) श्रेणी के लिए - 52 वर्ष<br>1984 के दंगों के पीड़ितों के बच्चों/परिवार के सदस्यों के लिए अतिरिक्त रियायत - 5 वर्ष। | योग्यता:<br>ए. यूजीसी/एआईसीटीई से मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से रसायन विज्ञान में पीएचडी।<br>या<br>बी. यूजीसी/एआईसीटीई से मान्यता प्राप्त संस्थानों से रसायन इंजीनियरिंग/पेट्रोकेमिकल इंजीनियरिंग/केमिकल टेक्नोलॉजी में चार वर्षीय पूर्णकालिक बी.ई./बी.टेक इंजीनियरिंग स्नातक।<br>नियमित और पूर्णकालिक द्विभाषी/एकीकृत/संबद्ध डिग्रियां भी पात्र हैं, हालांकि, यदि कोई अन्य संबद्ध विषय हैं, तो डिग्री में रसायन/पेट्रोकेमिकल का उल्लेख होना अनिवार्य है।<br>या<br>सी. इंजीनियरिंग में तीन वर्षीय पूर्णकालिक डिप्लोमा के बाद यूजीसी/एआईसीटीई से मान्यता प्राप्त संस्थान से रसायन इंजीनियरिंग/पेट्रोकेमिकल इंजीनियरिंग/केमिकल टेक्नोलॉजी में तीन वर्षीय पूर्णकालिक बी.ई./बी.टेक इंजीनियरिंग स्नातक।<br>नियमित और पूर्णकालिक द्विभाषी/एकीकृत/संबद्ध डिग्रियां भी पात्र हैं, हालांकि, यदि कोई अन्य संबद्ध विषय हैं, तो डिग्री में रसायन/पेट्रोकेमिकल का उल्लेख होना अनिवार्य है।<br>यूजीसी/एआईसीटीई से मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से रसायन विज्ञान में पीएचडी को प्राथमिकता दी जाएगी। | 01.03.2026 तक पोस्ट योग्यता इनलाइन अनुभव:<br>• शैक्षणिक/ अनुसंधान क्षेत्र में न्यूनतम 17 वर्ष का प्रासंगिक अनुभव होना अनिवार्य है।<br>• अनुभव निर्धारित योग्यता प्राप्त करने के बाद होना चाहिए।<br>• प्रशिक्षण/ इंटर्नशिप/ अप्रेंटिसशिप की अवधि को 01.03.2026 तक अपेक्षित अनुभव अवधि में नहीं गिना जाएगा। | न्यूनतम प्रतिशत:<br>क. पीएचडी उम्मीदवारों के लिए कोई प्रतिशत मानदंड नहीं है।<br>ख. एवं ग. इंजीनियरिंग स्नातकों के मामले में, उम्मीदवारों को इंजीनियरिंग स्नातक के अंतिम वर्ष में न्यूनतम 60% कुल अंक प्राप्त होने चाहिए।<br>यदि किसी डिग्री में सीजीपीए/ओजीपीए ग्रेड दिया जाता है, तो उम्मीदवार को संबंधित विश्वविद्यालय/संस्थान से समकक्ष प्रतिशत अंक प्राप्त करने होंगे और आवेदन में उस प्रतिशत का उल्लेख करना होगा। |
| 5 | अधिकारी (विधि) E1 श्रेणी<br>पोस्ट कोड संख्या: E1LEGAL/032026<br>पदों की संख्या: कुल 1 पद (बैकलॉग)<br>आरक्षण: 1 ओबीसी (एनसीएल) (बैकलॉग) | 01.03.2026 को ऊपरी आयु सीमा ओबीसी (एनसीएल) श्रेणी के लिए - 37 वर्ष<br>1984 के दंगों के पीड़ितों के बच्चों/परिवार के सदस्यों के लिए अतिरिक्त रियायत - 5 वर्ष। | योग्यता:<br>नियमित और पूर्णकालिक विधि स्नातक, जिनके पास भारत के किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से विधि में डिग्री हो, या विधि स्नातक जिन्होंने 5 वर्षीय एकीकृत विधि पाठ्यक्रम उत्तीर्ण किया हो। | 01.03.2026 तक पोस्ट योग्यता इनलाइन अनुभव:<br>• सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/ सरकारी सेवा/ स्वायत्त निकायों/बहुराष्ट्रीय कंपनियों/निजी संगठनों/कानूनी फर्मों में काम करने/वकील के रूप में वकालत करने में योग्यता प्राप्त करने के बाद कम से कम 2 वर्ष का प्रासंगिक अनुभव होना अनिवार्य है।<br>• 01.03.2026 तक अपेक्षित अनुभव अवधि में प्रशिक्षण/ इंटर्नशिप/अप्रेंटिसशिप की अवधि को शामिल नहीं किया जाएगा। | न्यूनतम प्रतिशत:<br>एलएलबी की डिग्री के अंतिम वर्ष/अंतिम दो सेमेस्टर के कुल अंकों में न्यूनतम 60% अंक अनिवार्य हैं।<br>यदि डिग्री में सीजीपीए/ओजीपीए ग्रेड दिया जाता है, तो उम्मीदवार को संबंधित विश्वविद्यालय/संस्थान से समकक्ष प्रतिशत अंक प्राप्त करने होंगे और आवेदन पत्र में उस प्रतिशत का उल्लेख करना होगा। |
| 6 | सहायक अभियंता (विद्युत) E0 श्रेणी<br>पोस्ट कोड संख्या: E0ASSTELE/032026<br>पदों की संख्या: कुल 5 पद<br>आरक्षण: 4 यूआर, 1 ओबीसी (एनसीएल) | 01.03.2026 को ऊपरी आयु सीमा यूआर श्रेणी के लिए - 42 वर्ष ओबीसी (एनसीएल) श्रेणी के लिए - 45 वर्ष<br>1984 के दंगों के पीड़ितों के बच्चों/परिवार के सदस्यों के लिए अतिरिक्त रियायत - 5 वर्ष। | योग्यता:<br>ए. यूजीसी/एआईसीटीई से मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से इलेक्ट्रिकल/ इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग/प्रौद्योगिकी की संबद्ध शाखाओं में पूर्णकालिक एवं नियमित 3 वर्षीय डिप्लोमा।<br>या<br>बी. एचएससी (विज्ञान) और यूजीसी/एआईसीटीई से मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/ संस्थान से इलेक्ट्रिकल/इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग/प्रौद्योगिकी की संबद्ध शाखाओं में 3 वर्षीय डिप्लोमा के द्वितीय वर्ष/तृतीय सेमेस्टर में सीधा प्रवेश।<br>या<br>सी. यूजीसी/एआईसीटीई से मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से सैंडविच पैटर्न के तहत इलेक्ट्रिकल/इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग/प्रौद्योगिकी की संबद्ध शाखाओं में 4 वर्षीय (8 सेमेस्टर) या साढ़े तीन वर्षीय (7 सेमेस्टर) पूर्णकालिक एवं नियमित डिप्लोमा।<br>या<br>डी. एचएससी (विज्ञान) और यूजीसी/एआईसीटीई से मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से सैंडविच पैटर्न के तहत इलेक्ट्रिकल/इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग/प्रौद्योगिकी की संबद्ध शाखाओं में 4 वर्षीय (8 सेमेस्टर) या साढ़े तीन वर्षीय (7 सेमेस्टर) पूर्णकालिक एवं नियमित डिप्लोमा के द्वितीय वर्ष/तृतीय सेमेस्टर में सीधा प्रवेश। | 01.03.2026 तक पोस्ट योग्यता इनलाइन अनुभव:<br>• डिप्लोमा प्राप्त करने के बाद कम से कम 16 वर्ष का प्रासंगिक कार्य अनुभव।<br>• प्रशिक्षण/ इंटर्नशिप/ अप्रेंटिसशिप की अवधि को 01.03.2026 तक अपेक्षित अनुभव अवधि में नहीं गिना जाएगा। | न्यूनतम प्रतिशत:<br>डिप्लोमा के अंतिम वर्ष/अंतिम दो सेमेस्टर के कुल अंकों में न्यूनतम 60% अंक।<br>यदि डिप्लोमा में सीजीपीए/ओजीपीए ग्रेड दिया जाता है, उम्मीदवार को संबंधित विश्वविद्यालय/संस्थान से समकक्ष प्रतिशत अंक प्राप्त करने होंगे और आवेदन में उस प्रतिशत का उल्लेख करना होगा। |
| 7 | अभियंता (विद्युत) E1 श्रेणी<br>पोस्ट कोड संख्या: E1ELE/032026<br>पदों की संख्या: कुल 5 पद<br>आरक्षण: 4 यूआर, 1 ओबीसी (एनसीएल), पीडब्ल्यूबीडी - 01 सी) ओ एच एक निचला अंग प्रभावित | 01.03.2026 को ऊपरी आयु सीमा यूआर श्रेणी के लिए - 34 वर्ष, ओबीसी (एनसीएल) श्रेणी के लिए - 37 वर्ष, पीडब्ल्यूबीडी यूआर श्रेणी के लिए - 44 वर्ष, पीडब्ल्यूबी ओबीसी (एनसीएल) श्रेणी के लिए - 47 वर्ष,<br>1984 के दंगों के पीड़ितों के बच्चों/परिवार के सदस्यों के लिए अतिरिक्त रियायत - 5 वर्ष। | योग्यता:<br>ए. इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में नियमित एवं पूर्णकालिक 4 वर्षीय बी.ई./बी.टेक. स्नातक / इलेक्ट्रिकल एवं पावर इंजीनियरिंग में नियमित एवं पूर्णकालिक 4 वर्षीय बी.ई./बी.टेक. स्नातक / इलेक्ट्रिकल पावर इंजीनियरिंग में नियमित एवं पूर्णकालिक 4 वर्षीय बी.ई./बी.टेक. स्नातक।<br>उपरोक्त सभी योग्यताएं यूजीसी/एआईसीटीई से मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से होनी चाहिए।<br>या<br>बी. इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में 3 वर्षीय नियमित एवं पूर्णकालिक बी.ई./बी.टेक. स्नातक / इलेक्ट्रिकल एवं पावर इंजीनियरिंग में 3 वर्षीय नियमित एवं पूर्णकालिक बी.ई./बी.टेक. स्नातक /इलेक्ट्रिकल पावर इंजीनियरिंग में 3 वर्षीय नियमित एवं पूर्णकालिक बी.ई./बी.टेक. स्नातक<br>उपरोक्त सभी योग्यताएं इंजीनियरिंग में 3 वर्षीय नियमित एवं पूर्णकालिक डिप्लोमा के बाद प्राप्त की जानी चाहिए।<br>उपरोक्त सभी योग्यताएं यूजीसी/एआईसीटीई से मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से होनी चाहिए।<br>या<br>सी. यूजीसी/एआईसीटीई से अनुमोदित संस्थानों से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग / इलेक्ट्रिकल एवं पावर इंजीनियरिंग / इलेक्ट्रिकल पावर इंजीनियरिंग में नियमित एवं पूर्णकालिक द्विभाषी/एकीकृत डिग्री। | 01.03.2026 तक पोस्ट योग्यता इनलाइन अनुभव:<br>• उर्वरक/ रसायन/ रिफाइनरी/ पेट्रोकेमिकल/ सीमेंट उद्योग, विद्युत संयंत्रों में विभिन्न उच्च तापीय/कम तापीय विद्युत उपकरणों के रखरखाव में योग्यता प्राप्त करने के बाद कम से कम 2 वर्ष का क्षेत्र अनुभव।<br>उर्वरक/ रसायन/ रिफाइनरी/ पेट्रोकेमिकल उद्योग में अनुभव रखने वाले उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जाएगी।<br>• प्रशिक्षण/ इंटर्नशिप/ अप्रेंटिसशिप की अवधि को 01.03.2026 तक अपेक्षित अनुभव अवधि में नहीं गिना जाएगा। | न्यूनतम प्रतिशत:<br>उम्मीदवारों को इंजीनियरिंग स्नातक के अंतिम वर्ष में न्यूनतम 60% कुल अंक प्राप्त होने चाहिए।<br>यदि किसी डिग्री में सीजीपीए/ओजीपीए ग्रेड दिया जाता है, तो उम्मीदवार को संबंधित विश्वविद्यालय/संस्थान से समकक्ष प्रतिशत अंक प्राप्त करने होंगे और आवेदन में उस प्रतिशत का उल्लेख करना होगा। |

(शेष पृष्ठ 23 पर)

(पृष्ठ 22 का शेष)

| क्र. | पद का विवरण | अधिकतम आयु | योग्यता | अनुभव | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| 8 | वरिष्ठ अभियंता (विद्युत)<br>E2 श्रेणी<br>पोस्ट कोड संख्या:<br>E2ELE/032026<br>पदों की संख्या: कुल 5 पद<br>आरक्षण: 4 यूआर, 1 ओबीसी (एनसीएल) | 01.03.2026 को ऊपरी आयु सीमा यूआर श्रेणी के लिए - 36 वर्ष, ओबीसी (एनसीएल) श्रेणी के लिए - 39 वर्ष,<br>1984 के दंगों के पीड़ितों के बच्चों/परिवार के सदस्यों के लिए अतिरिक्त रियायत - 5 वर्ष। | योग्यता:<br>ए. इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में 4 वर्षीय नियमित एवं पूर्णकालिक बी.ई./बी.टेक. स्नातक / इलेक्ट्रिकल एवं पावर इंजीनियरिंग में 4 वर्षीय नियमित एवं पूर्णकालिक बी.ई./बी.टेक. स्नातक /इलेक्ट्रिकल पावर इंजीनियरिंग में 4 वर्षीय नियमित एवं पूर्णकालिक बी.ई./बी.टेक. स्नातक।<br>उपरोक्त सभी योग्यताएं यूजीसी/एआईसीटीई से मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से होनी चाहिए।<br>या<br>बी. इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में 3 वर्षीय नियमित एवं पूर्णकालिक बी.ई./बी.टेक. स्नातक /इलेक्ट्रिकल एवं पावर इंजीनियरिंग में 3 वर्षीय नियमित एवं पूर्णकालिक बी.ई./बी.टेक. स्नातक /इलेक्ट्रिकल पावर इंजीनियरिंग में 3 वर्षीय नियमित एवं पूर्णकालिक बी.ई./बी.टेक. स्नातक उपरोक्त सभी योग्यताएं इंजीनियरिंग में 3 वर्षीय नियमित एवं पूर्णकालिक डिप्लोमा के बाद प्राप्त की जानी चाहिए।<br>उपरोक्त सभी योग्यताएं यूजीसी/एआईसीटीई से मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से होनी चाहिए।<br>या<br>सी. यूजीसी/एआईसीटीई से अनुमोदित संस्थानों से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग / इलेक्ट्रिकल एवं पावर इंजीनियरिंग / इलेक्ट्रिकल पावर इंजीनियरिंग में नियमित एवं पूर्णकालिक द्विभाषी/एकीकृत डिग्री। | 01.03.2026 तक पोस्ट योग्यता इनलाइन अनुभव:<br>• उर्वरक/ रसायन/ रिफाइनरी/ पेट्रोकेमिकल/ सीमेंट उद्योग, विद्युत संयंत्रों में विभिन्न उच्च तापीय/कम तापीय विद्युत उपकरणों के रखरखाव में योग्यता प्राप्त करने के बाद कम से कम 4 वर्ष का क्षेत्र अनुभव।<br>उर्वरक/ रसायन/ रिफाइनरी/ पेट्रोकेमिकल उद्योग में अनुभव रखने वाले उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जाएगी।<br>• प्रशिक्षण/ इंटर्नशिप/ अप्रेंटिसशिप की अवधि को 01.03.2026 तक अपेक्षित अनुभव अवधि में नहीं गिना जाएगा। | न्यूनतम प्रतिशत:<br>उम्मीदवारों को इंजीनियरिंग स्नातक के अंतिम वर्ष में कुल मिलाकर न्यूनतम 60% अंक प्राप्त होने चाहिए।<br>यदि डिग्री में सीजीपीए/ओजीपीए ग्रेड दिया जाता है, तो उम्मीदवार को संबंधित विश्वविद्यालय/संस्थान से समकक्ष प्रतिशत अंक प्राप्त करने होंगे और आवेदन में उस प्रतिशत का उल्लेख करना होगा। |
| 9 | उप प्रबंधक (विद्युत) E3 श्रेणी<br>पोस्ट कोड संख्या:<br>E3ELE/032026<br>पदों की संख्या: कुल 3 पद<br>आरक्षण: 2 यूआर, 1 ओबीसी (एनसीएल) | 01.03.2026 को ऊपरी आयु सीमा यूआर श्रेणी के लिए - 38 वर्ष, ओबीसी (एनसीएल) श्रेणी के लिए - 41 वर्ष,<br>1984 के दंगों के पीड़ितों के बच्चों/परिवार के सदस्यों के लिए अतिरिक्त रियायत - 5 वर्ष। | योग्यता:<br>ए. इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में नियमित एवं पूर्णकालिक 4 वर्षीय बी.ई./बी.टेक. स्नातक /इलेक्ट्रिकल एवं पावर इंजीनियरिंग में नियमित एवं पूर्णकालिक 4 वर्षीय बी.ई./बी.टेक. स्नातक /इलेक्ट्रिकल पावर इंजीनियरिंग में नियमित एवं पूर्णकालिक 4 वर्षीय बी.ई./बी.टेक. स्नातक।<br>उपरोक्त सभी योग्यताएं यूजीसी/एआईसीटीई से मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से होनी चाहिए।<br>या<br>बी. इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में 3 वर्षीय नियमित एवं पूर्णकालिक बी.ई./बी.टेक. स्नातक /इलेक्ट्रिकल एवं पावर इंजीनियरिंग में 3 वर्षीय नियमित एवं पूर्णकालिक बी.ई./बी.टेक. स्नातक /इलेक्ट्रिकल पावर इंजीनियरिंग में 3 वर्षीय नियमित एवं पूर्णकालिक बी.ई./बी.टेक. स्नातक उपरोक्त सभी योग्यताएं इंजीनियरिंग में 3 वर्षीय नियमित एवं पूर्णकालिक डिप्लोमा के बाद प्राप्त की जानी चाहिए।<br>उपरोक्त सभी योग्यताएं यूजीसी/एआईसीटीई से मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से होनी चाहिए।<br>या<br>सी. यूजीसी/एआईसीटीई से अनुमोदित संस्थानों से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग / इलेक्ट्रिकल एवं पावर इंजीनियरिंग / इलेक्ट्रिकल पावर इंजीनियरिंग में नियमित एवं पूर्णकालिक द्विभाषी/एकीकृत डिग्री। | 01.03.2026 तक पोस्ट योग्यता इनलाइन अनुभव:<br>• उर्वरक/ रसायन/ रिफाइनरी/ पेट्रोकेमिकल/सीमेंट उद्योग, विद्युत संयंत्रों में विभिन्न उच्च तापीय/कम तापीय विद्युत उपकरणों के रखरखाव में योग्यता प्राप्त करने के बाद कम से कम 8 वर्ष का क्षेत्र अनुभव होना चाहिए।<br>उर्वरक/ रसायन/ रिफाइनरी/ पेट्रोकेमिकल उद्योग में अनुभव रखने वाले उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जाएगी।<br>• प्रशिक्षण/ इंटर्नशिप/ अप्रेंटिसशिप की अवधि को 01.03.2026 तक अपेक्षित अनुभव अवधि में नहीं गिना जाएगा। | न्यूनतम प्रतिशत:<br>उम्मीदवारों को इंजीनियरिंग स्नातक के अंतिम वर्ष में न्यूनतम 60% कुल अंक प्राप्त होने चाहिए।<br>यदि किसी डिग्री में सीजीपीए/ओजीपीए ग्रेड दिया जाता है, तो उम्मीदवार को संबंधित विश्वविद्यालय/संस्थान से समकक्ष प्रतिशत अंक प्राप्त करने होंगे और आवेदन में उस प्रतिशत का उल्लेख करना होगा। |
| 10 | अभियंता (सिविल) E1 श्रेणी<br>पोस्ट कोड संख्या:<br>E1CIVIL/032026<br>पदों की संख्या: कुल 2 पद<br>आरक्षण: 2 यूआर | 01.03.2026 को ऊपरी आयु सीमा यूआर श्रेणी के लिए - 34 वर्ष,<br>1984 के दंगों के पीड़ितों के बच्चों/परिवार के सदस्यों के लिए अतिरिक्त रियायत - 5 वर्ष। | योग्यता:<br>ए. सिविल इंजीनियरिंग में नियमित पूर्णकालिक 4 वर्षीय बी.ई./बी.टेक इंजीनियरिंग स्नातक /सिविल और अवसंरचना इंजीनियरिंग में नियमित पूर्णकालिक 4 वर्षीय बी.ई./बी.टेक इंजीनियरिंग स्नातक / सिविल इंजीनियरिंग (निर्माण प्रौद्योगिकी) में नियमित पूर्णकालिक 4 वर्षीय बी.ई./बी.टेक इंजीनियरिंग स्नातक / सिविल इंजीनियरिंग और योजना में नियमित पूर्णकालिक 4 वर्षीय बी.ई./बी.टेक इंजीनियरिंग स्नातक / सिविल प्रौद्योगिकी में नियमित पूर्णकालिक 4 वर्षीय बी.ई./बी.टेक इंजीनियरिंग स्नातक / निर्माण इंजीनियरिंग में नियमित पूर्णकालिक 4 वर्षीय बी.ई./बी.टेक इंजीनियरिंग स्नातक / निर्माण इंजीनियरिंग और प्रबंधन में नियमित पूर्णकालिक 4 वर्षीय बी.ई./बी.टेक इंजीनियरिंग स्नातक / निर्माण प्रौद्योगिकी में नियमित पूर्णकालिक 4 वर्षीय बी.ई./बी.टेक इंजीनियरिंग स्नातक /निर्माण प्रौद्योगिकी और प्रबंधन में नियमित पूर्णकालिक 4 वर्षीय बी.ई./बी.टेक इंजीनियरिंग स्नातक।<br>उपरोक्त सभी योग्यताएं यूजीसी/एआईसीटीई द्वारा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से होनी चाहिए।<br>या<br>बी. सीविल इंजीनियरिंग में 3 वर्षीय नियमित और पूर्णकालिक बी.ई./बी.टेक. स्नातक /सिविल और अवसंरचना इंजीनियरिंग में 3 वर्षीय नियमित और पूर्णकालिक बी.ई./बी.टेक. स्नातक /सिविल इंजीनियरिंग (निर्माण प्रौद्योगिकी) में 3 वर्षीय नियमित और पूर्णकालिक बी.ई./बी.टेक. स्नातक /सिविल इंजीनियरिंग और योजना में 3 वर्षीय नियमित और पूर्णकालिक बी.ई./बी.टेक. स्नातक /सिविल प्रौद्योगिकी में 3 वर्षीय नियमित और पूर्णकालिक बी.ई./बी.टेक. स्नातक /निर्माण इंजीनियरिंग में 3 वर्षीय नियमित और पूर्णकालिक बी.ई./बी.टेक. स्नातक /निर्माण इंजीनियरिंग और प्रबंधन में 3 वर्षीय नियमित और पूर्णकालिक बी.ई./बी.टेक. स्नातक /निर्माण प्रौद्योगिकी में 3 वर्षीय नियमित और पूर्णकालिक बी.ई./बी.टेक. स्नातक /निर्माण प्रौद्योगिकी और प्रबंधन में 3 वर्षीय नियमित और पूर्णकालिक बी.ई./बी.टेक. स्नातकउपरोक्त सभी योग्यताएं इंजीनियरिंग में 3 वर्षीय नियमित और पूर्णकालिक डिप्लोमा के बाद प्राप्त की जानी चाहिए।<br>उपरोक्त सभी योग्यताएं यूजीसी/एआईसीटीई द्वारा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से होनी चाहिए।<br>या | 01.03.2026 तक पोस्ट योग्यता इनलाइन अनुभव:<br>• प्रक्रिया उद्योग में न्यूनतम 2 वर्ष का योग्यता-प्राप्त अनुभव, अधिमानतः उर्वरक/ रसायन/रिफाइनरी/ पेट्रोकेमिकल क्षेत्र में।<br>• प्रशिक्षण/ इंटर्नशिप/ अप्रेंटिसशिप की अवधि को 01.03.2026 तक अपेक्षित अनुभव अवधि में नहीं गिना जाएगा। | न्यूनतम प्रतिशत:<br>उम्मीदवारों को इंजीनियरिंग स्नातक के अंतिम वर्ष में कुल मिलाकर न्यूनतम 60% अंक प्राप्त होने चाहिए।<br>यदि किसी डिग्री में सीजीपीए/ ओजीपीए ग्रेड दिया जाता हैं, तो उम्मीदवार को संबंधित विश्वविद्यालय/ संस्थान से समकक्ष प्रतिशत अंक प्राप्त करने होंगे और आवेदन में उस प्रतिशत का उल्लेख करना होगा। |

(शेष पृष्ठ 24 पर)

(पृष्ठ 23 का शेष)

| क्र. | पद का विवरण | अधिकतम आयु | योग्यता | अनुभव | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | सी. यूजीसी/एआईसीटीई से अनुमोदित संस्थानों से सिविल इंजीनियरिंग/सिविल और अवसंरचना इंजीनियरिंग/सिविल इंजीनियरिंग (निर्माण प्रौद्योगिकी)/सिविल इंजीनियरिंग और योजना/सिविल प्रौद्योगिकी/निर्माण इंजीनियरिंग/निर्माण इंजीनियरिंग और प्रबंधन/निर्माण प्रौद्योगिकी में नियमित और पूर्णकालिक दोहरी/एकीकृत डिग्री। | | |
| 11 | वरिष्ठ अभियंता (सिविल)<br>E2 श्रेणी<br>पोस्ट कोड संख्या: E2CIVIL/032026<br>पदों की संख्या: कुल 2 पद<br>आरक्षण: 2 यूआर | 01.03.2026 को ऊपरी आयु सीमा यूआर श्रेणी के लिए - 36 वर्ष,<br>1984 के दंगों के पीड़ितों के बच्चों/परिवार के सदस्यों के लिए अतिरिक्त रियायत - 5 वर्ष। | योग्यता:<br>ए. सिविल इंजीनियरिंग में नियमित पूर्णकालिक 4 वर्षीय बी.ई./बी.टेक इंजीनियरिंग स्नातक /सिविल और अवसंरचना इंजीनियरिंग में नियमित पूर्णकालिक 4 वर्षीय बी.ई./बी.टेक इंजीनियरिंग स्नातक / सिविल इंजीनियरिंग (निर्माण प्रौद्योगिकी) में नियमित पूर्णकालिक 4 वर्षीय बी.ई./बी.टेक इंजीनियरिंग स्नातक /सिविल इंजीनियरिंग और योजना में नियमित पूर्णकालिक 4 वर्षीय बी.ई./बी.टेक इंजीनियरिंग स्नातक /सिविल प्रौद्योगिकी में नियमित पूर्णकालिक 4 वर्षीय बी.ई./बी.टेक इंजीनियरिंग स्नातक /निर्माण इंजीनियरिंग में नियमित पूर्णकालिक 4 वर्षीय बी.ई./बी.टेक इंजीनियरिंग स्नातक /निर्माण इंजीनियरिंग और प्रबंधन में नियमित पूर्णकालिक 4 वर्षीय बी.ई./बी.टेक इंजीनियरिंग स्नातक / निर्माण प्रौद्योगिकी में नियमित पूर्णकालिक 4 वर्षीय बी.ई./बी.टेक इंजीनियरिंग स्नातक /निर्माण प्रौद्योगिकी और प्रबंधन में नियमित पूर्णकालिक 4 वर्षीय बी.ई./बी.टेक इंजीनियरिंग स्नातक।<br>उपरोक्त सभी योग्यताएं यूजीसी/एआईसीटीई द्वारा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से होनी चाहिए।<br>या<br>बी. सीविल इंजीनियरिंग में 3 वर्षीय नियमित और पूर्णकालिक बी.ई./बी.टेक. स्नातक /सिविल और अवसंरचना इंजीनियरिंग में 3 वर्षीय नियमित और पूर्णकालिक बी.ई./बी.टेक. स्नातक /सिविल इंजीनियरिंग (निर्माण प्रौद्योगिकी) में 3 वर्षीय नियमित और पूर्णकालिक बी.ई./बी.टेक. स्नातक / सिविल इंजीनियरिंग और योजना में 3 वर्षीय नियमित और पूर्णकालिक बी.ई./बी.टेक. स्नातक /सिविल प्रौद्योगिकी में 3 वर्षीय नियमित और पूर्णकालिक बी.ई./बी.टेक. स्नातक / निर्माण इंजीनियरिंग में 3 वर्षीय नियमित और पूर्णकालिक बी.ई./बी.टेक. स्नातक /निर्माण इंजीनियरिंग और प्रबंधन में 3 वर्षीय नियमित और पूर्णकालिक बी.ई./बी.टेक. स्नातक /निर्माण प्रौद्योगिकी में 3 वर्षीय नियमित और पूर्णकालिक बी.ई./बी.टेक. स्नातक /निर्माण प्रौद्योगिकी और प्रबंधन में 3 वर्षीय नियमित और पूर्णकालिक बी.ई./बी.टेक. स्नातक।<br>उपरोक्त सभी योग्यताएं इंजीनियरिंग में 3 वर्षीय नियमित और पूर्णकालिक डिप्लोमा के बाद प्राप्त की जानी चाहिए।<br>उपरोक्त सभी योग्यताएं यूजीसी/एआईसीटीई द्वारा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से होनी चाहिए।<br>या<br>सी. यूजीसी/एआईसीटीई से अनुमोदित संस्थानों से सिविल इंजीनियरिंग/सिविल और अवसंरचना इंजीनियरिंग/सिविल इंजीनियरिंग (निर्माण प्रौद्योगिकी)/सिविल इंजीनियरिंग और योजना/सिविल प्रौद्योगिकी/निर्माण इंजीनियरिंग/निर्माण इंजीनियरिंग और प्रबंधन/निर्माण प्रौद्योगिकी/निर्माण प्रौद्योगिकी और प्रबंधन में नियमित और पूर्णकालिक दोहरी/एकीकृत डिग्री। | 01.03.2026 तक पोस्ट योग्यता इनलाइन अनुभव:<br>• प्रक्रिया उद्योग में न्यूनतम 4 वर्ष का योग्यता-प्राप्त अनुभव, अधिमानतः उर्वरक/ रसायन/ रिफाइनरी/ पेट्रोकेमिकल क्षेत्र में।<br>• प्रशिक्षण/ इंटर्नशिप/ अप्रेंटिसशिप की अवधि को 01.03.2026 तक अपेक्षित अनुभव अवधि में नहीं गिना जाएगा। | न्यूनतम प्रतिशत:<br>उम्मीदवारों को इंजीनियरिंग स्नातक के अंतिम वर्ष में कुल मिलाकर न्यूनतम 60% अंक प्राप्त होने चाहिए।<br>यदि किसी डिग्री में सीजीपीए/ ओजीपीए ग्रेड दिया जाता हैं, तो उम्मीदवार को संबंधित विश्वविद्यालय/ संस्थान से समकक्ष प्रतिशत अंक प्राप्त करने होंगे और आवेदन में उस प्रतिशत का उल्लेख करना होगा। |

इच्छुक उम्मीदवार अधिक जानकारी के लिए कंपनी की वेबसाइट www.rcfltd.com के 'भर्ती' अनुभाग को देख सकते हैं। कृपया ध्यान दें कि अनुवाद पर विवाद की स्थिति में, अंग्रेजी अनुवाद अंतिम होगा।

EN 13/81

कार्यपालक निदेशक (मा.सं.)


प्रकाशन विभाग
सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय
भारत सरकार







विशेष मूल्य
₹306.00*
* सीमित समय के लिए

भारत के राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों, भारत सरकार के मंत्रालयों, विभागों तथा नीतियों, कार्यक्रमों और उपलब्धियों का विश्वसनीय संकलन

ऑर्डर देने के लिए संपर्क करें :
फोन : 011 24365609 | ईमेल : businesswng@gmail.com

ऑनलाइन खरीद के लिए www.bharatkosh.gov.in पर जाएं

वेबसाइट : www.publicationsdivision.nic.in

अन्य उपयोगी पुस्तकों/पत्रिकाओं के लिए कृपया पुस्तक दीर्घा, सूचना भवन, लोधी रोड, नई दिल्ली में पधारें

@publicationsdivision | @DPD_India | @dpd_india

Comp. No.: 219357
F. No. 2-8/WCCB/2022-23/ Group A&B/ 331

भारत सरकार
पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय

# वन्यजीव अपराध नियंत्रण ब्यूरो

द्वितीय मंजिल, त्रिकूट-I,
भीकाजी कामा प्लेस,
नई दिल्ली-110066

दिनांक : 10/06/2026

## शुद्धिपत्र

**वन्यजीव अपराध नियंत्रण ब्यूरो में प्रतिनियुक्ति के आधार पर विभिन्न पदों की भर्ती - संदर्भ**

वन्यजीव अपराध नियंत्रण ब्यूरो में प्रतिनियुक्ति के आधार पर विभिन्न रिक्त पदों की भर्ती के संबंध में दिनांक 27/04/2026 को जारी रिक्ति परिपत्र संख्या 2-8/WCCB/2022-23/Group A&B/201 के संदर्भ में.

2. इस संबंध में, प्रशासनिक कारणों से पूर्ण आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 45 दिनों के लिए बढ़ाकर 25-07-2026 तक कर दी गई है.

3. सभी प्रकार से पूर्ण आवेदन सहायक निदेशक (प्रशासन), वन्यजीव अपराध नियंत्रण ब्यूरो, त्रिकूट-I, भीकाजी कामा प्लेस, नई दिल्ली-110066 को डाक और ईमेल के माध्यम से उचित माध्यम से 25.07.2026 तक पहुंच जाने चाहिए. आवेदन पर स्पष्ट रूप से "वन्यजीव अपराध नियंत्रण ब्यूरो में __________ पद के लिए आवेदन" अंकित होना चाहिए.

4. उक्त विज्ञापन रोज़गार समाचार में दिनांक 9-15 मई, 2026 को प्रकाशित हुआ था और पूर्ण विज्ञापन और विवरण मंत्रालय की वेबसाइट moef.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है.

5. यह सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से जारी किया गया है.

संजीव कुमार गुप्ता
सहायक निदेशक/प्रशासन/
मुख्य अधिकारी
डब्ल्यूसीसीबी,
बीएचक्यू, नई दिल्ली
दूरभाष : 011- 20862739
ईमेल : adadm@wccb.gov.in

EN 13/88

---

## आयुर्विज्ञान में राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड

(स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार का स्वायत्त निकाय)
एनएएमएस बिल्डिंग, मेडिकल एन्क्लेव, अंसारी नगर, नई दिल्ली – **110029**

No. A-12011/3/2025-ESTB दिनांक: 02.06.2026

### रिक्ति सूचना

आयुर्विज्ञान में राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड (एनबीईएमएस), स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार का एक स्वायत्त निकाय है, जो आधुनिक चिकित्सा के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर उच्च मानक वाले स्नातकोत्तर परीक्षाओं का संचालन करता है।

एनबीईएमएस निम्नलिखित पदों पर नियमित नियुक्ति के लिए पात्र उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित करता है। ऑनलाइन आवेदन के लिए पंजीकरण **दिनांक: 29 जून, 2026** से सक्रिय हो जाएगा। योग्य उम्मीदवार कृपया अपनी जानकारी के लिए उपरोक्त तिथियों का ध्यान रखें। : -

| क्र० सं० | पद का नाम | ग्रुप | वेतन मैट्रिक्स स्तर | रिक्तियों की संख्या * | पात्रता शर्तें |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | **उप निदेशक (चिकित्सा)** | A | **स्तर** 11 | 02 | **आयु**: 35 **वर्ष से कम।**<br>**शैक्षणिक योग्यता**<br>**अनिवार्य**:<br>1. भारतीय चिकित्सा परिषद अधिनियम-**1956** के तहत अनुमोदित मान्यता प्राप्त स्नातकोत्तर चिकित्सा योग्यता।<br>**वांछनीय**:<br>चिकित्सा शिक्षा प्रौद्योगिकी में कोई प्रशिक्षण और/या आधुनिक मूल्यांकन तकनीकों में ज्ञान जिसमें एमसीक्यू तैयार करना, उम्मीदवारों के प्रदर्शन का एमईक्यू विश्लेषण आदि शामिल हैं। |
| 2. | **कनिष्ठ प्रोग्रामर** | B | **स्तर** 7 | 01 | **आयु**: 27 **वर्ष से कम।**<br>**शैक्षणिक योग्यता**<br>**अनिवार्य**:<br>बी.टेक./बीई/बीसीए/डीओईएसीसी ('बी' या 'सी' स्तर)/कंप्यूटर या समकक्ष में विशेषज्ञता के साथ कंप्यूटर विज्ञान/आईटी/इलेक्ट्रॉनिक्स में डिग्री। |
| 3. | **कनिष्ठ लेखाकार** | C | **स्तर** 4 | 04 | **आयु**: 27 **वर्ष से कम।**<br>**शैक्षणिक योग्यता**<br>**अनिवार्य**<br>1. किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से गणित या सांख्यिकी में स्नातक डिग्री या वाणिज्य में डिग्री।<br>2. एनबीईएमएस द्वारा निर्धारित परीक्षा उत्तीर्ण करना।<br>**वांछनीय**:<br>1. कंप्यूटर आधारित लेखांकन के ज्ञान के साथ सरकारी संस्थानों आदि में लेखा कार्यों में तीन वर्ष का अनुभव। |
| 4. | **आशुलिपिक** | C | **स्तर** 4 | 07 | **आयु**: 18-27 **वर्ष**<br>**शैक्षणिक योग्यता**<br>**अनिवार्य**<br>1. सीनियर सेकेंडरी (**12**वीं या **10+2**)<br>**अन्य योग्यताएं**:<br>1. आशुलिपि/टंकण में आशुलिपिक कौशल **80/30** शब्द प्रति मिनट<br>2. उम्मीदवारों को बोर्ड द्वारा आयोजित की जाने वाली सामान्य अंग्रेजी/आशुलिपि और टाइपराइटिंग परीक्षा में उपस्थित होना और उत्तीर्ण करना आवश्यक होगा।<br>**वांछनीय**:<br>1. सरकारी/पीएसयू/स्वायत्त निकाय में आशुलिपिक के रूप में दो वर्ष का अनुभव और कंप्यूटर पर कार्य प्रसंस्करण की क्षमता |
| 5. | **कनिष्ठ सहायक** | C | **स्तर** 2 | 39 | **आयु**: 27 **वर्ष से कम।**<br>**शैक्षणिक योग्यता**<br>**अनिवार्य**<br>1. केंद्रीय/राज्य सरकार/केंद्रशासित प्रदेश प्रशासन/शैक्षणिक प्राधिकरण द्वारा मान्यता प्राप्त किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड/विश्वविद्यालय से सीनियर सेकेंडरी परीक्षा उत्तीर्ण की हो।<br>2. कंप्यूटर और बेसिक सॉफ्टवेयर पैकेज जैसे विंडोज/नेटवर्क ऑपरेटिंग सिस्टम के उपयोग, लैन आर्किटेक्चर में कार्य करने में प्रवीणता।<br>3. एनबीईएमएस द्वारा निर्धारित परीक्षा उत्तीर्ण करना। |

**रिक्तियों की संख्या में परिवर्तन संभव है।* *आरक्षण भारत सरकार के मानदंडों के अनुसार*

ऑनलाइन पंजीकरण, अंतिम तिथि, पात्रता, आरक्षण, पाठ्यक्रम और अन्य नियमों एवं शर्तों पर अधिक जानकारी के लिए, कृपया एनबीईएमएस वेबसाइट **www.natboard.edu.in** पर विस्तृत रिक्ति सूचना देखें। परीक्षा की संभावित तिथि 5 और 6 सितंबर, 2026 को आयोजित होने के लिए निर्धारित है।

अपर निदेशक (गैर-चिकित्सा)

**हेल्पलाइन नंबर 011-45593000 | ईमेल: recruitment@natboard.edu.in**

EN 13/90

---

Established under Section 3 of the UGC Act, 1956 vide Notification No. F.9-31/2001-U.3 of the Government of India

# भारतीय विदेश व्यापार संस्थान

## (कोलकाता परिसर)

**मानित विश्वविद्यालय, भारत सरकार के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के अधीन**
**1583, मदुरदह, चौबागा रोड, कोलकाता–700107**
**फोन: (033)3501-4500/4600**

इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ़ फ़ॉरेन ट्रेड, कोलकाता कैंपस
कॉन्ट्रैक्ट के आधार पर निम्नलिखित पदों के लिए आवेदन आमंत्रित करता है:

1) पैरामेडिकल स्टाफ – **03** पद (**UR**)

2) नेटवर्क मैनेजर – **01** पद (**UR**)

3) कंसल्टेंट इंजीनियर – **01** पद (**UR**)

**आवेदन जमा करने की आखिरी तारीख 03 जुलाई, 2026 है। ज़्यादा जानकारी के लिए, कृपया IIFT की वेबसाइट https://iift.ac.in/ पर 'टेंडर और करियर' सेक्शन देखें।**

**श्री विनय गोयल,**
**सहायक कुलसचिव**

EN 13/78

# दिल्ली छावनी बोर्ड

## दिल्ली छावनी

सं. डीसीबी/12/VI/एई एवं जेई भर्ती/2026/एफएमएस-30388 दिनांकः 17 जून, 2026

**निम्नलिखित पदों की भर्ती के लिए ऑनलाइन भर्ती आवेदन आमंत्रित हैं.**

**(*: वेबसाइट www.delhi.cantt.gov.in का उपयोग करते हुए)**

**रिक्ति विवरण**

**विज्ञापन सं. 01/2026**

रिक्तियों की संख्या और आरक्षण

| क्रम सं. | पद का नाम | वेतन स्तर | अना | अपिव | अजा | अजजा | ईडब्ल्यूएस | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | सहायक अभियंता (सिविल) | 7वें कें.वे.आ. वेतन मैट्रिक्स (44900-142400) में स्तर 7 | 01 | 01 | 00 | 00 | 00 | 02 |

शैक्षणिक अर्हताः
**अनिवार्यः** मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से सिविल इंजीनियरिंग में डिग्री.

रिक्तियों की संख्या और आरक्षण

| क्रम सं. | पद का नाम | वेतन स्तर | अना | अपिव | अजा | अजजा | ईडब्ल्यूएस | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2. | सहायक अभियंता (यांत्रिक) | 7वें कें.वे.आ. वेतन मैट्रिक्स (रु. 44900-142400) में स्तर 7 | 01 | 00 | 00 | 00 | 00 | 01 |

शैक्षणिक अर्हताः
**अनिवार्यः** मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से यांत्रिक इंजीनियरिंग में डिग्री.

रिक्तियों की संख्या और आरक्षण

| क्रम सं. | पद का नाम | वेतन स्तर | अना | अपिव | अजा | अजजा | ईडब्ल्यूएस | कुल | पीडब्ल्यूबीडी* (सम्मिलित) | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | | श्रेणी (क) | श्रेणी (ख) | श्रेणी (ग) | श्रेणी (घ) और (ङ) |
| 3. | कनिष्ठ अभियंता (सिविल) | 7वें कें.वे.आ. वेतन मैट्रिक्स (रु. 35400-112400) में स्तर 06 | 01 | 01 | 01 | 01 | 01 | 05 | 00 | 01* | 00 | 00 |

शैक्षणिक अर्हताः
**अनिवार्यः** मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से सिविल इंजीनियरिंग में डिग्री. **अथवा**
मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय/बोर्ड/संस्थान से सिविल इंजीनियरिंग में तीन वर्षीय डिप्लोमा.

रिक्तियों की संख्या और आरक्षण

| क्रम सं. | पद का नाम | वेतन स्तर | अना | अपिव | अजा | अजजा | ईडब्ल्यूएस | कुल | पीडब्ल्यूबीडी* (सम्मिलित) | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | | श्रेणी (क) | श्रेणी (ख) | श्रेणी (ग) | श्रेणी (घ) और (ङ) |
| 4. | कनिष्ठ अभियंता (इलेक्ट्रिकल) | 7वें कें.वे.आ. वेतन मैट्रिक्स (रु. 35400-112400) में स्तर 06 | 01 | 00 | 00 | 00 | 00 | 01 | 00 | 00 | 00 | 00 |

शैक्षणिक अर्हताः
**अनिवार्यः** मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में डिग्री. **अथवा**
मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय/बोर्ड/संस्थान से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में तीन वर्षीय डिप्लोमा.

**महत्वपूर्ण अनुदेश**

1. उपरोक्त पदों की भर्ती के लिए पात्र उम्मीदवारों से आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते हैं. आवेदन पत्र दिल्ली, छावनी बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट, **www.delhi.cantt.gov.in** के जरिए केवल ऑनलाइन प्रस्तुत किये जायेंगे. ऑनलाइन आवेदन लिंक **15 जुलाई, 2026 से 14 अगस्त, 2026 तक** सक्रिय रखा जायेगा. किसी अन्य विधि से प्राप्त आवेदनों को स्वीकार नहीं किया जायेगा. उम्मीदवारों के लिए ऑनलाइन आवेदन फॉर्म के साथ आयु, शैक्षणिक अर्हताओं के प्रमाणपत्र, श्रेणी प्रमाणपत्र (जहां कहीं लागू है), और अन्य संगत दस्तावेज अपलोड करना अपेक्षित है. अपेक्षित दस्तावेजों के बगैर प्रस्तुत आवेदनों को अस्वीकार कर दिया जायेगा. ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने के लिए **अंतिम तिथि 14 अगस्त, 2026** है.
2. उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे पात्रता शर्तों, आरक्षण, आवेदन प्रक्रिया, परीक्षा योजना, पाठ्यक्रम और भर्ती की अन्य निबंधन एवं शर्तों के संबंध में जानकारी के लिए आधिकारिक वेबसाइट **www.delhi.cantt.gov.in** पर उपलब्ध विस्तृत विज्ञापन का संदर्भ लें.
3. सभी पदों के लिए आयु सीमा 21-30 वर्ष होगी. अजा, अजजा, अपिव, पीडब्ल्यूबीडी, भूतपूर्व सैनिक से संबंधित उम्मीदवारों और अन्य, पात्र श्रेणियों के लिए आयु में छूट आधिकारिक वेबसाइट **www.delhi.cantt.gov.in** पर उपलब्ध विस्तृत विज्ञापन के अनुसार देय होगी.
4. आयु सीमा, शैक्षणिक अर्हता, अनुभव और अन्य पात्रता शर्तों के निर्धारण के लिए निर्णायक तिथि ऑनलाइन आवेदन पत्र प्राप्त करने के लिए निर्धारित बंद होने की तिथि होगी.
5. आवेदन शुल्क प्रति पद प्रति उम्मीदवार रु. 850/- (आठ सौ पचास रुपये मात्र) होगी. शुल्क का भुगतान केवल ऑनलाइन विधि से किया जा सकता है. ऑनलाइन भुगतान सुविधा ऑनलाइन आवेदन फॉर्म प्रक्रिया के दौरान उपलब्ध होगी. महिला उम्मीदवारों, अजा/अजजा उम्मीदवारों, बेंचमार्क निःशक्तता ग्रस्त व्यक्तियों (पीडब्ल्यूबीडी), विधवाओं, तलाकशुदा महिला और अपने पतियों से न्यायिक रूप से अलग महिलाओं और जिन्होंने पुनः विवाह नहीं किया है, ट्रांसजेंडर व्यक्तियों और विभागीय उम्मीदवारों को आवेदन शुल्क के भुगतान से छूट है. शुल्क का एक बार भुगतान कर दिये जाने पर किसी भी परिस्थिति में इसे वापस नहीं किया जायेगा और न ही भविष्य की किसी भर्ती परीक्षा के लिए समायोजित किया जायेगा. भूतपूर्व सैनिक जो कि पहले ही पुनः रोजगार के लिए भूतपूर्व सैनिक को प्रदत्त आरक्षण का लाभ लेकर नियमित आधार पर दिल्ली छावनी बोर्ड के अधीन रोजगार प्राप्त कर चुके हैं, शुल्क में छूट के लिए पात्र नहीं हैं.
6. विज्ञापित रिक्तियां अनंतिम हैं और प्रशासनिक आवश्यकताओं के अनुरूप परिवर्तित हो सकती हैं. दिल्ली छावनी बोर्ड के पास बगैर कोई कारण बताए किसी भी चरण में भर्ती प्रक्रिया पूर्णरूपेण अथवा अंशतः संशोधित, निरस्त करने या वापस लेने का अधिकार सुरक्षित है. भर्ती के संबंध में सभी मामलों में सक्षम प्राधिकारी का निर्णय अंतिम और बाध्यकारी होगा तथा इस संबंध में किसी भी पत्राचार पर विचार नहीं किया जायेगा.
7. परीक्षा की तिथि, समय और अन्य विवरण दिल्ली छावनी बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर अलग से अधिसूचित किये जायेंगे. परीक्षा के स्थान का उल्लेख उम्मीदवारों को जारी प्रवेश पत्र में होगा.
8. उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे अद्यतनों, शुद्धिपत्र, परिशिष्ट और अन्य सूचना के लिए नियमित रूप से आधिकारिक वेबसाइट की जांच करते रहें.

**मुख्य कार्यकारी अधिकारी**
**दिल्ली छावनी**
**(रोबिन बलेजा)**

EN 13/97

---

भारत सरकार

## पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय

(स्था. अनुभाग)

परिवहन भवन, 1, संसद मार्ग, नई दिल्ली- 110001

रिक्ति परिपत्र सं. ए- 12025/1/2026-स्था.-I दिनांकः 9 जून, 2026

पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय में विकास स्कंध में **उप निदेशक (इंजीनियरिंग)** का एक पद प्रतिनियुक्ति (अल्पकालिक अनुबंध सहित)द्वारा भरने के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं, जो कि 7वें सीपीसी के अनुसार लेवलः 11 में एक सामान्य केंद्रीय सेवा समूह 'क', राजपत्रित, अननुसचिवीय पद है.

2. प्रतिनियुक्ति/अल्पकालिक अनुबंध की अवधि तीन (03) वर्षों की होगी. आवेदन पत्र के साथ शैक्षिक अर्हता, अनुभव और अन्य विवरण पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय की वेबसाइट अर्थात् **www.shipmin.gov.in** पर 'आदेश' भाग में 'रिक्ति' लिंक से डाउनलोड किया जा सकता है.

3. इच्छुक एवं पात्र अधिकारियों के आवेदन इस परिपत्र के रोजगार समाचार /एम्प्लॉयमेंट न्यूज में प्रकाशन की तिथि से **60 दिनों के भीतर उचित माध्यम से अवर सचिव (प्रशासन), पत्तन, पोत परिवहन एवं जलमार्ग मंत्रालय, कमरा संख्या 439, परिवहन भवन, 1- संसद मार्ग, नई दिल्ली- 110001 को भेजे जाएं.**

अवर सचिव, भारत सरकार
दूरभाषः- 011-23356711

CBC 37201/11/0005/2627 EN 13/82

---

भारत सरकार

रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय

## रसायन एवं पेट्रोरसायन विभाग

रसायन एवं पेट्रोरसायन विभाग वेतन मैट्रिक्स के स्तर- 12 (रु. 78,800- रु. 2,09,200) में **संयुक्त औद्योगिक सलाहकार** के एक और रिक्त पद के लिए मिश्रित विधि द्वारा (अल्पकालिक अनुबंध और पदोन्नति सहित), आवेदन आमंत्रित करता है.

विस्तृत विज्ञापन वेबसाइट **https://chemicals.gov.in/recruitments** पर दिया गया है. **इच्छुक अभ्यर्थी रोजगार समाचार में इस विज्ञापन के प्रकाशन की तारीख से 30 दिनों के भीतर उचित माध्यम से निर्धारित प्रारूप में अपना आवेदन निम्नलिखित पते पर भेज सकते हैं:**

**अवर सचिव (प्रशासन)**
**रसायन एवं पेट्रोरसायन विभाग**
**कमरा नंबर 23049, कार्य कक्ष, कर्तव्य भवन- 02**
**डॉ. राजेन्द्र प्रसाद रोड, नई दिल्ली- 110001**

CBC 02101/11/0002/2627 EN 13/85

# भारतीय प्रतिभूतिकरण परिसंपत्ति पुनर्निर्माण और प्रतिभूति स्वत्व की केंद्रीय रजिस्ट्री (सरसाई)

(भारत सरकार का उपक्रम)
4वीं मंजिल, ऑफिस ब्लॉक, टॉवर 1, प्लेट ए, एनबीसीसी, किदवई नगर ईस्ट, नई दिल्ली-110023
सीआईएनः U67100DL2011NPL 215270, www-cersai-org-in/ CERSAI/ home

## भर्ती अधिसूचना

## विज्ञापन संख्या 01/2026

CERSAI, जो भारत सरकार का एक उपक्रम (CPSE) है और कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 8 के तहत गठित है, योग्य भारतीय नागरिकों से 16 रेगुलर पदों के लिए आवेदन आमंत्रित करता है। इन पदों में शामिल हैं: डिप्टी जनरल मैनेजर (01 पद, लेवल E-5, वेतनमान ₹80,000-₹2,20,000 प्रति माह), असिस्टेंट जनरल मैनेजर (06 पद, लेवल E-4, वेतनमान ₹70,000 - ₹2,00,000 प्रति माह), चीफ मैनेजर (02 पद, लेवल E-3, वेतनमान ₹60,000 - ₹1,80,000 प्रति माह), सीनियर मैनेजर (02 पद, लेवल E-2, वेतनमान ₹50,000-₹1,60,000 प्रति माह), मैनेजर (04 पद, लेवल E-1, वेतनमान ₹40,000-₹1,40,000 प्रति माह) और असिस्टेंट मैनेजर (01 पद, लेवल E-0, वेतनमान ₹30,000-₹1,20,000 प्रति माह) विज्ञापन संख्या 01/2026 के तहत। सभी इच्छुक उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे इस विज्ञापन से संबंधित पात्रता मानदंडों और अन्य विवरणों के लिए 18.06.2026 से हमारी वेबसाइट www.cersai.org.in/CERSAI/home.prg के नोटिफिकेशन सेक्शन को देखें। भविष्य में सभी सूचनाएं केवल हमारी वेबसाइट के माध्यम से ही दी जाएंगी।

आवेदन जमा करने की अवधि: 21.06.2026 से 20.07.2026 तक।

दिनांक: 16/06/2026

उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन)
सरसाई, नई दिल्ली

EN 13/76

---

एफ सं. एचक्यू-क्यूबी012/5/2025-क्यूबी एवं एचक्यू-क्यूबी 012/ 17/2025-क्यूबी

भारत सरकार

# कर्मचारी चयन आयोग

कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग
ब्लॉक नंबर 12, सीजीओ कॉम्प्लेक्स, लोधी रोड, नई दिल्ली-110003

## संक्षिप्त सूचना

**कर्मचारी चयन आयोग द्वारा विषय वस्तु विशेषज्ञों (एसएमईज) और भाषा विशेषज्ञों का पैनल तैयार करना.**

कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) का अपनी परीक्षाओं के लिए **अंग्रेज़ी भाषा, गणित, सामान्य जागरूकता और रीजनिंग** के प्रश्न-पत्रों/मदों से जुड़े ऑडिट कार्य के लिए **विषय वस्तु विशेषज्ञों (एसएमईज)** को पैनल में शामिल करने का प्रस्ताव है. आवेदक किसी मान्यताप्राप्त कॉलेज/यूनिवर्सिटी/संस्थान में सेवारत या सेवानिवृत्त संकाय सदस्य होना चाहिए, जिनके पास संगत/संबद्ध विषय में पोस्ट-ग्रेजुएट डिग्री और अंग्रेजी और हिंदी दोनों भाषाओं का अच्छा ज्ञान रखते हों. इच्छुक और योग्य संकाय सदस्य अपने रिज्यूम और आवश्यक दस्तावेज़ों के साथ **soqb.415@ssc.nic.in** पर 30.06.2026 तक आवेदन भेज सकते हैं.

कर्मचारी चयन आयोग नीचे दी गई **13 क्षेत्रीय भाषाओं** के लिए पैनल में शामिल होने के लिए भी योग्य और अनुभवी **भाषा विशेषज्ञों** से आवेदन आमंत्रित करता है: असमिया, बंगाली, गुजराती, कन्नड़, कोंकणी, मलयालम, मराठी, ओडिया, पंजाबी, तमिल, तेलुगु, उर्दू और मणिपुरी (मैतेई/मैथेई). आवेदक किसी मान्यताप्राप्त स्कूल, कॉलेज या यूनिवर्सिटी में संबंधित भाषा का सेवारत या सेवानिवृत्त शिक्षक, लेक्चरर या हाई स्कूल टीचर होना चाहिए और उन्हें अंग्रेजी और हिंदी का अच्छा ज्ञान होना चाहिए. इच्छुक उम्मीदवार अपना विस्तृत रिज्यूम/सीवी, जिसमें उनकी शिक्षण विशेषज्ञता, अनुभव की जानकारी साफ-साफ दी गई हो और संगत समर्थित दस्तावेज संलग्न करके 30.06.2026 तक **soqb.415@ssc.nic.in** पर भेज सकते हैं.

पूर्ण योग्यता मापदंड, नियम व शर्तें और अन्य विवरणों के साथ विस्तृत सूचनाएं आयोग की वेबसाइट **https://ssc.gov.in** पर उपलब्ध हैं. कोई भी शुद्धिपत्र/परिशिष्ट/स्पष्टीकरण केवल इसी वेबसाइट पर जारी किया जाएगा.

संयुक्त निदेशक
एसएससी (मुख्यालय), नई दिल्ली

EN 13/58 16.06.2026

---

# रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ)

रक्षा प्रयोगशाला, डॉ. डीएस कोठारी मार्ग, रतनाडा पैलेस, रतनाडा जोधपुर - 342 011, राजस्थान
फ़ोनः 0291-2567406/409/410 ईमेलः hrd.dl@gov.in, वेबसाइटः www.drdo.gov.in

## रिसर्च एसोसिएट (आरए) और जूनियर रिसर्च फ़ेलोशिप (जेआरएफ) के लिए वॉक्-इन इंटरव्यू

डीआरडीओ की मटेरियल क्लस्टर लैबोरेटरी, **डिफेंस लेबोरेटरी, जोधपुर (राजस्थान)** में रिसर्च एसोसिएट (आरए) और जूनियर रिसर्च फेलो (जेआरएफ) के तौर पर काम करने के लिए भारतीय नागरिकों को वॉक्-इन-इंटरव्यू के लिए बुलाया जा रहा है.

फिलहाल नियमों के अनुसार HRA और मेडिकल सुविधाओं के साथ फेलोशिप की रकम इस प्रकार है:

आरए के लिए रु. 67,000 प्रति माह और फेलोशिप की अवधि: 02 साल (दो साल).

जेआरएफ के लिए रु. 37,000 प्रति माह और फेलोशिप की अवधि: 02 साल (इसे आगे बढ़ाया जा सकता है और नियमों के अनुसार एसआरएफ में अपग्रेड किया जा सकता है).

योग्य उम्मीदवार नीचे बताई गई इंटरव्यू की तारीखों को सुबह **10:00 बजे डिफेंस लेबोरेटरी, डॉ. डीएस कोठारी मार्ग, रतनाडा पैलेस, रतनाडा, जोधपुर-342011 (राजस्थान)** में इंटरव्यू के लिए सीधे आ सकते हैं.

| क्रम संख्या | फ़ेलोशिप का नाम | फ़ेलोशिप की संख्या | योग्यता और अनुभव | इंटरव्यू की तारीख |
|---|---|---|---|---|
| 1 | **रिसर्च एसोसिएट (आरए) (फिजिक्स/मटेरियल्स)** | दो (02) | फिजिक्स/मटेरियल्स में Ph.D. या इसके बराबर की डिग्री या फिजिक्स/मटेरियल्स में पोस्ट-ग्रेजुएट डिग्री (M.Sc) के बाद 03 (तीन) साल का रिसर्च, टीचिंग और डिजाइन व डेवलपमेंट का अनुभव, जिसमें साइंस साइटेशन इंडेक्स (SCI) जर्नल में कम से कम एक रिसर्च पेपर पब्लिश हुआ हो. | **22 जुलाई 2026** |
| 2 | **रिसर्च एसोसिएट (आरए) (इलेक्ट्रॉनिक्स)** | एक (01) | इलेक्ट्रॉनिक्स में Ph.D. या इसके बराबर की डिग्री या पोस्ट-ग्रेजुएट डिग्री (M.E./M.Tech) के बाद इलेक्ट्रॉनिक्स में 03 (तीन) साल का रिसर्च, टीचिंग और डिज़ाइन व डेवलपमेंट का अनुभव, साथ ही साइंस साइटेशन इंडेक्स (SCI) जर्नल में कम से कम एक रिसर्च पेपर. | **22 जुलाई 2026** |
| 3 | **जूनियर रिसर्च फेलो (जेआरएफ) (केमिस्ट्री)** | चार (04) | केमिस्ट्री में फर्स्ट डिवीजन के साथ पोस्ट-ग्रेजुएट डिग्री (M.Sc. या समकक्ष) और CSIR-UGC (NET), MHRD (GATE) या JEST द्वारा आयोजित नेशनल एलिजिबिलिटी टेस्ट (NET) क्वालिफिकेशन. | **23 जुलाई 2026** |
| 4 | **जूनियर रिसर्च फेलो (जेआरएफ) (फिजिक्स)** | एक (01) | फिजिक्स में फर्स्ट डिवीजन के साथ पोस्ट-ग्रेजुएट डिग्री (M.Sc. या इसके बराबर) और CSIR-UGC (NET), MHRD (GATE) या JEST द्वारा आयोजित नेशनल एलिजिबिलिटी टेस्ट (NET) क्वालिफिकेशन. | **23 जुलाई 2026** |
| 5 | **जूनियर रिसर्च फेलो (जेआरएफ) (मैकेनिकल)** | दो (02) | मैकेनिकल में प्रोफेशनल कोर्स (B.E./B.Tech) में फर्स्ट डिवीजन के साथ ग्रेजुएट डिग्री और NET/GATE क्वालिफिकेशन. या मैकेनिकल में प्रोफ़ेशनल कोर्स में पोस्ट ग्रेजुएट (M.E./M.Tech) डिग्री, जिसमें ग्रेजुएट और पोस्ट ग्रेजुएट दोनों लेवल पर फर्स्ट डिवीजन हो. | **23 जुलाई 2026** |

सामान्य शर्तें:

- **चयन का तरीका:** ऊपर बताई गई तारीखों पर **सुबह 10:00 बजे डिफेंस लेबोरेटरी, जोधपुर, राजस्थान में वॉक्-इन-इंटरव्यू.**
- इंटरव्यू की तारीख पर आरए के लिए उम्र 35 साल और जेआरएफ के लिए 28 साल से ज्यादा नहीं होनी चाहिए. एससी/एसटी/पीएच उम्मीदवारों के लिए 5 साल और ओबीसी उम्मीदवारों के लिए 3 साल तक की उम्र में छूट दी जाएगी. एससी/एसटी/ओबीसी कैटेगरी के उम्मीदवारों को सक्षम अधिकारी द्वारा जारी ओरिजिनल जाति प्रमाण पत्र दिखाना होगा. शारीरिक रूप से दिव्यांग (पीएच) उम्मीदवारों को अपने दावे के समर्थन में सरकारी अस्पताल/मेडिकल बोर्ड द्वारा जारी मेडिकल सर्टिफिकेट दिखाना होगा. **कोई TA/DA नहीं दिया जाएगा.**
- उम्मीदवारों को इंटरव्यू के समय उम्र, शैक्षणिक योग्यता और अनुभव से जुड़े ओरिजिनल सर्टिफिकेट/प्रमाण पत्र दिखाने होंगे. उम्मीदवारों को उम्र, शैक्षणिक योग्यता और अनुभव से जुड़े दस्तावेजों की फोटोकॉपी भी जमा करनी होगी. अगर लागू हो, तो उम्मीदवारों को इंटरव्यू के समय पब्लिश हुए रिसर्च पेपर और थीसिस की कॉपी भी दिखानी होगी.
- जिन उम्मीदवारों ने अपनी पीएच.डी. थीसिस जमा कर दी है, वे रिसर्च एसोसिएट (आरए) फेलोशिप के लिए भी आवेदन कर सकते हैं. हालांकि, रिसर्च एसोसिएटशिप तभी दी जाएगी जब उम्मीदवार को रिसर्च एसोसिएटशिप के ऑफर की तारीख या उससे पहले डिग्री या प्रोविजनल सर्टिफिकेट मिल चुका हो.
- **कृपया ध्यान दें कि फेलोशिप का ऑफर मिलने से फेलो को डीआरडीओ में शामिल होने का कोई अधिकार नहीं मिलता है.**
- रिसर्च फेलोशिप को कार्यकाल के दौरान कभी भी एक महीने का पहले से नोटिस देकर खत्म किया जा सकता है. फेलो भी एक महीने का पहले से नोटिस देकर इस्तीफा दे सकते हैं.
- डिफेंस लेबोरेटरी, जोधपुर के पास इस विज्ञापन में बदलाव करने या इसे तुरंत रद्द करने का अधिकार सुरक्षित है. भारत सरकार की नीति और मौजूदा ज़रूरतों या पाबंदियों (यदि कोई हों) के आधार पर ऊपर बताई गई फेलोशिप की संख्या बढ़ाई या घटाई जा सकती है या उन्हें रद्द किया जा सकता है.
- इंटरव्यू के समय, उम्मीदवारों को अपना पूरा बायो-डेटा जमा करना होगा, जिसके पहले पेज के ऊपरी दाएं कोने पर हाल की पासपोर्ट साइज़ की फ़ोटो लगी हो. साथ ही, सभी डिग्री/शैक्षणिक योग्यता प्रमाण-पत्रों/मार्क शीट/अनुभव प्रमाण-पत्र आदि की स्व-सत्यापित प्रतियों का एक सेट भी जमा करना होगा.
- सरकारी/पब्लिक सेक्टर अंडरटेकिंग/ऑटोनॉमस बॉडी में काम करने वाले उम्मीदवारों को अपने मौजूदा नियोक्ता से जारी **अनापत्ति प्रमाणपत्र** पेश करना होगा.
- किसी भी जानकारी के लिए, कृपया मानव संसाधन डिवीजन (0291-2567406/409/410; ईमेल: **hrd.dl@gov.in**) से संपर्क करें.

**(डॉ. मोहित शर्मा)**
**साइंटिस्ट-F और संयुक्त निदेशक मानव संसाधन**
**(निदेशक की ओर से)**

CBC 10301/11/0044/2627 EN 13/71

रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन

# अग्नि, विस्फोटक एवं पर्यावरण सुरक्षा केन्द्र

रक्षा मंत्रालय

ब्रिगेडियर एस. के. मजूमदार मार्ग, तिमारपुर, दिल्ली-110054

## कनिष्ठ अनुसंधान अध्येता (जेआरएफ) के पद हेतु वॉक्-इन-इन्टरव्यू

अधोलिखित पदों के लिए इच्छुक प्रत्याशी, प्रत्येक पद के समक्ष अंकित तिथियों को इस केन्द्र के समीप ड्रोमी (डीआरओएमआई), ब्रिगेडियर एस. के. मजूमदार मार्ग, तिमारपुर, दिल्ली- 110054 में आयोजित वॉक् इन इन्टरव्यू के लिए आमंत्रित किया जाता है:-

| क्र. सं. | अध्येतावृत्ति (फेलोशिप) का प्रकार | शैक्षणिक योग्यता | अध्येतावृत्तियों की संख्या | आयु | वृत्तिका (स्टाईपेण्ड) | साक्षात्कार की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01. | कनिष्ठ अनुसंधान अध्येता (जूनियर रिसर्च फेलो) (केमिकल इंजीनियरिंग) | **अनिवार्यः** केमिकल इंजीनियरिंग में फर्स्ट डिवीज़न स्नातक की उपाधि (बी.ई./बी.टेक), नेट / गेट (NET / GATE) योग्यता सहित. | 04 | अधिकतम 28 वर्ष (अ.जा./अ.ज.जा. प्रत्याशियों के लिए 5 वर्ष तक तथा अ.पि. वर्ग प्रत्याशियों के लिए 3 वर्ष तक छूट है.) | रुपये 37,000/- + मकान किराया भत्ता | 04/08/2026 |
| 02. | कनिष्ठ अनुसंधान अध्येता (जूनियर रिसर्च फेलो) (मैकेनिकल इंजीनियरिंग) | **अनिवार्यः** मैकेनिकल इंजीनियरिंग में फर्स्ट डिवीजन स्नातक की उपाधि (बी.ई./बी.टेक/एम.टेक), नेट / गेट (NET / GATE) योग्यता सहित. | 02 | अधिकतम 28 वर्ष (अ.जा./अ.ज.जा. प्रत्याशियों के लिए 5 वर्ष तक तथा अ.पि. वर्ग प्रत्याशियों के लिए 3 वर्ष तक छूट है.) | रुपये 37,000/- + मकान किराया भत्ता | 04/08/2026 |
| 03. | कनिष्ठ अनुसंधान अध्येता (जूनियर रिसर्च फेलो) (सिविल इंजीनियरिंग) | **अनिवार्यः** सिविल इंजीनियरिंग में फर्स्ट डिवीजन स्नातक की उपाधि (बी.ई./बी.टेक), नेट / गेट (NET / GATE) योग्यता सहित. | 01 | अधिकतम 28 वर्ष (अ.जा./अ.ज.जा. प्रत्याशियों के लिए 5 वर्ष तक तथा अ.पि. वर्ग प्रत्याशियों के लिए 3 वर्ष तक छूट है.) | रुपये 37,000/- + मकान किराया भत्ता | 05/08/2026 |
| 04. | कनिष्ठ अनुसंधान अध्येता (जूनियर रिसर्च फेलो) (इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग) | **अनिवार्यः** इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग में फर्स्ट डिवीजन स्नातक की उपाधि (बी.ई./बी.टेक/एम.टेक), नेट / गेट (NET / GATE) योग्यता सहित. | 01 | अधिकतम 28 वर्ष (अ.जा./अ.ज.जा. प्रत्याशियों के लिए 5 वर्ष तक तथा अ.पि. वर्ग प्रत्याशियों के लिए 3 वर्ष तक छूट है.) | रुपये 37,000/- + मकान किराया भत्ता | 05/08/2026 |
| 05. | कनिष्ठ अनुसंधान अध्येता (जूनियर रिसर्च फेलो) (कम्प्यूटर इंजीनियरिंग) | **अनिवार्यः** कम्प्यूटर इंजीनियरिंग में फर्स्ट डिवीजन स्नातक की उपाधि नेट / गेट (NET / GATE) योग्यता सहित. | 01 | अधिकतम 28 वर्ष (अ.जा./अ.ज.जा. प्रत्याशियों के लिए 5 वर्ष तक तथा अ.पि. वर्ग प्रत्याशियों के लिए 3 वर्ष तक छूट है.) | रुपये 37,000/- + मकान किराया भत्ता | 05/08/2026 |

1. टाइप किए गए विधिवत् परिपूरित आवेदन - परिशिष्ट 'ए' के अनुसार- अंक सूचियों/प्रमाण पत्रों, जाति प्रमाण पत्र, अनुभव प्रमाण पत्रों, प्रकाशनों (पब्लिकेशन्स), यदि कोई हो, की सत्यापित प्रतियां वॉक्-इन-इन्टरव्यू के समय अपने साथ लाएं. परिशिष्ट 'ए' के दाएं शीर्ष कोने में पासपोर्ट आकार का एक अद्यतन फोटोग्राफ अवश्य चिपकाएं. सरकारी सार्वजनिक क्षेत्र के प्रतिष्ठानों/स्वायत्त निकायों में सेवारत प्रत्याशी अपने नियोक्ता का 'अनापत्ति प्रमाण पत्र साक्षात्कार के समय अपने साथ लाएं.
2. अनुसूचित जातियों / अनुसूचित जन जातियों/अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए अधिकतम आयु सीमा सरकार के नियमों के अनुसार शिथिलनीय होगी.
3. पद विशुद्धतः अस्थाई हैं. अध्येतावृत्ति का प्रस्ताव रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) में समावेशन/नियमित नियुक्ति का कोई अधिकार प्रदान नहीं करता है.
4. वॉक्-इन-इन्टरव्यू के लिए उपस्थित होने वाले प्रत्याशियों को **अग्नि, विस्फोटक एवं पर्यावरण सुरक्षा केन्द्र (सीएफईईएस), ब्रिगेडियर एस. के. मजूमदार मार्ग, तिमारपुर, दिल्ली-110054 में 0900 बजे** रिपोर्ट करना होगा.
5. प्रत्याशी अपने सभी प्रमाण पत्रों/शंसा पत्रों की मूल प्रतियां साक्षात्कार के समय अपने साथ लाएं.
6. साक्षात्कार / जॉइनिंग के लिए कोई यात्रा भत्ता / दैनिक भत्ता नहीं दिया जाएगा.
7. चयनित प्रत्याशियों को संगठन द्वारा कोई सरकारी आवास मुहैया नहीं किया जाएगा.

टिप्पणीः ड्रोमी **(डीआरओएमआई), इस केन्द्र के समीप माल रोड तथा खालसा कॉलेज के मध्य (off Ring Road), समीप दिल्ली विश्वविद्यालय मेट्रो स्टेशन (नॉर्थ कैम्पस) में अवस्थित है.**

**Appendix 'A'**

**Centre for Fire, Explosive and Environment Safety**

**Brig. S. K. Mazumdar Marg, Timarpur: Delhi-110054**

**APPLICATION FORM**

**Advertisement No.** ...................................... **dated** ..............................

1. Fellowship Applied for : JRF ( )
2. Name in full (IN BLOCK LETTERS) :
3. Father/Husband's Name :
4. Date of Birth & Present Age :
5. Address for Correspondence :
6. Permanent Address (with proof) :
7. Mobile No. :

Affix a recent passport size Photograph

8. E-mail :
9. Whether GEN/SC/ST/OBC :
10. Whether NET/GATE Qualified :
11. EDUCATIONAL QUALIFICATION:-

| Sr. No. | Qualifi-cation | Insti-tution/ University | Year of Passing | Maximum Marks | Marks obtained | Percentage % |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |

12. Experience (Attach copy of the same):-

| Post Held | Name of the Employer | Period | | Nature of work | Salary | Remarks |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | From | To | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |

13. Any other information:-
14. I certify that the particulars given above are correct.

**Signature :** ....................................

**Name :** ..........................................

**Address :** ....................................

**Date :** ......................

**CBC 10301/11/0042/2627** **EN 13/69**

---

# लोकप्रिय गोपीनाथ बरदलै क्षेत्रीय मानसिक स्वास्थ्य संस्थान

तेजपुर : असम : पिन : 784001

## LGB Regional Institute of Mental Health

**(भारत सरकार के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के अंतर्गत एक स्वायत्त संस्था)**

**वेबसाइटः www.lgbrimh.gov.in, ईमेलः mail@lgbrimh.gov.in, पोस्ट बॉक्स नंबर 15, तेजपुर, असम**

**क्रमांकः LGBRIMH/2026/Director/03/3703** **दिनांकः 16 जून 2026**

## प्रतिनियुक्ति आधार पर निदेशक पद के लिए विज्ञापन

लोकप्रिय गोपीनाथ बरदलै क्षेत्रीय मानसिक स्वास्थ्य संस्थान तेजपुर, असम, **प्रतिनियुक्ति के आधार पर निदेशक** के पद पर नियुक्ति के लिए भारतीय नागरिकों से तय फ़ॉर्मेट में आवेदन आमंत्रित करता है आवेदन की **आखिरी तारीख ' रोज़गार समाचार' में इस विज्ञापन के छपने के 30 दिन बाद तक है.** ज़रूरी योग्यता, अनुभव, उम्र आदि की जानकारी संस्थान की वेबसाइट **www.lgbrimh.gov.in** पर उपलब्ध है. इच्छुक उम्मीदवार संस्थान की वेबसाइट से आवेदन फ़ॉर्म और अन्य जानकारी डाउनलोड कर सकते हैं.

**EN 13/93** **OSD, डिप्टी डायरेक्टर, LGBRIMH**

भारत सरकार

# पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय

**कर्तव्य भवन-03**
**नई दिल्ली**

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस नियामक बोर्ड (पीएनजीआरबी), दिल्ली में सदस्य (कानूनी) के पद को भरने के लिए निर्धारित प्रारूप में आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं.

1. उपरोक्त पद के लिए आवेदन पत्र और पात्रता तथा सेवा की शर्तों और नियमों से संबंधित विस्तृत जानकारी मंत्रालय और पीएनजीआरबी की नीचे दी गई वेबसाइटों पर उपलब्ध है:

**https://mopng.gov.in और https://pngrb.gov.in**

2. विधिवत भरा हुआ आवेदन पत्र और अपेक्षित दस्तावेज **संयुक्त सचिव (गैस प्रभाग), पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय, कर्तव्य भवन-3, नई दिल्ली-110001** के कार्यालय में रोज़गार समाचार पत्र में विज्ञापन की तिथि से **30 दिनों के भीतर** पहुंच जाने चाहिए.

CBC 33112/11/0005/2627

EN 13/68

# कैडेट ट्रेनिंग विंग ऑफ मिलिट्री कॉलेज ऑफ टेलीकम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग (एमसीटीई) महू (म.प्र.)453441

**मोबाइल :- 9007428425, ई-मेल: dscoordctw1@gmail.com**

## संविदात्मक आधार पर शिक्षण कर्मचारियों की आवश्यकता

1. कैडेट्स ट्रेनिंग विंग, मिलिट्री कॉलेज ऑफ़ टेलीकम्युनिकेशन इंजीनियरिंग, महू (म.प्र.), संस्थान में एक वर्ष के लिए संविदा के आधार पर नीचे दिए गए शिक्षण पदों को भरने के लिए भारतीय नागरिकों से डाक/ईमेल के ज़रिए आवेदन आमंत्रित करता है :-

| क्रम सं. | पद का नाम | रिक्तियां | अनिवार्य शैक्षणिक अर्हता | अनुभव |
|---|---|---|---|---|
| 1.1 | एसोसिएट प्रोफेसर<br>**पदों की संख्या: 01**<br>**@ संविदा पर पारिश्रमिक/ एकमुश्त पैकेज:**<br>**रु. 40,000/- प्रति माह** | इलेक्ट्रॉनिक्स और टेलीकम्युनिकेशन इंजीनियरिंग: 01 | इलेक्ट्रॉनिक्स / इलेक्ट्रॉनिक्स और कम्युनिकेशन / इलेक्ट्रॉनिक्स और टेलीकम्युनिकेशन / इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग या इसके समकक्ष विषय में बी.टेक /बी.ई और एम.टेक/एमई/ एमएस की डिग्री.<br>**पद के अनुसार संबंधित विषय में पीएच.डी. होना ज़रूरी है.**<br>पीएच.डी. के बाद रिसर्च पब्लिकेशन और पीएच.डी. छात्रों का मार्गदर्शन करने का अनुभव वांछनीय होगा. | शिक्षण/अनुसंधान/उद्योग में कम से कम पांच वर्ष का अनुभव, जिसमें से दो वर्ष का अनुभव पीएच.डी. उपरांत वांछनीय है.<br>**पसंदीदा स्पेशलाइज़ेशन:**<br>1.1.1. सिग्नल और इमेज प्रोसेसिंग/कंप्यूटर विज़न.<br>1.1.2. क्वांटम कम्युनिकेशन.<br>1.1.3. सॉफ्टवेयर डिफाइंड रेडियो/कॉग्निटिव रेडियो.<br>1.1.4. इलेक्ट्रोमैग्नेटिक और एंटीना.<br>1.1.5. एंबेडेड सिस्टम और वीएलएसआई.<br>1.1.6. आईओटीआई.<br>1.1.7. 5जी/6जी/मोबाइल कम्युनिकेशन.<br>1.1.8. सैटेलाइट कम्युनिकेशन.<br>1.1.9. ऑप्टिकल फाइबर कम्युनिकेशन.<br>1.1.10. माइक्रोवेव कम्युनिकेशन. |
| 1.2 | सहायक प्रोफेसर<br>पदों की संख्या: 6<br>@ संविदा पर वेतन/ कुल पैकेज: रु. 31,500/- प्रति माह | (i) इलेक्ट्रॉनिक्स और टेलीकम्युनिकेशन इंजीनियरिंग: 01<br>(ii) कंप्यूटर इंजीनियरिंग और इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी: 04<br>(iii) इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग: 01 | बी.टेक./बीई और एम.टेक/एमई/ एमएस/समकक्ष इलेक्ट्रॉनिक्स/ इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार/इलेक्ट्रॉनिक्स और टेली संचार/कंप्यूटर में/समकक्ष साइंस इंजीनियरिंग/आईटी/कंप्यूटर एप्लीकेशन/साइबर सुरक्षा.<br>बी.टेक/बीई एवं एम.टेक/एमई/एमएस इन/इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग/समकक्ष. | शिक्षण/अनुसंधान/उद्योग में कम से कम दो वर्ष का अनुभव वांछनीय है.<br>**(i) पसंदीदा स्पेशलाइज़ेशन:**<br>1.2.1. सिग्नल और इमेज प्रोसेसिंग/कंप्यूटर विज़न.<br>1.2.2. क्वांटम कम्युनिकेशन.<br>1.2.3. सॉफ्टवेयर डिफाइंड रेडियो/कॉग्निटिव रेडियो.<br>1.2.4. इलेक्ट्रोमैग्नेटिक और एंटीना.<br>1.2.5. एम्बेडेड सिस्टम और वीएलएसआई.<br>1.2.6. आईओटीआई.<br>1.2.7. 5जी/6जी/मोबाइल कम्युनिकेशन.<br>1.2.8. सैटेलाइट कम्युनिकेशन.<br>1.2.9. ऑप्टिकल फाइबर कम्युनिकेशन.<br>1.2.10. माइक्रोवेव कम्युनिकेशन.<br>**(ii) पसंदीदा स्पेशलाइज़ेशन:**<br>1.2.1. आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस/एमएल/डीएलआई.<br>1.2.2. ऑपरेटिंग सिस्टम.<br>1.2.3. डेटा एनालिटिक्स.<br>1.2.4. साइबर सिक्योरिटी.<br>1.2.5. साइबर फोरेंसिक्स.<br>1.2.6. क्वांटम कंप्यूटिंग.<br>1.2.7. क्लाउड कंप्यूटिंग.<br>1.2.8. क्रिप्टोलॉजी.<br>**(iii) पसंदीदा स्पेशलाइज़ेशन:**<br>1.2.1. इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग.<br>1.2.2. कंट्रोल सिस्टम.<br>1.2.3. मशीनें और ड्राइव्स. |

2. **छूट:** अजा/अजजा /दिव्यांग व्यक्तियों के लिए प्रतिशतता में छूट और योग्यता के लिए अन्य शर्तें, शिक्षकों और अन्य एकेडमिक स्टाफ़ की नियुक्ति के लिए न्यूनतम योग्यता पर यूजीसी के नियम (स. एफ -3-1/2009, दिनांक 30 जून 2010) के अनुसार लागू होंगी. योग्य और अनुभवी उम्मीदवारों के लिए योग्यता में छूट और बदलाव पर विचार किया जाएगा.

3. **अधिकतम आयु सीमा:** 60 वर्ष. उम्मीदवारों का चिकित्सकीय रूप से फिट होना ज़रूरी है.

4. नियम और शर्तें

4.1. संविदा के आधार पर नियुक्ति के लिए उम्मीदवारों का चयन एक चयन समिति द्वारा किया जाएगा. चुने गए उम्मीदवारों को पद के लिए निर्धारित आवश्यक शैक्षणिक योग्यताएं पूरी करनी होंगी. नियुक्ति एक वर्ष की अवधि के लिए या नियमित कर्मचारी के उपलब्ध होने तक (जो भी पहले हो) की जाएगी. एक वर्ष की अवधि उस तिथि से शुरू होगी जब चुने गए उम्मीदवार ड्यूटी जॉइन करेंगे.

4.2. आवश्यकता पड़ने पर, उम्मीदवारों की स्क्रीनिंग के लिए गेट परीक्षा के पाठ्यक्रम के आधार पर स्क्रीनिंग टेस्ट आयोजित किया जाएगा और केवल योग्य उम्मीदवारों को ही चयन समिति द्वारा इंटरव्यू के लिए विचार किया जाएगा.

4.3. ड्यूटी शुरू करने से पहले अनुबंध पर नियुक्त व्यक्ति और श्रेणी 'क' प्रशिक्षण स्थापना के कमांडेंट/प्रिंसिपल के बीच एक अनुबंध समझौते पर हस्ताक्षर किए जाएंगे.

4.4. यदि एसोसिएट प्रोफेसर के पद के लिए उपयुक्त उम्मीदवार उपलब्ध नहीं हैं, तो एसोसिएट प्रोफेसर के पदों को उपयुक्तता के अनुसार संबंधित विषय में असिस्टेंट प्रोफेसर के पदों से भरा जाएगा.

4.5. यदि कंप्यूटर इंजीनियरिंग और इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी के लिए उपयुक्त उम्मीदवार उपलब्ध नहीं हैं, तो उन पदों को इलेक्ट्रॉनिक्स और टेलीकम्युनिकेशन इंजीनियरिंग या इसके विपरीत उपयुक्त उम्मीदवारों से भरा जाएगा.

4.6. यदि गणित और इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के लिए उपयुक्त उम्मीदवार उपलब्ध नहीं हैं, तो उन पदों को इलेक्ट्रॉनिक्स और टेलीकम्युनिकेशन इंजीनियरिंग और कंप्यूटर इंजीनियरिंग और इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी के उपयुक्त उम्मीदवारों से भरा जाएगा.

5. इच्छुक उम्मीदवार केवल निर्धारित आवेदन फ़ॉर्मेट में ही आवेदन करें और साथ में स्वयं सत्यापित आवश्यक दस्तावेज़ भी लगाएं. उम्मीदवार निर्धारित आवेदन फ़ॉर्म एमसीटीई के कैडेट्स ट्रेनिंग विंग (सीटीडब्ल्यू) के ऑफिस से स्वयं जाकर ले सकते हैं या **dscoordctw1@gmail.com** पर ईमेल करके एप्लीकेशन फ़ॉर्म के लिए अनुरोध भेज सकते हैं.

6. किसी पद विशेष के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों को भरा हुआ आवेदन पत्र और ज़रूरी दस्तावेज़ एक सीलबंद लिफ़ाफ़े में (डाक से या स्वयं) भेजना होगा. लिफ़ाफ़े पर साफ़-साफ़ "____________ पद के लिए आवेदन पत्र" लिखा होना चाहिए. इसे निर्धारित तिथि तक जीएस ब्रांच (ट्रेनिंग), मिलिट्री कॉलेज ऑफ़ टेलीकम्युनिकेशन इंजीनियरिंग, **महू कैंट-453441, मध्य प्रदेश, भारत** के पते पर भेजना होगा.

7. लिखित परीक्षा और इंटरव्यू की तिथि के बारे में लघुसूचीबद्ध उम्मीदवारों को अलग से सूचित किया जाएगा. आवेदन फ़ॉर्म जमा करने की आखिरी तारीख **इस विज्ञापन के छपने के 21 दिन बाद तक** है. अधिक जानकारी के लिए टेलीफ़ोन/ईमेल से संपर्क करें या एमसीटीई, महू (म.प्र.)-453441 में कैडेट्स ट्रेनिंग विंग (सीटीडब्ल्यू) में स्वयं जाकर मिलें.

CBC 10622/11/0020/2627 EN 13/101

# भारतीय पेट्रोलियम एवं ऊर्जा संस्थान, विशाखापत्तनम

(संसद के अधिनियम के तहत स्थापित राष्ट्रीय महत्व का संस्थान)

वंगाली, सब्बावरम, अनकापल्ली जिला, आंध्र प्रदेश-531035 (भारत)

## कॅरियर अवसर
## सहायक प्रोफेसर पदों की भर्ती

**विज्ञापन संख्या: IIPE/TS/RECRUIT/2026/01** दिनांक 08.06.2026

आईआईपीई विशाखापत्तनम **सहायक प्रोफेसर ग्रेड-I / II** के स्तर पर संकाय पदों के लिए पात्र उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित करता है. विस्तृत विज्ञापन, योग्यताएं, अनुभव मानदंड और आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि आदि के लिए, कृपया आईआईपीई वेबसाइट **https://facultyrecruitment.iipe.ac.in** पर लॉग ऑन करें.

EN 13/98

**निदेशक, आईआईपीई**

## Government of India
## Ministry of Commerce & Industry,
## Office of the Development Commissioner
# MORADABAD SPECIAL ECONOMIC ZONE

6th Km, Pakbara-Dingarpur Road, Moradabad,
Uttar Pradesh 244 102; Phone: 0591-2350001

**F.No. 1-1/2005/MSEZ/Admn/725** **Dated: 10.06.2026**

## VACANCY ADVERTISEMENT

नोएडा स्पेशल इकोनॉमिक जोन, नोएडा के डेवलपमेंट कमिश्नर के अधिकार क्षेत्र में आने वाले मुरादाबाद, उत्तर प्रदेश स्थित स्पेशल इकोनॉमिक जोन में डेपुटेशन के आधार पर निम्नलिखित पदों को भरने के लिए इच्छुक और योग्य उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। पदों का विवरण और पात्रता की शर्तें इस प्रकार हैः

Applications are invited from willing and eligible candidates for filling up the following posts, on deputation basis, in Special Economic Zone at Moradabad, Uttar Pradesh under the jurisdiction of Development Commissioner, Noida Special Economic Zone, Noida. The Description of the post(s) and eligibility conditions are as follows:

| Sl. No. | Name and pay scale of the post | No. of Post & Station |
|---|---|---|
| 1. | **एप्रेजर (कस्टम्स)** (₹9300-34800/-) ग्रेड पे ₹4800/-, जो 7वें CPC के तहत पे मैट्रिक्स के लेवल–8 के बराबर है। **Appraiser (Customs)** (₹ 9300-34800/-) Grade Pay ₹ 4800/- equivalent to Level–8 of the Pay Matrix under 7th CPC. | 01 (Moradabad SEZ) |
| 2. | **प्रिवेंटिव ऑफिसर (कस्टम्स)** (₹9300-34800/-) ग्रेड पे ₹4600/- जो 7वें CPC के तहत पे मैट्रिक्स के लेवल–7 के बराबर है। **Preventive Officer (Customs)** (₹ 9300-34800/-) Grade Pay ₹ 4600/- equivalent to Level - 7 of the Pay Matrix under 7 th CPC. | 01 (Moradabad SEZ) |

2. मुरादाबाद SEZ के लिए **"एम्प्लॉयमेंट न्यूज"** में वैकेंसी सर्कुलर के पब्लिश होने की तारीख से **45 (पैंतालीस) दिनों के भीतर** या उससे पहले सही चैनल के जरिए एप्लीकेशन मिल जानी चाहिए।
   The last date for receipt of application(s) through proper channel shall be **on or before 45 (Forty Five) days** in respect of Moradabad SEZ from the date of publication of the vacancy circular in the Employment News.
3. योग्यता की शर्तें और अन्य विवरण वैकेंसी सर्कुलर F.No. 1-1/2005/MEZ-Admin/724 (दिनांक 10.06.2026) में दिए गए हैं, जो वेबसाइट **www.nsez.gov.in** और **www.moradabadsez.gov.in** पर वैकेंसी पेज पर उपलब्ध हैं।
   The eligiblity conditions and other details are given in the Vacancy Circular 1-1/2005/MEZ-Admin/724 dated 10.06.2026 which is available under the Vacancy page at website **www.nsez.gov.in** & **www.moradabadsez.gov.in**.

Sd/-
(Noman Hafiz)
**Deputy Development Commissioner**

EN 13/32

---

## भा.कृ.अनु. परिषद्-राष्ट्रीय समेकित नाशीजीव प्रबंधन अनुसन्धान संस्थान

राजपुर खुर्द, मैदान गढ़ी, नई दिल्ली-110068

## ICAR- National Research Institute for Integrated Pest Management

Rajpur Khurd, Maidan Garhi, New Delhi - 110 068
E-Mail: director.nriipm@icar.org.in, Web: https://nriipm.res.in
Phone: 011-26303931, 011-20907410

File No. 1(140)/2024/Hortisap Project Haryana/IPM

Date 12/06/2026

### वॉक् इन इंटरव्यू

भा. कृ. अनु. परिषद् - राष्ट्रीय समेकित नाशीजीव प्रबंधन अनुसन्धान संस्थान, राजपुर खुर्द, मैदान गढ़ी, नई दिल्ली - 100068 में "NAIF" परियोजना के अंतर्गत एक पोजीशन **रिसर्च एसोसिएट** एवं "ICT Hortisap Haryana Project" ICT के अंतर्गत दो पोजीशन **YP - II**, यह पोजीशन विशुद्ध रूप से संविदा (PURELY CONTRACTUAL BASIS) के आधार पर हैं. विस्तृत जानकारी के लिए, कृपया संस्थान की वेबसाइट **https://nriipm.res.in** देखें.

EN 13/26 **सहायक प्रशासनिक अधिकारी**

---

# भाकृअनुप- वीरेन्द्र कुमार सिंह कृषि विज्ञान केन्द्र, धौरा, उन्नाव (उ.प्र.)-209881

**कुँवर राम बक्श सिंह एजुकेशनल सोसाइटी, हसनगंज, उन्नाव (उ.प्र.) द्वारा संचालित एवं भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली द्वारा वित्तपोषित**

| क्र. सं. | पद का नाम | विभाग | पद संख्या | वेतनमान | शैक्षिक योग्यता |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | विषय वस्तु विशेषज्ञ/ टी-6 | सस्य विज्ञान | 1 | रु. 56100/- रु. 1,77,500/- (लेवल 10) सातवें वेतनमान के अनुसार (पूर्व संशोधित वेतनमान पे बैंड-3, रु. 15600-39100 + ग्रेड पे 5400/-) | सस्य विज्ञान अथवा कृषि से सम्बन्धित विज्ञान/सामाजिक विज्ञान की किसी भी शाखा में मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातकोत्तर डिग्री या समकक्ष योग्यता। |
| | | लाइवस्टाक प्रोडक्शन | 1 | | पशु चिकित्सा विज्ञान/पशुपालन/पशु विज्ञान अथवा कृषि से सम्बन्धित विज्ञान/सामाजिक विज्ञान की किसी भी शाखा में मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातकोत्तर डिग्री या समकक्ष योग्यता। |

- **आयु सीमा- 21 से** 35 **वर्ष**। (अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/शारीरिक विकलांगता (SC/ST/OBC/PH) वर्ग के अभ्यर्थियों को भारत सरकार के नियमानुसार आयु में छूट देय होगी।) आवेदक की आयु का निर्धारण विज्ञापन में निर्दिष्ट आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि के अनुसार किया जाएगा।
- **वांछनीय :** उपरोक्त दोनो पदों के लिए पीएच.डी./नेट तथा सम्बन्धित क्षेत्र में 2 वर्ष का कार्य अनुभव एवं कम्प्यूटर का ज्ञान।
- विस्तृत विज्ञापन, शैक्षिक अर्हता, निर्देश, आवेदन पत्र का प्रारूप एवं आवेदन पत्र भरने की प्रक्रिया कृषि विज्ञान केन्द्र की वेबसाइट **https://unnao.kvk4.in/** पर उपलब्ध है इसे विज्ञापन परिपत्र में देखा जा सकता है।
- इच्छुक और पात्र उम्मीदवार विधिवत भरे हुए आवेदन पत्र को निर्धारित प्रारूप में आवश्यक एवं स्वप्रमाणित दस्तावेजों के साथ स्पीड पोस्ट के माध्यम से **"प्रभारी, वीरेन्द्र कुमार सिंह कृषि विज्ञान केन्द्र, धौरा (मोहान मलिहाबाद मार्ग), उन्नाव-209881 उत्तर प्रदेश" (मोबाइल नं. 9452239313)** को भेजना अनिवार्य होगा। आवेदन पत्र रोज़गार समाचार पत्र एवं दैनिक समाचार पत्र के संस्करण में विज्ञापन प्रकाशन की तिथि से 30 दिनों के अन्दर **वीरेन्द्र कुमार सिंह कृषि विज्ञान केन्द्र, धौरा, उन्नाव** में पहुँच जाना चाहिए। अन्तिम तिथि समाप्त होने के बाद प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा।

EN 13/14

---

## नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ़ इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी, अजमेर

रा.इ.सू.प्रौ.सं NIELIT

(इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार)
गाँव-कोहडा, कोटा रोड, तहसील-केकड़ी, ज़िला-अजमेर, पिन-305408, राजस्थान

**वॉक्-इन इंटरव्यू**

रा.इ.सू.प्रौ.सं. अजमेर में अनुबंध के आधार पर 'चीफ़ रिसोर्स पर्सन' के चयन/एम्पैनलमेंट के लिए इच्छुक और योग्य उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं. यह नियुक्ति शुरू में एक साल की अवधि के लिए तय मासिक वेतन पर होगी, जिसे आगे बढ़ाया जा सकता है:-

| क्रम संख्या | पद का नाम | पदों की संख्या | तय मासिक वेतन (रु. में) |
|---|---|---|---|
| 1. | चीफ़ रिसोर्स पर्सन | 01 | रु. 60,000/- से 65,000/- |

निर्धारित नॉन-रिफंडेबल आवेदन शुल्क, आवेदन फ़ॉर्म, योग्यता मानदंड, पद के लिए ज़रूरी अनुभव, चयन प्रक्रिया आदि के बारे में पूरी जानकारी वेबसाइट -**https://nielit.gov.in/ajmer/recruitments** पर उपलब्ध है. उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे आवेदन करने और **02/07/2026** को होने वाले वॉक्-इन इंटरव्यू में शामिल होने से पहले अपनी योग्यता की जांच करने के लिए इन विवरणों को ध्यान से पढ़ें.

विज्ञापन संख्या 01/2026-27 कार्यकारी निदेशक

**CBC 06142/11/0005/2627** **EN 13/44**

---

## सैनिक स्कूल चंद्रपुर (महाराष्ट्र)

**एकेडमिक स्टाफ की भर्ती**

1. सैनिक स्कूल सोसाइटी के तहत चलने वाला सैनिक स्कूल चंद्रपुर (महाराष्ट्र), नीचे दिए गए पदों के लिए नियमित और अनुबंध के आधार पर आवेदन आमंत्रित करता है: -

| क्रम | पद का नाम | नियमित/अनुबंध | श्रेणी | रिक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 1 | पीजीटी गणित | नियमित | यूआर | 01 |
| 2 | पीजीटी केमिस्ट्री | नियमित | ओबीसी | 01 |
| 3 | टीजीटी जनरल साइंस | नियमित | यूआर | 01 |
| 4 | टीजीटी सोशल साइंस | नियमित | ओबीसी | 02 |
| 5 | टीजीटी मराठी | अनुबंध | यूआर | 01 |

2. ज्यादा जानकारी के लिए उम्मीदवार सैनिक स्कूल चंद्रपुर की वेबसाइट **www.sainikschoolchandrapur.com** पर जा सकते हैं. ऑनलाइन आवेदन जमा करने की आखिरी तारीख: 05 जुलाई 2026.

**EN 13/31**

---

संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार

## सांस्कृतिक स्रोत एवं प्रशिक्षण केंद्र

(संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार)
प्लॉट नं. 15 ए, सेक्टर-7, द्वारका, नई दिल्ली - 110075

**संस्कृति के क्षेत्र में उत्कृष्ट व्यक्तियों को अध्येतावृत्ति (फ़ेलोशिप) प्रदान करने की योजना वर्ष 2026-27**

सांस्कृतिक स्रोत एवं प्रशिक्षण केन्द्र, संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संस्कृति से संबंधित प्रदर्शनकारी, दृश्यकला/रूपंकर व साहित्यिक कलाओं तथा नए क्षेत्रों में शोध - उन्मुख परियोजनाओं के परिचालन हेतु **कनिष्ठ एवं वरिष्ठ अध्येतावृत्ति** के लिए ऑफलाइन आवेदन-पत्र आमंत्रित करता है.

कृपया ध्यान दें कि वर्ष 2026-27 हेतु आवेदन-पत्र आमंत्रित किए जा रहे हैं, जो दिनांक 15 जून, 2026 से प्रभावी होंगे. इस वर्ष प्रदान की जाने वाली कनिष्ठ अध्येतावृत्तियों की संख्या 200 तथा वरिष्ठ अध्येतावृत्तियों की संख्या भी 200 निर्धारित की गई है. योजना का विस्तृत विवरण, आवेदकों हेतु दिशा-निर्देश, पात्रता एवं शर्तें तथा आवेदन-पत्र का प्रारूप भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय एवं सांस्कृतिक स्रोत एवं प्रशिक्षण केन्द्र (सीसीआरटी) की निम्नलिखित वेबसाइटों पर उपलब्ध है :-

**www.indiaculture.nic.in & www.ccrtindia.gov.in**

**आवेदन पत्र सिर्फ ऑफलाइन माध्यम द्वारा स्वीकार किये जायेंगे.**

पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन-पत्र को डाक अथवा व्यक्तिगत रूप से सीसीआरटी, नई दिल्ली के उपर्युक्त पते पर जमा करने की अंतिम तिथि **31 जुलाई, 2026** है.

**CBC 09127/11/0005/2627** **EN 13/43**

## आई.सी.एम.आर.- भोपाल स्मारक अस्पताल एवं अनुसंधान केन्द्र
**ICMR - BHOPAL MEMORIAL HOSPITAL & RESEARCH CENTRE**
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार
Department of Health Research, Ministry of Health and Family Welfare, Government. of India
रायसेन बायपास रोड, भोपाल-462038 (म.प्र.)
Raisen Bypass Road, Bhopal - 462038 (M.P.)
Phones:- +91 755 2742212-16, FAX:- +91 755 2748309,
Email: bmhrcbhopal@gmail.com, Website : www.bmhrc.ac.in


**भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद-भोपाल मेमोरियल हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर**

**विज्ञापन संख्या** ICMR/Rectt/BMHRC/Faculty/01/2026-RPCell

## रिक्ति सूचना

स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के अधीन भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के भोपाल स्मारक अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र (बीएमएचआरसी), भोपाल में नियमित नियुक्ति हेतु भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। चयनित अभ्यर्थियों की नियुक्ति परिषद के नियमों के अनुसार देश में कहीं भी की जा सकती है। प्रोफेसर (मेडिकल) के 03 पद (वेतन मैट्रिक्स लेवल-13, ₹1,23,100-₹2,15,900), एसोसिएट प्रोफेसर (मेडिकल) के 04 पद (वेतन मैट्रिक्स लेवल-12, ₹78,800-₹2,09,200) तथा असिस्टेंट प्रोफेसर (मेडिकल) के 09 पद (वेतन मैट्रिक्स लेवल-11, ₹67,700-₹2,08,700) पर नियुक्ति की जानी है। आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 14/07/2026 सायं 5:30 बजे तक है।

विस्तृत विज्ञापन एवं आवेदन संबंधी जानकारी के लिए आईसीएमआर-बीएमएचआरसी की वेबसाइट **www.bmhrc.ac.in** तथा **https://recruitment.icmr.org.in** का अवलोकन करें।

**प्रभारी निदेशक**
**बीएमएचआरसी, भोपाल**

EN 13/105

## सीधा साक्षात्कार

**आयुध निर्माणी अस्पताल, देहू रोड, पुणे-412101 में संविदा आधार पर 06 माह के लिए 01 एमबीबीएस चिकित्सक की हायरिंग हेतु**

| क्र. सं. | ब्यौरा | विवरण |
|---|---|---|
| 01. | **सीधे साक्षात्कार की तिथि और समय** | **03/07/2026, 10.00 बजे** |
| 02. | **स्थान** | आयुध निर्माणी अस्पताल, देहू रोड, पुणे-412101 |
| 03. | **रिक्तियों की संख्या** | 01 (महिला उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जाएगी) |
| 04. | अवधि | 06 माह |
| 05. | **अनिवार्य अर्हता** | एमसीआई मान्यताप्राप्त चिकित्सा महाविद्यालय/भारतीय विश्वविद्यालय से एमबीबीएस डिग्री. वह पंजीकृत मेडिकल प्रैक्टिशनर होनी चाहिए. |
| 06. | **मासिक पारिश्रमिक** | रु. 75000/- |
| 07. | **अनुपस्थिति के लिए पारिश्रमिक से कटौती की दैनिक दर** | रु. 2500/- |
| 08. | कार्य की प्रकृति | नियुक्त मेडिकल प्रैक्टिशनर सभी सामान्य कार्य करेंगे, जो कि नियमित मेडिकल प्रैक्टिशनर परंपरागत रूप से ओएफएचडीआर कर रहे हैं. वह आपातकालीन/आपदा और दुर्घटनाओं की देखरेख करेंगे. रविवार और अवकाश सहित जब भी अपेक्षित होगा, नियमित रूप से रात्रि ड्यूटियां करनी होंगी, जिसके बदले अगले दिन छुट्टी दी जाएगी. |
| 09. | **साक्षात्कार के समय दस्तावेज प्रेषित किए जाने हैं** | केवल भारतीय नागरिक साक्षात्कार में उपस्थित होने के लिए पात्र हैं. उम्मीदवारों के लिए निम्नलिखित के समर्थन में सभी संगत मूल दस्तावेजों के साथ जीवनवृत्त/रेज़्यूम लेकर उपस्थित होना अपेक्षित है.<br>• अर्हता<br>• पहचान का प्रमाण (जैसे कि आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड साथ में 01 पते के सबूत का दस्तावेज/राशन कार्ड).<br>• राष्ट्रीय/राज्य चिकित्सा परिषद के साथ चिकित्सा/ पंजीकरण प्रमाणपत्र.<br>• जन्म तिथि का सबूत साथ में केंद्रीय/राज्य सरकार के राजपत्रित अधिकारी से चरित्र प्रमाण पत्र.<br>• 02 हाल के पासपोर्ट आकार के फोटोग्राफ.<br>• मूलभूत शैक्षणिक अर्हता पूरी करने वाले किसी भी पेशेवर (सेवानिवृत्त कार्मिक सहित) पर हायरिंग के लिए विचार किया जा सकता है. |
| 10. | **असाइनमेंट पूर्णतः** संविदात्मक प्रकृति की है, जिसे किसी भी तरफ से 07 (सात) दिनों की पूर्व सूचना पर समाप्त किया जा सकता है. | |
| 11. | हायर किए गए मेडिकल प्रैक्टिशनर को एफएचसी/ओएफडीआर, पीवीआर में तैनाती अनिवार्य है. | |
| 12. | सीएमओ प्रभारी, ओएफएच देहू रोड के पास उपर्युक्त रिक्ति विज्ञापित करने का अधिकार सुरक्षित है. | |

डॉ. बी. डी. रविकुमार
मुख्य चिकित्सा अधिकारी, प्रभारी
आयुध निर्माणी अस्पताल, देहू रोड,
टेलीः +91-2027670194

EN 13/47


## ICFRE-INSTITUTE OF WOOD SCIENCE AND TECHNOLOGY
(Indian Council of Forestry Research and Education)
(Autonomous Body of the Ministry of Environment, Forest and Climate Change, Government of India)
P.O. Malleswaram, Bengaluru – 560 003. Ph: 080-23341731
E-mail: dir_iwst@icfre.org | Website: http://iwst.icfre.gov.in


### Admission for One year Diploma in Advanced Woodworking
### एडवांस्ड वुडवर्किंग में एक वर्षीय डिप्लोमा प्रवेश हेतु

ICFRE-IWST invites application for One Year Diploma in Advance Woodworking (6 months course work & 6 months industry attachment) with placement support. Course commences from 20th July 2026. Students who are 18 years and above of age (with pass in 10+2 equivalent or any graduate) can apply on or before **19th July 2026.**

ICFRE-IWST एडवांस्ड वुडवर्किंग में एक साल का डिप्लोमा (6 महीने का कोर्स वर्क और 6 महीने का उद्योग संलग्नक) के लिए आवेदन आमंत्रित करता है प्लेसमेंट सुविधा के साथ । पाठ्यक्रम 20 जुलाई 2026 से शुरू हो रहा है। जो छात्र 18 वर्ष या उससे अधिक आयु के हैं (10+2 पास/स्नातक), 19 जुलाई 2026 या इससे पहले आवेदन कर सकते हैं।

For more details please visit/अधिक जानकारी के लिए कृपया देखें।
**http://iwst.icfre.gov.in/awtc/awtc.html**
**Mail – awtc.iwst@gmail.com**
**Ph: 080-23341731, 8296889618**

**Sd/- Director.**

EN 13/89

## अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (AIIMS)

अंसारी नगर, नई दिल्ली-110029

F.No. 3-2/2022-Estt.(RCT)

### भर्ती सूचना

इस संस्थान में प्रतिनियुक्ति के आधार पर निम्नलिखित पद के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं:

| क्र. सं. | पद का नाम | वेतनमान | अधिकतम आयु सीमा | पदों की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1. | चीफ सिक्योरिटी ऑफिसर | पे मैट्रिक्स में लेवल 13 | 56 वर्ष | 01 |

जरूरी योग्यता की शर्तों, अन्य विवरणों और नियमों व शर्तों के लिए कृपया संस्थान की वेबसाइट **www.aiims.edu** और **www.aiimsexams.ac.in 'Recruitment'** शीर्षक के अंतर्गत देखें.

जो उम्मीदवार निर्धारित योग्यता शर्तों को पूरा करते हैं, वे अपना आवेदन (जो वेबसाइट पर उपलब्ध है) भेज सकते हैं.

आवेदन 31.07.2026 तक या इससे पहले इस पते पर पहुंचना चाहिए: **निदेशक, एम्स, अंसारी नगर, नई दिल्ली-110029**

**प्रशासनिक अधिकारी** (भर्ती)

CBC 17112/11/0021/2627 EN 13/83

## सीसीएस एनआईएएम का नवाचार एवं उद्यमिता संघ
## (सीसीएस एनआईएएम का आईईएफ)

पंजीकृत कार्यालयः सीसीएस एनआईएएम, कोटा रोड, बंबाला, जयपुर, राजस्थान
(आरकेवीवाई नवाचार एवं कृषि-उद्यमिता कार्यक्रम, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत कृषि व्यवसाय इनक्यूबेटर)

पीएम-आरकेवीवाई के अंतर्गत बैच-14 के लिए भारतीय कृषि स्टार्टअप और कृषि उद्यमियों से आवेदन आमंत्रित

| छात्र अभिविन्यास कार्यक्रम | कृषि उद्यमिता अभिविन्यास कार्यक्रम (विचार से प्रोटोटाइप तक) | स्टार्टअप कृषि-व्यवसाय इनक्यूबेशन कार्यक्रम (प्रोटोटाइप से एमवीपी तक) |
|---|---|---|
| I. एक माह का ऑनलाइन/आवासीय प्रशिक्षण<br>II. 4 लाख रुपये तक का अनुदान | I. एक माह का ऑनलाइन/आवासीय प्रशिक्षण<br>II. 5 लाख रुपये तक की अनुदान | I. एक माह का ऑनलाइन/आवासीय प्रशिक्षण<br>II. 25 लाख रुपये तक की अनुदान सहायता |

आवेदन की अंतिम तिथिः 31 जुलाई 2026

अधिक जानकारी के लिए देखें: www.niam-nabi.com
ई-मेलः nabi@ccsniam.ac.in
मोबाइलः +91 8058682323 / 90 369 16907

CBC 01375/11/0003/2627 EN 13/2

## बायोकैमिस्ट्री विभाग
## श्री वेंकटेश्वर महाविद्यालय

(दिल्ली विश्वविद्यालय)
बेनिटो जुआरेज रोड, धौला कुआं,
नई दिल्ली-110021

**मोलेक्यूलर और बायोकेमिकल टेक्नोलॉजी में एक वर्षीय स्नातकोत्तर डिप्लोमा 2026-2027 में प्रवेश (सेमेस्टर प्रणाली).**

**पात्रताः** बी.एससी. जीवन विज्ञान, बी.एससी. बॉटनी/बायोकैमिस्ट्री/कैमिस्ट्री/माइक्रोबायोलॉजी/जूलॉजी/अनुप्रयुक्त जूलॉजी/अनुप्रयुक्त विज्ञान/बायोमेडिकल साइंसिस, बायोलॉजिकल साइंसिस, बायोटेक्नोलॉजी, और बी.टैक (बायोटेक) विषय क्षेत्रों में न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों के साथ स्नातक योग्यता.

**चयन प्रक्रियाः** यदि आवेदनों की संख्या उपलब्ध सीटों से अधिक हो जाती है (कुल सीटें 39), तो कॉलेज 02 अगस्त, 2026 **को प्रातः 10.00 से 11.00 बजे** तक कॉलेज परिसर में प्रवेश परीक्षा आयोजित करेगा, जिसके उपरांत **4 और 5 अगस्त, 2026** को साक्षात्कार होगा. परीक्षा पेपर (अंग्रेजी माध्यम) में स्नातक स्तर तक मूलभूत विज्ञान विषयों को शामिल करते हुए बहु विकल्प प्रकार के प्रश्न होंगे.

**आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथिः 01 अगस्त , 2026**

**पाठ्यक्रम शुल्क** : रु. 18000/- का भुगतान दो समान किस्तों में देय होगा.

अधिक विवरण और ऑनलाइन आवेदन करने के लिए कृपयाः **http//svc.ac.in** पर जाएं/लॉग इन करें.

**टिप्पणीः** आवेदकों के लिए 02 अगस्त, 2026 को प्रवेश परीक्षा के संबंध में अधिसूचनाओं के लिए कॉलेज वेबसाइट से जांच करना अपेक्षित है. प्रवेश परीक्षा या साक्षात्कार में उपस्थित होने के लिए कोई टीए/डीए नहीं दिया जायेगा.

प्राचार्य

EN 13/18

---

ONGC
एमआरपीएल
MRPL

## मंगलूर रिफाइनरी एण्ड पेट्रोकेमिकल्स लिमिटेड

(भारत सरकार का उपक्रम एवं ओएनजीसी की सहायक कंपनी) CIN No. : L19200KA1988GOI008959
पोस्ट कुत्तेतूर, मंगलूरु - 575030. ई-मेल : pfte@mrpl.co.in

**आवेदन करने के लिए ऑनलाइन पोर्टल खोलने की तिथि: 17/06/2026**
**ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि: 16/07/2026**

मंगलूर रिफाइनरी एण्ड पेट्रोकेमिकल्स लिमिटेड (एमआरपीएल), 'शेड्यूल 'A' मिनीरत्न केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र का उद्यम (CPSE) और ONGC लिमिटेड की एक सहायक कंपनी, पर्सनल ऑन फिक्स्ड टर्म एम्प्लॉयमेंट (PFTE) के तहत कार्मिकों के रूप में नियुक्ति के लिए, मेधावी, ऊर्जावान, इच्छुक और समर्पित पेशेवरों (केवल भारतीय नागरिकों) से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है।

| विज्ञापन संख्या | पद की संख्या | PFTE स्थिति स्तर | पदों की संख्या और आरक्षण | चयन का तरीका* |
|---|---|---|---|---|
| MRPL/PFTE/2026/01 | अग्निशमन अधिकारी | कार्यकारी स्तर L1 | 05 (UR-4, OBC (NCL)-1) | व्यक्तिगत साक्षात्कार |

संक्षिप्ति: UR - अनारक्षित, OBC (NCL) - अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन-क्रीमी लेयर)
* आवेदनों की स्क्रीनिंग के बाद, योग्य उम्मीदवारों को व्यक्तिगत साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा।
विस्तृत विज्ञापन के लिए इच्छुक उम्मीदवार हमारी वेबसाइट **https://www.mrpl.co.in/careers** देख सकते हैं। EN 13/86

---

## राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान रायपुर
## NATIONAL INSTITUTE OF TECHNOLOGY RAIPUR

सत्यमेव जयते

(An Institute of National Importance) Under Ministry of Education, Govt. of India
G.E. Road, Raipur - 492010 (CG) Phone: (0771) 2252700 | Email: registrar@nitrr.ac.in | Website: www.nitrr.ac.in

No./NITRR/R-1/Advt./2026/915 Raipur, Date:15/06/2026

### भर्ती सूचना

राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान रायपुर (छ.ग.) शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार का राष्ट्रीय महत्व का संस्थान है। संस्थान में निम्नलिखित गैर शैक्षणिक पद की भर्ती हेतु भारतीय नागरिकों से निर्धारित प्रारूप (निर्धारित फॉर्म की हार्ड कॉपी) में आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं :

**प्रतिनियुक्ति (अल्पकालिक अनुबंध के आधार पर)**

| क्र. सं. | पद का नाम | वेतन लेवल (7वें वेतन आयोग) | पद संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | कुलसचिव | वेतन लेवल-14 | 1 |

कृपया विस्तृत जानकारी के लिए संस्थान की वेबसाइट **https://nitrr.ac.in/advertisement.php** का अवलोकन करें। आवेदन शुरू होने की तारीख 15.06.2026 है। आवेदन पत्र एवं संबंधित दस्तावेज जमा करने की अंतिम तिथि 15.07.2026 (शाम 5 बजे) है। उम्मीदवारों से अनुरोध है कि भर्ती संबंधी जानकारी हेतु संस्थान की वेबसाइट **https://nitrr.ac.in/advertisement.php** का अवलोकन नियमित रूप से करते रहें।

EN 13/95

**कुलसचिव** (प्रभारी)

---

राष्ट्रीय बौद्धिक दिव्यांगजन सशक्तिकरण संस्थान (दिव्यांगजन)
**NATIONAL INSTITUTE FOR THE EMPOWERMENT OF PERSONS WITH INTELLECTUAL DISABILITIES (DIVYANGJAN), SECUNDERABAD**
दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार
Department of Empowerment of Persons with Disabilities (Divyangjan)
Ministry of Social Justice & Empowerment, Govt. of India
मनोविकास नगर, सिकंदराबाद / Manovikas Nagar, Secunderabad - 500 009

nqa. ISO 9001 Registered

### रोजगार सूचना सं. 03/2026

संस्थान नियमित संकाय और गैर शिक्षण संकाय पद के लिए पात्र उम्मीदवारों से आवेदन पत्र आमंत्रित करता है, जिसका विवरण निम्नानुसार है:

| क्रम सं. | पद का नाम | पदों की संख्या | श्रेणी |
|---|---|---|---|
| 1. | पुनर्वास मनोविज्ञान में लेक्चरर (स्तर-10) | 02 | अना-01, ईडब्ल्यूएस-01 |
| 2. | आशुलिपिक (स्तर-4) | 01 | अपिव |
| 3. | एलडीसी/टंकक (स्तर-2) | 02 | अना-01, ईडब्ल्यूएस-01 |
| 4. | फिजियोथेरेपी सहायक (स्तर-2) | 01 | अना |

इसके अलावा, यह संस्थान अनुबंध के आधार पर अलग-अलग संकाय और गैर संकाय पदों के लिए भी आवेदन आमंत्रित करता है. इनमें एनआईईपीआईडी, सिकंदराबाद; नोएडा स्थित इसके क्षेत्रीय केंद्रों; और दावणगेरे (कर्नाटक), नेल्लोर (आंध्र प्रदेश) व राजनांदगांव (छत्तीसगढ़) स्थित इसके कम्पोजिट रीजनल सेंटर्स में 'क्रॉस डिसेबिलिटी अर्ली इंटरवेंशन सेंटर' (सीडीईआईसी) के लिए अनुबंध-आधारित पद भी शामिल हैं.

**नियमित और अनुबंध पर आधारित पदों (सीडीईआईसी सहित) की श्रेणी, आवश्यक शैक्षणिक योग्यता, अनुभव, पदों के लिए निर्धारित आयु, नियम और शर्तों की पूरी जानकारी और आवेदन फ़ॉर्म डाउनलोड करने के लिए, कृपया संस्थान की वेबसाइट www.niepid.nic.in पर जाएं. आवेदन जमा करने की आखिरी तारीख 01.08.2026 है. ऊपर दी गई अधिसूचना में कोई भी बदलाव या सुधार केवल संस्थान की वेबसाइट पर ही प्रकाशित किया जाएगा.**

**अतिथि संकाय/स्टाफ पदों पर नियुक्ति के लिए वॉक्-इन-इंटरव्यू**

इसके अलावा, यह संस्थान एनआईईपीआईडी सिकंदराबाद और इसके नोएडा, नवी मुंबई, कोलकाता और एमएसईसी, नोएडा स्थित क्षेत्रीय केंद्रों और राजनांदगांव, दावणगेरे और नेल्लोर स्थित कम्पोजिट रीजनल सेंटर्स में अतिथि संकाय/स्टाफ के तौर पर काम करने के लिए प्रोफेशनल्स/कर्मचारियों के एम्पैनलमेंट के लिए वॉक-इन-इंटरव्यू/स्क्रीनिंग आयोजित कर रहा है. साथ ही, विभिन्न स्कीमों और कोर्स के पदों के लिए भी इंटरव्यू/स्क्रीनिंग **23 जून, 2026 से 06 जुलाई, 2026** तक संबंधित केंद्रों पर आयोजित किए जाएंगे. पदों के बारे में पूरी जानकारी के लिए कृपया संस्थान की वेबसाइट **www.niepid.nic.in** पर जाएं. किसी भी अन्य जानकारी के लिए, कृपया फोन नंबर 040-27751741-45 (एक्सटेंशन 209) पर संपर्क करें.

EN 13/106

निदेशक, एनआईईपीआईडी

---

## राष्ट्रीय औषधीय शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान–हाजीपुर
## National Institute of Pharmaceutical Education and Research (NIPER)- HAJIPUR

ई.पी.आई.पी., औद्योगिक क्षेत्र, हाजीपुर, जिला : वैशाली, राज्य : बिहार, पिन–844102
E.P.I.P., Industrial Area, Hajipur, District : Vaishali, State : Bihar, PIN-844102

सत्यमेव जयते

**रोज़गार अधिसूचना संख्या : NIPER-HJP/Admin./Recruitment/2026-27/01, दिनांक : 15.06.2026**

राष्ट्रीय औषधीय शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान (नाईपर), हाजीपुर निम्नलिखित संविदात्मक पदों के लिए योग्य एवं उपयुक्त भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित करता है :

| क्रम सं. | पदों के नाम अनुबंधात्मक / सलाहकार | रिक्तियों की सं. | अधिकतम आयु | पारिश्रमिक |
|---|---|---|---|---|
| 1. | सिविल इंजीनियर (अनुबंधात्मक) | 01 | 65 | रु. 50,000/– (समेकित) |
| 2. | आन्तरिक लेखा परीक्षक (अनुबंधात्मक) | 01 | 65 | रु. 50,000/– (समेकित) |
| 3. | रखरखाव अभियंता–विद्युत (अनुबंधात्मक) | 01 | 65 | रु. 50,000/– समेकित) |
| 4. | विजिटिंग कंसल्टेंट–विशेषज्ञ डॉक्टर (प्रसूति एवं स्त्रीरोग) (विजिट के आधार पर) | 01 | 65 | रु. 4,000/– प्रति विजिट/सप्ताह (प्रत्येक विजिट में 2 घंटे) |
| 5. | विजिटिंग कंसल्टेंट–मनोविज्ञानी/ सलाहकार (विजिट के आधार पर) | 01 | 65 | रु. 3,000/– प्रति विजिट/सप्ताह (प्रत्येक विजिट में 3 घंटे) |

पात्रता मापदंड एवं सामान्य जानकारी से संबंधित विस्तृत विज्ञापन हेतु, कृपया संस्थान के वेबसाइट **www.niperhajipur.ac.in/recruitment** का अवलोकन करें।
आवेदन को केवल निर्धारित ऑनलाइन आवेदन प्रारूप (वेबसाइट पर निर्दिष्ट के अनुसार) में जमा किया जाना चाहिए। आवेदन की अन्तिम तिथि : 14 जुलाई, 2026

EN 13/92

ह०/– कुलसचिव (प्रभारी)

भारत सरकार

रक्षा मंत्रालय

# भारतीय नौसेना

**विज्ञा. सं. आईएनसीईटी-01/2026 (एबीएस/डीईपी)**

1. भारतीय नौसेना निम्नलिखित विभिन्न समूह 'ख (अराजपत्रित) और समूह 'ग' पदों को प्रतिनियुक्ति (सशस्त्र बल कार्मिकों से अल्पावधि अनुबंध/पुनःनियुक्ति) और आमेलन आधार पर भरने के लिए पात्र अभ्यर्थियों से उचित माध्यम से केवल स्पीड पोस्ट/पंजीकृत डाक से आवेदन-पत्र आमंत्रित किए जाते हैं. (डाक के किसी अन्य माध्यम से अग्रेषित आवेदनों को स्वीकार नहीं किया जायेगा):-

| क्रम सं. | पद का नाम | रिक्तियों की संख्या | 7वें कें.वे.आ. के अनुसार वेतन स्तर |
|---|---|---|---|
| प्रतिनियुक्ति (अल्पकालिक अनुबंध सहित/पुनः रोज़गार) | | | |
| 1.1 | फोरमैन (मैटल) | 41 | |
| 1.2 | फोरमैन (इलेक्ट्रिकल) | 25 | |
| 1.3 | फोरमैन (इलेक्ट्रॉनिक्स एंड गाइरो) | 08 | |
| 1.4 | फोरमैन (शस्त्र इलेक्ट्रॉनिक्स ) | 13 | |
| 1.5 | फोरमैन (मैकेनिकल) | 31 | |
| 1-6 | फोरमैन (मैकेनिकल सिस्टम्स) | 10 | |
| 1.7 | फोरमैन (फाउण्डरी) | 01 | |
| 1.8 | फोरमैन (हीट इंजिन) | 17 | वेतन स्तर-7 |
| 1.9 | फोरमैन (मशीन) | 04 | |
| 1.10 | फोरमैन (रेफ्र. एंड एसी) | 08 | |
| 1.11 | फोरमैन (शिप बिल्डिंग) | 35 | |
| 1.12 | फोरमैन (ऑग्ज़ीलियरी) | 05 | |
| 1.13 | फोरमैन (इंस्ट्रूमेंट) | 01 | |
| 1.14 | फोरमैन (योजना, उत्पादन और नियंत्रण) | 03 | |
| 1.15 | फोरमैन (सिविल वर्क्स) | 03 | |
| 1.16 | फोरमैन (मिलराइट) | 01 | |
| 1.17 | फोरमैन (इंटीग्रिटिड सिस्टम्स) | 01 | |
| 1.18 | वरिष्ठ स्टोर अधीक्षक (आर्मामेंट) | 07 | वेतन स्तर -6 |
| 1.19 | ट्रेड्समैन उच्च कुशल ग्रेड-I (फिटर) | 31 | वेतन स्तर-5 |
| 1.20 | ट्रेड्समैन उच्च कुशल ग्रेड-II (फिटर) | 20 | वेतन स्तर-4 |
| 1.21 | उच्च कुशल ग्रेड-II (एम्युनिशन मैकेनिक) | 18 | |
| आमेलन | | | |
| 1.22 | प्रयोगशाला डिमांस्ट्रेटर | 06 | वेतन स्तर-5 |
| 1.23 | स्टोर अधीक्षक (आर्मामेंट) | 06 | वेतन स्तर-4 |
| 1.24 | कुक | 19 | वेतन स्तर-2 |
| 1.25 | धोबी/ब्वॉय | 01 | |
| 1.26 | ट्रेड्समैन मेट | 64 | वेतन स्तर-1 |
| 1.27 | बूटमेकर/इक्विपमेंट रिपेयर एंड बूट मेकर | 03 | |

2. विस्तृत विज्ञापन के लिए कृपया भारतीय नौसेना की वेबसाइट अर्थात www.indiannavy.gov.in पर पधारें.

CBC 10702/11/0021/2627 EN 13/70

# अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान
## मंगलागिरी (आंध्र प्रदेश)

सत्यमेव जयते

मंगलागिरी-522503

गुंटूर जिला, आंध्र प्रदेश

**एम्स मंगलागिरी में प्रतिनियुक्ति आधार पर विभिन्न गैर-संकाय समूह "ए और बी" पदों की भर्ती के लिए विज्ञापन.**

एम्स, मंगलागिरी ने प्रतिनियुक्ति भर्ती के आधार पर विभिन्न गैर-संकाय समूह ए और बी पदों के लिए पात्र उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किए हैं:

प्रतिनियुक्ति द्वारा भर्ती

| क्र. सं. | पद | समूह | 7वें सीपीसी के अनुसार स्तर | पद की सं. | तरीका |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | चिकित्सा अधीक्षक | ए | लेवल-14 | 1 | 3 साल के लिए प्रतिनियुक्ति |
| 2. | अधीक्षण अभियंता | ए | लेवल-13 | 1 | 3 साल के लिए प्रतिनियुक्ति |
| 3. | रजिस्ट्रार | ए | लेवल-12 | 1 | 3 साल के लिए प्रतिनियुक्ति |
| 4. | सहायक परीक्षा नियंत्रक | बी | लेवल-11 | 1 | 3 साल के लिए प्रतिनियुक्ति |
| 5. | प्रशासनिक अधिकारी | ए | लेवल-10 | 1 | 3 साल के लिए प्रतिनियुक्ति |
| 6. | सहायक प्रशासनिक अधिकारी | बी | लेवल-07 | 1 | 3 साल के लिए प्रतिनियुक्ति |
| 7. | सहायक लेखा अधिकारी | बी | लेवल-07 | 2 | 3 साल के लिए प्रतिनियुक्ति |
| 8. | लाइब्रेरियन ग्रेड I | बी | लेवल-07 | 1 | 3 साल के लिए प्रतिनियुक्ति |
| | कुल | | | 09 | |

टिप्पणी:

1. आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि - रोजगार समाचार में प्रकाशन की तिथि से 45 दिन.
2. उम्मीदवारों को आवेदन की हार्ड कॉपी सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ स्पीड पोस्ट/पंजीकृत डाक द्वारा आवेदन की अंतिम तिथि से 10 दिनों के भीतर भेजनी होगी.
3. उम्मीदवारों को अधिसूचना की पूरी जानकारी के लिए एम्स मंगलागिरी की वेबसाइट www.aiimsmangalagiri.edu.in पर जाने की सलाह दी जाती है.

कार्यकारी निदेशक

एम्स, मंगलागिरी

EN 13/104

# रमन रिसर्च इंस्टीट्यूट
## बेंगलुरु-560080

## शुद्धिपत्र

**विज्ञापन संख्या 16/26, दिनांकः 04.06.2026**

विज्ञापन संख्या 16/26 **(दिनांक: 04.06.26)** के तहत प्रशासनिक पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि **13 जुलाई 2026, रात 11:59 बजे** तक बढ़ा दी गई है.

EN 13/87

प्रशासनिक अधिकारी

# मुख्यालय, तटरक्षक क्षेत्र (अं एवं नि)
## श्री विजयपुरम

पोस्ट बॉक्स संख्या - 716, हेडो पोस्ट, श्री विजयपुरम- 744102

**असैनिक रिक्त पद के लिए सूचना**

सीधी भर्ती के आधार पर **इंजन ड्राइवर** के 01 - आर्थिक रूप से कमजोर (ईडब्ल्यूएस) वर्ग के रिक्त पद को भरने हेतु इच्छुक और योग्य उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं. उपरोक्त पदों के लिए भर्ती परीक्षा एवं पात्रता मापदंड का विवरण भारतीय तटरक्षक के वेब पोर्टल अर्थात **www.indiancoastguard.gov.in** पर देखा जा सकता है. योग्य उम्मीदवारों के आवेदन, सभी मामलों में पूर्ण रोजगार समाचार में विज्ञापन के प्रकाशन की तारीख से **45 दिनों** के भीतर **कमांडर, तटरक्षक** क्षेत्र (अं एवं नि), **श्री विजयपुरम** के कार्यालय में पहुंच जाने चाहिए.

कमांडर

तटरक्षक क्षेत्र (अं एवं नि)

CBC 10147/11/0004/2627

EN 13/84

NATIONAL GALLERY OF MODERN ART

# राष्ट्रीय आधुनिक कला संग्रहालय

(संस्कृति मंत्रालय) भारत सरकार

जयपुर हाउस, नई दिल्ली-110003

शुद्धिपत्र

यह 20.06.2026 को रोज़गार समाचार में प्रकाशित **"प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति"** शीर्षक वाले विज्ञापन के संदर्भ में है, जिसमें राष्ट्रीय आधुनिक कला संग्रहालय में विभिन्न पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं.

इसके द्वारा सूचित किया जाता है कि विज्ञापन में उल्लिखित संस्कृति मंत्रालय की वेबसाइट विज्ञापन के रूप में:

**"http://www.indiaculture.nic.in"**

को इस प्रकार पढ़ा जाएगाः

**"https://www.culture.gov.in"**

(सुष्मित शर्मा)

कार्यालय प्रमुख (एनजीएमए)

ईमेल आईडीः delhi.ngma@gov.in

जयपुर हाउस, नई दिल्ली-110003

CBC 09110/11/0003/2627 EN 13/99

ಭಾರತ ಸರ್ಕಾರ | भारत सरकार | Government of India

ಅಂಚೆ ಇಲಾಖೆ | डाक विभाग | Department of Posts

ವ್ಯವಸ್ಥಾಪಕರ ಕಚೇರಿ, ಅಂಚೆ ವಾಹನ ಸೇವೆ, ಬೆಂಗಳೂರು-೫೬೦೦೦೧.

सत्यमेव जयते

भारतीय डाक India Post

# प्रबंधक, डाक वाहन सेवा, बेंगलूरु

# O/o MANAGER, MAIL MOTOR SERVICE, BENGALURU-560001

**No.A-8/VII/Rect/Artisan/Tradesmen/2026-27** **Date: 16.06.2026**

पात्र भारतीय नागरिकों से वर्ष 2025-2026 निम्नलिखित पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं.

आवेदन स्वीकारने की अंतिम तिथिः दिनांक 18.07.2026 को 17:00 बजे **तक एवं इससे पूर्व**

| पद | ट्रेड | रिक्त पदों की संख्या | ब्रेक-अप | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अनारक्षित (UR) | आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (EWS) | अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC) | अनुसूचित जाति (SC) | अनुसूचित जनजाति (ST) |
| कुशल कारीगर (सामान्य केंद्रीय सेवा, ग्रुप-सी, अराजपत्रित, गैर-मंत्रालयी) | मोटर वाहन मैकेनिक | 01 | - | - | - | - | 01 |
मैंने इस रिक्त परिपत्र/विज्ञापन को ध्यान से पढ़ा है और मैं अच्छी तरह से जानता हूं कि अनिवार्य योग्यता/कार्य अनुभव के संबंध में मेरे द्वारा प्रस्तुत प्रलेखों द्वारा विधिवत समर्थित जीवन-वृत्त (CV) की जानकारी का मूल्यांकन चयन समिति द्वारा चयन के समय किया जाएगा. मेरे द्वारा प्रदान की गई जानकारी/विवरण मेरी सर्वोत्तम जानकारी के अनुसार सही और सत्य हैं और मेरे चयन पर प्रभाव डालने वाले किसी भी महत्वपूर्ण तथ्य को छुपाया/दबाया नहीं गया है.

(अभ्यर्थी के हस्ताक्षर)

दिनांकः ................ पताः ..........................................................

### नियोक्ता/संवर्ग नियंत्रण प्राधिकारी द्वारा प्रमाणन

आवेदक द्वारा उपरोक्त आवेदन में दी गई जानकारी/विवरण रिकॉर्ड पर उपलब्ध तथ्यों के अनुसार सत्य और सही है. वह रिक्ति परिपत्र में उल्लिखित शैक्षणिक योग्यता और अनुभव रखता/रखती है. यदि चयन होता है, तो उसे तुरंत कार्यमुक्त कर दिया जाएगा.

2. यह भी प्रमाणित किया जाता है किः

i) श्री/श्रीमती ................................................ के विरुद्ध कोई सतर्कता या अनुशासनात्मक मामला लंबित नहीं है और न ही विचाराधीन है.

ii) उनकी सत्यनिष्ठा (Integrity) प्रमाणित की जाती है.

iii) उनका मूल सी.आर. डोजियर (CR Dossier) संलग्न है/भारत सरकार के अवर सचिव या उससे उच्च स्तर के अधिकारी द्वारा विधिवत सत्यापित पिछले पांच (05) वर्षों के ए.सी.आर. (ACR) की छायाप्रतियां संलग्न हैं.

iv) पिछले दस (10) वर्षों के दौरान उन पर कोई दीर्घ/लघु दंड (Penalty) नहीं लगाया गया है अथवा पिछले दस (10) वर्षों के दौरान उन पर लगाए गए दीर्घ/लघु दंड (Penalty) की सूची संलग्न है (जो भी स्थिति हो).

प्रतिहस्ताक्षरित

(नियोक्ता/संवर्ग नियंत्रण प्राधिकारी, मुहर सहित)

EN 13/40

# 130 इन्फैन्ट्री बटालियन (टी.ए.) पर्यावरण कुमांऊ में भर्ती रैली

1. 130 इन्फैन्ट्री बटालियन (टी.ए.) पर्यावरण कुमांऊ, द्वारा 03 अगस्त 2026 से 08 अगस्त 2026 तक पिथौरागढ़ में भर्ती रैली आयोजित की जाएगी. इस भर्ती रैली का आयोजन पूर्व सैनिकों तथा भूतपूर्व महिला कर्मी जो कि पर्यावरण वन मंत्रालय तथा जलवायु नियंत्रण या राज्य वन विभाग, उत्तराखण्ड में न्यूनतम बीस साल सेवा प्रदान की हो, उनके लिए किया जायेगा.

**2. भर्ती के लिए रिक्तियां :**

| क्रम संख्या | वर्ग | पद | राज्य के निवासी | भर्ती स्थान और तारीख |
|---|---|---|---|---|
| 2.1. | सिपाही (सामान्य ड्यूटी) | 49 | उत्तराखण्ड | देवकटिया मैदान, पिथौरागढ़, उत्तराखण्ड<br>**03 अगस्त 2026 -** दस्तावेज जांच<br>**04 अगस्त 2026 -** शारीरिक परीक्षण<br>**05-08 अगस्त 2026-** शारीरिक परीक्षण में चुने गये जवानों का मेडिकल परीक्षण एवं साक्षात्कार. |
| 2.2. | सिपाही शेफ समुदाय (शेफ कम्युनिटी) | 04 | सम्पूर्ण भारत के भूतपूर्व लिपिक एवं भूतपूर्व सैनिक ट्रेड्समेन | |
| 2.3. | सिपाही धोबी (वाशर मैन) | 02 | | |
| 2.4. | सिपाही दर्जी (टेलर) | 02 | | |
| 2.5. | सिपाही उपकरण मरम्मत (इक्यूपमेन्ट रिपेयर) | 02 | | |
| 2.6. | सिपाही नाई (हेयर ड्रेसर) | 03 | | |
| 2.7. | सिपाही लोहार (ब्लैक स्मिथ) | 01 | | |
| 2.8. | सिपाही लिपिक (क्लर्क) | 01 | | |
| 2.9. | सिपाही बढ़ई (कारपेन्टर) | 03 | | |
| 2.10. | सिपाही सफाईवाला (हाउस कीपर) | 02 | | |
| | कुल | 69 | | |

**3. पात्रता / सेवा की शर्तें.**

**3.1.** भर्ती में हिस्सा लेने के लिए अन्य पद की सेवानिवृत्ति की तिथि 5 साल से ज्यादा नहीं होनी चाहिए.

**3.2.** **चिकित्सा श्रेणी** - SHAPE-I होनी चाहिए.

**3.3.** चरित्र - उदाहरणीय (Exemplary) / (Very Good) बहुत अच्छा होना चाहिए.

**3.4.** **योग्यता** - भारतीय नागरिक भूतपूर्व सैनिक (भारतीय सेना में, जिसको पेंशन मिल रही है) और भूतपूर्व महिला कर्मचारी, पर्यावरण वन मंत्रालय तथा जलवायु नियंत्रण या राज्य वन विभाग, उत्तराखण्ड में न्यूनतम बीस साल सेवा प्रदान की हो तथा सेवानिवृत्ति / निर्वहन की तारीख पांच साल के भीतर हो.

**4. भर्ती प्रक्रिया:-**

| भूतपूर्व सैनिक पुरुष | पर्यावरण वन मंत्रालय तथा जलवायु नियंत्रण और राज्य वन विभाग, उत्तराखण्ड के भूतपूर्व महिला कर्मचारी |
|---|---|
| **4.1.** शारीरिक परीक्षण में 1.6 किलोमीटर की दौड़, पुलअप, संतुलन, और 9 फीट गड्ढा आयु मानदंड के अनुसार होगा.<br>**4.2.** शारीरिक परीक्षण में चुने गये उम्मीदवारों को मेडिकल टेस्ट से गुजरना होगा व भर्ती बोर्ड अधिकारियों द्वारा साक्षात्कार किया जायेगा. | **4.1** भर्ती बोर्ड अधिकारियों द्वारा साक्षात्कार, वनरोपण तथा पौधे को नर्सरी में तैयार करने की व्यवस्था का अवलोकन और चिकित्सा परीक्षण. |

**5. आवश्यक दस्तावेज (मूल):-**

| भूतपूर्व सैनिक पुरुष | पर्यावरण वन मंत्रालय तथा जलवायु नियंत्रण और राज्य वन विभाग, उत्तराखण्ड के भूतपूर्व महिला कर्मचारी |
|---|---|
| **5.1.** पेंशन भुगतान आदेश एवं डिस्चार्ज बुक की मूल प्रति.<br>**5.2.** मूल निवास प्रमाण पत्र और आधार कार्ड.<br>**5.3.** पासपोर्ट साईज आठ फोटोग्राफ. | **5.1.** पेंशन ऑर्डर की मूल प्रतिलिपि.<br>**5.2.** सम्बन्धित विभाग से, जिसमें महिला ने 20 वर्ष सेवा प्रदान का प्रमाण पत्र.<br>**5.3.** मूल निवास प्रमाण पत्र और आधार कार्ड.<br>**5.4.** पासपोर्ट साईज आठ फोटोग्राफ. |

**6. अभ्यर्थियों के लिए महत्वपूर्ण बिन्दु:-**

**6.1.** संगठन किसी भी प्रकार की स्थायी नौकरी का प्रावधान या वादा नहीं करता है. व्यक्ति को वर्ष में निर्धारित अवधि के लिए, फंडिंग एजेंसी की आवश्यकता तथा यूनिट / मुख्यालय के निर्देशों के आधार पर इम्बोडीमेन्ट किया जाएगा. व्यक्ति को केवल नियुक्ति अवधि के लिए भुगतान किया जायेगा. भूतपूर्व सैनिक शुरूआत में दो वर्ष की अवधि के लिए नियुक्त किया जायेगा जो कि संतोषजनक प्रदर्शन के आधार पर सेवा प्रत्येक वर्ष एक बार में एक वर्ष तक बढ़ायी जायेगी.

**6.2.** नामांकन विशुद्ध रूप से योग्यता के आधार पर और उपलब्ध रिक्तियों के आधार पर है.

**6.3.** भारत सरकार रक्षा मंत्रालय के पत्र संख्या PC to MF 68640/Eco/Gen/TA-2/513/US/D (GS-III) दिनांक 30 अक्टूबर 2018 के अनुसार इन्फैन्ट्री बटालियन (टी.ए.) पर्यावरण में प्रदान की गई सेवा पेंशन, वार्षिक बढोतरी और ग्रेच्युटी हेतु अधिकृत नहीं है.

**6.4.** पूर्व सैनिकों, पूर्व पर्यावरण वन मंत्रालय तथा जलवायु नियंत्रण और राज्य वन के महिला कर्मचारियों (समय पूर्व सेवानिवृत्त सहित) द्वारा इन्फैन्ट्री बटालियन (टी.ए.) पर्यावरण की इकाईयों में दी गई सेवा को पुनर्वास सेवा माना जाएगा और उन्हें नियमित सेना/प्रादेशिक सेना के समकक्ष नहीं माना जाएगा.

**6.5.** रैली में किसी भी प्रकार की दुर्घटना / घटना के लिए भर्ती बोर्ड की कोई भी जिम्मेदारी नहीं होगी.

**7.** ऑनलाइन पंजीकरण तथा पात्रता मानदंड और नियुक्ति की शर्तों की जानकारी के लिए **www.130ta.com** पर जाएं या नीचे दिए गए QR कोड को स्कैन करें. जो उम्मीदवार तकनीकी या किसी अन्य कारण से ऑनलाइन पंजीकरण नहीं कर पा रहे हैं, वे भी आवश्यक दस्तावेजों के साथ **03 अगस्त 2026 सुबह 0600 बजे** भर्ती रैली में उपस्थित हो सकते हैं.

**कमान अधिकारी**
**130 इन्फैन्ट्री बटालियन (टी.ए.)**
**पर्यावरण कुमाँऊ, पिथौरागढ़**

CBC 10120/11/0005/2627

EN 13/66

सं. ए- 14011/01/2026-सी.पी.डब्ल्यू.
भारत सरकार

# पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (सी.पी. प्रभाग)

**केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड में सदस्य सचिव के पद पर चयन के संबंध में.**

पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के अधीन एक स्वायत्त निकाय, केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड में **सदस्य सचिव** के पद पर प्रतिनियुक्ति (अल्पकालिक अनुबंध सहित) के आधार पर वेतनमान के स्तर-13ए में नियुक्ति हेतु पात्र उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं.

2. केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, जल (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम, 1974 (6 ऑफ 1974) के अंतर्गत स्थापित एक स्वायत्त निकाय है.

विस्तृत विज्ञापन मंत्रालय की वेबसाइट **https://moef.gov.in** पर उपलब्ध है.

**भारत सरकार के संयुक्त सचिव**

CBC 13101/11/0010/2627

EN 13/102

---

फा.सं. 2-1/2024-स्थापना
भारत सरकार

# राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग

ब्लॉक-14, प्रथम तल, सीजीओ कॉम्प्लेक्स, लोधी रोड
नई दिल्ली-110003

**राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग में स्टाफ कार ड्राइवर (साधारण ग्रेड) के एक (1) पद को प्रतिनियुक्ति आधार पर भरने के संबंध में.**

राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग में उपर्युक्त पद को प्रतिनियुक्ति आधार पर भरने के लिए केंद्र सरकार के अधिकारियों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं. विस्तृत विवरण और आवेदन प्रपत्र राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग की वेबसाइट **www.ncm.nic.in** से डाउनलोड किए जा सकते हैं.

2. उचित माध्यम से आवेदन, सत्यनिष्ठा प्रमाणपत्र, सतर्कता मंजूरी, दंड विवरण तथा पिछले पांच वर्षों के एसीआर/एपीएआर सहित, रोज़गार समाचार में इस विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से **60 दिनों के भीतर** आयोग को भेजे जा सकते हैं. आवेदन के साथ ई-मेल और मोबाइल नंबर भी भेजा जाए.

**(सुनील कुमार सिंह)**
**भारत सरकार के अवर सचिव**
**दूरभाष संख्याः 24366174**

EN 13/103

---

# राजीव गाँधी राष्ट्रीय विमानन विश्वविद्यालय
# RAJIV GANDHI NATIONAL AVIATION UNIVERSITY

(नागर विमानन मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक केंद्रीय विश्वविद्यालय)
**Fursatganj, Amethi, 229302, Uttar Pradesh, India**

## प्रवेश सूचनाः 2026-27

राजीव गांधी राष्ट्रीय विमानन विश्वविद्यालय (आरजीएनएयू) नागर विमानन मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में संसद के अधिनियम के जरिए स्थापित एक केंद्रीय विश्वविद्यालय है. शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए निम्नलिखित कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए आवेदन-पत्र आमंत्रित किए जाते हैं:

| क्र.सं. | कार्यक्रम | पात्रता | सीटें | चयन प्रक्रिया |
|---|---|---|---|---|
| 1 | एरोस्पेस इंजीनियरिंग में बी.टेक | **शैक्षणिक अर्हताः** न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों के साथ 10+2 (भौतिकी, रसायन विज्ञान, गणित और अंग्रेजी) उत्तीर्ण<br>**आयुः** 31 जुलाई 2026 को अधिकतम 21 वर्ष | 60 सीटें + 9* सीटें | • जेओएसएए 2026 और सीएसएबी 2026 के जरिए जेईई (मेन्स) स्कोर |
| 2 | इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार इंजीनियरिंग-एवियोनिक्स में बी.टेक | | 60 सीटें + 9* सीटें | |
| 3 | एआई और डेटा साइंस (एविएशन सिस्टम) में बी.टेक | | 60 सीटें + 9* सीटें | |
| 4 | बी.एससी (एविएशन) | **शैक्षणिक अर्हताः** न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों के साथ 10+2 (भौतिकी, रसायन विज्ञान, गणित और अंग्रेजी) उत्तीर्ण<br>**आयुः** 31 जुलाई 2026 को अधिकतम 21 वर्ष | 30 सीटें | सीयूईटी (यूजी) 2026 स्कोर या रिक्त सीटों के लिए आरजीएनएयू द्वारा आयोजित स्वायत्त परीक्षा<br>अधिक विवरण के लिए, कृपया www.rgnau.ac.in पर पधारें और SAMARTH पोर्टल के जरिए ऑनलाइन आवेदन करें.<br>**आवेदन प्रस्तुति की अंतिम तिथिः 30-06-2026** |

(*) 27 अतिरिक्त सीटें विदेशियों, एनआरआई और ओसीआईज से डीएएसए 2026 के जरिए भरी जाएंगी.

| क्र.सं. | कार्यक्रम | पात्रता | सीटें | चयन प्रक्रिया |
|---|---|---|---|---|
| 1 | एविएशन मैनेजमेंट में बीबीए | **शैक्षणिक अर्हताः** न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों के साथ 10+2 उत्तीर्ण (कोई भी स्ट्रीम)<br>**आयुः** 31 जुलाई, 2026 को अधिकतम 21 वर्ष | 60 सीटें | सीयूईटी (यूजी) 2026 स्कोर अथवा रिक्त सीटों के लिए आरजीएनएयू द्वारा आयोजित स्वायत्त परीक्षा.<br>अधिक विवरण के लिए कृपया www.rgnau.ac.in पर पधारें और SAMARTH पोर्टल के जरिए ऑनलाइन आवेदन करें.<br>**आवेदन प्रस्तुति की अंतिम तिथिः 30-06-2026** |
| 2 | एविएशन सर्विसेज और एअर कार्गो में बीएमएस | | 120 सीटें | |

**आवेदन प्रस्तुति की अंतिम तिथि**
**30.06.2026**

अधिक विवरण के लिए कृपया **www.rgnau.ac.in** पर पधारें और SAMARTH पोर्टल के जरिए ऑनलाइन आवेदन करें.

EN 13/107

EN 13/107

---

# Ordnance Factory Nalanda

**Unit of Munitions India Ltd.**
**Govt. of India Enterprise**
**Ministry of Defence**
**Rajgir, Bihar-803121**

म्यूनिशंस इंडिया लिमिटेड
Munitions India Limited

# आयुध निर्माणी नालंदा

**म्यूनिशंस इंडिया लिमिटेड की इकाई**
**भारत सरकार का उद्यम**
**रक्षा मंत्रालय**
**राजगीर, बिहार-803121**

GSTIN-10AAOCM8781H1Z5 CIN - U29190PN2021GOI203505

दूरभाष सं. /PHONE No. 06112-257121-23 Fax No. : 06112-257102 E-mail: gm-ofn-bih@nic.in

सं. 010502/OFN/GA/DAVP/SUP/2026 दिनांक : 08/06/2026.

## अधिसूचना

विज्ञापन सं. MIL/OFN/GA/SUP/2026/I, दिनांकः 11/05/2026 आयुध निर्माणी नालंदा, राजगीर (म्यूनिशंस इण्डिया लिमिटेड, भारत सरकार, रक्षा मंत्रालय की एक इकाई) बिहार- 803121, **सुपरवाइजर के 12 पद** हेतु रु. 36000/- के वेतनामान में शासकीय नियमानुसार डीए/एचआरए तथा अन्य भत्ते सहित सीमित कालावधि (एक वर्ष के लिए, जिसे चार वर्षों तक विस्तार किया जा सकता है) हेतु ऑफलाइन आवेदन आमंत्रित करती है. अधिक जानकारी हेतु इच्छुक अभ्यर्थी पात्रता के अनुसार वेबसाइट **https://munitionsindia.in** से आवेदन/विज्ञापन के साथ विहित प्रारूप लेकर आवेदन कर सकते हैं.

**आवेदन करने की अंतिम तिथि रोज़गार समाचार में विज्ञापन प्रकाशन की तिथि से 21 दिवस होगी.**

**मुख्य महाप्रबंधक**
**आयुध निर्माणी नालंदा**

EN 13/108

## प्रकाशन विभाग

# अपडेट रहें आगे बढ़ें

आपके आसपास घट रहीं महत्वपूर्ण घटनाओं की त्वरित, तथ्यपूर्ण और भविष्य के लिए उपयोगी जानकारी को समझने में आपका विश्वसनीय साथी।

**संक्षिप्त और व्यापक**
प्रमुख घटनाक्रम संक्षेप में, स्पष्टता और सटीकता के साथ।

**देश दुनिया का समग्र परिदृश्य**
राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय, अर्थव्यवस्था और खेल- जैसे महत्वपूर्ण विषय, एक ही स्थान पर।

**परीक्षा और साक्षात्कार के लिए उपयोगी**
प्रतियोगी अभ्यर्थियों, पेशेवरों और जिज्ञासु पाठकों के लिए उपयोगी और भरोसेमंद सामग्री।

**कम समय में पढ़ें, आसानी से समझें**
तेज़ रफ्तार दौर की ज़रूरी जानकारी, सरल अंदाज़ में, ताकि आप रहें अपडेट और तैयार।




प्रासंगिक | विश्वसनीय | संक्षिप्त

# शीघ्र प्रकाशित

## एक ही जगह, काम की पूरी जानकारी

सत्यमेव जयते
**प्रकाशन विभाग**
भारत सरकार
सूचना और प्रसारण मंत्रालय

विश्वसनीय जानकारी | स्मार्ट तैयारी

# भारतीय नौसेना

## विभिन्न एंट्रीज़ के लिए शॉर्ट सर्विस कमीशन अधिकारियों के आवेदन आमंत्रित करती है

## - जून 2027 (AT 27) कोर्स



**ऑनलाइन आवेदन शुरू - 25 जून 2026** **ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि - 27 जुलाई 2026**

1. भारतीय नौसेना अकादमी (INA) एझिमाला, केरल में जून 2027 से शुरू होने वाले कोर्स के लिए शॉर्ट सर्विस कमीशन (SSC) के तहत नियुक्ति हेतु योग्य अविवाहित पुरुष और महिला उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं. उम्मीदवारों को भारत सरकार द्वारा निर्धारित राष्ट्रीयता की शर्तों को पूरा करना होगा.

**योग्यता की शर्तें**

2. शैक्षिक योग्यता.

| | क्र. सं. | ब्रांच/कैडर | बैचलर ऑफ़ इंजीनियरिंग/बैचलर ऑफ़ टेक्नोलॉजी और अन्य योग्यताओं के लिए पात्र स्ट्रीम | वैकेंसी | लिंग | जन्म तिथि (सीमा) (दोनों तारीखें शामिल) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| कार्यकारी शाखा | 1 | कार्यकारी शाखा {GS(X)/ हाइड्रो कैडर} | किसी भी विषय में BE/ B.Tech, कम से कम 60% अंक के साथ. | 90 (10 हाइड्रो सहित) | पुरुष और महिलाएं {GS (X) में महिलाओं के लिए ज्यादा से ज्यादा 10 और हाइड्रो में 02 वैकेंसी} | 02 जुलाई 2002 से 01 जनवरी 2008* |
| | 2 | पायलट | किसी भी विषय में BE/B.Tech, कम से कम 60% अंक के साथ.<br>(उम्मीदवार के कक्षा 10वीं और 12वीं में कुल मिलाकर 60% अंक और कक्षा 10वीं या 12वीं में अंग्रेजी में न्यूनतम 60% अंक होने चाहिए). | 25 | पुरुष और महिलाएं (महिलाओं के लिए ज्यादा से ज्यादा 03 वैकेंसी) | 02 जुलाई 2003 से 01 जुलाई 2008** |
| | 3 | नेवल एयर ऑपरेशन्स ऑफिसर (ऑब्जर्वर) | | 18 | पुरुष और महिलाएं (महिलाओं के लिए ज्यादा से ज्यादा 03 वैकेंसी) | 02 जुलाई 2003 से 01 जुलाई 2008 |
| | 4 | एयर ट्रैफिक कंट्रोलर (ATC) | | 15 | पुरुष और महिलाएं | 02 जुलाई 2002 से 01 जुलाई 2006 |
| | 5 | लॉजिस्टिक्स | **5.1** किसी भी विषय में फर्स्ट क्लास के साथ BE/ B.Tech या<br>**5.2** फर्स्ट क्लास के साथ MBA, या<br>**5.3** फर्स्ट क्लास के साथ B.Sc/ B.Com/ B.Sc.(IT) और साथ ही फाइनेंस / लॉजिस्टिक्स / सप्लाई चेन मैनेजमेंट / मटीरियल मैनेजमेंट में PG डिप्लोमा या<br>**5.4** फर्स्ट क्लास के साथ MCA/ M.Sc (IT). | 10 | पुरुष और महिलाएं (महिलाओं के लिए ज्यादा से ज्यादा 02 वैकेंसी) | 02 जुलाई 2002 से 01 जनवरी 2008 |
| | 6 | नौसेना आयुध निरीक्षण संवर्ग (NAIC) | इन स्ट्रीम्स में कम से कम 60% अंक के साथ BE/B.Tech:-<br>मैकेनिकल; इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग; कंप्यूटर साइंस<br>एरोनॉटिकल इंजीनियरिंग; इलेक्ट्रॉनिक्स और इंस्ट्रूमेंटेशन; कंप्यूटर इंजीनियरिंग<br>इलेक्ट्रिकल; इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी; कंप्यूटर एप्लीकेशन<br>इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक्स; एरोस्पेस; मेटलर्जी<br>इलेक्ट्रॉनिक्स; कंट्रोल इंजीनियरिंग; मेटलर्जिकल<br>माइक्रो इलेक्ट्रॉनिक्स; उत्पादन; केमिकल<br>औद्योगिक उत्पादन; इंस्ट्रूमेंटेशन; सामग्री विज्ञान<br>इंस्ट्रूमेंटेशन और कंट्रोल; एप्लाइड इलेक्ट्रॉनिक्स और इंस्ट्रूमेंटेशन<br>इलेक्ट्रॉनिक्स और कम्युनिकेशन; इलेक्ट्रॉनिक्स और टेली-कम्युनिकेशन<br>या इलेक्ट्रॉनिक्स/भौतिकी में स्नातकोत्तर डिग्री.<br>(उम्मीदवार के कक्षा 10वीं और 12वीं में कुल मिलाकर 60% अंक और कक्षा 10वीं या 12वीं में अंग्रेजी में न्यूनतम 60% अंक होने चाहिए). | 14 | पुरुष और महिलाएं | 02 जुलाई 2002 से 01 जनवरी 2008 |
| शिक्षा शाखा | 7 | शिक्षा | **7.1** गणित/ऑपरेशनल रिसर्च में कम से कम 60% अंकों के साथ M.Sc./M.A. (B.Sc. में भौतिकी के साथ)<br>**7.2** भौतिकी/एप्लाइड फिजिक्स (B.Sc. में गणित के साथ)/मौसम विज्ञान/समुद्र विज्ञान/वायुमंडलीय विज्ञान (B.Sc. में भौतिकी और गणित के साथ) में कम से कम 60% अंकों के साथ M.Sc./M.A.<br>**7.3** कम से कम 55% अंकों के साथ M.A (इतिहास). | 05 | पुरुष और महिला | 02 जुलाई 2002 से 01 जुलाई 2006 |
| | | | **7.4** मैकेनिकल/प्रोडक्शन इंजीनियरिंग में कम से कम 60% अंक के साथ BE/B.Tech<br>**7.5** इलेक्ट्रिकल/इलेक्ट्रॉनिक्स और कम्युनिकेशन/इलेक्ट्रॉनिक्स और इंस्ट्रूमेंटेशन में कम से कम 60% अंक के साथ BE/B. Tech. | 08 | पुरुष और महिला | 02 जुलाई 2002 से 01 जुलाई 2006 |
| | | | **7.6** इलेक्ट्रॉनिक्स और कम्युनिकेशन/कंट्रोल्स/रडार और माइक्रोवेव/ऑप्टिकल फाइबर कम्युनिकेशन/डिजिटल सिग्नल प्रोसेसिंग/वायरलेस कम्युनिकेशन/ लेजर और इलेक्ट्रो ऑप्टिक्स/VLSI/पावर सिस्टम्स/कम्युनिकेशन सिस्टम्स/ इलेक्ट्रॉनिक्स और इंस्ट्रूमेंटेशन में कम से कम 60% अंक के साथ ME/M.Tech.<br>**7.7** थर्मल/प्रोडक्शन इंजीनियरिंग/मशीन डिजाइन/सिस्टम और कंट्रोल्स/ मैन्युफैक्चरिंग/मेकाट्रॉनिक्स/मौसम विज्ञान/समुद्र विज्ञान/वायुमंडलीय विज्ञान (ग्रेजुएशन लेवल पर फिजिक्स और मैथ्स के साथ) में कम से कम 60% अंक के साथ ME/M. Tech. | | पुरुष और महिला | 02 जुलाई 2002 से 01 जुलाई 2006 |
| | | | **नोट** : एजुकेशन एंट्री के लिए अप्लाई करने वाले उम्मीदवार के कक्षा 10वीं और 12वीं में कुल मिलाकर 60% अंक और कक्षा 10वीं या 12वीं में अंग्रेजी में न्यूनतम 60% अंक होने चाहिए) | | | |
| तकनीकी शाखा | 8 | इंजीनियरिंग शाखा {सामान्य सेवा (जीएस)} | इन स्ट्रीम्स में कम से कम 60% अंक के साथ BE/B.Tech :-<br>मरीन इंजीनियरिंग; एयरोस्पेस इंजीनियरिंग; मेटलर्जी इंजीनियरिंग<br>इंस्ट्रूमेंटेशन इंजीनियरिंग; ऑटोमोबाइल इंजीनियरिंग; मेकाट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग<br>प्रोडक्शन इंजीनियरिंग; कंट्रोल इंजीनियरिंग; एरोनॉटिकल इंजीनियरिंग<br>इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग और मैनेजमेंट; इंस्ट्रूमेंटेशन और कंट्रोल; मैकेनिकल/ऑटोमेशन के साथ मैकेनिकल | 24 | पुरुष और महिलाएं (महिलाओं के लिए ज्यादा से ज्यादा 04 वैकेंसी) | 02 जुलाई 2002 से 01 जनवरी 2008* |
| | 9 | सबमरीन टेक इंजीनियरिंग | **क्रम संख्या 8 जैसा ही** | 08 | केवल पुरुषों के लिए | |
| | 10 | विद्युत शाखा {सामान्य सेवा (जीएस)} | इन स्ट्रीम्स में कम से कम 60% अंक के साथ BE/B.Tech :-<br>इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग; इंस्ट्रूमेंटेशन; पावर इलेक्ट्रॉनिक्स<br>इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग; टेली-कम्युनिकेशन; पावर इंजीनियरिंग<br>इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक्स; इलेक्ट्रॉनिक्स और कम्युनिकेशन; इंस्ट्रूमेंटेशन और कंट्रोल<br>इलेक्ट्रॉनिक्स और टेली-कम्युनिकेशन; एप्लाइड इलेक्ट्रॉनिक्स और इंस्ट्रूमेंटेशन; इलेक्ट्रॉनिक्स और इंस्ट्रूमेंटेशन<br>एप्लाइड इलेक्ट्रॉनिक्स और कम्युनिकेशन (AEC) | 32 | पुरुष और महिलाएं (महिलाओं के लिए ज्यादा से ज्यादा 05 वैकेंसी) | 02 जुलाई 2002 से 01 जनवरी 2008 |
| | 11 | सबमरीन टेक इलेक्ट्रिकल | **क्रम संख्या 10 जैसा ही** | 08 | केवल पुरुषों के लिए | |
| | 12 | नौसेना निर्माण विशेषज्ञ | इन स्ट्रीम्स में कम से कम 60% अंक के साथ BE/B.Tech :-<br>मैकेनिकल/ ऑटोमेशन के साथ मैकेनिकल; मेटलर्जी<br>सिविल इंजीनियरिंग; मरीन इंजीनियरिंग; शिप बिल्डिंग<br>एरोनॉटिकल इंजीनियरिंग; शिप टेक्नोलॉजी; शिप डिजाइन<br>एरोस्पेस इंजीनियरिंग; नेवल आर्किटेक्चर; ओशन इंजीनियरिंग | 18 | पुरुष और महिला | 02 जुलाई 2002 से 01 जनवरी 2008 |

(शेष पृष्ठ 43 पर)

(पृष्ठ 42 का शेष)

| | |
|---|---|
| नोट (1) | 1.1. ऊपर बताई गई वैकेंसी अस्थायी हैं और ट्रेनिंग स्लॉट की उपलब्धता के आधार पर इनमें बदलाव हो सकता है. |
| | 1.2. किसी भी कैंडिडेट द्वारा इस कोर्स के लिए एक से ज़्यादा एप्लीकेशन भरने पर उनकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी. |
| | **1.3. सबमरीन आर्म.**<br>**1.3.1.** GS(X) के लिए शॉर्टलिस्ट किए गए पुरुष कैंडिडेट, मेडिकल फिटनेस, वैकेंसी और सर्विस की ज़रूरतों के आधार पर सबमरीन आर्म के लिए भी वॉलंटियर कर सकते हैं. जो कैंडिडेट यह विकल्प चुनना चाहते हैं, उन्हें ऑनलाइन एप्लीकेशन फ़ॉर्म भरते समय इसके बारे में अलग से बताना होगा.<br>**1.3.2.** सबमरीन स्पेशलाइज़ेशन के लिए अंतिम चयन/नॉमिनेशन, सबमरीन मेडिकल (INA में शामिल होने के बाद) पास करने और सर्विस की ज़रूरतों पर निर्भर करेगा.<br>**1.3.3.** मौजूदा नियमों के अनुसार, सबमरीन ट्रेनिंग सफलतापूर्वक पूरी करने के बाद कैंडिडेट को सबमरीन अलाउंस दिया जाएगा. |
| | 1.4. **रिमोटली पाइलटेड एयरक्राफ्ट (RPA) स्पेशलाइज़ेशन.** GS(X) के तहत चुने गए कैंडिडेट RPA के लिए भी वॉलंटियर कर सकते हैं और INA में ट्रेनिंग पूरी होने के बाद उन्हें RPA कैडर में नियुक्ति के लिए कंसीडर किया जाएगा, जो मेडिकल फिटनेस, वैकेंसी और सर्विस की ज़रूरतों पर निर्भर करेगा. जो कैंडिडेट यह विकल्प चुनना चाहते हैं, उन्हें ऑनलाइन एप्लीकेशन फ़ॉर्म भरते समय इसके बारे में अलग से बताना होगा. |
| | 1.5. *मर्चेंट नेवी के कर्मचारी.<br>1.5.1. जिन उम्मीदवारों के पास भारत सरकार के शिपिंग और ट्रांसपोर्ट मंत्रालय का 'सर्टिफिकेट ऑफ़ कॉम्पिटेंसी' (विदेश जाने वाले जहाजों के लिए) है - चाहे वह सेकंड मेट, मेट या मास्टर के तौर पर हो - और जिनका जन्म **02 जुलाई 1997 से 01 जनवरी 2008 के बीच (दोनों तारीखें शामिल)** हुआ है, वे ऊपर बताई गई शर्तों के अनुसार एग्जीक्यूटिव ब्रांच एंट्री (जनरल सर्विस) के लिए आवेदन कर सकते हैं.<br>1.5.2. जिन उम्मीदवारों के पास भारत सरकार के शिपिंग और ट्रांसपोर्ट मंत्रालय का 'सर्टिफिकेट ऑफ़ कॉम्पिटेंसी' (फर्स्ट क्लास इंजीनियर के तौर पर) है और जिनका जन्म **02 जुलाई 1997 से 01 जनवरी 2008 के बीच (दोनों तारीखें शामिल)** हुआ है, वे पैरा 2.8 में बताई गई शर्तों के अनुसार टेक्निकल ब्रांच एंट्री (SSC इंजीनियरिंग) के लिए आवेदन कर सकते हैं. |
| | 1.6. **कमर्शियल पायलट लाइसेंस (CPL) धारक.** जिन उम्मीदवारों के पास DGCA (भारत) द्वारा जारी वैध CPL है और जिनका जन्म **02 जुलाई 2002 से 01 जुलाई 2008 के बीच (दोनों तारीखें शामिल)** हुआ है, वे पैरा 2.2 में बताई गई योग्यता शर्तों के अनुसार पायलट एंट्री के लिए आवेदन कर सकते हैं. |
| | 1.7. **NCC उम्मीदवार.** NCC 'C' सर्टिफिकेट रखने वालों को SSB के लिए शॉर्टलिस्टिंग में कट-ऑफ मार्क्स में 5% की छूट दी जाएगी, बशर्ते वे नीचे दी गई शर्तें पूरी करते हों:<br>1.7.1. नेवल/आर्मी/एयर विंग का NCC 'C' सर्टिफिकेट होना चाहिए, जिसमें कम से कम 'B' ग्रेड हो.<br>1.7.2. NCC के सीनियर डिवीजन, नेवल/आर्मी/एयर विंग में कम से कम दो एकेडमिक साल तक सेवा की हो.<br>1.7.3. 'C' सर्टिफिकेट **01 जुलाई 2024** से पहले का नहीं होना चाहिए. |
| नोट (2) | फाइनल सिलेक्शन इस बात पर निर्भर करेगा कि DGNCC/संबंधित NCC यूनिट सर्टिफिकेट की वैधता की पुष्टि करे. गलत जानकारी देने, गलत सूचना देने या जानकारी छिपाने की स्थिति में सिलेक्शन/ट्रेनिंग/पोस्ट-कमीशनिंग के किसी भी चरण में उम्मीदवार की उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी. |

3. **कौन आवेदन कर सकता है?**

**3.1.** वे उम्मीदवार जिन्होंने डिग्री (ग्रेजुएट/पोस्ट-ग्रेजुएट) प्राप्त कर ली है या जो अंतिम वर्ष में हैं.

**3.2.** उम्मीदवार की डिग्री भारत में केंद्रीय या राज्य विधानमंडल के किसी अधिनियम द्वारा स्थापित विश्वविद्यालय से, या संसद के किसी अधिनियम द्वारा स्थापित अन्य शैक्षणिक संस्थानों से, या UGC अधिनियम 1956; IIT अधिनियम, 1961; AICTE अधिनियम, 1987; NITSER अधिनियम, 2007; IIIT अधिनियम, 2014 के तहत विश्वविद्यालय/स्वायत्त विश्वविद्यालय माने गए संस्थानों से प्राप्त होनी चाहिए.

**3.3.** विदेशी संस्थानों से पढ़ाई कर रहे या डिग्री रखने वाले उम्मीदवार भी ऊपर बताई गई किसी भी शाखा/कैडर के लिए आवेदन कर सकते हैं. हालांकि, उन्हें UGC से डिग्री का समकक्षता प्रमाण पत्र (equivalence certificate) प्राप्त करके जमा करना होगा, जिसमें यह बताया गया हो कि डिग्री उस शाखा/कैडर के लिए बताई गई योग्यता आवश्यकताओं के समकक्ष है.

| | |
|---|---|
| नोट (3) | 3.1. उम्मीदवार को जून 2027 तक INA, एझिमाला में शामिल होने से पहले ऊपर बताई गई शैक्षणिक योग्यता पूरी करनी होगी.<br>3.2. जो उम्मीदवार तय शैक्षणिक योग्यता पूरी नहीं कर पाएंगे, उन्हें INA, एझिमाला में शामिल होने की अनुमति नहीं दी जाएगी.<br>3.3. SSB द्वारा चुने गए सभी उम्मीदवारों को अपनी डिग्री का अंतिम परिणाम 20 जून 2027 से पहले ईमेल आईडी **officer@navy.gov.in** पर भारतीय नौसेना को बताना होगा. |
| नोट (4) | 4.1. अगर उम्मीदवार दूसरी शाखाओं/कैडर के लिए भी विचार किए जाने के इच्छुक हैं, तो उन्हें अपनी पसंद बतानी होगी.<br>4.2. जिन शाखाओं/कैडर को उम्मीदवारों ने नहीं चुना है, उनके लिए उन पर विचार नहीं किया जाएगा.<br>4.3. ट्रेनिंग सफलतापूर्वक पूरी करने के बाद उम्मीदवारों को पायलट/NAOO और सबमरीन भत्ता के तौर पर रु. 31,250/- दिए जाएंगे.<br>4.4. ऊपर पैरा 2 के सीरियल 1 से 12 में बताई गई BE/B.Tech योग्यताओं के अलावा किसी अन्य समकक्ष स्ट्रीम को चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण में मान्य नहीं माना जाएगा.<br>4.5. अगर SSB केंद्रों पर दस्तावेज सत्यापन के समय किसी विषय में कोई बैकलॉग बाकी है, तो उम्मीदवारों को SSB में शामिल होने की अनुमति नहीं दी जाएगी. |

4. **मेडिकल स्टैंडर्ड/ लंबाई और वज़न में छूट/ टैटू.**

**4.1.** सर्विस की ज़रूरतों के आधार पर, SSC (पायलट) एंट्री चुनने वाले तय संख्या में उम्मीदवारों को SSB/ CPSS/ एविएशन मेडिकल टेस्ट के लिए कंसीडर किया जाएगा. उन्हें सलाह दी जाती है कि इस ऑप्शन को चुनने से पहले इस एंट्री के लिए फिजिकल/ मेडिकल स्टैंडर्ड (लंबाई, पैर की लंबाई वगैरह) चेक कर लें. बाकी उम्मीदवारों को उनकी चुनी गई दूसरी प्राथमिकताओं के लिए कंसीडर किया जाएगा.

**4.2.** CDSE जुलाई 27 कोर्स के लिए मेडिकली फिट घोषित उम्मीदवारों को IN (पायलट/NAOO को छोड़कर) की सभी SSC ब्रांच के लिए फिट माना जाएगा.

**4.3.** उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे अपनी प्राथमिकता बताने से पहले, लागू मेडिकल स्टैंडर्ड के हिसाब से ब्रांच/कैडर के लिए अपनी योग्यता पक्की कर लें.

**4.4.** जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट **www.joinindiannavy.gov.in** पर जाएं. SSB द्वारा रिकमेंड किए गए उम्मीदवारों को अपनी एंट्री के हिसाब से मेडिकल टेस्ट से गुज़रना होगा. किसी भी हालत में मेडिकल हॉस्पिटल/सेंटर बदलना मंज़ूर नहीं है.

5. **कमीशन की अवधि.** चुने गए उम्मीदवारों को शुरू में 12 साल के लिए शॉर्ट सर्विस कमीशन दिया जाएगा. सेवा की ज़रूरत, परफॉर्मेंस, मेडिकल योग्यता और उम्मीदवारों की इच्छा के आधार पर इसे ज़्यादा से ज़्यादा 2 साल और बढ़ाया जा सकता है.

6. **चयन प्रक्रिया.** चयन प्रक्रिया इस प्रकार है:-

**6.1.** आवेदन की शॉर्टलिस्टिंग, उम्मीदवारों द्वारा क्वालिफाइंग डिग्री में प्राप्त नॉर्मलाइज्ड अंकों के आधार पर की जाएगी. क्वालिफाइंग डिग्री में उम्मीदवारों द्वारा प्राप्त अंकों को 'जॉइन इंडियन नेवी' वेबसाइट (**URL:- https://www.joinindiannavy.gov.in/files/normalisation.pdf**) पर बताए गए फ़ॉर्मूले का उपयोग करके नॉर्मलाइज़ किया जाएगा.

6.2. **BE/ B.Tech.** जिन उम्मीदवारों ने BE/ B.Tech पूरा कर लिया है या जो इसके अंतिम वर्ष में हैं, उनके लिए SSB शॉर्टलिस्टिंग हेतु पांचवें सेमेस्टर तक प्राप्त अंकों पर विचार किया जाएगा.

6.3. **पोस्ट-ग्रेजुएट डिग्री प्रोग्राम.** जिन उम्मीदवारों ने M.Sc., MCA, MBA, M.Tech पूरा कर लिया है, उनके सभी सेमेस्टर में प्राप्त अंकों पर विचार किया जाएगा. जो उम्मीदवार अंतिम वर्ष में हैं, उनकी शॉर्टलिस्टिंग प्री-फाइनल ईयर (अंतिम वर्ष से पहले के वर्ष) के प्रदर्शन के आधार पर की जाएगी.

6.4. अंतिम मेरिट सूची में चुने गए उम्मीदवारों को **officer@navy.gov.in** पते पर ईमेल भेजकर न्यूनतम 60% अंकों के साथ क्वालिफाइंग डिग्री पूरी करने का प्रमाण जमा करना होगा. जो उम्मीदवार इन मानदंडों को पूरा नहीं कर पाएंगे, उन्हें अकादमी में शामिल होने की अनुमति नहीं दी जाएगी.

6.5. शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों को SSB साक्षात्कार के लिए उनके चयन के बारे में ईमेल या SMS (जो उन्होंने अपने आवेदन पत्र में दिया है) के माध्यम से सूचित किया जाएगा. उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे चयन प्रक्रिया पूरी होने तक अपना ईमेल/ मोबाइल नंबर न बदलें और समय-समय पर अपना इनबॉक्स और स्पैम फ़ोल्डर चेक करते रहें.

6.6. किसी भी परिस्थिति में साक्षात्कार के लिए SSB केंद्र बदलने की अनुमति नहीं है.

6.7. SSB तिथियों में बदलाव के संबंध में कोई भी पत्राचार, कॉल-अप लेटर प्राप्त होने पर संबंधित SSB के कॉल-अप अधिकारी को संबोधित किया जाना चाहिए. नौसेना मुख्यालय से SMS/ईमेल (जो उम्मीदवारों ने अपने आवेदन में दिया है) के माध्यम से सूचना मिलने पर उम्मीदवारों को कॉल-अप लेटर डाउनलोड करना होगा.

6.8. SSB साक्षात्कार के दौरान टेस्ट के परिणामस्वरूप लगी किसी भी चोट के मामले में कोई मुआवज़ा देय नहीं होगा.

6.9. यदि किसी विशेष प्रकार के कमीशन के लिए पहली बार उपस्थित हो रहे हैं, तो SSB साक्षात्कार के लिए AC 3 टियर रेल किराया देय है. SSB के लिए उपस्थित होते समय उम्मीदवारों को पासबुक के पहले पेज या चेक लीफ की फ़ोटोकॉपी लानी होगी, जिस पर नाम, खाता संख्या और IFSC विवरण अंकित हों.

6.10. SSB प्रक्रिया का विवरण भारतीय नौसेना की वेबसाइट **www.joinindiannavy.gov.in** पर उपलब्ध है.

7. **मेरिट लिस्ट.** सभी एंट्रीज़ के लिए मेरिट लिस्ट SSB मार्क्स के आधार पर तैयार की जाएगी, जिसमें वैकेंसी की उपलब्धता और संबंधित एंट्री के लिए मेडिकल क्लीयरेंस को ध्यान में रखा जाएगा. मेडिकल जांच में फिट पाए गए उम्मीदवारों को एंट्री में वैकेंसी की उपलब्धता के अनुसार नियुक्त किया जाएगा.

| | |
|---|---|
| नोट (5) | 5.1. सिलेक्ट लिस्ट/मेरिट लिस्ट में उम्मीदवारों का नाम शामिल होने मात्र से उन्हें नियुक्ति का कोई पक्का अधिकार नहीं मिल जाता.<br>5.2. उम्मीदवार यह भी ध्यान रखें कि पैनल में नाम शामिल होने को किसी भी स्थिति में अंतिम चयन नहीं माना जाएगा और न ही यह उस पद के लिए कोई कानूनी दावा बनता है जिसके लिए आवेदन किया गया है.<br>5.3. सभी रिक्त पदों को सेवा की ज़रूरतों और समय-समय पर इस संबंध में जारी कानूनी दिशानिर्देशों के अनुसार भरा जाएगा. |

8. **ट्रेनिंग.**

**8.1.** रिपोर्ट करने के बाद INA, एझिमाला में मेडिकल जांच पास करने पर उम्मीदवारों को सब-लेफ्टिनेंट के पद पर शामिल किया जाएगा.

**8.2.** ट्रेनिंग के लिए केवल अविवाहित उम्मीदवार ही योग्य हैं. अगर कोई उम्मीदवार शादीशुदा पाया जाता है या ट्रेनिंग के दौरान शादी करता है, तो उसे सर्विस से हटा दिया जाएगा और उसे मिली पूरी सैलरी और भत्ते तथा सरकार द्वारा उस पर किए गए अन्य खर्चों को वापस करना होगा.

**8.3.** अगर कोई ऑफिसर अपनी मर्ज़ी से शुरुआती ट्रेनिंग छोड़ देता है या प्रोबेशन पीरियड के दौरान इस्तीफ़ा देता है, तो उसे ट्रेनिंग का पूरा या कुछ हिस्सा खर्च (जैसा सरकार तय करे) वापस करना होगा. साथ ही, सरकार से सैलरी और भत्ते के तौर पर मिली पूरी रकम और उस पर सरकारी लोन की लागू दर से ब्याज भी वापस करना होगा.

9. **प्रोबेशन पीरियड.** सभी ब्रांच/कैडर के लिए प्रोबेशन पीरियड दो साल का होता है. प्रोबेशन पीरियड सब-लेफ्टिनेंट का पद मिलने की तारीख से शुरू होगा और दो साल बाद या शुरुआती ट्रेनिंग पूरी होने पर (जो भी बाद में हो) खत्म होगा. प्रोबेशन के दौरान, किसी भी स्टेज पर खराब परफॉर्मेंस होने पर ऑफिसर को सर्विस से हटाया जा सकता है.

10. **सैलरी और भत्ते/ग्रुप इंश्योरेंस और ग्रेच्युटी/छुट्टी के अधिकार/ऑफिसर की ड्यूटी.** सब-लेफ्टिनेंट की शुरुआती ग्रॉस सैलरी लगभग रु. 1,20,000 प्रति महीना होती है, साथ ही लागू होने वाले अन्य भत्ते भी मिलते हैं. ज़्यादा जानकारी इंडियन नेवी की वेबसाइट **www.joinindiannavy.gov.in** पर उपलब्ध है. सभी ऑफिसर/कैडेट को अनिवार्य रूप से नेवल ग्रुप इंश्योरेंस स्कीम (NGIS) का सदस्य बनना होगा, जो कॉन्ट्रिब्यूशन के आधार पर इंश्योरेंस कवर के लिए मंज़ूर की गई है. यह कवर सर्विस के दौरान और रिटायरमेंट के बाद भी मौजूदा नियमों के अनुसार लागू रहेगा.

11. **आवेदन कैसे करें.** उम्मीदवारों को इंडियन नेवी की वेबसाइट **www.joinindiannavy.gov.in** पर रजिस्टर करना होगा और आवेदन भरना होगा. आवेदन जमा करने के समय को बचाने के लिए, उम्मीदवार अपनी जानकारी पहले से भर सकते हैं और डॉक्यूमेंट्स अपलोड कर सकते हैं. ऑनलाइन आवेदन जमा करने की प्रक्रिया इस प्रकार है:-

**11.1.** ई-आवेदन भरते समय, ज़रूरी डॉक्यूमेंट्स साथ रखने की सलाह दी जाती है ताकि ये काम आसानी से हो सकें:-

11.1.1. व्यक्तिगत जानकारी सही-सही भरना. जानकारी मैट्रिकुलेशन सर्टिफिकेट के अनुसार भरी जानी चाहिए.

11.1.2. ई-मेल एड्रेस और मोबाइल नंबर जैसे फील्ड भरना ज़रूरी है.

**11.2.** सभी ज़रूरी डॉक्यूमेंट्स (हो सके तो ओरिजिनल), रेगुलर और इंटीग्रेटेड BE/B.Tech कोर्स के लिए क्रमशः 5वें और 7वें सेमेस्टर तक की मार्कशीट और अन्य डिग्री परीक्षाओं के लिए सभी सेमेस्टर की मार्कशीट, जन्म तिथि का प्रमाण (10वीं और 12वीं के सर्टिफिकेट के अनुसार), BE/B.Tech के लिए CGPA कन्वर्ज़न फ़ॉर्मूला, भारत सरकार के शिपिंग और ट्रांसपोर्ट मंत्रालय द्वारा जारी मर्चेंट नेवी सर्टिफिकेट, नेशनल कैडेट कॉर्प्स द्वारा जारी NCC 'C' सर्टिफिकेट और हाल की पासपोर्ट साइज़ रंगीन फ़ोटो को ओरिजिनल JPG/TIFF फ़ॉर्मेट में स्कैन किया जाना चाहिए, ताकि आवेदन भरते समय उन्हें अटैच किया जा सके.

**11.3.** यदि कोई स्कैन किया गया डॉक्यूमेंट किसी कारण से साफ़/पढ़ने योग्य नहीं है, तो आवेदन रिजेक्ट कर दिया जाएगा. उम्मीदवारों को आवेदन का प्रिंट आउट लेना होगा और SSB इंटरव्यू के लिए जाते समय उसे साथ ले जाना होगा.

**11.4.** एक बार आवेदन जमा हो जाने के बाद वह अंतिम माना जाएगा और उसमें किसी भी तरह के बदलाव या संशोधन के अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा.

| | |
|---|---|
| नोट (6) | **6.1.** अपना ऑनलाइन आवेदन फ़ाइनल रूप से जमा करने से पहले वेबसाइट पर दिए गए निर्देशों को ध्यान से पढ़ें.<br>**6.2.** यदि सिलेक्शन के किसी भी चरण में कोई घोषणा गलत पाई जाती है, तो आपकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी.<br>**6.3.** नशीले पदार्थों का इस्तेमाल/पास रखना मना है. SSB सिलेक्शन/मेडिकल/ट्रेनिंग और बाद में सर्विस के दौरान उम्मीदवार के शरीर में ड्रग्स की मौजूदगी की जांच की जा सकती है. यदि सिलेक्शन/मेडिकल/ट्रेनिंग/ सर्विस के दौरान किसी भी समय उम्मीदवार नशीले पदार्थों का इस्तेमाल करते हुए या पास रखते हुए पाया जाता है, तो उम्मीदवार को इंडियन नेवी में शामिल होने से रोक दिया जाएगा या अगर पहले ही शामिल हो चुका है तो सर्विस से हटा दिया जाएगा.<br>**6.4.** आपके आवेदन की बाद में जांच की जाएगी और अगर किसी भी समय यह अयोग्य/अमान्य पाया जाता है, तो इसे अस्वीकार किया जा सकता है. |

MAGAZINE POST NO. DL(DS)-78/MP/2024-25-26 पोस्टिंग की तारीख : 23,24.6.2026 प्रकाशन तिथिः 22.6.2026



# समाचार सारांश

## राष्ट्रीय

### प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की फ्रांस और स्लोवाकिया यात्रा से भारत-यूरोप संबंध हुए और मजबूत



प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी, 13 से 18 जून, 2026 तक फ्रांस और स्लोवाकिया की यात्रा पर रहे. इस यात्रा का उद्देश्य यूरोप में भारत की रणनीतिक साझेदारियों को मजबूत करना, नवाचार को बढ़ावा देना और व्यापार, प्रौद्योगिकी तथा सुरक्षा के क्षेत्रों में सहयोग को आगे बढ़ाना था. फ्रांस में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने नीस शहर में वहां के राष्ट्रपति श्री इमैनुएल मैक्रों से बातचीत की, जहां दोनों नेताओं ने भारत-फ्रांस विशेष वैश्विक रणनीतिक साझेदारी के तहत हुई प्रगति की समीक्षा की. इस दौरान दोनों नेताओं ने भारत, फ्रांस और अन्य देशों के प्रमुख स्टार्टअप्स और निवेशकों को साथ लाने वाले भारत इनोवेट्स कार्यक्रम का संयुक्त रूप से उद्घाटन भी किया. इसके बाद प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 14 से 16 जून तक स्लोवाकिया की राजकीय यात्रा की. यह यात्रा ऐतिहासिक रही, क्योंकि 1993 में स्लोवाकिया की स्वतंत्रता के बाद किसी भारतीय प्रधानमंत्री की यह पहली स्लोवाकिया यात्रा थी. प्रतिनिधिमंडल स्तर की बातचीत के दौरान दोनों पक्षों ने श्रम प्रवासन, रक्षा, डिजिटल प्रौद्योगिकी और ऑडियो-विजुअल क्रिएशन सहित विभिन्न क्षेत्रों में 11 समझौतों पर हस्ताक्षर किए. भारत और स्लोवाकिया ने अपने द्विपक्षीय संबंधों को व्यापक साझेदारी के स्तर तक ले जाने का भी निर्णय लिया. स्लोवाक गणराज्य के राष्ट्रपति श्री पीटर पेलेग्रिनी ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी को स्लोवाकिया के सर्वोच्च राजकीय सम्मान, 'द ऑर्डर ऑफ द व्हाइट डबल क्रॉस', फर्स्ट क्लास से सम्मानित किया. इसके बाद श्री मोदी ने 16-17 जून को एवियन में आयोजित जी7 शिखर सम्मेलन में भाग लिया, जहां उन्होंने वैश्विक आर्थिक विकास, अंतरराष्ट्रीय सहयोग और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के जिम्मेदार उपयोग पर विश्व नेताओं के साथ विचारों का आदान-प्रदान किया. इस दौरान उन्होंने यूरोपीय संघ के नेताओं और कनाडा के प्रधानमंत्री सहित कई नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठकें कीं. यह यात्रा 18 जून को पेरिस में संपन्न हुई, जहां प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने यूरोप के सबसे बड़े प्रौद्योगिकी और स्टार्टअप आयोजन वीवाटेक समिट में भाग लिया और नवाचार, डिजिटल परिवर्तन तथा उद्यमिता के वैश्विक केंद्र के रूप में भारत के उभरने को रेखांकित किया. इस यात्रा ने यूरोप के साथ भारत की बढ़ती साझेदारी और प्रमुख अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर ग्लोबल साउथ की एक प्रभावशाली आवाज के रूप में भारत की भूमिका को रेखांकित किया.

### पीएम-वीबीआरवाईः 15 लाख लाभार्थियों को 2,400 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि जारी

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 19 जून, 2026 को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री विकसित भारत रोज़गार योजना (पीएम-वीबीआरवाई) के तहत प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के माध्यम से 15 लाख से अधिक लोगों को 2,400 करोड़ की प्रोत्साहन राशि वितरित की. पीएम-वीबीआरवाई के तहत पहली औपचारिक नौकरी पाने वाले युवाओं को दो किस्तों में 15,000 रुपये तक की प्रोत्साहन राशि मिलती है. आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, पिछले वर्ष अगस्त में योजना शुरू होने के बाद से 63 लाख से अधिक कर्मचारियों को औपचारिक कार्यबल में शामिल किया गया है. इनमें करीब 30 प्रतिशत लाभार्थी महिलाएं हैं, जो महिला कार्यबल भागीदारी बढ़ाने में, इस योजना के योगदान को दर्शाता है. पीएम-वीबीआरवाई के तहत समर्थित 80 प्रतिशत से अधिक प्रतिष्ठान ऐसे छोटे उद्यम हैं, जिनमें 25 से कम कर्मचारी कार्यरत हैं. इस योजना का उद्देश्य कर्मचारियों और नियोक्ताओं दोनों को प्रोत्साहन देकर औपचारिक रोजगार को बढ़ावा देना, रोजगार सृजन में मदद करना और सामाजिक सुरक्षा कवरेज का विस्तार करना है.

### लेफ्टिनेंट जनरल धीरज सेठ ने थल सेनाध्यक्ष का पदभार संभाला



सरकार ने लेफ्टिनेंट जनरल धीरज सेठ को 30 जून, 2026 से अगला थल सेनाध्यक्ष नियुक्त किया है. वे उसी दिन सेवानिवृत्त हो रहे जनरल उपेन्द्र द्विवेदी का स्थान लेंगे. वर्तमान में उप थल सेनाध्यक्ष के रूप में कार्यरत लेफ्टिनेंट जनरल सेठ आर्मर्ड कोर के अनुभवी अधिकारी हैं और उन्हें दिसंबर 1986 में कमीशन मिला था. करीब चार दशकों के अपने करियर में उन्होंने कई महत्वपूर्ण कमान और स्टाफ नियुक्तियां संभाली हैं, जिनमें दक्षिण-पश्चिमी और दक्षिणी कमान की कमान शामिल है. रक्षा मंत्रालय ने कहा कि उनके व्यापक ऑपरेशनल और रणनीतिक अनुभव ने भारतीय सेना के आधुनिकीकरण और युद्धक तैयारियों में महत्वपूर्ण योगदान दिया है.

### प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 2.13 लाख और मकानों को मंजूरी

केंद्र ने प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी (पीएमएवाई-यू 2.0) के तहत पात्र शहरी गरीब परिवारों के लिए 2.13 लाख से अधिक अतिरिक्त मकानों के निर्माण को मंजूरी दी है. इस मंजूरी के साथ पीएमएवाई-यू 2.0 के तहत स्वीकृत मकानों की कुल संख्या बढ़कर 16.13 लाख से अधिक हो गई है. नए स्वीकृत मकानों में लाभार्थी आधारित निर्माण घटक के तहत करीब 1.89 लाख इकाइयां और 16 राज्यों में किफायती आवास साझेदारी घटक के तहत 23,000 से अधिक इकाइयां शामिल हैं. आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय ने कहा कि योजना में महिलाओं और कमजोर वर्गों को प्राथमिकता देना जारी है. नए स्वीकृत मकानों में करीब 2.05 लाख मकान महिलाओं को आवंटित किए गए हैं, जबकि 25,000 मकानों को वरिष्ठ नागरिकों के लिए मंजूरी दी गई है. लाभार्थियों में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और ट्रांसजेंडर समुदाय के सदस्य भी शामिल हैं.

### रेलवे ने राज्यों में बड़ी अवसंरचना परियोजनाओं को मंजूरी दी

भारतीय रेलवे ने कई राज्यों में क्षमता बढ़ाने, माल ढुलाई, सुरक्षा और कनेक्टिविटी को मजबूत करने के उद्देश्य से 1,900 करोड़ रुपये से अधिक की अवसंरचना परियोजनाओं की श्रृंखला को मंजूरी दी है. इन परियोजनाओं में छत्तीसगढ़ में 755 करोड़ रुपये की चांपा-कोरबा तीसरी लाइन परियोजना, गुजरात में 493 करोड़ रुपये की आदिपुर-भुज खंड दोहरीकरण परियोजना, पूर्वी रेलवे पर 405 करोड़ रुपये की सिग्नलिंग आधुनिकीकरण परियोजना और महाराष्ट्र में 172 करोड़ रुपये की सोमटने-चिखली कॉर्ड लाइन परियोजना शामिल है. चांपा-कोरबा परियोजना प्रमुख कोयला क्षेत्रों से कोयला परिवहन को मजबूत करेगी और देश की बढ़ती ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने में मदद करेगी, जबकि आदिपुर-भुज दोहरीकरण परियोजना से कच्छ क्षेत्र में कनेक्टिविटी और परिचालन दक्षता में सुधार होने की उम्मीद है. सोमटने-चिखली कॉर्ड लाइन करजत और रोहा मार्गों के बीच सीधा रेल संपर्क उपलब्ध कराएगी, जिससे मालगाड़ियां भीड़भाड़ वाले पनवेल जंक्शन को बाईपास कर सकेंगी और पारगमन समय में उल्लेखनीय कमी आएगी. पूर्वी रेलवे पर सिग्नलिंग अपग्रेड से 32 स्थानों पर पुराने रिले आधारित सिस्टम की जगह उन्नत इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग तकनीक लगाई जाएगी, जिससे उच्च घनत्व वाले मार्गों पर सुरक्षा और विश्वसनीयता बढ़ेगी. मध्य प्रदेश में रेलवे ने शहरी गतिशीलता और रेल-सड़क संपर्क सुधारने के लिए इंदौर में शास्त्रीया रोड ओवरब्रिज के पुनर्निर्माण को भी मंजूरी दी है. रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव ने पुणे रेलवे स्टेशन के 600 करोड़ रुपये के विस्तार की भी घोषणा की, जिसमें छह नए प्लेटफॉर्म जोड़े जाएंगे और प्लेटफॉर्म की कुल संख्या बारह हो जाएगी. आलंदी में नौ प्लेटफॉर्म वाला मेगा कोचिंग टर्मिनल भी विकसित किया जाएगा. रेल मंत्री ने कहा कि इन परियोजनाओं से तीन वर्षों के भीतर पुणे रेल मंडल की क्षमता दोगुनी होने और शहर से अधिक ट्रेनों के परिचालन में सुविधा मिलने की उम्मीद है.

### फ्रांस में लॉन्च के साथ यूपीआई का वैश्विक दायरा बढ़ा




वाणिज्य और उद्योग मंत्री श्री पीयूष गोयल ने 18 जून, 2026 को फ्रांस के प्रमुख खुदरा और वाणिज्यिक केंद्र 'नीस मस्सेना' में यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस यानी यूपीआई की शुरुआत की. यह शुरुआत यूपीआई के अंतरराष्ट्रीय विस्तार में एक और उपलब्धि है और बड़े पैमाने पर सुरक्षित, सहज तथा अंतरसंचालनीय डिजिटल भुगतान समाधान उपलब्ध कराने की भारत की क्षमता को दर्शाती है. भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम यानी एनपीसीआई द्वारा विकसित यूपीआई ने भारत में डिजिटल लेनदेन को बदल दिया है और अब इसे फ्रांस, सिंगापुर, संयुक्त अरब अमीरात, श्रीलंका, भूटान, नेपाल और मॉरीशस सहित कई देशों में अपनाया जा रहा है. मंत्री ने कहा कि यह पहल भारत और फ्रांस के बीच आर्थिक और तकनीकी संबंधों को मजबूत करेगी तथा विदेश में भारतीय यात्रियों और कारोबारों के लिए डिजिटल भुगतान को अधिक सुविधाजनक बनाएगी.

## अर्थव्यवस्था

### रक्षा उत्पादन 1.78 लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचा

रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह ने 18 जून, 2026 को घोषणा की कि वित्त वर्ष 2025-26 में भारत का रक्षा उत्पादन 1.78 लाख करोड़ रुपये के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया है, जिसमें पिछले वर्ष की तुलना में 15.6 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है. उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि देश के रक्षा विनिर्माण क्षेत्र की बढ़ती ताकत को दर्शाती है, जिसे नीति समर्थन, निजी क्षेत्र की बढ़ती भागीदारी और स्वदेशी उत्पादन पर मजबूत ध्यान से बल मिला है. रक्षा मंत्री ने कहा कि निर्यात क्षमताओं में वृद्धि और नई पहलें इस क्षेत्र की वृद्धि को और तेज करने की उम्मीद पैदा करती हैं.

### भारत का कृषि निर्यात करीब 500 उत्पादों तक विस्तारित

भारत की कृषि निर्यात टोकरी एक दशक पहले के करीब 280 उत्पादों से बढ़कर आज लगभग 500 उत्पादों तक पहुंच गई है, जबकि देश को अमेरिका, ब्राजील, चीन और यूरोपीय संघ जैसे प्रमुख वैश्विक निर्यातकों से प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ रहा है. कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण यानी एपीडा के अनुसार, पिछले वर्ष देश का कृषि निर्यात 53 अरब डॉलर तक पहुंच गया और भारत लगातार दुनिया के शीर्ष दस कृषि निर्यातक देशों में शामिल रहा. भारत ने अपने कृषि निर्यात को चावल और मसालों जैसे पारंपरिक उत्पादों से आगे बढ़ाते हुए दालों, कोको उत्पादों, अनानास, अंगूर और अनार जैसे उत्पादों तक काफी विविध बनाया है, जिन्हें अब दर्जनों देशों के बाजारों में भेजा जा रहा है.

## अंतरराष्ट्रीय

### भारत ने अमेरिका-ईरान शांति समझौते का स्वागत किया

भारत ने अमेरिका और ईरान के बीच हुए उस ऐतिहासिक शांति समझौते का स्वागत किया है, जिसका उद्देश्य पश्चिम एशिया में कई महीनों से चल रहे संघर्ष को समाप्त करना है. इस संघर्ष से वैश्विक व्यापार, ऊर्जा आपूर्ति और रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण होर्मुज जलडमरूमध्य से होकर गुजरने वाले जहाज प्रभावित हुई थे. प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 18 जून, 2026 को एक सोशल मीडिया पोस्ट में आशा व्यक्त की कि यह समझौता क्षेत्र में शांति और स्थिरता बहाल करेगा तथा नौवहन और वाणिज्य की स्वतंत्रता सुनिश्चित करेगा. यह सफलता पाकिस्तान के नेतृत्व में हुए मध्यस्थता प्रयासों के बाद मिली, जिसमें दोनों पक्षों ने 14 जून को एक प्रारंभिक समझौता किया. 14 सूत्री समझौता ज्ञापन को 18 जून को अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान के डिजिटल हस्ताक्षरों के माध्यम से औपचारिक रूप से अंतिम रूप दिया गया. समझौते में संघर्ष समाप्त करने, अंतरराष्ट्रीय शिपिंग के लिए होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने, प्रतिबंधों में राहत पर चर्चा करने और ईरान के परमाणु कार्यक्रम सहित लंबित मुद्दों को सुलझाने के लिए 60 दिनों की वार्ता प्रक्रिया का प्रावधान है.

### भारत और थाईलैंड ने रक्षा सहयोग को बढ़ावा दिया



भारत और थाईलैंड ने 17 जून, 2026 को बैंकॉक में आयोजित 10वीं थाईलैंड-भारत रक्षा वार्ता के दौरान विनिर्माण, अनुसंधान, नवाचार और क्षमता विकास में रक्षा सहयोग को मजबूत करने पर सहमति जताई. दोनों पक्षों ने द्विपक्षीय रक्षा संबंधों के पूरे दायरे की समीक्षा की और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में बदलते सुरक्षा वातावरण पर विशेष ध्यान देते हुए क्षेत्रीय और वैश्विक सुरक्षा मुद्दों पर चर्चा की. उन्होंने क्षेत्र में शांति, स्थिरता और समृद्धि को बढ़ावा देने के लिए सैन्य आदान-प्रदान, प्रशिक्षण, समुद्री सहयोग और आसियान के नेतृत्व वाली क्षेत्रीय व्यवस्थाओं के तहत सहयोग बढ़ाने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई.

## खेल

### 'फीफा विश्व कप-2026' उत्तरी अमेरिका में शुरू



फीफा विश्व कप-2026 शुरू हो गया है. इसके साथ ही फुटबॉल के महीने भर चलने वाले उत्सव की भी शुरुआत हो गई है, जो दुनिया भर के प्रशंसकों का ध्यान आकर्षित कर रहा है. मैक्सिको, अमेरिका और कनाडा की संयुक्त मेजबानी में आयोजित यह टूर्नामेंट एक ऐतिहासिक पड़ाव है, क्योंकि यह अब तक का सबसे बड़ा फीफा विश्व कप है. पहली बार 48 टीमें फुटबॉल की सबसे प्रतिष्ठित ट्रॉफी के लिए प्रतिस्पर्धा कर रही हैं, जिससे टूर्नामेंट पिछले 32 टीमों वाले प्रारूप से विस्तारित हो गया है. तीनों मेजबान देशों के कई स्थलों पर रिकॉर्ड 104 मैच निर्धारित हैं, जिससे यह संस्करण प्रतियोगिता के इतिहास का सबसे विस्तृत आयोजन बन गया है. नए प्रारूप में चार-चार टीमों के 12 समूह हैं. प्रत्येक समूह की शीर्ष दो टीमें और आठ सर्वश्रेष्ठ तीसरे स्थान वाली टीमें राउंड ऑफ 32 में प्रवेश करेंगी, जिससे नॉकआउट चरण बड़ा होगा और उभरते फुटबॉल देशों को वैश्विक मंच पर अपनी छाप छोड़ने के अधिक अवसर मिलेंगे.

(संकलन- ईएन टीम)



अनुपमा भटनागर, प्रधान महानिदेशक, प्रकाशन विभाग द्वारा सूचना और प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार, के लिए सूचना भवन, लोदी रोड, नई दिल्ली-110003 से प्रकाशित और मुद्रक पृथ्विस दास द्वारा डीबी कॉर्प. प्लॉट सं. 42-43, सेक्टर-29, फेज-II, पानीपत (हरियाणा)- 132103 से मुद्रित. संपादकः रहीसुद्दीन रिहान